


THE LARGEST CIRCULATED AND READ HINDI DAILY IN TELANGANA & ANDHRA PRADESH

# स्वतंत्र वार्ता

epaper.vaartha.com

वर्ष-29 अंक : 313 (हैदराबाद, निजामाबाद, विशाखापट्टणम, तिरुपति से प्रकाशित) माघ शु.7 2081 मंगलवार, 4 फरवरी-2025

प्रधान संपादक - डॉ. गिरीश कुमार संघी हैदराबाद नगर ✻ पृष्ठ : 16 मूल्य : 8 रुपये

## संसद में गूंजा गूगल मैप से होने वाली दुर्घटनाओं का मुद्दा

नई दिल्ली, 3 फरवरी (एजेंसियां)। बजट सत्र के दौरान राज्यसभा में सोमवार को गूगल मैप से मिले दिशा-निर्देशों के कारण होने वाली दुर्घटनाओं का मुद्दा उठाया गया। भाजपा सांसद ने इसे एक गंभीर समस्या बताते हुए सरकार से विचार करके ठोस कदम उठाने की मांग की। शून्यकाल के दौरान भाजपा सांसद अजीत माधव राव गोपछड़े ने इस मुद्दे को उठाते हुए सरकार से भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) या अन्य संस्थाओं की मदद से भारतीय स्टार्टअप या कंपनियों को गूगल मैप का स्वदेशी मॉडल विकसित करने के लिए प्रोत्साहित करने की आवश्यकता पर बल दिया।

### दिल्ली चुनाव में पीएम की पाठशाला

## 'छात्रों के भविष्य को नुकसान पहुंचा रही आप सरकार'



नई दिल्ली, 3 फरवरी (एजेंसियां)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को छात्रों से बातचीत की। इस दौरान उन्होंने दिल्ली में आम आदमी पार्टी सरकार की कड़ी आलोचना की। पीएम मोदी ने आरोप लगाते हुए कहा कि आप की सरकार छात्रों के भविष्य से ज्यादा अपनी छवि को प्राथमिकता दे रही है। सरकार अपनी छवि बचाने के लिए सिर्फ उन्हीं छात्रों को नौवीं कक्षा से आगे जाने देती है जो अच्छे अंक लाते हैं।

पीएम मोदी ने छात्रों से बातचीत के दौरान कहा कि मैंने सुना है कि दिल्ली में सरकार बच्चों को 9वीं कक्षा से आगे नहीं जाने देते हैं। सिर्फ उन्हीं बच्चों को जाने दिया जाता है जो पास होने की गारंटी रखते हैं। ताकि रिजल्ट खराब न हो। इससे पहले आरके पुरम में चुनावी रैली में कहा कि वोटिंग से पहले 'झाड़ू' के तिनके-तिनके बिखर गए है। आप के मुखिया अरविंद केजरीवाल के आरोप पर पीएम मोदी ने दो टूक कहा कि मोदी की गारंटी है झुग्गी नहीं टूटने देंगे। आप-दा वाले अफवाह फैला रहे हैं, याद रखिएगा दिल्ली एक भी झुग्गी नहीं टूटेगी, जनहित की जो योजनाएं चली आ रही हैं उनमें किसी को बंद नहीं किया जाएगा। बसंत पंचमी के साथ ही मौसम बदलना शुरू हो जाता है। तीन दिन बाद, 5 फरवरी को दिल्ली में विकास का नया बसंत आएगा- दिल्ली के हर परिवार को दी गारंटी, कहा सेवा का मौका दें, हर मुसीबत व परेशानी को समाप्त करने में खप जाऊंगा।

पीएम ने कहा कि गलती से भी आप-दा नहीं आ जाए। आप-दा को छोड़कर उनके पार्टी के लोग जा रहे है। वो यह जान गए है कि ग्राउंड पर जनता उनसे नाराज ही नहीं नफरत करती है। दिल्ली के लोगों के गुस्से से पूरी पार्टी इतनी घबरा गई है कि हर घंटे झूठी घोषणाएं कर रही है। उनका नकाब उतर गया है। दिल्ली में रहने वाली बहने, ऑटो वाले कह रहे है कि दस साल से यह झूठी घोषणाओं पर वोट मांग रहे है। अब यह झूठ नहीं सहेंगे, बदलकर रहेंगे।

## महाकुंभ हादसे में षडयंत्र की बू : रविशंकर

नई दिल्ली, 3 फरवरी (एजेंसियां)। महाकुंभ हादसे को लेकर सोमवार को विपक्ष ने संसद में जमकर हंगामा किया। विपक्ष की मांग है कि स्थगन प्रस्ताव लाकर महाकुंभ हादसे पर चर्चा की जाए और मृतकों की संख्या की पुष्टि की जाए। विपक्ष ने राज्यसभा से इस मुद्दे पर वॉकआउट भी किया।

लोकसभा में राष्ट्रपति के अभिभाषण पर चर्चा के दौरान भाजपा सांसद रविशंकर प्रसाद ने आशंका जताई कि महाकुंभ हादसे में षडयंत्र हो सकता है और हादसे की जांच के बाद पूरी तस्वीर साफ हो जाएगी। वहीं सपा सांसद जया बच्चन ने महाकुंभ हादसे को लेकर बेतुका बयान दिया और कहा कि इस वक्त सबसे दूषित पानी कुंभ का है क्योंकि भगदड़ के बाद लोगों के शव गंगा में बहाए गए। रविशंकर प्रसाद ने राष्ट्रपति के अभिभाषण पर लोकसभा में चर्चा के दौरान कहा कि राष्ट्रपति ने अपने अभिभाषण में महाकुंभ की भी चर्चा की।

## 'वक्फ बिल पर 281 असहमति नोट'

### > जेपीसी अध्यक्ष ने विपक्ष के रवैये पर उठाए सवाल



नई दिल्ली, 3 फरवरी (एजेंसियां)। वक्फ संशोधन विधेयक को लेकर संयुक्त संसदीय समिति (जेपीसी) आज अपनी रिपोर्ट संसद में सौंप सकती है। इसे लेकर संसदीय समिति के अध्यक्ष जगदंबिका पाल ने कहा कि विपक्ष एक खास तरह के एजेंडे को आगे बढ़ाने की कोशिश कर रहा है। विपक्ष ने वक्फ बिल को लेकर बनी 428 पन्नों की रिपोर्ट में से 281 पन्नों पर असहमति नोट पेश किया गया है। उन्होंने कहा कि सभी पक्षकारों से बात करने और विचारों पर गौर करने के बाद अंतिम रिपोर्ट तैयार की गई है।

जेपीसी अध्यक्ष जगदंबिका पाल ने कहा कि विपक्ष ने जैसे यह कहकर जेपीसी को गुमराह करने की कोशिश की थी कि अगर बिल पारित हो जाता है तो सभी वक्फ संपत्तियां छीन ली जाएंगीं, ठीक उसी तरह से वह देश में एक खास एजेंडे को आगे बढ़ाकर तुष्टिकरण की कोशिश कर रहे हैं। हमने जेपीसी की बैठकों में वक्फ बोर्ड, अल्पसंख्यक आयोग, सरकारी अधिकारी, हितधारक और इस्लामी विद्वान सभी को गवाह के रूप में बुलाकर बात की और उनको सुना। इसके बाद हमने 428 पन्नों की रिपोर्ट तैयार की है और हमने रिपोर्ट स्पीकर को सौंप दी है। जेपीसी अध्यक्ष ने कहा कि 428 पन्नों की रिपोर्ट में हमने हर खंड में संशोधन का अनुरोध किया था। ओवैसी, नसीर हुसैन और अन्य सभी ने अपना इनपुट दिया था। हमने उनके संशोधन के आधार पर मतदान किया और बहुमत के आधार पर संशोधन को स्वीकार कर लिया। विपक्ष ने 281 पन्नों पर असहमति नोट दिया था। जब सदन में रिपोर्ट पेश की जाएगी तो सभी असहमति नोट भी शामिल किए जाएंगे। अब संसदीय लोकतंत्र में और क्या किया जा सकता है? जेपीसी अध्यक्ष ने कहा कि जब स्पीकर साहब एजेंडा देंगे और कार्य समिति सहमत होगी, तब हम इसे पेश करेंगे। इससे पहले 30 जनवरी को वक्फ (संशोधन) विधेयक पर विचार करने वाली संयुक्त संसदीय समिति (जेपीसी) के अध्यक्ष जगदंबिका पाल ने 655 पेज वाली रिपोर्ट लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला को सौंपी थी।

## सीईसी, ईसी की नियुक्तियों के खिलाफ याचिका

### > शीर्ष अदालत ने नए कानून के तहत 12 फरवरी को तय की सुनवाई

नई दिल्ली, 3 फरवरी (एजेंसियां)। सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को 2023 के कानून के तहत मुख्य चुनाव आयुक्त और चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति के खिलाफ याचिकाओं पर सुनवाई के लिए 12 फरवरी की तारीख तय की। मामले में जस्टिस सूर्यकांत और एन कोटिश्वर सिंह की पीठ ने कहा कि वह इस मुद्दे पर मेरिट के आधार पर और अंतिम रूप से फैसला करेगी।

एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स एनजीओ की ओर से पेश हुए वकील प्रशांत भूषण ने कहा कि यह मामला 4 फरवरी को सूचीबद्ध है, लेकिन अन्य मामलों के कारण इस पर सुनवाई होने की संभावना नहीं है। प्रशांत भूषण ने 18 फरवरी को मौजूदा मुख्य चुनाव आयुक्त (सीईसी) राजीव कुमार की सेवानिवृत्ति का हवाला देते हुए कहा कि इस मामले पर तत्काल सुनवाई की आवश्यकता है क्योंकि यह संविधान पीठ के 2023 के फैसले के तहत आता है। उन्होंने कहा कि 2023 के फैसले में कहा गया है कि चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति केवल सरकार की तरफ से नहीं की जा सकती, बल्कि प्रधानमंत्री, विपक्ष के नेता और भारत के मुख्य न्यायाधीश वाली एक स्वतंत्र समिति की तरफ से की जा सकती है, अन्यथा यह चुनावी लोकतंत्र के लिए खतरा होगा। प्रशांत भूषण ने आगे कहा, उन्होंने एक ऐसा अधिनियम लाया है जिसके तहत उन्होंने मुख्य न्यायाधीश को हटाकर दूसरे मंत्री को नियुक्त किया है, जिससे आयुक्तों की नियुक्ति केवल सरकार की मर्जी पर निर्भर हो गई है। संविधान पीठ ने ठीक यही कहा है कि यह समान अवसर और हमारे चुनावी लोकतंत्र के खिलाफ है।

## बेरोजगारी की समस्या से निपटने में सरकार विफल : राहुल गांधी




नई दिल्ली, 3 फरवरी (एजेंसियां)। संसद के बजट के सत्र के दौरान सोमवार को लोकसभा में राष्ट्रपति के अभिभाषण पर चर्चा शुरू हुई। इस दौरान नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने भी चर्चा में हिस्सा लिया। उन्होंने सरकार पर करारा हमला करते हुए कहा कि राष्ट्रपति के अभिभाषण में कुछ भी नया नहीं था। उसमें हर चीज वह थी, जो हम सब कई बार सुन चुके हैं।

लोकसभा में विपक्ष के नेता और कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने कहा, राष्ट्रपति के अभिभाषण के दौरान जो कुछ भी कहा जा रहा था, उस पर ध्यान बनाए रखने के लिए मुझे संघर्ष करना पड़ा। ऐसा इसलिए, क्योंकि मैंने पिछली बार भी कुछ ऐसा ही सुना था। उससे पहले भी लगभग इसी तरह का अभिभाषण सुना था। यह सरकार के कार्यों की एक ही सूची थी। इस सरकार ने लगभग 50-100 काम ही किए होंगे। मुझे लगता है कि राष्ट्रपति का अभिभाषण ऐसा नहीं होना चाहिए था, जैसा दिया गया। उन्होंने कहा कि भले ही हम बढ़े हैं, हम तेजी से बढ़े हैं, थोड़ी धीमी गति से बढ़ रहे हैं, लेकिन हम बढ़ रहे हैं। एक सार्वभौमिक समस्या, जिसका हमने सामना किया है, वह है बेरोजगारी। हम बेरोजगारी की समस्या से निपटने में सक्षम नहीं हैं। न तो यूपीए सरकार और न ही आज की एनडीए सरकार ने इस देश के युवाओं को रोजगार के बारे में कोई स्पष्ट जवाब दिया है। राहुल गांधी ने कहा कि प्रधानमंत्री ने 'मेक इन इंडिया' कार्यक्रम का प्रस्ताव रखा, मुझे लगता है कि यह एक अच्छी पहल थी। परिणाम आपके सामने है, विनिर्माण 2014 में सकल घरेलू उत्पाद के 15.3 प्रतिशत से गिरकर आज सकल घरेलू उत्पाद के 12.6 प्रतिशत पर आ गया है, जो 60 वर्षों के विनिर्माण में सबसे कम है। मैं प्रधानमंत्री को दोष नहीं दे रहा हूं, यह कहना उचित नहीं होगा कि उन्होंने प्रयास नहीं किया। मैं कह सकता हूं कि प्रधानमंत्री ने प्रयास किया, लेकिन वे असफल रहे।

उन्होंने कहा कि लोग एआई के बारे में बात करते हैं, लेकिन यह समझना महत्वपूर्ण है कि एआई अपने आप में बिल्कुल अर्थहीन है, क्योंकि एआई के लिए डेटा अहम है। डेटा के बिना एआई का कोई मतलब नहीं है। अगर हम आज डेटा को देखें, तो एक बात बहुत स्पष्ट है- दुनिया में उत्पादन प्रणाली से निकलने वाला हर एक डेटा। जिस डेटा का उपयोग फोन को बनाने के लिए किया गया, जिस डेटा का उपयोग इलेक्ट्रिक कार बनाने के लिए किया गया।

## 'वे विदेश में देश को नुकसान पहुंचाते हैं'

### > अमेरिकी दौरे को लेकर राहुल की टिप्पणी पर बरसे जयशंकर



नई दिल्ली, 3 फरवरी (एजेंसियां)। लोकसभा में राष्ट्रपति के अभिभाषण पर चर्चा के दौरान कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर के अमेरिका दौरे को लेकर टिप्पणी की। वहीं उनके बयान पर विदेश मंत्री ने पलटवार करते हुए सोशल मीडिया एक्स पर एक पोस्ट में लिखा- विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने दिसंबर 2024 में मेरी अमेरिका यात्रा के बारे में जानबूझकर झूठ बोला।

**उनके झूठ का उद्देश्य राजनीतिक हो सकता है :**

मैं बाइडन प्रशासन के विदेश मंत्री और एनएसए से मिलने गया था। साथ ही हमारे महावाणिज्य दूतों की एक सभा की अध्यक्षता भी की।

मेरे प्रवास के दौरान, आने वाले नवनियुक्त एनएसए ने मुझसे मुलाकात की। इस दौरान किसी भी स्तर पर प्रधानमंत्री के संबंध में निमंत्रण पर चर्चा नहीं की गई। यह सर्वविदित है कि हमारे प्रधानमंत्री ऐसे आयोजनों में शामिल नहीं होते हैं। वास्तव में, भारत का प्रतिनिधित्व आमतौर पर विशेष दूतों की तरफ से किया जाता है। उन्होंने आगे कहा, राहुल गांधी के झूठ का उद्देश्य राजनीतिक हो सकता है। लेकिन वे विदेश में देश को नुकसान पहुंचाते हैं।

**राहुल गांधी के बयान पर सत्ता पक्ष ने जताई आपत्ति**

वहीं राहुल गांधी के बयान पर संसदीय कार्यमंत्री किरेन रिजिजू ने कड़ी आपत्ति जताते कहा कि नेता विपक्ष बिना किसी तथ्यों और सबूतों के ऐसे गंभीर आरोप न लगाएं। ये दो देशों के बीच के संबंधों का मामला है। ऐसे में आधारहीन आरोप नहीं लगाए जाने चाहिए। बता दें कि, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने बीते दिनों अपने शपथ ग्रहण समारोह में चीन के राष्ट्रपति को आमंत्रित किया था, लेकिन इस शपथ समारोह में भारत का प्रतिनिधित्व विदेश मंत्री डॉ.एस. जयशंकर ने किया था।

## 'मराठी लोगों की रक्षा के लिए कुछ भी करेंगे'

मुंबई, 3 फरवरी (एजेंसियां)। महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना (मनसे) के चीफ राज ठाकरे ने बड़ा बयान दिया। ठाकरे ने सरकार को आगाह किया कि अगर वे मराठी भाषा के संरक्षण के लिए कुछ काम करते हैं तो उनके खिलाफ केस दर्ज नहीं किया जाना चाहिए।

पुणे में विश्व मराठी सम्मेलन में बोलते हुए राज ठाकरे ने मंत्री उदय सामंत को आड़े हाथों लेते हुए कहा, हम मराठी भाषा को बचाने के लिए सब कुछ करेंगे। लेकिन अगर हम कुछ खास काम करते हैं, तो हमारे खिलाफ केस दर्ज नहीं किए जाने चाहिए। उन्होंने आगे कहा, जब भी हम मराठी भाषा के लिए कुछ करते हैं, हमारे खिलाफ केस दर्ज किए जाते हैं। लेकिन हम मराठी भाषा के लिए जो भी जरूरी होगा, वह करते रहेंगे। मराठी भाषा और 'मराठी मानुष' के भविष्य को खतरे में बताते हुए ठाकरे ने कहा, हिमाचल प्रदेश में, भले ही आप भारतीय नागरिक हों, आप ज़मीन नहीं खरीद सकते।

## 'घटना दुर्भाग्यपूर्ण, हाईकोर्ट जाएं याचिकाकर्ता'

### > सुप्रीम कोर्ट में महाकुंभ हादसे से जुड़ी याचिका खारिज



नई दिल्ली, 3 फरवरी (एजेंसियां)। सुप्रीम कोर्ट ने प्रयागराज के महाकुंभ में शामिल होने वाले श्रद्धालुओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए विशिष्ट दिशा-निर्देश नियमों के क्रियान्वयन की मांग वाली जनहित याचिका पर विचार करने से इनकार कर दिया। कोर्ट ने उत्तर प्रदेश सरकार के इस बयान पर संज्ञान लिया कि इलाहाबाद हाईकोर्ट में पहले ही याचिका दायर की जा चुकी है। कोर्ट ने घटना को दुर्भाग्यपूर्ण बताया और याचिकाकर्ता से हाईकोर्ट जाने को कहा। दरअसल, 29 जनवरी को प्रयागराज में चल रहे महाकुंभ में हुई भगदड़ में 30 की मौत हो गई थी और 60 अन्य लोग घायल हो गए थे।

मुख्य न्यायाधीश (सीजेआई) जस्टिस संजीव खन्ना और जस्टिस संजय कुमार की पीठ ने वकील विशाल तिवारी की जनहित याचिका पर सुनवाई की। याचिका में भगदड़ की घटनाओं को रोकने और संविधान के अनुच्छेद 21 के तहत समानता व जीवन के मौलिक अधिकारों की रक्षा करने की मांग की गई थी। शीर्ष अदालत ने उत्तर प्रदेश सरकार की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता मुकुल रोहतगी की इन दलीलों पर गौर किया कि न्यायिक जांच शुरू की गई है। याचिका में केंद्र और सभी राज्यों को पक्षकार बनाते हुए केंद्र तथा राज्य सरकारों को महाकुंभ में श्रद्धालुओं के लिए सुरक्षित माहौल सुनिश्चित करने के लिए सामूहिक रूप से काम करने का निर्देश देने की मांग की गई थी। याचिका में कहा गया था कि महाकुंभ जैसे आयोजनों में वीआईपी मूवमेंट को सीमित किया जाए और ज्यादा से ज्यादा जगह आम आदमी के लिए रखी जाए। सभी राज्यों को सुरक्षा संबंधी जानकारी उपलब्ध कराने तथा आपात स्थिति में अपने-अपने निवासियों की सहायता के लिए प्रयागराज में सुविधा केंद्र स्थापित करने चाहिए। जनहित याचिका में श्रद्धालुओं को कार्यक्रम में आसानी से पहुंचने में मदद के लिए कई भाषाओं में साइनेज और अनाउंसमेंट कराने की भी मांग की गई थी। याचिका में कहा गया था कि उपस्थित लोगों को सुरक्षा प्रोटोकॉल के बारे में बताने के लिए एसएमएस और व्हाट्सएप संदेशों का इस्तेमाल किया जाना चाहिए।

## कुलगाम में आतंकी हमला

श्रीनगर, 3 फरवरी (एजेंसियां)। दक्षिण कश्मीर के कुलगाम जिले के बेहीबाग में आतंकियों ने एक पूर्व सैनिक और उसके परिवार के तीन सदस्यों पर हमला किया, जिसमें तीनों घायल हो गए।

पूर्व सैनिक मंजूर अहमद वागे को पेट में गोली लगी जबकि उसकी पत्नी और बेटी के पैर में गोली लगी। तीनों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

## कुंभ भगदड़ में हजारों लोग मारे गए : खड़गे

### > धनखड़ ने बयान वापस लेने को कहा > जवाब दिया-सही आंकड़ा बताएं माफी मांग लूंगा



नई दिल्ली, 3 फरवरी (एजेंसियां)। राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर बोलते हुए राज्यसभा सांसद और कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा कि रुपया आज वेंटिलेटर पर है। यूपीए के कार्यकाल में ये कहते थे कि रुपया पतला हो रहा है। लेकिन, आज रुपये की क्या हालत हो गई है, रुपया तो वेंटिलेटर पर पहुंच गया है।

जिस समय राज्यसभा में मल्लिकार्जुन खड़गे अपनी बात रख रहे थे, उस दौरान पूर्व प्रधानमंत्री चंद्रशेखर के पुत्र एवं भाजपा सांसद नीरज शेखर के साथ उनकी तीखी नोंकझोंक हो गई। इस पर कुछ देर के लिए सदन में हंगामा हुआ। सभापति ने मल्लिकार्जुन खड़गे को अपना बयान वापस लेने के लिए कहा। इस पर खड़गे ने कहा कि वह पूर्व प्रधानमंत्री चंद्रशेखर की काफी इज्जत करते हैं। चंद्रशेखर वरिष्ठ नेता थे, वह चंद्रशेखर के साथ रहे हैं और गिरफ्तार भी हुए हैं। कांग्रेस अध्यक्ष ने महाकुंभ में मृत लोगों को श्रद्धांजलि दी। उन्होंने राज्यसभा में कहा कि महाकुंभ में हजारों की संख्या में लोगों ने अपनी जान दी है, मैं उन्हें श्रद्धांजलि देता हूं। इस पर सत्ता पक्ष के सांसदों ने हंगामा शुरू कर दिया। सत्ता पक्ष के सांसद खड़गे के 'हजारों की संख्या' बोले जाने से नाराज थे।

सभापति जगदीप धनखड़ ने भी इस मुद्दे पर मल्लिकार्जुन खड़गे को टोकते हुए कहा कि यदि आप 'हजारों लोगों' के मरने की बात कहेंगे तो मैं आपसे अपील करूंगा कि आप अपने वक्तव्य पर ध्यान दें। सभापति ने कहा कि आपके बोलने का काफी महत्व पड़ता है और यदि आप इस प्रकार की बात कहेंगे कि हजारों लोग..., आप किस प्रकार का संदेश दे रहे हैं। मैं आपसे अपील करता हूं और चाहूंगा कि आप अपना बयान वापस लें। खड़गे ने कहा कि यदि मैं गलत हूं तो मैं आपसे माफी मांग लूंगा, लेकिन यह बताया जाना चाहिए कि कुंभ में कितने लोगों की मृत्यु हुई है। कांग्रेस अध्यक्ष ने अपनी बात आगे बढ़ाते हुए कहा कि राष्ट्रपति के अभिभाषण में कई विफलताओं को भी सफलता के रूप में बताया गया है। केंद्र सरकार ने जितने भी वादे किए, सब खोखले निकले। उन्होंने 'सबका साथ, सबका विकास' पर कहा कि देश का किसान और बेरोजगार आत्महत्या करने पर मजबूर है। बेरोजगारी ने सारी सीमाएं तोड़ दी हैं। महंगाई ने आम आदमी की कमर तोड़ दी, गांव-देहात के लोगों की हालत तो बदतर हो गई।

आम जनता की दुख और मुसीबतें लगातार बढ़ रही हैं। खड़गे ने कहा कि यह अमृत काल है या विष काल। बीते 10 साल में एक लाख किसानों ने आत्महत्या की है। किसानों को न्यूनतम समर्थन मूल्य नहीं मिल रहा।

आय दोगुनी करने का वादा पूरा नहीं हुआ। सत्ता पक्ष ने पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह का निरादर किया। मनमोहन सिंह ने जो महत्वपूर्ण कार्य किए हैं, आप नहीं कर सकते। उन्होंने जीएसटी, नोटबंदी और कोविड प्रबंधन को नाकाम बताया। खड़गे ने कहा कि हमारे देश में पढ़े-लिखे युवा बेरोजगार हैं। सरकारी नौकरियों में अभी भी 35 से 40 लाख पद खाली हैं, उन्हें क्यों नहीं भरा जाता? अनुसूचित जाति के बच्चों की भर्ती न हो, इसलिए आप इन नौकरियों पर भर्ती नहीं कर रहे हैं।

## एडीजी रवि गांधी ने सुरक्षा उपायों की समीक्षा की

गुवाहाटी, 3 फरवरी (एजेंसियां)। पड़ोसी देश बांग्लादेश में उथल-पुथल के बाद से भारत-बांग्लादेश अंतर्राष्ट्रीय सीमा पर सुरक्षा को और चाक-चौबंद किया गया है। बीएसएफ पूर्वी कमान, कोलकाता के अतिरिक्त महानिदेशक (एडीजी) रवि गांधी ने गुवाहाटी फ्रंटियर के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ सुरक्षा उपायों की समीक्षा की। उल्लेखनीय है कि अतिरिक्त महानिदेशक रवि गांधी तीन दौरे पर हैं। बीएसएफ के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि एडीजी ने अपनी यात्रा करे दौरान पश्चिम बंगाल के कूचबिहार जिले में भारत-बांग्लादेश अंतर्राष्ट्रीय सीमा के साथ संचालनात्मक तैयारियों और मौजूदा सुरक्षा स्थिति की समीक्षा की। कूचबिहार स्थित सेक्टर मुख्यालय में दौरे के पहले दिन, रवि गांधी को गुवाहाटी फ्रंटियर के महानिरीक्षक (आईजी) संजय गौड़ और वरिष्ठ स्टाफ अधिकारियों द्वारा ब्रीफ किया गया। बीएसएफ के एडीजी ने कूचबिहार सेक्टर मुख्यालय के अधिकार क्षेत्र में भारत-बांग्लादेश अंतर्राष्ट्रीय सीमा के साथ सीमा चौकियों (बीओपी) का भी दौरा किया।

## जनता ने अगर नारेबाजी के लिए भेजा है तो यही करिए या सदन चलाइए

### विपक्ष के हंगामे पर बिरला की दो टूक




नई दिल्ली, 3 फरवरी (एजेंसियां)। बजट सत्र के तीसरे दिन सोमवार को लोकसभा की कार्यवाही शुरू होते ही विपक्ष ने हंगामा शुरू कर दिया। वे महाकुंभ में मची भगदड़ की घटना पर सरकार से जवाब की मांग कर रहे थे। इस दौरान उन्होंने जमकर नारेबाजी भी की। इस पर लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने सदन में नारेबाजी करने वाले विपक्षी दलों के सांसदों से कहा कि यदि जनता ने उन्हें नारे लगाने के लिए भेजा है जो यही काम करें या फिर कार्यवाही चलने दें।

दरअसल, बजट सत्र के तीसरे दिन सदन की कार्यवाही आरंभ होते ही विपक्षी सदस्य महाकुंभ में मची भगदड़ की घटना पर सरकार से जवाब की मांग करते हुए नारेबाजी करने लगे। लोकसभा अध्यक्ष ने नारेबाजी कर रहे सदस्यों से कहा, इस विषय का उल्लेख राष्ट्रपति महोदया ने अपने अभिभाषण में किया था। आप लोग अभिभाषण पर चर्चा के दौरान यह विषय रख सकते हैं।

उन्होंने कहा कि प्रश्नकाल महत्वपूर्ण समय होता है, जिसमें सरकार की जवाबदेही तय की जा सकती है। बिरला ने विपक्षी सदस्यों से सदन चलने देने की अपील की। समाजवादी पार्टी के कुछ सदस्य जब आसन के निकट पहुंचकर नारेबाजी करने लगे तो बिरला ने कहा, आपको जनता ने मेज तोड़ने के लिए नहीं भेजा है। प्रश्न पूछने के लिए भेजा है। अगर इसीलिए भेजा है तो जोर-जोर से मारिए। उन्होंने कहा, अगर आपको देश की जनता ने नारेबाजी के लिए भेजा है तो यही काम करिए। यदि सदन चलाना चाहते हैं तो अपनी सीट पर जाकर बैठिए।

उन्होंने प्रश्नकाल के बाद विपक्षी सदस्यों से कहा कि मैं आप सबसे आग्रह करना चाहता हूं कि आप जिन भी विषयों को उठाना चाहते हैं, राष्ट्रपति अभिभाषण पर चर्चा में उन सभी को उठा सकते हैं। आपको पर्याप्त समय और अवसर दिया जाएगा। बिरला ने कहा कि कई मंचों पर यह निर्णय हुआ है कि प्रश्नकाल स्थगित नहीं होना चाहिए, यह सभी सदस्यों की सामूहिक जिम्मेदारी है।

# गोधरा ट्रेन कांड का दोषी पुणे में चोरी के मामले में गिरफ्तार

## जमानत मिलने के बाद से ही चल रहा था फरार



पुणे, 3 फरवरी (एजेंसियां)। साल 2002 में गोधरा ट्रेन कांड का दोषी सलीम उर्फ सलमान यूसिफ जारदा (55 वर्षीय) को महाराष्ट्र के पुणे में चोरी के मामले में गिरफ्तार किया गया है। गौरतलब है कि सलीम को गोधरा कांड में दोषी ठहराए जाने के बाद उम्रकैद की सजा सुनाई गई थी, लेकिन बीते साल सितंबर में जमानत पर बाहर आने के बाद वह फरार हो गया था।

**पुलिस को जांच के दौरान गोधरा के गिरोह के बारे में पता चला**

पुलिस ने बताया कि बीती 7 जनवरी को पुणे के ग्रामीण इलाके जुन्नार से करीब 2.49 लाख रुपये की कीमत के टायर और ट्यूब एक ट्रक से चोरी कर लिए गए थे। इस मामले में ट्रक के ड्राइवर सोमनाथ गायकवाड़ ने एफआईआर दर्ज कराई थी। इस मामले की जांच के दौरान पुलिस को पता चला कि ऐसा ही एक मामला नासिक में भी हुआ था। जिसमें सिन्नार पुलिस थाने और पुणे के मनचार थाने के इलाके में भी एक ट्रक से माल चोरी हुआ था।

पुलिस को जांच के दौरान पता चला कि इन घटनाओं में कोई अंतर-राज्यीय गैंग शामिल है और पुलिस को ये भी पता चला कि इसमें शामिल चोर गुजरात के गोधरा के हैं। जांच के दौरान पुलिस ने बीती 22 जनवरी से नासिक से गिरोह के पांच सदस्यों को गिरफ्तार किया। इन गिरफ्तार आरोपियों में सलीम जारदा और उसके सहयोगी साहिल पठान, सूफियान चनाकी, अयूब सुनथिया, इरफान दरवेश का नाम शामिल है। ये सभी गोधरा के निवासी हैं। पुलिस ने आरोपियों के पास से एक टेम्पो ट्रक और चोरी किया हुआ सामान भी बरामद कर लिया है। चोरों के पास से बरामद सामान की कुल कीमत करीब 14.4 लाख रुपये है। पुलिस ने बताया कि सलीम जारदा उन 31 दोषियों में शामिल है, जिन पर साल 2002 के गुजरात दंगे के दौरान गोधरा में ट्रेन जलाने का दोषी पाया गया था।

**गोधरा कांड में दोषी पाए जाने के बाद मिली थी मौत की सजा**

गोधरा कांड में जारदा समेत 11 लोगों को मौत की सजा सुनाई गई थी और बाकी 20 लोगों को उम्रकैद हुई थी। हालांकि बाद में गुजरात उच्च न्यायालय ने जारदा समेत 11 लोगों की मौत की सजा को घटाकर उम्रकैद में तब्दील कर दिया है। उल्लेखनीय है कि जारदा पूर्व में भी आठ बार जमानत मिलने के बाद फरार हो चुका है। जारदा ने एक गैंग बनाया है, जो गुजरात, राजस्थान और महाराष्ट्र में चोरी को अंजाम देता है।

*दिल्ली चुनाव को लेकर केजरीवाल का बड़ा बयान*

# भाजपा कर सकती है दिल्ली पुलिस का दुरुपयोग



नई दिल्ली, 3 फरवरी (एजेंसियां)। दिल्ली में आगामी चुनावों को लेकर आम आदमी पार्टी (आप) के राष्ट्रीय संयोजक और मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने बड़ा बयान दिया है। उन्होंने दावा किया कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) अपनी संभावित हार से घबराकर दिल्ली पुलिस और गुंडों का दुरुपयोग कर सकती है। आप के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने कहा, अब दिल्ली के माहौल से साफ है कि आम आदमी पार्टी ऐतिहासिक जीत की ओर बढ़ रही है और भारतीय जनता पार्टी अपनी सबसे बुरी हार की ओर बढ़ रही है। तो जाहिर है भारतीय जनता पार्टी कुछ भी करेगी। भाजपा के अंदर से खबर आ रही है कि वो दिल्ली पुलिस का दुरुपयोग करने जा रहे हैं। सारे कानून और संविधान को ताक पर रखकर दिल्ली पुलिस को गुंडागर्दी पर उतारा जाएगा।

वो अपने गुंडों का इस्तेमाल लोगों को डराने-धमकाने के लिए करेंगे, सब कुछ करेंगे। लेकिन सबसे खतरनाक बात जो सामने आ रही है वो ये है कि वो आपके पास आएंगे, खास तौर पर हमारे गरीब तबके के पास, वो आपको पैसे देंगे। वो कहेंगे कि वो चुनाव आयोग से हैं और कहेंगे कि आप अपना वोट इस बॉक्स में डाल दें.. सबसे पहले मैं आपको बता दूं कि चुनाव आयोग आपके घर जाकर वोटिंग नहीं करवाता है।

## खबरें जरा हटके

### 5 लाख से ज्यादा लोग, 250 ट्रेनें रोज! भारत का ये रेलवे स्टेशन 25 साल से वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाए हुए है



नई दिल्ली रेलवे स्टेशन दुनिया का सबसे बड़ा रूट रिले इंटरलॉकिंग सिस्टम वाला स्टेशन है, जो 1999 से वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाए हुए है. यहां 11,000 रिले से 1,122 सिग्नल मूवमेंट नियंत्रित किए जाते हैं. अगर आप ट्रेन से सफर करते हैं, तो आपको रेलवे स्टेशनों की भीड़-भाड़ और वहाँ के सिग्नलिंग सिस्टम का अंदाजा होगा. भारत में रेलवे सबसे सस्ता और आरामदायक यात्रा साधन है. हर दिन लाखों लोग ट्रेन से यात्रा करते हैं, लेकिन क्या आपने कभी सोचा है कि इतने सारे ट्रेनों को एक साथ कैसे संभाला जाता है? इसके पीछे एक जबरदस्त तकनीक काम करती है, जिसे रूट रिले इंटरलॉकिंग सिस्टम कहते हैं. नई दिल्ली रेलवे स्टेशन इस मामले में पूरी दुनिया में सबसे आगे है.

**नई दिल्ली रेलवे स्टेशन का वर्ल्ड रिकॉर्ड**

नई दिल्ली रेलवे स्टेशन ने दुनिया का सबसे बड़ा रूट रिले इंटरलॉकिंग सिस्टम बनाया हुआ है. यह रिकॉर्ड 1999 से आज तक बना हुआ है और अभी तक कोई इसे तोड़ नहीं पाया है. इस स्टेशन पर 11,000 से ज्यादा रिले लगे हुए हैं, जो 1,122 अलग-अलग सिग्नल मूवमेंट को संभालते हैं. यह सिस्टम यह सुनिश्चित करता है कि कोई भी ट्रेन गलत ट्रैक पर न जाए और कोई दुर्घटना न हो. गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड्स में यह स्टेशन अपनी इस खासियत के लिए दर्ज है.

पुराने दिल्ली स्टेशन से नई दिल्ली तक का सफर

आज से करीब 70 साल पहले, दिल्ली का मुख्य रेलवे स्टेशन पुरानी दिल्ली हुआ करता था. लेकिन जैसे-जैसे ट्रेनें बढ़ने लगीं, यात्रियों की भीड़ भी बढ़ने लगी. इसी वजह से 1956 में नई दिल्ली रेलवे स्टेशन बनाया गया. उस समय यहाँ सिर्फ एक ही प्लेटफॉर्म था. यह भारत का पहला स्टेशन था, जहाँ सभी यात्रियों के लिए एक जैसा प्रवेश और निकास गेट रखा गया था. पहले के समय में सिर्फ बड़े लोग ही ट्रेन से यात्रा कर सकते थे, लेकिन इस स्टेशन ने आम जनता के लिए यात्रा को और आसान बना दिया.

### खिलौने नहीं, असली बाइक से खेलता है ये बच्चा, 7 वर्ल्ड रिकॉर्ड कर चुका अपने नाम!



क्या आपने कभी 8 साल के बच्चे को सुपरफास्ट बाइक दौड़ाते देखा है? अगर नहीं, तो कोयंबटूर के रिधिन साई को देखकर आपकी सोच बदल जाएगी. इतनी कम उम्र में जहां बच्चे खिलौनों से खेलते हैं, वहीं रिधिन ऑफ-रोड बाइक रेसिंग में नए रिकॉर्ड बना रहा है. 8 साल की उम्र में इस बच्चे ने 7 वर्ल्ड रिकॉर्ड अपने नाम कर लिए हैं. उसकी रफ्तार और जज़्बा देख हर कोई हैरान रह जाता है.

**कैसे बना ये बच्चा रेसिंग चैंपियन?**

रिधिन एसएनवी ग्लोबल स्कूल में पढ़ता है और अब तक 9 नेशनल और 1 इंटरनेशनल रेस में भाग ले चुका है. इस उम्र में जहां बच्चे साइकिल चलाना सीखते हैं, वहीं यह नन्हा रेसर इंडिया बुक ऑफ रिकॉर्ड्स, एशिया बुक ऑफ रिकॉर्ड्स और वर्ल्ड बुक ऑफ रिकॉर्ड्स जैसी बड़ी उपलब्धियां हासिल कर चुका है. रिधिन के रेसिंग करियर की शुरुआत तब हुई जब वह सिर्फ 5 साल का था. उसके पिता आनंद कुमार उसे 2020 में एक रेसिंग इवेंट में ले गए. वहां से उसकी दिलचस्पी इस खेल में बढ़ गई. जब पिता ने पूछा कि क्या वह रेसिंग करना चाहता है, तो रिधिन ने झट से हां कर दी. इसके बाद उसने पीछे मुड़कर नहीं देखा.

**पिता का अधूरा सपना बेटा करेगा पूरा**

रिधिन के पिता आनंद कुमार खुद भी 13 साल तक रेसिंग कर चुके हैं. लेकिन 2013 में एक दुर्घटना के बाद उन्होंने रेसिंग छोड़ दी. जब उन्होंने अपने बेटे में वही जुनून देखा, तो उन्होंने उसे रेसिंग में आगे बढ़ाने का फैसला किया. रिधिन ने सबसे पहले पॉकेट बाइक से शुरुआत की, फिर 50cc बाइक और अब वह 65cc बाइक चला रहा है. हालांकि, अभी वह सिर्फ 8 साल का है, इसलिए उसके पास एफएफएससी लाइसेंस नहीं है. उसे यह लाइसेंस 10 साल की उम्र में मिलेगा. फिलहाल उसके पिता ही उसे ट्रेनिंग दे रहे हैं और उसे एक चैंपियन बनाने की तैयारी में लगे हैं.

**स्पॉन्सर और टीम की बड़ी भूमिका**

रिधिन को 'थ्रॉटलर' टीम स्पॉन्सर कर रही है. इसके अलावा, मैकेनिकल सपोर्ट के लिए सेंटिल और रमेश उसकी मदद कर रहे हैं. हर ट्रेनिंग के बाद बाइक की सर्विस जरूरी होती है, जिससे उसकी परफॉर्मेंस बेहतर बनी रहे. एसएनवी ग्लोबल स्कूल ने रिधिन को पूरी स्कॉलरशिप दी है ताकि वह पढ़ाई और रेसिंग दोनों में आगे बढ़ सके. माता-पिता भी हर कदम पर उसके साथ खड़े हैं. उसकी मां सोना आनंद कुमार बताती हैं कि उनका बेटा बेहद एक्टिव है. अब तक वह 34 इवेंट्स में हिस्सा ले चुका है और 31 बार पोडियम फिनिश किया है.

### शौक ऐसा कि बना दी पहचान! 20 साल से मूंछों पर दे रहे ताव, 'मूंछा तिवारी' के नाम से हुए मशहूर



अमेठी के वीरेंद्र कुमार तिवारी को लोग 'मोछा तिवारी' के नाम से जानते हैं. उन्होंने 20 सालों से अपनी मूंछें नहीं काटी हैं. उनकी मूंछें उनकी पहचान बन गई हैं और लोग उनके साथ सेल्फी लेते हैं.

अक्सर लोग अपने अजब गजब शौक के लिए जाने जाते हैं. कोई लंबी दाढ़ी रखता है तो कोई तावदार मूंछों के लिए जाना जाता है. तो कोई लंबे बाल के लिए जाना जाता है. ऐसे ही एक शख्स अमेठी के हैं जिन्हें मास्टर की बात ऐसी नागवार गुजरी की उन्होंने बड़ी तावदार मूंछों को रखने का फैसला कर लिया. लिहाजा 20 सालों से वह अजब गजब शौक रख रहे हैं और वह कभी अपनी मूंछ नहीं काटते हैं और उनकी पहचान भी उनकी मूंछ की वजह से खूब हो गई है. जी हैं हम बात कर रहे हैं अमेठी जिले के गौरीगंज तहसील के रहने वाले वीरेंद्र कुमार तिवारी की जिन्हें लोग मोछा तिवारी के नाम से ज्यादा जानते हैं. वीरेंद्र तिवारी करीब 20 सालों से यहां अजब गजब शौक रख रहे हैं. कई साल पहले जब वह शुरुआती कक्षा में पढ़ाई कर रहे थे तब उन्हें क्लास के एक मास्टर ने मूंछों पर ताव दे दिया. इसके बाद उन्होंने अपनी मूंछों को बढ़ाने का फैसला लिया और लगातार वो अपने शौक को पूरा कर रहे हैं.

*बीपीएससी अध्यक्ष की नियुक्ति को चुनौती*

# सुप्रीम कोर्ट ने बिहार सरकार से मांगा जवाब



नई दिल्ली, 3 फरवरी (एजेंसियां)। सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को बिहार सरकार को नोटिस जारी किया है। बिहार लोक सेवा आयोग के अध्यक्ष की नियुक्ति को चुनौती देने वाली याचिका पर बिहार सरकार को नोटिस जारी हुआ है। जनहित याचिका वकील ब्रजेश सिंह ने दायर की है। हालांकि पीठ ने कहा कि याचिकाकर्ता का बीपीएससी से कोई ताल्लुक नहीं है और उनके याचिका दायर करने पर सवाल उठाए। जस्टिस पीएस नरसिम्हा और जस्टिस मनोज मिश्रा की पीठ ने कहा कि बतौर वकील आपको ऐसी याचिकाएं दायर करने से बचना चाहिए क्योंकि आपका बीपीएससी से कोई संबंध नहीं है। हालांकि याचिका पर सुप्रीम कोर्ट ने बिहार सरकार को नोटिस जारी किया है।

पीठ ने इस मामले में न्यायमित्र की नियुक्ति करने का भी निर्देश दिया है। बीपीएससी के अध्यक्ष पद पर 15 मार्च 2024 को परमार रवि मनुभाई की नियुक्ति हुई थी। याचिका में आरोप लगाया गया है कि मनुभाई पर भ्रष्टाचार के आरोप हैं और उनके खिलाफ बिहार विजिलेंस ब्यूरो की जांच चल रही है। याचिका में दावा किया गया है कि परमार बीपीएससी अध्यक्ष बनने की आधारभूत शर्त को भी पूरा नहीं करते हैं।

# सीएम सैनी के बाद हरियाणा बीजेपी अध्यक्ष बड़ौली पर फायर हुए अनिल विज

## बोले-आडवाणी से बड़े तो नहीं हैं, छोड़ दें पद




चंडीगढ़, 3 फरवरी (एजेंसियां)। हरियाणा की राजनीति में बेहद चर्चित नाम और नायब सिंह सैनी सरकार में मंत्री अनिल विज ने अपनी सरकार के बाद अब संगठन के खिलाफ भी मोर्चा खोल दिया है। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के खिलाफ तीखे बोल बोलने वाले अनिल विज ने अब प्रदेश भाजपा के अध्यक्ष मोहन लाल बड़ौली पर हमला किया है।

अनिल विज ने कहा है कि बड़ौली को प्रदेश अध्यक्ष का पद छोड़ देना चाहिए। बताना होगा कि बड़ौली पर दुष्कर्म के आरोप लगे हैं। अनिल विज ने रविवार को गोहाना में पत्रकारों के साथ बातचीत के दौरान कहा कि मोहनलाल बड़ौली पर धारा 376डी (गैंगरेप) के तहत आरोप हैं। ऐसे में वह महिलाओं की बैठक नहीं ले सकते। विज ने कहा कि हमारे बड़े नेता लालकृष्ण आडवाणी पर किसी ने डायरी में नाम आने का आरोप लगाया था तो उन्होंने अपने पद से त्यागपत्र दे दिया था और बड़ौली आडवाणी से बड़े तो नहीं हैं। अपने अलग अंदाज के लिए पहचाने जाने वाले विज ने कहा कि पार्टी की पवित्रता और पार्टी के सिद्धांतों को बनाए रखने के लिए बड़ौली को अपने पद से इस्तीफा दे देना चाहिए।

**...मुझे कोई परवाह नहीं**

बीते कुछ दिनों में अनिल विज एक बार फिर नए तेवरों के साथ सामने आए हैं। हरियाणा में परिवहन, ऊर्जा और श्रम जैसे बड़े मंत्रालय को संभाल रहे अनिल विज ने पत्रकारों से बातचीत में साफ कहा कि उनका मंत्री पद तो छीना जा सकता है, लेकिन निर्वाचित विधायक का पद नहीं छीना जा सकता। उन्होंने कहा, "अगर वे इसे (मंत्रालय को) छीनना चाहते हैं, तो छीन सकते हैं। मुझे इसकी कोई परवाह नहीं है।" अनिल विज ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी मंत्रियों की बात सुनें और सरकार को ढंग से चलाएं। विज ने साफ तौर पर कहा कि वह ना चुप बैठे हैं और ना चुप बैठेंगे, जो गलत है उसे ठीक करेंगे। अंबाला सीट से विधायक विज ने इससे पहले कहा था, "हमारे मुख्यमंत्री कभी भी अपने रथ से नीचे नहीं उतरते। जिस दिन से वे सीएम बने हैं, वे हवा में ही रहते हैं। अगर वे नीचे उतरते तो जनता की पीड़ा सुनते। यह सिर्फ़ मेरी आवाज़ नहीं है, यह सभी विधायकों, सांसदों और मंत्रियों की आवाज है।" अनिल विज ने आरोप लगाया था कि विधानसभा चुनाव के दौरान पार्टी के एक वरिष्ठ नेता ने उन्हें हराने की कोशिश की और यहां तक कि उन पर हमला भी करवाया। विज ने नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा कि उस शख्स के खिलाफ अब तक कोई कार्रवाई नहीं की गई है।

**बीजेपी दूर कर पाएगी विज की नाराजगी?**

अनिल विज हरियाणा की राजनीति के बड़े नेता हैं। वह सात बार विधायक का चुनाव जीत चुके हैं। अनिल विज आरएसएस के छात्र संगठन अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद से होते हुए राजनीति में आए थे। वह हरियाणा बीजेपी युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष रह चुके हैं और यहां तक कि अंबाला कैंट सीट से निर्दलीय चुनाव भी जीत चुके हैं।

# कुलदीप सिंह सेंगर को दो दिन की अंतरिम जमानत



नई दिल्ली, 3 फरवरी (एजेंसियां)। उन्नाव दुष्कर्म मामले में दिल्ली हाईकोर्ट ने भाजपा से निष्कासित विधायक और आरोपी कुलदीप सिंह सेंगर को दो दिन की अंतरिम जमानत दी। सेंगर की 4 फरवरी को एम्स में सर्जरी होनी है। हाईकोर्ट की खंडपीठ ने उन्हें 5 फरवरी को सरेंडर करने का निर्देश दिया है। हाईकोर्ट के न्यायमूर्ति यशवंत वर्मा और न्यायमूर्ति हरीश वैद्यनाथन शंकर की पीठ ने सुनवाई करते हुए कहा कि उनकी सजा निलंबित कर दी। सेंगर की मोतियाबिंद की सर्जरी मंगलवार को अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान में होनी है।

इसलिए राहत दी है। कोर्ट ने उन्हें पांच फरवरी को जेल अधिकारियों के समक्ष सरेंडर करने का निर्देश दिया है। पीठ ने सुनवाई के दौरान कहा कि हमारा मानना है कि आवेदक की चिकित्सा प्रक्रिया के उद्देश्य से सजा को निलंबित किया जाना चाहिए, जो चार फरवरी 2025 को तय की गई है। जो 20 दिसंबर, 2024 के आदेश में निर्धारित शर्तों के अधीन है। आवेदक को 5 फरवरी को जेल अधीक्षक के समक्ष आत्मसमर्पण करना होगा। सेंगर के वकील ने अदालत को बताया कि सेंगर की सर्जरी उनके नियंत्रण से परे परिस्थितियों के कारण निर्धारित तारीख से पहले नहीं की जा सकी।

# क्लास 2 की लड़की से छेड़छाड़

बेंगलुरु, 3 फरवरी (एजेंसियां)। कर्नाटक के मांड्या में 8 साल की लड़की से छेड़छाड़ का मामला सामने आया है। दोनों आरोपी साथ में पढ़ते हैं। वे पहले लड़की को स्कूल के बॉथरूम में ले गए। धमकाकर लड़की के कपड़े उतरवाए। फिर उसके प्राइवेट पार्ट पर चोट पहुंचाई।

घटना 31 जनवरी की है लेकिन मामला रविवार को सामने आया। जब लड़की की मां ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई। एक सीनियर पुलिस अधिकारी के मुताबिक, पीड़ित नाबालिग क्लास 2 में पढ़ती है। एक आरोपी उसका क्लासमेट है वहीं दूसरा अन्य क्लास का है। लड़की ने आरोप लगाया कि आरोपी छात्रों ने उसे घटना के बारे में किसी को न बताने की धमकी दी, लेकिन बाद में उसने अपनी मां को इस बारे में बताया।

*चुनाव प्रचार के आखिरी दिन भाजपा का दांव*

# सरकार बनते ही तालकटोरा स्टेडियम का बदलेगी नाम



नई दिल्ली, 3 फरवरी (एजेंसियां)। दिल्ली विधानसभा चुनाव में प्रचार के आखिरी दिन भाजपा ने बड़ा दांव खेला है। भाजपा का कहना है कि दिल्ली में पार्टी की सरकार बनने पर तालकटोरा स्टेडियम का नाम बदला जाएगा। नई दिल्ली विधानसभा क्षेत्र से भाजपा उम्मीदवार प्रवेश वर्मा ने कहा कि आठ फरवरी के बाद पहली एनडीएमसी परिषद की बैठक में हम तालकटोरा स्टेडियम का नाम बदलकर भगवान महर्षि वाल्मीकि स्टेडियम रखेंगे।

नई दिल्ली विधानसभा क्षेत्र से भाजपा उम्मीदवार परवेश वर्मा ने कहा कि यह चुनाव दिल्ली को बचाने का है...अरविंद केजरीवाल ने आपको क्या दिया है?.. भाजपा सबका साथ और सबका विकास के तहत काम करती है... भाजपा आएगी तो दिल्ली में कोई स्कीम बंद नहीं होगी...आप के कार्यकर्ता भी हमारे साथ लगे हुए हैं कि नई दिल्ली से कमल खिले।

तालकटोरा स्टेडियम का नाम मुगलों ने रखाः प्रवेश वर्मा

नई दिल्ली विधानसभा सीट से भाजपा उम्मीदवार प्रवेश वर्मा ने बातचीत के दौरान कहा कि दिल्ली के तालकटोरा स्टेडियम का नाम मुगलों ने रखा था, जो इसे अपने स्विमिंग पूल के रूप में इस्तेमाल करते थे। लेकिन वाल्मीकि समुदाय के लोग महर्षि वाल्मीकि के नाम पर एक बड़ी इमारत चाहते थे। यही वजह है कि मैंने वादा किया था कि चुनाव परिणाम घोषित होने के बाद पहली एनडीएमसी बैठक में मैं प्रस्ताव रखूंगा और इसे पारित करवाऊंगा। जिसके बाद एक महीने में स्टेडियम का नाम बदलकर महर्षि वाल्मीकि स्टेडियम कर दिया जाएगा।

# केंद्र सरकार 6 फरवरी को पेश कर सकती है न्यू इनकम टैक्स बिल

नई दिल्ली, 3 फरवरी (एजेंसियां)। बजट 2025-26 में टैक्स स्लैब में बदलाव किया गया है, जिससे आम आदमी के हाथ में पहले के मुकाबले अधिक धन बचेगा। वहीं, टैक्स प्रक्रिया को सरल बनाने के लिए अब सरकार 6 फरवरी को नया इनकम टैक्स बिल पेश कर सकती है।

नए इनकम टैक्स बिल का उद्देश्य वर्तमान आयकर अधिनियम में व्यापक सुधार लाना है और संभावित रूप से इससे इनकम टैक्स बिल में वर्तमान में लगभग 6 लाख शब्दों में से 3 लाख शब्द कम हो सकते हैं। सोमवार को एनडीटीवी प्रॉफिट की एक रिपोर्ट में मामले से जुड़े लोगों के हवाले से बताया गया कि नए इनकम टैक्स ड्राफ्ट बिल में टैक्स बेस बढ़ाने के उपाय किए जा सकते हैं, जो कि नए इनकम टैक्स स्लैब आने के कारण कम हुआ है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने बजट के बाद की प्रेस-कॉन्फ्रेंस में कहा कि नई इनकम टैक्स रिजीम के स्लैब में बदलाव से सीधे तौर पर एक करोड़ से अधिक लोगों को फायदा होगा।

सीतारमण ने कहा कि इनकम टैक्स लिमिट 7 लाख रुपये से लेकर 12 लाख रुपये करने से एक करोड़ से अधिक लोगों के हाथ में अधिक पैसा बचेगा। बजट 2025-26 में प्रस्तावित नए स्लैब के अनुसार, 12 लाख रुपये तक की आय वाले लोगों को कोई आयकर नहीं देना होगा। मौजूदा कर दरों और वित्त वर्ष 2025-26 में प्रस्तावित नई दरों के बीच तुलना करते हुए उन्होंने कहा कि जो लोग 8 लाख रुपये कमा रहे हैं, उनकी जेब में 30,000 रुपये अधिक बचेंगे होंगे, क्योंकि उनकी कर देनदारी शून्य कर दी गई है। नई व्यवस्था के तहत 12 लाख रुपये (पूंजीगत लाभ जैसी विशेष दर आय के अलावा प्रति माह 1 लाख रुपये की औसत आय) तक की आय पर कोई इनकम टैक्स नहीं देना होगा। 75,000 रुपये की स्टैंडर्ड डिडक्शन के कारण वेतनभोगी करदाताओं के लिए यह सीमा 12.75 लाख रुपये होगी।

# राउत ने पीएम मोदी के महाकुंभ दौरे की तारीख पर उठाए सवाल

## दिल्ली में ऐसे वोट नहीं मिलने वाला



मुंबई, 3 फरवरी (एजेंसियां)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पांच फरवरी को महाकुंभ में संगम स्नान और पूजन करेंगे। दिल्ली चुनाव के दिन पीएम मोदी के कुंभ दौरे को लेकर विपक्ष सवाल खड़े कर रहा है।

महाराष्ट्र में शिवसेना (यूबीटी) नेता संजय राउत ने भी पीएम मोदी के कुंभ दौरे को लेकर प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी को लगता है कि उनके ऐसा करने से दिल्ली की जनता उन्हें वोट देंगी। उद्धव ठाकरे गुट के नेता ने आगे कहा कि अगर लोगों ने ऐसा करना शुरू कर दिया तो लोकतंत्र खतरे में आ जाएगा।

**ऐसे तो लोकतंत्र खतरे में पड जाएगा**

दिल्ली चुनाव के दौरान पीएम मोदी के कुंभ दौरे को लेकर शिवसेना (यूबीटी) नेता संजय राउत ने कहा, उसी दिन पीएम मोदी पवित्र स्नान के लिए कुंभ का दौरा कर रहे हैं। उन्हें लगता है कि उनके ऐसा करने से दिल्ली की जनता उन्हें वोट देगी। अगर लोग इस आधार पर वोट देंगे तो देश में लोकतंत्र खतरे में है। केजरीवाल जी को उनके काम के आधार पर वोट मिलेगा।

**सीएम फडणवीस पर साधा निशाना**

शिवसेना (यूबीटी) नेता संजय राउत ने मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस पर भी निशाना साधा। उन्होंने कहा, पहली बार देख रहा हूं कि कोई मुख्यमंत्री सीएम के आधिकारिक आवास 'वर्षा बंगले' में जाने से डर रहा है। अगर आप मुख्यमंत्री हैं तो आपको वहां रहना चाहिए। मैं यह सुन रहा हूं कि देवेंद्र फडणवीस वहां नहीं जाना चाहते हैं। ऐसा महाराष्ट्र में पहले कभी नहीं हुआ था।

**सुविचार**
मेहनत सीढ़ियों की तरह होती हैं और भाग्य लिफ्ट की तरह, किसी समय लिफ्ट तो बंद भी हो सकती हैं पर सीढ़ियाँ हमेशा ऊंचाई की तरफ ले जाती हैं।

## तेलंगाना में विभिन्न रेलवे परियोजनाओं के विकास के लिए 41,677 करोड़ रुपये : अश्विनी वैष्णव

### आंध्र प्रदेश में रेलवे परियोजनाओं के विकास के लिए 84,559 करोड़ रुपये



हैदराबाद, 3 फरवरी (स्वतंत्र वार्ता)। केंद्रीय बजट में रेलवे को आवंटन शामिल है। एक फरवरी को संसद के पटल पर प्रस्तुत किया गया। इसी को लेकर रेल, सूचना एवं प्रसारण और इलेक्ट्रॉनिक्स एवं आईटी मंत्री, अश्विनी वैष्णव ने सोमवार को नई दिल्ली से तेलंगाना और आंध्र प्रदेश राज्यों से संबंधित आवंटन की मुख्य बातों पर एक वर्चुअल प्रेस कॉन्फ्रेंस की।

अरुण कुमार जैन, महाप्रबंधक, दक्षिण मध्य रेलवे के साथ अन्य वरिष्ठ रेलवे अधिकारियों ने सिकंदराबाद के रेल निलयम में प्रेस मीट में भाग लिया। तेलंगाना राज्य से संबंधित रेल बजट की मुख्य बातों पर चर्चा करते हुए रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि तेलंगाना राज्य को वर्ष 2025-26 के लिए 5,337 करोड़ रुपये का रिकॉर्ड बजट आवंटन मंजूर किया गया है। उन्होंने कहा कि वर्ष 2009-14 के दौरान संयुक्त आंध्र प्रदेश राज्य के लिए वार्षिक औसत बजट परिव्यय केवल 886 करोड़ रुपये था। संयुक्त राज्य के लिए 2009-14 की अवधि के दौरान किए गए औसत आवंटन की तुलना में तेलंगाना को बजट आवंटन में लगभग छह गुना वृद्धि देखी गई है। रेल मंत्री ने कहा कि तेलंगाना राज्य में विभिन्न रेल विकास परियोजनाओं के लिए 41,677 रुपये की राशि का निवेश किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि तेलंगाना में रेलवे नेटवर्क अब 100 प्रतिशत विद्युतीकृत है। उन्होंने कहा कि तेलंगाना कवच की स्थापना में अग्रणी रहा है, कवच के लिए उत्कृष्टता केंद्र सिकंदराबाद में स्थित है। वर्तमान में, एससीआर क्षेत्राधिकार में विभिन्न खंडों में 1,465 किलोमीटर कवच चालू किए गए हैं और नवीनतम संस्करण 4.0 की स्थापना के लिए परीक्षण चल रहे हैं। हमने अगले 6 वर्षों में देश के पूरे रेल नेटवर्क में कवच को तैनात करने का लक्ष्य रखा है इसके अलावा, उन्होंने कहा कि अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत तेलंगाना में 40 रेलवे स्टेशनों का पुनर्विकास किया गया है। उन्होंने घोषणा की कि 50 नई नमो भारत ट्रेनें, 200 वंदे भारत ट्रेनें और 100 नई अमृत भारत ट्रेनें स्वीकृत की गई हैं और इन ट्रेनों को चलाने की घोषणा समय-समय पर की जाएगी।

केंद्रीय मंत्री ने कहा कि रेलवे ने पुरानी पटरियों यानी 7,000 किलोमीटर को बदलने का एक महत्वपूर्ण मिशन शुरू किया है। भारतीय रेलवे महत्वपूर्ण खंडों पर 160 किमी प्रति घंटे की गति से ट्रेनें चलाने के लिए रेलवे पटरियों को अपग्रेड करने की योजना बना रही है। इसी तरह, कुछ मार्गों में




130 किमी प्रति घंटे की गति से ट्रेनें चलाने की क्षमता होगी और पूरे नेटवर्क में 100 किमी प्रति घंटे की गति से ट्रेनें चलाने की क्षमता होगी।

इसी क्रम में आंध्र प्रदेश राज्य से संबंधित रेल बजट की मुख्य बातों की चर्चा करते हुए रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव वर्ष 2025-26 के लिए 9,417 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। उन्होंने कहा कि वर्ष 2009-14 के दौरान संयुक्त आंध्र प्रदेश राज्य के लिए वार्षिक औसत बजट परिव्यय केवल 886 करोड़ रुपये था। संयुक्त राज्य के लिए 2009-14 की अवधि के दौरान किए गए औसत आवंटन की तुलना में आंध्र प्रदेश राज्य को बजट आवंटन में 11 गुना वृद्धि देखी गई है। रेल मंत्री ने कहा कि आंध्र प्रदेश राज्य में विभिन्न रेल विकास परियोजनाओं के लिए 84,559 रुपये की राशि का निवेश किया जा रहा है। मंत्री ने बताया कि आंध्र प्रदेश में रेलवे नेटवर्क अब 100 प्रतिशत विद्युतीकृत है। उन्होंने कहा कि एससीआर कवच की स्थापना में अग्रणी है, जिसके अधिकार क्षेत्र में 1,465 किलोमीटर चालू हैं। उन्होंने बताया कि पिछले 10 वर्षों में आंध्र प्रदेश राज्य में 1,560 किलोमीटर नई रेलवे पटरी का निर्माण किया गया है, जो श्रीलंका के संपूर्ण रेल नेटवर्क से भी अधिक है। अश्विनी वैष्णव ने कहा कि आंध्र प्रदेश राज्य में 8 वंदे भारत ट्रेनें चलाई जा रही हैं, जो 15 जिलों को कवर करती हैं और 21 स्थानों पर रुकती हैं। उन्होंने कहा कि मालदा टाउन-बेंगलुरू के बीच चलने वाली अमृत भारत एक्सप्रेस को आंध्र प्रदेश राज्य में 14 स्थानों पर रुका गया है। इसके अलावा, उन्होंने कहा कि अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत आंध्र प्रदेश राज्य में 73 रेलवे स्टेशनों का पुनर्विकास किया गया है।

उन्होंने घोषणा की कि 50 नई नमो भारत ट्रेनें, 200 वंदे भारत ट्रेनें और 100 नई अमृत भारत ट्रेनें स्वीकृत की गई हैं और इन ट्रेनों के चलने की घोषणा समय-समय पर की जाएगी।

माननीय केंद्रीय मंत्री ने कहा कि रेलवे ने पुरानी पटरियों यानी 7,000 किलोमीटर को बदलने का एक महत्वपूर्ण मिशन शुरू किया है। इसी तरह, कुछ मार्गों पर 130 किलोमीटर प्रति घंटे की गति से ट्रेनें चलाने की क्षमता होगी और पूरे नेटवर्क पर 100 किलोमीटर प्रति घंटे की गति से ट्रेनें चलाने की क्षमता होगी।

## नाबालिग लड़की की रुकवाई गई सगाई

कुमराम भीम आसिफाबाद, 3 फरवरी (स्वतंत्र वार्ता)। पुलिस और महिला विकास एवं बाल कल्याण विभाग के सहयोग से बाल संरक्षण विभाग के अधिकारियों ने सोमवार को रेबेना मंडल के वंकुलम गांव में नाबालिग लड़की के माता-पिता को परामर्श देकर उसकी सगाई रुकवाई।

जिला बाल संरक्षण अधिकारी बुर्ला महेश ने एक बयान में कहा कि वे एक गुप्त सूचना के आधार पर दूल्हा-दुल्हन के माता-पिता को परामर्श देकर चिंतालमनेपल्ली मंडल के डब्बा गांव के एक लड़के के साथ नाबालिग लड़की की सगाई रुकवा पाए।

उन्होंने कहा कि उन्होंने माता-पिता को बाल विवाह के कानूनी और स्वास्थ्य संबंधी परिणामों के बारे में समझाया, जिसके बाद वे सगाई रद्द करने पर सहमत हो गए।

अधिकारियों ने बाल विवाह के कारण होने वाली स्वास्थ्य समस्याओं के बारे में बताया। उन्होंने अभिभावकों को बताया कि बाल विवाह निषेध अधिनियम, 2006 के अनुसार यदि दूल्हा नाबालिग लड़की से विवाह करता है तो उसे 2 वर्ष की सजा और 1 लाख रुपये का जुर्माना देना होगा।

उन्होंने अभिभावकों को सलाह दी कि यदि लड़की 18 वर्ष की आयु प्राप्त करने के बाद तैयार हो तो विवाह संपन्न कराएं। चाइल्ड लाइन समन्वयक बी प्रवीण कुमार, काउंसलर रावली, कांस्टेबल मल्लीश्वरी, आंगनवाड़ी शिक्षिका लता ने इस अभियान में भाग लिया।

## राज्यपाल व आईटी मंत्री ने महिला उद्यमियों की सराहना की



हैदराबाद, 3 फरवरी (स्वतंत्र वार्ता)। राज्यपाल जिष्णु देव वर्मा और आईटी एवं उद्योग मंत्री डी. श्रीधर बाबू ने सोमवार को डब्लूई हब का दौरा किया, जो महिला उद्यमियों के लिए भारत का पहला राज्य-नेतृत्व वाला नोडल संगठन है। उनकी यात्रा तेलंगाना की एक समावेशी उद्यमशीलता पारिस्थितिकी तंत्र को बढ़ावा देने की अटूट प्रतिबद्धता में एक मील का पत्थर है जो महिलाओं को नेतृत्व करने और राज्य और देश की अर्थव्यवस्था में योगदान देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने के लिए सशक्त बनाती है। डब्लूई हब शहरी और ग्रामीण दोनों परिदृश्यों में महिलाओं के नेतृत्व वाले उद्यमों को पोषित करने के लिए समर्पित है, और एक ऐसा वातावरण बनाने में सहायक रहा है जहां महिला उद्यमी फल-फूल सकती हैं, संसाधनों तक पहुंच सकती हैं और परिवर्तनकारी व्यवसाय बना सकती हैं। इस अवसर पर बोलते हुए राज्यपाल जिष्णु देव वर्मा ने एक मजबूत समाज के निर्माण के लिए महिला सशक्तिकरण के महत्व पर जोर दिया। एक स्थायी भविष्य के लिए महिलाओं को सशक्त बनाना महत्वपूर्ण है। तेलंगाना सरकार समान अवसर प्रदान करने और उनकी सफलता के लिए माहौल बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा, महिला उद्यमी आर्थिक विकास की प्रमुख चालक हैं और राज्य की प्रगति के लिए महत्वपूर्ण हैं।

मंत्री श्रीधर बाबू ने महिलाओं को सशक्त बनाने में सरकारी योजनाओं की महत्वपूर्ण भूमिका पर जोर दिया, खासकर ग्रामीण क्षेत्रों से। तेलंगाना ने महिला उद्यमियों को समर्थन देने में अग्रणी भूमिका निभाई है और डब्लूई हब इस प्रतिबद्धता को दर्शाता है। महिला शक्ति और महालक्ष्मी योजनाओं जैसी पहलों के साथ-साथ कौशल विश्वविद्यालय के माध्यम से, हम महिलाओं को उनके विचारों को सफल व्यवसायों में बदलने के लिए आवश्यक उपकरणों से लैस कर रहे हैं। शिक्षा, कौशल विकास और सलाह एक संपन्न पारिस्थितिकी तंत्र के निर्माण के लिए आवश्यक हैं और हम विशेष रूप से टियर 2 और टियर 3 क्षेत्रों की महिलाओं को सशक्त बनाने पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं, जो हमारे राज्य और उससे आगे के भविष्य में महत्वपूर्ण योगदान दे रही हैं। डब्लूई हब की सीईओ सीता पल्लाचोला ने भी कार्यक्रम के दौरान अपने विचार साझा किए। महिला उद्यमियों को समर्थन देने के लिए समर्पित भारत के पहले राज्य-नेतृत्व वाले नोडल संगठन के रूप में, हम एक बड़ी जिम्मेदारी निभाते हैं। हम अपनी सफलता का आकलन उन महिलाओं की सफलता की कहानियों से करते हैं, जिनकी हम सेवा करते हैं, यह सुनिश्चित करते हुए कि हमारे प्रयास वास्तव में हर महिला तक पहुंचें, चाहे वह शहरी क्षेत्रों में हो या तेलंगाना के सबसे दूरदराज के इलाकों में। यह केवल एक वादा नहीं है, बल्कि पूरे राज्य में महिलाओं को सशक्त बनाने की प्रतिबद्धता है। यात्रा के दौरान डब्लूईहब में इनक्यूबेट की गई महिला उद्यमियों को राज्यपाल और मंत्री के सामने अपने अभिनव उत्पाद और विचार प्रस्तुत करने का अवसर मिला। प्रदर्शनी में टेक स्टार्टअप से लेकर हस्तनिर्मित वस्तुओं तक के व्यवसायों की एक विस्तृत श्रृंखला को दिखाया गया, जिसमें तेलंगाना भर की महिलाओं की रचनात्मकता और उद्यमशीलता की भावना को प्रदर्शित किया गया। उद्यमी मंथनी से दूर-दूर तक आए, और ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों के बीच की खाई को पाटने में डब्लूई हब की पहल के दूरगामी प्रभाव को दर्शाया। राज्यपाल और मंत्री ने उद्यमियों के साथ बातचीत की, व्यवसाय में महिलाओं के लिए अधिक समावेशी पारिस्थितिकी तंत्र को बढ़ावा देने में मदद करने के लिए समर्थन और प्रोत्साहन दिया।

## दलबदलू विधायकों की अयोग्यता पर सुप्रीम कोर्ट में होगी सुनवाई

हैदराबाद, 3 फरवरी (स्वतंत्र वार्ता)। सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को बीआरएस के कार्यकारी अध्यक्ष केटी रामाराव की याचिका पर 10 फरवरी को सुनवाई तय की, जिसमें सत्तारूढ़ कांग्रेस में शामिल हुए 7 विधायकों को अयोग्य ठहराने की मांग की गई है। सुप्रीम कोर्ट ने इस याचिका को बीआरएस विधायक पाडी कौशिक रेड्डी द्वारा पहले दायर की गई याचिका के साथ संलग्न कर दिया और सभी दलबदलू विधायकों को नोटिस जारी किए।

न्यायमूर्ति बीआर गवई और न्यायमूर्ति विनोद चंद्रन की पीठ ने रामाराव की याचिका पर विचार किया, जिसमें कांग्रेस में शामिल हुए बीआरएस विधायकों को अयोग्य ठहराने की मांग की गई है। अदालत ने तेलम वेंकट राव, दानम नागेंद्र और कदियम श्रीहरि के दलबदल के संबंध में कौशिक रेड्डी की याचिका पर 31 जनवरी को सुनवाई की और तेलंगाना विधानसभा अध्यक्ष को अयोग्यता याचिकाओं पर फैसला सुनाने के लिए उचित समयसीमा निर्धारित करने का निर्देश दिया। इसने विधानसभा सचिव को एक सप्ताह के भीतर अध्यक्ष के फैसले से अदालत को अवगत कराने को भी कहा।

**राष्ट्रीय विज्ञान संग्रहालय परिषद**
संस्कृति मंत्रालय भारत सरकार
(संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार)
33, ब्लॉक-जीएन, सेक्टर-V
विधान नगर, कोलकाता- 700091

**ई-निविदा सूचना संख्या I-15014/86/ (Const-SEC, Hyb)/24-25**

"साइंस एक्सपेरियंस सेंटर, सीएसआईआर-आईआईसीटी परिसर (पूर्व एनएमडीसी परिसर), हैदराबाद में, प्रवेश द्वार, द्वार परिसर और मुख्य विज्ञान केंद्र भवन के निर्माण के लिए", ई-निविदा आमंत्रित की जाती है।
विस्तृत जानकारी और ऑनलाइन निविदा के लिए कृपया वेबसाइट http://eprocure.gov.in/eprocure/app पर जाएं और निविदा आईडी: 2025_NCSM_846487_1 के साथ खोज करें। निविदाए 19.02.2025 को शाम 5.00 बजे तक प्रस्तुत की जा सकती हैं।

**IN THE COURT OF JUDGE, FAMILY COURT, NANDED, DISTRICT NANDED** (Maharashtra State)
(Before Smt. Sonali P. Agarwal Judge, Nanded.)
**Petition-"A 23/2020**
Sudha Vs. Sunny
**APPLICANT-1- Sudha Sunny Verma**
Age. 26 Yrs. Occ. House Hold C/o Manojkumar M. Bafna
R/o Dilipsingh Colony, Vazirabad, Nanded
VERSUS
**NON-APPLICANT- Sunny Virendra Verma**
Age. 29 Yrs. Occ. House Hold R/o House No. 20-3-734,
Shahgunj, Tagrika, Charminar Area,Hyderabad Telangana 400002

Claim: Petition U/s 13 (1) of Hindu Marriage Act. 1955 for dissolution of marriage by way of divorce.

Whereas Applicant **Sudha Sunny Verma** age 26 Yrs. Occu. House Hold R/o Near C/o Manojkumar M. Bafna R/o Dilipsingh Colony Vazirabad Nanded has filed Petition **Petition-"A 23/2020** for dissolution of marriage by way of divorce in this Court. Summons/Notices to appear and file your written statement in the said matter were issued multiple times, but process is not being served yet. It appears that, you keeps out of the way for the purpose of evading the service of the summons. The Petitioner has filed an application along with affidavit on oath in this Court to issue summons through Paper proclamation. Therefore, take notice that, You are hereby called upon to appear in this Court in person and able to answer all material questions relating the petition filed by Petitioner against you, within 30 days from the date of publication of this proclamation. Further take notice that, in default of your appearance within stipulated period (i.e. **within 30 days** from the date of publication of this proclamation/Notice present petition will be heard and determined in your absence. Given under my hand and seal of this Court. **This 17 th January, 2025**

// BY ORDER

Sd/- Jr. Clerk Family Court, Nanded
Sd/- Registrar Family Court, Nanded.

## व्यवस्थित तरीके से कृमिनाशक गोलियां वितरित करनी चाहिए : कलेक्टर

हैदराबाद, 3 फरवरी (स्वतंत्र वार्ता)। रंगारेड्डी कलेक्टर सी. नारायण रेड्डी ने सुझाव दिया कि एक से 19 वर्ष की आयु के सभी बच्चों को इस महीने की 10 तारीख को कृमिनाशक गोलियां दी जानी चाहिए। इस उद्देश्य से जिला स्वास्थ्य विभाग के तत्वावधान में अल्बेन डेजोल टैबलेट का व्यापक वितरण कार्यक्रम चलाने के निर्देश अधिकारियों को दिए गए। राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस के अवसर पर कलेक्टर सी. ने सोमवार को एकीकृत जिला कार्यालय परिसर के कॉन्फ्रेंस हॉल में पंपलेट और पोस्टर जारी किए। इस अवसर पर बोलते हुए जिलाधीश ने कहा कि पिनवर्म के कारण बच्चों में विकास अवरुद्ध होना, मानसिक विकलांगता, एनीमिया तथा पढ़ाई में एकाग्रता में कमी जैसी बीमारियां होने का खतरा रहता है। उन्होंने कहा कि इसकी रोकथाम के लिए सरकार साल में दो बार कृमिनाशक गोलियां वितरित कर रही है। इसके तहत यह सुझाव दिया गया कि फरवरी माह में जिले के सभी छात्रावासों, शैक्षणिक संस्थाओं और आंगनबाड़ी केंद्रों में बच्चों और किशोरों की संख्या के अनुसार प्रत्येक बच्चे और किशोर को एल्बेंडाजोल की गोलियां वितरित करने के लिए सख्त निगरानी की जाए। उन्होंने कहा कि जिले में एक से 19 वर्ष तक के 8 लाख 60 हजार 696 बच्चों को



एल्बेंडाजोल की गोलियां खिलाने के लिए सभी प्रबंध किए जाएं। उन्होंने कहा कि अभिभावकों को अपने बच्चों को एल्बेंडाजोल की गोलियां खिलाने के लिए जागरूक किया जाना चाहिए, गांवों में मुनादी कराकर जानकारी दी जानी चाहिए तथा इसमें जन प्रतिनिधियों को भी शामिल किया जाना चाहिए। उन्होंने आदेश दिया कि सभी स्कूलों, जूनियर कॉलेजों और आंगनवाड़ी केंद्रों को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि शत-प्रतिशत बच्चों को टैबलेट उपलब्ध कराए जाएं और यह सुनिश्चित करने के लिए कदम उठाए जाएं कि बच्चे उस दिन स्कूल में उपस्थित हों। कृमि से बचाव और स्वास्थ्य में सुधार के लिए हर साल फरवरी और अगस्त माह में दो किस्तों में रोकथाम दिवस आयोजित किए जा रहे हैं। एक से दो साल तक के बच्चों को खाना खाने के बाद आधी गोली, 2 से 3 साल तक के बच्चों को आधी गोली कुचलकर खानी चाहिए। 15 वर्ष से कम आयु के बच्चों को एक गोली चबाकर खानी चाहिए, तथा 3 से 19 वर्ष की आयु के बच्चों को एक गोली चबाकर निगलनी चाहिए। ऐसा करने का सुझाव दिया जाता है। उन्होंने कहा कि बच्चों को गोली दिए जाने के बाद पीने के लिए पर्याप्त पानी उपलब्ध कराया जाना चाहिए। संबंधित विभागों के अधिकारियों को समन्वय के साथ सभी सावधानियां बरतने तथा यह सुनिश्चित करने के लिए कदम उठाने के निर्देश दिए गए कि एल्बेंडाजोल की गोलियां शत-प्रतिशत वितरित की जाएं। कलेक्टर ने सुझाव दिया कि चिकित्सा एवं शिक्षा विभाग के साथ-साथ आईसीडीएस एवं कल्याण विभाग के अधिकारी समर्पण भाव से कार्य करें ताकि यह कार्यक्रम शत-प्रतिशत सफल हो। इस कार्यक्रम में डीआरओ संगीता, जिला चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. वेंकटेश्वर राव, संबंधित जिला अधिकारी व अन्य लोग शामिल हुए।

## न्यायिक आयोग ने रिपोर्ट सौंपी



हैदराबाद, 3 फरवरी (स्वतंत्र वार्ता)। एससी वर्गीकरण पर कैबिनेट उपसमिति के अध्यक्ष उत्तम कुमार रेड्डी, सिंचाई मंत्री, मंत्री दामोदर राजनरसिम्हा और पोन्नम प्रभाकर ने एससी वर्गीकरण पर सिफारिशों के साथ एक सदस्यीय न्यायिक आयोग, उच्च न्यायालय के सेवानिवृत्त न्यायाधीश, न्यायमूर्ति शमीम अख्तर की रिपोर्ट प्राप्त की। कैबिनेट उपसमिति न्यायमूर्ति शमीम अख्तर की रिपोर्ट के आधार पर कैबिनेट को सिफारिशें देगी। एससी वर्गीकरण पर अंतिम निर्णय लेने के लिए कल कैबिनेट की बैठक होगी।

**CLASSIFIEDS**
**CHANGE OF NAME**

I,F ARUL MARRY ROSE, M/o No JC-332776A, Rank: SUB, Name F. RICHARD AROCKIA DASS, R/o: H. No. 4/7, Bharathiyar Street, Kakkanur, Villupuram, TN 605402. hereby state that I have changed my Name to F ARUL MARY ROSE. my correct DOB is 19-05-1953 not 01-07-1955. Both my Names belong to same person.

**सावधान**
पाठकों को सूचित किया जाता है कि वर्गीकृत विज्ञापन का प्रतिवादन करने से पहले उसकी पूरी तरह से जाँच पड़ताल कर लें। विज्ञापनदाता ने दावा कर रहे हैं या कह रहे हैं, उन बातों से दैनिक समाचार पत्र (स्वतंत्र वार्ता) का किसी भी तरह का कोई सम्बन्ध नहीं है।

## सूफी बसंत उत्सव में चिलकुर के पुजारी रंगराजन हुए शामिल



हैदराबाद, 3 फरवरी (स्वतंत्र वार्ता)। चिलकुर बालाजी मंदिर के मुख्य पुजारी सीएस रंगराजन ने रविवार को दरगाह का दौरा किया, जो सूफी बसंत उत्सव के लिए पीले रंग में रंग जाती है। पुराने शहर में हजरत शेख जी हाली की ऐतिहासिक दरगाह पर सूफी संतों द्वारा बसंत मनाने की भव्य पुरानी परंपरा जीवंत हो उठी। दरगाह का पूरा परिसर, जिसे उर्दू शरीफ के नाम से जाना जाता है, पीले रंग का था और श्रद्धालु लगभग आठ शताब्दियों पहले नई दिल्ली में हजरत निजामुद्दीन दरगाह में शुरू हुई परंपरा के अनुरूप पीले कपड़े पहने हुए थे। दरगाह पर विश्राम कर रहे संत को पीले फूल चढ़ाए जाएंगे।

हजरत शेख जी हाली दरगाह के संरक्षक मुजफ्फर अली सूफी चिश्ती ने कुछ साल पहले दक्षिण भारत में इस परंपरा को पुनर्जीवित किया। हज़रत निज़ामुद्दीन और अन्य सूफ़ी दरगाहों पर सजावट और चढ़ावे के लिए सरसों के फूलों का इस्तेमाल किया जाता है, हैदराबाद में गुल-ए-दाऊदी (दाऊद के फूल) का बड़े पैमाने पर इस्तेमाल किया जाता है।

**तेरहवीं**



**श्रीमती कौशल्या बाई**
वर्ष 1945-2025
धर्मपत्नी : स्व. किशन सिंह जी
तेरहवीं :- आज दिनांक 4 फरवरी 2025,
मंगलवार दोपहर.1.30 बजे से
स्थल: 406 ए, चौथी मंजिल, वाल स्ट्रीट, जामबाग,
आहुजा म्युजिकल मार्ट के उपर, पिल्लर नं.1327, हैदराबाद
श्रद्धांजलि समर्पित करता :
अमब्रेन्दर सिंह [पूत्र] एंव सहपरिवार

# महाकुंभ का आखिरी अमृत स्नान 1.63 करोड़ ने डुबकी लगाई

## संगम से 10 किमी तक श्रद्धालुओं की भीड़, 30 देशों से लोग पहुंचे



प्रयागराज, 3 फरवरी (एजेंसियां)। वसंत पंचमी पर महाकुंभ का तीसरा और अंतिम अमृत स्नान जारी है। हाथों में तलवार-गदा, डमरू और शंख। शरीर पर भभूत। आंखों पर काला चश्मा। घोड़े और रथ की सवारी। हर-हर महादेव का जयघोष करते हुए साधु-संत स्नान के लिए संगम पहुंच रहे हैं। सबसे पहले पंचायती निरंजनी अखाड़े के संत संगम पहुंचे। फिर सबसे बड़े जूना अखाड़े के साथ किन्नर अखाड़े ने अमृत स्नान किया। अब तक 13 में से 10 अखाड़े स्नान कर चुके हैं।

संतों का आशीर्वाद लेने के लिए लाखों श्रद्धालु संगम पर हैं। लोग नागा साधुओं की चरण रज माथे पर लगा रहे हैं। 30 से ज्यादा देशों के लोग भी अमृत स्नान देखने के लिए संगम पहुंचे हैं। हेलिकॉप्टर से संगम पर 20 क्विंटल फूल बरसाए गए। संगम जाने वाले सभी रास्तों पर 10 किमी तक श्रद्धालुओं का रेला है। प्रयागराज जंक्शन से 8 से 10 किमी पैदल चलकर लोग संगम पहुंच रहे हैं। भीड़ को देखते हुए लेटे हनुमान मंदिर को बंद कर दिया गया है। मेला क्षेत्र के सभी रास्ते वन-वे हैं। महाकुंभ का आज 22वां दिन है। दोपहर 12 बजे तक 1.63 करोड़ श्रद्धालुओं ने स्नान किया। 13 जनवरी से अब तक 34.97 करोड़ से ज्यादा लोग डुबकी लगा चुके हैं।

महाकुंभ मेले में 60 हजार से ज्यादा जवान तैनात हैं। भीड़ संभालने के लिए 100 से ज्यादा नए आईपीएस को भी उतारा गया है। हेलिकॉप्टर से भीड़ की मॉनिटरिंग की जा रही है। 2750 सीसीटीवी भी लगाए गए हैं। लखनऊ में सीएम आवास पर कंट्रोल रूम बनाया गया है। डीजीपी, प्रमुख सचिव गृह और सीनियर अफसरों के साथ योगी तड़के 3 बजे से खुद मॉनिटरिंग कर रहे हैं।

## घर में घुसकर पीटते हुए थाना ले गई पुलिस

### महिला बोली-पति को खोजने आई थी, मुझे भी मारा; बेटा बोला-पापा के पेंट उतारने कहा

भागलपुर, 3 फरवरी (एजेंसियां)। भागलपुर में अभियुक्त को पकड़ने गई पुलिस पर महिलाओं के साथ मारपीट करने का आरोप है। साथ ही जबरदस्ती घर में घुसने सहित थाना में लाकर बेरहमी से पिटाई और गाली गलौज की गई है। घटना ललमटिया थाना क्षेत्र के राम रमतुल्लहापुर की है। सोमवार को पति-पत्नी और घायल बेटे ने हॉस्पिटल में अपना इलाज करवाया है। पीड़िता ने बताया कि एक जनवरी की रात करीब 11 बजे पुलिस संजय मंडल (48) के घर पहुंची थी। दरवाजा खटखटाने के बाद उसकी पत्नी मुन्नी देवी (45) बाहर निकली, पुलिस ने मुन्नी देवी से पूछा कि पति कहां है? जवाब में मुन्नी ने पूछा कि उनको क्यों खोज रहे, कोई वारंट है मेरे पति के खिलाफ तो दीजिए? इस बात पर पुलिस उनके साथ मारपीट की। साथ ही घसीटने का भी आरोप लगाया गया है। घायल आनंद ने बताया कि एक जनवरी की रात करीब 11:00 बजे पुलिस घर पर आई थी। मां से बदतमीजी और बेड टच की, उसके बाद जब हम निकले तो हमारे साथ भी गाली गलौज की।

## दिल्ली में बदहाली और साफ पानी न मिलने के लिए आप, भाजपा और कांग्रेस दोषी : मायावती



लखनऊ, 3 फरवरी (एजेंसियां)। बहुजन समाजवादी पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष मायावती ने दिल्ली विधानसभा चुनाव को लेकर आप, भाजपा और कांग्रेस पर निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि दिल्ली देश का आईना होने के बावजूद इसकी दुर्दशा है। यहां पर बदहाल जीवन और शुद्ध जल तक नसीब नहीं होने के लिए आप, केंद्र की भाजपा और कांग्रेस दोषी हैं। बसपा प्रमुख मायावती ने दिल्ली वालों से अपील भी की है। मायावती ने अपने जारी एक बयान में कहा कि राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली को देश का आईना होने के बावजूद इसकी दुर्दशा व शुद्ध जल तक नसीब नहीं हो पा रहा है। यहां के लोगों के हर प्रकार के बदहाल जीवन के लिए आप व केंद्र की भाजपा तथा पूर्व की कांग्रेस सरकार पूरी तरह से दोषी हैं।

उन्होंने कहा कि दिल्ली विधानसभा के लिए हो रहे आम चुनाव में लोगों को जात-बिरादरी, धर्म व क्षेत्र आदि की संकीर्ण राजनीति से ऊपर उठकर संविधान व अम्बेडकरवादी बसपा को ही वोट देकर इसे कामयाब बनाना चाहिए। जिसका सर्वजन हिताय व सर्वजन सुखायᳲ हितैषी सरकार उत्तर प्रदेश जैसे विशाल पड़ोसी राज्य में चला कर दिखाने का अपना जीता-जागता रिकॉर्ड स्थापित है। बसपा मुखिया ने कहा कि साथ ही दिल्ली की खासकर तंग व अविकसित कालोनियों में भी अब तक बुनियादी सुविधाओं के अभाव, झुग्गी-झोपड़ियों तथा अब तक वैध नहीं बनाई गई बस्तियों में रहने वाले लाखों परिवार के लोगों को विधानसभा चुनाव के दौरान विरोधी इन पार्टियों के नेताओं द्वारा किए जा रहे दावों के पूरी तरह से हवा-हवाई होने तथा इसके लिए एक-दूसरे को कसूरवार ठहराने की राजनीति से सावधान रहने को कहा है।

बसपा मुखिया ने कहा कि अनगिनत नए वादों के छलावे से भी दूरी व होशियारी जरूरी है क्योंकि इन पार्टियों की ऐसी राजनीति से जन व देशहित का बहुत अहित होता चला आ रहा है। अतः स्पष्ट तौर पर आप, भाजपा व कांग्रेस इन विरोधी पार्टियों के संकीर्ण एजेंडे को लेकर द्वेषपूर्ण राजनीति झगड़े को लेकर सड़क से लेकर कोर्ट तक में लड़ाई से दिल्ली के लोगों का कुछ भी सही से भला नहीं होकर अधिकतर मामलों में विकास प्रभावित हुआ है। उन्होंने कहा कि वरिष्ठ केंद्रीय मंत्री द्वारा राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली के बदहाल व्यवस्था पर विदेशों में शर्मिंदगी उठाने का बयान संकीर्ण राजनीति है क्योंकि इस हालात के लिए केंद्र व दिल्ली की राज्य सरकार दोनों पर ही विकास व कानून-व्यवस्था की संयुक्त जिम्मेदारी है।

मायावती ने कहा कि यहां विधानसभा के लिए हो रहे चुनाव में बसपा अकेले अपनी पूरी दमदारी के साथ लड़ रही है। बेहतर परिणाम की उम्मीद भी है, बशर्ते यदि यह चुनाव पूरी तरह से स्वतंत्र व निष्पक्ष तथा धनबल, बाहुबल व साम्प्रदायिक एवं धार्मिक उन्माद आदि से मुक्त पाक-साफ होता है और ईवीएम में भी कोई गड़बड़ी व धांधली आदि नहीं की जाती है।

## महाकुंभ में 8 से 13 फरवरी तक होगा लक्ष्मी नारायण यज्ञ



प्रयागराज, 2 फरवरी (स्वतंत्र वार्ता)। प्रयागराज महाकुंभ में सेक्टर नंबर 8 में श्री त्रिदंडी स्वामी जी महाराज के शिष्य जीयर स्वामी जी महाराज का विशाल शिविर अंतिम रूप ले चुका है। स्वामी जी महाराज के शिविर में 1251 हवन कुंड बनाया जा रहा है। इसके लिए बहुत बड़ा यज्ञ मंडप तैयार किया जा रहा है। इस दौरान प्रयागराज कुंभ मेला क्षेत्र में आगामी आठ से 13 फरवरी तक भव्य श्री लक्ष्मी नारायण यज्ञ का आयोजन किया गया है। माना जा रहा है कि इस महाकुंभ का सबसे बड़ा यज्ञ होगा। इसमें 1251 यजमान बैठकर विश्व शांति के कल्याण हेतु आहुति डालेंगे। जीयर स्वामी महाराज के यज्ञ मंडप का काम युद्ध स्तर पर जारी है।

महाकुंभ में स्वामी जी के सानिध्य में 27 लाख दीपदान करने की तैयारी की जा रही है। शिविर में बड़ी संख्या में टेंट लगाए गए हैं, जिसमें यजमान लोगों का आना शुरू हो गया है। अमृत स्नान 13 और 14 जनवरी को करने के लिए देश भर से बड़ी संख्या में भक्त शिविर में पहुंचे थे। स्वामी जी महाराज ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि प्रयागराज महाकुंभ मोक्ष देने का द्वार है। इस महाकुंभ में संगम पर स्नान करने वालों का जीवन धन्य हो जाता है। जिसका बहुत बड़ा सौभाग्य होगा, वह इस महाकुंभ में अमृत स्नान में हिस्सा लेगा।स्वामीजी ने कहा किया कि महाकुंभ क्षेत्र में आनेवाले भक्तों को रहने एवं खाने की निःशुल्क व्यवस्था भी की गई है।

## वजन कम करने के लिए दवाई ऑनलाइन मंगाकर खाने से चली गई जान

### सोशल साइट पर देखा था विज्ञापन

बागपत, 3 फरवरी (एजेंसियां)। वजन कम करने की चाहत में अगर आप दवाई खाते हैं तो उससे जान भी जा सकती हैं। बागपत की माता कालोनी के रहने वाले किसान मजदूर संगठन के जिला उपाध्यक्ष फुरकान पहलवान (40) के साथ कुछ ऐसा ही हुआ। वजन कम करने को सोशल साइट पर विज्ञापन देखकर ऑनलाइन दवाई मंगवाई।

उस दवाई को खाने से किडनी खराब हो गई और रविवार को उनकी मौत हो गई। फुरकान का वजन बढ़ने लगा था और पेट बाहर निकलने लगा। उन्होंने सोशल साइट पर वजन कम करने की दवाई का विज्ञापन देखा। उस दवाई को छह महीने पहले मंगवा भी लिया। दवाई करीब एक महीने तक खाने के बाद वजन तेजी से कम होने लगा, मगर शरीर पर इसका प्रतिकूल प्रभाव दिखाई दिया। उनके पेट में दर्द हुआ तो परिवार वालों ने दवाई दिलवाई। उससे आराम नहीं मिला तो दिल्ली के एम्स में लेकर पहुंचे। फुरकान के भाई इरफान ने बताया कि वहां जांच करने पर चिकित्सकों ने उन्हें बताया कि उन्होंने कोई गलत दवाइयां खाई हैं। इसके बाद फुरकान ने वजन कम करने को ऑनलाइन दवाई मंगवाकर खाने की बात बताई तो चिकित्सकों ने कहा कि उसी दवाई से उनकी किडनी खराब हुई है। पिछले कई महीने से फुरकान का उपचार चल रहा था, मगर हालत में सुधार नहीं हुआ। डायलिसिस भी शुरू कराई तो उससे भी फायदा नहीं हुआ। रविवार को फुरकान की मौत हो गई।

## दलित युवती की हत्या में 3 गिरफ्तार

अयोध्या, 3 फरवरी (एजेंसियां)। अयोध्या में दलित युवती की हत्या का खुलासा करने का पुलिस ने दावा किया है। पुलिस ने 3 युवकों को गिरफ्तार किया। मुख्य आरोपी दिग्विजय सिंह उर्फ बाबा है। वह उसी गांव का रहने वाला है। पुलिस सूत्रों ने बताया, दिग्विजय का युवती के पिता के पास आना-जाना था। दो महीने पहले युवती के भाई ने दिग्विजय को पीटा था। इससे वह खुन्नस रखता था। 30 जनवरी को दिग्विजय अपने दो दोस्तों हरिराम कोरी और विजय साहू के साथ गांव के बाहर नशा कर रहा था। इसी दौरान युवती कथा सुनकर लौट रही थी। तीनों ने उसे अकेले आते देखा तो जबरन खेत में खींच लिया। उसके साथ जबरदस्ती करने की कोशिश की।

## गाजियाबाद के सेंट मैरी स्कूल को मिली बम से उड़ाने की धमकी, खाली कराई गई बिल्डिंग



गाजियाबाद, 3 फरवरी (एजेंसियां)। गाजियाबाद के साहिबाबाद में एक स्कूल को बम से उड़ाने की धमकी मिली है। सूचना मिलते ही पुलिस की टीम मौके पर पहुंची। साथ ही डॉग व बॉम स्कवाड की टीम भी पहुंची। आनन-फानन बच्चों को स्कूल मैदान में भेजा गया और जांच की गई। जानकारी के अनुसार, गाजियाबाद के शालीमार गार्डन थाना इलाके में स्थित सेंट मैरी स्कूल को ईमेल पर सोमवार सुबह करीब सात बजे धमकी भरा मैसेज पहुंचा। स्कूल प्रबंधन ने तुरंत पुलिस को सूचना दी। एसीपी शालीमार गार्डन सलोनी अग्रवाल ने बताया कि ईमेल में स्कूल को खाली करने और बम से उड़ाने की धमकी दी गई थी। सुरक्षा के लिहाज से तुरंत सभी बच्चों को स्कूल मैदान में भेज दिया गया। साथ ही डॉग व बॉम स्कवाड की टीम ने जांच शुरू की। छानबीन व तलाश करने फर्जी धमकी होने का पता चला। स्कूल प्रबंधक की तहरीर पर अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है। साथ ही जो ईमेल आया था उसकी जांच के लिए भी साइबर टीम लगाई गई है।

## कांग्रेस विधायक शकील अहमद खान के बेटे ने की आत्महत्या

पटना, 3 फरवरी (एजेंसियां)। बिहार प्रदेश कांग्रेस के विधायक दल के नेता शकील अहमद खान के बेटे की मौत हो गई है। बताया जा रहा है कि कांग्रेस विधायक के बेटे अयान खान (17) ने सुसाइड कर लिया है। घटना के बाद हड़कंप मच गया। फौरन पटना पुलिस के अधिकारी टीम के साथ पहुंचे और जांच में जुट गए। एसएफएल की टीम को जांच के बुलाया गया। वहीं शकील अहमद खान गुजरात में है। घटना की जानकारी मिलने के बाद पटना लौट रहे। कांग्रेस विधायक के आवास पर नेताओं और उनके परिजनों की भीड़ उमड़ पड़ी है। इसकी जानकारी निर्दलीय सांसद पप्पू यादव ने सोशल मीडिया पर शेयर की है।

उन्होंने सोशल मीडिया पर लिखा है कि एक अत्यंत दुःखद सूचना से मर्माहत हूं! बिहार में कांग्रेस विधायक दल के नेता मेरे मित्र डॉ शकील अहमद ख़ान साहब के इकलौते पुत्र का असामयिक निधन हो गया है। मेरी पूरी संवेदना शकील भाई और उनके परिजनों के साथ है।

## रेल बजट में बिहार को 10066 करोड़ रुपये आवंटित

### > दावा-यहां मलेशिया के बराबर रेल ट्रैक बिछाए गए




पटना, 3 फरवरी (एजेंसियां)। भारतीय रेल के 2025-26 के बजट में बिहार पर खूब फोकस किया गया है। आगामी चुनाव को देखते हुए केंद्र सरकार की ओर से बिहार के लिए 10,666 करोड़ रुपये आवंटित किए गए।

रेलवे की ओर से कहा गया कि भारतीय रेल के 2025-26 बजट में बिहार के लिए ऐतिहासिक राशि आवंटित की गई है, जिससे राज्य में रेलवे अवसंरचना का व्यापक विकास होगा। बिहार के लिए 10,066 करोड़ रुपये का आवंटन किया गया है। यह राशि 2009-14 के 1,132 करोड़ रुपये के वार्षिक औसत से नौ गुना अधिक है।

बताया गया कि 2014 से अब तक 1,832 किलोमीटर नए रेल ट्रैक बिछाए गए हैं, जो मलेशिया के पूरे रेल नेटवर्क के बराबर हैं। इसके अलावा 2014 से 3,020 किलोमीटर रेल मार्ग का विद्युतीकरण किया गया है, जिससे बिहार 100% विद्युतीकृत हो गया है। वहीं बिहार में वर्तमान में 57 नई रेल परियोजनाएं चल रही हैं, जिनकी कुल लंबाई 5,346 किलोमीटर और लागत 86,458 करोड़ रुपये है।

98 रेलवे स्टेशनों को अमृत स्टेशन के रूप में विकसित किया जा रहा रेलवे के अनुसार, बिहार में स्टेशनों के विकास एवं यात्रियों की सुविधाओं के लिए 98 रेलवे स्टेशनों को अमृत स्टेशन के रूप में विकसित किया जा रहा है। इन पर 3,164 करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे। बिहार में अब तक 514 रेल ओवरब्रिज और अंडरपास बनाए जा चुके हैं। वहीं बिहार के रेलवे स्टेशनों पर कुल 66 लिफ्ट, 74 एस्केलेटर और 393 स्टेशन पर वाई-फाई की सुविधा दी गई।

**बिहार में 12 वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन**

रेलवे के अनुसार, कई नई ट्रेनों का संचालन किया गया। इनमें 12 वंदे भारत एक्सप्रेस बिहार के 15 जिलों में 22 प्रमुख स्टॉपेज के साथ संचालित हो रही हैं। वहीं दरभंगा से आनंद विहार टर्मिनल तक जाने वाली अमृत भारत एक्सप्रेस का भी संचालन किया जा रहा है। वहीं कवच प्रणाली का विस्तार किया जा रहा है। 924 किलोमीटर में कार्य प्रगति पर, जबकि कुल 1,783 किलोमीटर की योजना स्वीकृत की गई है।

## मथुरा में बांके बिहारी ने भक्तों संग खेली होली

### ब्रज में शुरू हुआ 40 दिन का होली उत्सव मंदिरों में खूब उड़ा अबीर-गुलाल

मथुरा, 3 फरवरी (एजेंसियां)। वृंदावन में बसंत पंचमी पर बांके बिहारी मंदिर में पुजारियों ने भगवान के गालों पर गुलाल लगाया। इसके बाद प्रसादी गुलाल भक्तों पर डालकर ब्रज के 40 दिवसीय होली महोत्सव का शुभारंभ किया।

भगवान बांके बिहारी के जयघोष से मंदिर गूंज उठा। जमकर अबीर-गुलाल उड़ा। वृंदावन के मंदिरों में भक्तों का सैलाब उमड़ा। सुबह 8 बजे तक ही करीब 20 हजार भक्तों ने दर्शन-पूजन किया। भगवान का प्रसादी गुलाल पाकर भक्त आनंद में सराबोर हो गए। 40 दिन चलने वाले इस महोत्सव का रंगनाथ मंदिर की होली के साथ समापन होगा।

## अखिलेश यादव ने किया वादा : 2027 में हमारी सरकार आई तो अयोध्या को वर्ल्ड क्लास सिटी बनाएंगे



अयोध्या, 3 फरवरी (एजेंसियां)। सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने सोमवार को चुनाव प्रचार के अंतिम दिन मिल्कीपुर में जनसभा को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि भाजपा ने अयोध्या में विकास के नाम पर लोगों से जमीनें छीनी और लोगों को मुआवजा नहीं दिया है। 2027 के विधानसभा चुनाव में जब सपा की सरकार बनेगी तो हम अयोध्या को वर्ल्ड क्लास सिटी बनाएंगे।

उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री अयोध्या में खरीदी गई जमीनों की सूची जारी कर दें तो पता चल जाएगा कि सबसे बड़ा भूमाफिया कौन है? सबसे बड़े भूमाफिया भाजपा के लोग ही हैं। अयोध्या में फाइव स्टार होटल बनाने के लिए जमीन ली गई पर गरीबों को उचित मुआवजा नहीं दिया गया। अखिलेश यादव ने कहा कि ये तो भाजपा के लोग भी जानते हैं कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ किसी के नहीं हैं। वो भाजपा वालों के भी नहीं हैं। वो सिर्फ परिस्थितियों के अनुसार काम कर रहे है।

उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार उपचुनाव में जीत हासिल करने के लिए लोगों को डराने धमकाने का काम कर रही है। इसके लिए अफसरों की तैनाती की जा चुकी है। अफसरों में पीडीए के लोग नहीं हैं। अखिलेश यादव ने महाकुंभ में मची भगदड़ को लेकर योगी सरकार पर निशाना साधा और कहा कि मुख्यमंत्री योगी गूगल पर सर्च करना नहीं जानते हैं।

## सीएम नीतीश के दौरे से पहले बड़ी चोरी

### पांच दुकानों से लाखों की संपत्ति उड़ाई बदमाशों ने; थाने के पास घटना

शेखपुरा, 3 फरवरी (एजेंसियां)। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की प्रगति यात्रा से पहले ही शेखपुरा जिले में अपराधियों का दुस्साहस बढ़ता दिख रहा है। बीती रात सिरारी चौक पर चोरों ने थाने से महज 100 मीटर की दूरी पर स्थित दो बड़े मार्केट में चोरी की बड़ी वारदात को अंजाम दिया। बदमाशों ने पांच दुकानों को निशाना बनाया और नकदी समेत लाखों रुपये की संपत्ति पर हाथ साफ कर दिया। घटना के बाद इलाके में दहशत का माहौल है। वहीं, पुलिस के रवैये से नाराज दुकानदारों और स्थानीय लोगों ने शेखपुरा-लखीसराय मुख्य मार्ग को जाम कर दिया और जमकर विरोध प्रदर्शन किया।

**पांच दुकानों में चोरी, लाखों का नुकसान**

जानकारी के मुताबिक, रविवार की देर रात सिरारी थाना के करीब स्थित मित्र मार्केट और महारानी मार्केट की पांच दुकानों में चोरी हुई। चोरों ने बड़ी सफाई से नकदी और कीमती सामानों पर हाथ साफ किया। सबसे पहले मित्र मार्केट स्थित रोशन कुमार की दवा दुकान और तेल मिल को निशाना बनाया, जहां से एक लाख रुपये नकदी समेत अन्य कीमती सामान चुरा लिए गए।

## सात साल बाद पुलिस को आई लापता भाजपा नेत्री की याद

### फिर शुरू हुई तलाश; 2018 में हुई थी रहस्यमय गुमशुदगी

सहरसा, 3 फरवरी (एजेंसियां)। सात साल पहले रहस्यमय तरीके से लापता हुईं भाजपा नेत्री संजना तांती की गुमशुदगी का मामला एक बार फिर चर्चा में आ गया है। 12 जनवरी 2018 को घर से निकलीं संजना का अब तक कोई सुराग नहीं मिल पाया था, लेकिन सहरसा पुलिस ने एक बार फिर इस मामले को गंभीरता से लेना शुरू कर दिया है। जानकारी के मुताबिक, रविवार की रात पुलिस ने सोशल मीडिया पर उनका पोस्टर जारी कर लोगों से जानकारी साझा करने की अपील की। एसपी हिमांशु के निर्देश पर पुलिस ने मामले की दोबारा जांच शुरू कर दी है, जिससे इलाके में हलचल बढ़ गई है।

पति से फिर हुई पूछताछ, नए सिरे से जांच शुरू सदर थाना के सब-इंस्पेक्टर महेश कुमार और अन्य अधिकारियों की टीम ने संजना के पति गौरीशंकर से उनके घर जाकर पूछताछ की। बताया जा रहा है कि 12 जनवरी 2018 को संजना यह कहकर घर से निकली थीं कि वह अपने नानी घर जा रही हैं, लेकिन न तो वह वहां पहुंचीं और न ही वापस लौटीं। जब कई दिनों तक कोई खबर नहीं मिली, तो उनके पति गौरीशंकर ने सदर थाना में गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई थी।

**हत्या और लापता होने की आशंका**

इस मामले में शुरुआत में अज्ञात के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई थी। लेकिन बाद में संजना के पति ने दो लोगों पर हत्या कर शव गायब करने का आरोप लगाया था। पुलिस ने मोबाइल सीडीआर (कॉल डिटेल रिकॉर्ड) के आधार पर तीन लोगों को अप्राथमिकी आरोपी बनाया था। मामला इतना गंभीर हो गया था कि पुलिस ने पति सहित पांच लोगों का नार्को टेस्ट कराने के लिए कोर्ट में अर्जी दी थी, जिसमें एक मुखिया, संजना के पति और दो सहकर्मी शामिल थे। तत्कालीन एसडीपीओ प्रभाकर तिवारी की अगुवाई में एसआईटी का गठन कर न्यायालय से अनुमति मांगी गई थी, लेकिन जांच आगे नहीं बढ़ पाई और मामला ठंडे बस्ते में चला गया। संजना तांती राजनीति में काफी सक्रिय थीं। उन्होंने 2015 में पप्पू यादव की पार्टी जन अधिकार पार्टी (जेएपी) के टिकट पर सहरसा विधानसभा का चुनाव लड़ा था। इसके अलावा उन्होंने पटुआहा से मुखिया पद का भी चुनाव लड़ा था, लेकिन दोनों चुनावों में हार मिली थी। उनके लापता होने का मामला लंबे समय तक सुर्खियों में रहा था, जिसके चलते कई बार धरना-प्रदर्शन और सड़क जाम भी किया गया था।

## संदिग्ध स्थिति में अधेड़ की मौत

सासाराम, 3 फरवरी (एजेंसियां)। रोहतास के डेहरी नगर थाना क्षेत्र में चुना भट्ठा के पास एक व्यक्ति का शव मिलने से सनसनी फैल गई। मृतक की पहचान भोजपुर जिले के तरारी थाना क्षेत्र के बड़का गांव निवासी विनोद कुमार सिंह (45) के रूप में हुई। बताया जा रहा है कि मृतक बड़का गांव से डेहरी रूट पर बस में खलासी का काम करते थे। डेहरी नगर थानाध्यक्ष शिवेंद्र कुमार ने बताया कि रविवार शाम को स्थानीय लोगों से शव की सूचना मिली। मौके पर पहुंची पुलिस को एक मोबाइल फोन मिला, जिसमें सिम कार्ड नहीं था। पुलिस ने दूसरा सिम डालकर संपर्क किया, जिससे मृतक की पहचान हो सकी। सोमवार को शव को पोस्टमार्टम के लिए सासाराम सदर अस्पताल भेजा गया।

## पटना में लापता युवक का शव मिला

पटना, 3 फरवरी (एजेंसियां)। पटना सिटी के अगमकुआं इलाके में रेलवे ट्रैक के पास एक युवक का शव मिला है। युवक रविवार शाम से लापता था। डेड बॉडी पर खून के निशान मिले हैं। परिजनों ने पीट-पीटकर हत्या की आशंका जताई है। मृतक की पहचान आलमगंज निवासी मोहम्मद तौफीक(20) के तौर पर हुई है। मजदूरी का काम करता था। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। परिजनों के बयान के आधार पर मामले की छानबीन की जा रही है।

# विधायक प्राथमिकता बैठकों का होगा बहिष्कार

## सर्वसम्मति से लिया गया फैसला : जयराम ठाकुर

शिमला, 3 फरवरी (एजेंसियां)। नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा कि सभी विधायकों का एक ही मत है कि जब डीपीआर ही नहीं बनानी है तो विधायकों के कहने पर काम कैसे होगा। ऐसे में सर्वसम्मति से फैसला लिया गया है कि चार फरवरी को विधायक प्राथमिकता बैठकों का बहिष्कार होगा।




जयराम ने कहा कि हिमाचल में विधायक संस्था को तबाह किया गया है। विधायक को आठ-आठ घंटे थाने में बैठाया जा रहा है। कभी भी चुने हुए प्रतिनिधि को इतना जलील नहीं किया गया। विधायक निधि के पैसे पर भी ट्रेजरी में सीलिंग लगाई गई है। जयराम बोले कि यह फैसला पीड़ा के साथ लेना पड़ रहा है। बार-बार अपमानित करना बर्दाश्त नहीं। लिखित में प्राथमिकताएं देनी हैं कि नहीं, यह विधायक प्राथमिकता बैठकों में तय होगा। सोमवार को पत्रकार वार्ता में नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा कि जब बजट सत्र होता है तो उससे पहले चुने हुए प्रतिनिधि अपनी प्राथमिकताएं देते हैं। जनप्रतिनिधि होने के नाते एक चुने हुए विधायक के पास जमीनी जानकारी होती है। जयराम ने कहा कि सीएम ने उपायुक्तों को भी एक सूची भेजी है कि किसके कहने पर काम कर सकते हैं। कांग्रेस के वे लोग जो किसी पद पर नहीं हैं, वे उद्घाटन कर रहे हैं। मंत्री जहां कार्यक्रम में जाते हैं, वहां चुने हुए विधायकों को बुलाया ही नहीं जाता है। तांदी में भाजपा विधायक सुरेंद्र शौरी को मंच से नहीं बोलने दिया गया। विधायक जीआर कटवाल, त्रिलोक जम्वाल, जनकराज के अलावा संजीव कटवाल भी बैठक में रहे। रमेश धवाला के मामले पर ये कहा पूर्व मंत्री व भाजपा नेता रमेश धवाला की ओर से देहरा में भाजपा के मंडल अध्यक्षों के चुनाव पर सवाल उठाने पर नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा कि उन्हें पार्टी के प्लेटफॉर्म पर ही अपनी बात रखनी चाहिए। जिस तरह से वह सार्वजनिक टिप्पणी कर रहे हैं, वह उचित नहीं है। भाजपा एक अनुशासित पार्टी हैं। उन्हें संयम से काम लेना चाहिए।

भाजपा की पिछली सरकार के कार्यकाल में उन्हें पूरा सम्मान दिया गया। उन्हें कैबिनेट मंत्री स्तर का पद दिया गया। उन्हें ऐसा नहीं करना चाहिए। पीएम नरेंद्र मोदी से मुलाकात के दौरान क्या पार्टी अध्यक्ष के लिए भी विचार-विमर्श किया? इस जयराम बोले कि बहुत सी बातें हुई हैं।

## दिल्ली पुलिस ने केजरीवाल के सारे गुंडों को टाइट कर दिया : निशिकांत दुबे

नई दिल्ली, 3 फरवरी (एजेंसियां)। दिल्ली विधानसभा चुनाव में आरोप-प्रत्यारोप की राजनीति तेज हो गई है। आम आदमी पार्टी (आप) के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने दिल्ली पुलिस पर 'गुंडई' का आरोप लगाया है। केजरीवाल के आरोपों पर अब भाजपा सांसद निशिकांत दुबे ने पलटवार किया है। उन्होंने कहा कि केजरीवाल हार रहे हैं, इसलिए वह हताशा में बोल रहे हैं। भाजपा सांसद निशिकांत दुबे ने आईएएनएस से बातचीत में कहा, उनके (केजरीवाल) गुंडे कंट्रोल में आ गए हैं। दिल्ली पुलिस ने उनके सारे गुंडों को टाइट कर दिया है, इसलिए उनकी हताशा दिखाई दे रही है। मैं दावे के साथ बोल सकता हूं कि दिल्ली में केजरीवाल हार रहे हैं। उनका पिछली बार का वोट बैंक पूर्वांचली था। इस बार के बजट में बिहार, उत्तर प्रदेश और झारखंड के विकास पर जोर दिया गया है। इसी तरह पूर्वांचल के लिए अलग मंत्रालय बनाने की बात कही जा रही है।

# 'खुद पर जानलेवा हमले के आईपीएस नायक के दावे की जांच हो'

### > पलानीस्वामी ने की द्रमुक सरकार से मांग

चेन्नई, 3 फरवरी (एजेंसियां)। अन्नाद्रमुक महासचिव एडप्पादी के. पलानीस्वामी ने पुलिस भर्ती में अनियमितताओं को उजागर करने वाली वरिष्ठ आईपीएस अधिकारी कल्पना नायर के आरोप की जांच करने और कड़ी कानूनी कार्रवाई करने का आग्रह किया। दरअसल, कल्पना नायक ने आरोप लगाया था कि पुलिस भर्ती में अनियमितताओं को उजागर करने के कारण उनकी जान लेने की कोशिश की गई। विपक्ष के नेता पलानीस्वामी ने मुख्यमंत्री एमके स्टालिन से आईपीएस करुणा नायक के लिए पर्याप्त सुरक्षा सुनिश्चित करने की मांग की। उन्होंने मुख्यमंत्री से सवाल भी किए।



**पलानीस्वामी ने सीएम स्टालिन से किए सवाल**

पलानीस्वामी ने सीएम स्टालिन से पूछा, यह भयावह है कि अपने विभाग में अनियमितताओं को उजागर करने के लिए उनकी जान लेने की कोशिश की गई। इस पर मुख्यमंत्री स्टालिन क्या कहेंगे? सोशल मीडिया पोस्ट पर अन्नाद्रमुक के शीर्ष नेता ने कहा कि यह घटना पुलिस विभाग पर एक धब्बा है, जो केवल सीएम के अधीन काम करता है। द्रमुक सरकार को पुलिस विभाग की निंदनीय शर्मनाक स्थिति के लिए पूरी जिम्मेदारी लेनी चाहिए।

**आईपीएस नायक के आरोपों की पारदर्शिता के साथ जांच करने की मांग**

पूर्व मुख्यमंत्री पलानीस्वामी ने आईपीएस अधिकारी के लिए दुख व्यक्त करते हुए बताया कि पिछले साल उनके आधिकारिक कक्ष आग में जल गया था। यह घटना अब सामने आई है। इस हादसे के समय करुणा नायक तमिलनाडु यूनिफॉर्मड सर्विसेज रिक्रूटमेंट बोर्ड की एडीजीपी थीं। उन्होंने आगे कहा कि अगर घटना वाले दिन अधिकारी अपने कार्यालय में होती तो उनकी जान चली जाती। पलानीस्वामी ने पूछा, अगर एडीजीपी रैंक की अधिकारी के साथ ऐसा हो सकता है, तो आम लोग अपनी शिकायत कैसे दर्ज कराएंगे? उन्होंने आईपीएस नायक के आरोपों की पारदर्शिता के साथ जांच करने और आरोपियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने की अपील की।

# एक बार फिर चर्चा में आरजी कर अस्पताल

### > अब सरकारी क्वार्टर में फंदे से झूलता मिला छात्रा का शव

बैरकपुर, 3 फरवरी (एजेंसियां)। जूनियर डॉक्टर की दुष्कर्म के बाद हत्या मामले के बाद कोलकाता का आरजी कर मेडिकल कॉलेज एक बार फिर चर्चा में है। आरजी कर मेडिकल कॉलेज और अस्पताल की द्वितीय वर्ष की छात्रा का शव अस्पताल में उसके क्वार्टर के एक कमरे लटका मिला है। पुलिस ने अप्राकृतिक मौत का मामला दर्ज कर लिया है।

पुलिस ने बताया कि छात्रा आइवी प्रसाद कमारहाटी ईएसआई अस्पताल के एक क्वार्टर में अपनी मां के साथ रहती थी। उसकी मां भी डॉक्टर हैं। पुलिस ने बताया कि गुरुवार को जब मां ने छात्रा को फोन किया तो उसका फोन नहीं उठा। इसके बाद जब मां क्वार्टर पहुंची तो यहां एक कमरे में उसका शव लटका मिला। पुलिस ने राजकीय सागर दत्ता मेडिकल कॉलेज में शव का पोस्टमार्टम कराया। नौ अगस्त 2024 को जूनियर डॉक्टर के साथ दरिंदगी की घटना के बाद आरजी कर अस्पताल में सुरक्षा बढ़ाने की मांग की गई थी, लेकिन कुछ नहीं हुआ।

**जूनियर डॉक्टर के साथ हुई थी दरिंदगी**

कोलकाता के आरजी कर मेडिकल कॉलेज-अस्पताल में जूनियर डॉक्टर के साथ दरिंदगी की घटना नौ अगस्त की है। मृतक मेडिकल कॉलेज में चेस्ट मेडिसिन विभाग की स्नातकोत्तर द्वितीय वर्ष की छात्रा और प्रशिक्षु डॉक्टर थीं। आठ अगस्त को अपनी ड्यूटी पूरी करने के बाद रात के 12 बजे उसने अपने दोस्तों के साथ डिनर किया। इसके बाद से महिला डॉक्टर का कोई पता नहीं चला। घटना के दूसरे दिन सुबह उस वक्त मेडिकल कॉलेज में हड़कंप मच गया जब चौथी मंजिल के सेमिनार हॉल से अर्ध नग्न अवस्था में डॉक्टर का शव बरामद हुआ। घटनास्थल से मृतक का मोबाइल फोन और लैपटॉप बरामद किया गया।

पोस्टमॉर्टम की शुरुआती रिपोर्ट से पता चला है कि महिला डॉक्टर के साथ दुष्कर्म की घटना हुई थी। जूनियर महिला डॉक्टर का शव गद्दे पर पड़ा हुआ था और गद्दे पर खून के धब्बे मिले। शुरुआती पोस्टमार्टम रिपोर्ट में बताया गया है कि मृतक महिला डॉक्टर के मुंह और दोनों आंखों पर था। गुप्तांगों पर खून के निशान और चेहरे पर नाखून के निशान पाए गए। होठ, गर्दन, पेट, बाएं टखने और दाहिने हाथ की उंगली पर चोट के निशान थे। जूनियर डॉक्टर की हत्या के विरोध में देशभर में विरोध प्रदर्शन हुए थे।

**आरोपी को मिली उम्रकैद की सजा**

प्रशिक्षु महिला डॉक्टर से दुष्कर्म और हत्या मामले में पुलिस ने नागरिक स्वयंसेवक संजय रॉय को पकड़ा था। उसे सियालदह कोर्ट ने आजीवन कारावास की सजा सुनाई थी। अदालत ने संजय रॉय पर 50,000 रुपये का जुर्माना भी लगाया था। सियालदह कोर्ट के जज अनिरबन दास ने कहा कि यह दुर्लभतम मामला नहीं है।

## मूसेवाला के दोस्त के घर पर फायरिंग

मानसा, 3 फरवरी (एजेंसियां)। मरहूम पंजाबी गायक सिद्धू मूसेवाला के नजदीकी साथी प्रगट सिंह के घर पर फायरिंग का मामला सामने आया है। मोटरसाइकिल सवार दो नौजवानों ने रविवार रात को प्रगट सिंह के घर पर फायरिंग की और फरार हो गए। इसके बाद प्रगट सिंह को इंग्लैंड के नंबर से फोन आया। उन्होंने फोन नहीं उठाया, जिसके बाद उनके पास एक मैसेज आया जिसमें लिखा था कि उन्हें 30 लाख रुपये दिए जाएं वरना अगला नबर उसका होगा बेशक गनमैन ले लो या फिर गाड़ी बुलेट प्रूफ करवा लो। यह पूरी घटना सीसीटीवी में कैद हो गई। इस पूरे मामले में लॉरेंस बिश्नोई का नाम सामने आ रहा है।

# सेना ने संयुक्त ऑपरेशन चला कर भारी मात्रा में हथियार

### गोला-बारूद बरामद किया, एक गिरफ्तार

इंफाल, 3 फरवरी (एजेंसियां)। भारतीय सेना, असम राइफल्स और मणिपुर पुलिस और अन्य सुरक्षा बलों ने मणिपुर में संयुक्त ऑपरेशन चलाए। पिछले करीब एक सप्ताह में मणिपुर के ककचिंग, कांगपोकपी, चुराचांदपुर और थौबल जिलों के पहाड़ी और घाटी क्षेत्रों से 10 हथियार, गोला-बारूद और युद्ध सामग्री बरामद करने में सफल मिली। इस दौरान कांगलेईपाक कम्युनिस्ट पार्टी का एक सदस्य हथियारों के साथ गिरफ्तार किया गया।



सूत्रों के मुताबिक खुफिया जानकारी के आधार पर असम राइफल्स ने मणिपुर पुलिस के साथ मिलकर कांगपोकपी जिले के जनरल एरिया नेपाली बस्ती, वेइटम खुलेन - खोकेन गांव रोड पर संयुक्त अभियान चलाया। इसमें एक 5.56 मिमी राइफल, एक 7.62 मिमी राइफल, एक .303 स्नाइपर राइफल (संशोधित), एक .22 पिस्तौल, एक सिंगल बैरल राइफल, दो इम्प्रोवाइज्ड मोर्टार, ग्रेनेड, गोला-बारूद और युद्ध सामग्री बरामद की। इसी तरह से असम राइफल्स और मणिपुर पुलिस की संयुक्त टीम ने थौबल जिले के जनरल एरिया वाइथौ में कांगलेईपाक कम्युनिस्ट पार्टी (तैबंगांबा) के एक सदस्य को गिरफ्तार किया और गोला-बारूद बरामद किया। चुराचांदपुर जिले में भी भारतीय सेना ने सीआरपीएफ और मणिपुर पुलिस के साथ मिलकर लोइलमकोट और नालोन गांवों के बीच (नालोन से 4 किमी दक्षिण-पूर्व) एक संयुक्त अभियान चलाया। इसमें छह लंबे रॉकेट (5-6 फीट लंबे) के साथ एक लॉन्चर स्टैंड, एक देशी मोर्टार (पॉम्पेई), गोला-बारूद और युद्ध सामग्री बरामद की। एक अन्य अभियान में असम राइफल्स और मणिपुर पुलिस ने ककचिंग जिले के जनरल एरिया चैरल खुनौ में एक ऑपरेशन चलाया और एक 9 मिमी राइफल, एक 9 मिमी पिस्तौल, दो ग्रेनेड, गोला-बारूद और युद्ध सामग्री बरामद की। गिरफ्तार किए गए व्यक्ति, बरामद हथियार और अन्य सामान मणिपुर पुलिस को सौंप दिए गए हैं। उल्लेखनीय है कि भारतीय सेना, असम राइफल्स, सीआरपीएफ और मणिपुर पुलिस सहित अन्य सुरक्षा एजेंसियां लगातार संयुक्त ऑपरेशन चला रहे हैं और हथियार बरामद कर रहे हैं। भारतीय सुरक्षा एजेंसियां मणिपुर की शांति की दिशा में लगातार काम कर रही हैं।

# 'चुनाव से पहले धनंजय मुंडे-वाल्मिक कराड ने मुझसे मुलाकात की'

### > मनोज जरांगे ने किया बड़ा खुलासा, मुंडे को मंत्री पद से हटाया जाए

मुंबई, 3 फरवरी (एजेंसियां)। मराठा कार्यकर्ता मनोज जरांगे ने सोमवार को बताया कि महाराष्ट्र के मंत्री धनंजय मुंडे ने अपने सहयोगी वाल्मिक कराड के साथ पिछले साल हुए राज्य विधानसभा चुनाव से पहले उनसे मुलाकात की थी। वाल्मिक कराड को जबरन वसूली के मामले में गिरफ्तार किया गया है। पिछले साल दिसंबर में बीड में सरपंच की हत्या से जुड़े मामले में वाल्मिक कराड का नाम सामने आने के बाद से राज्य मंत्री धनंजय मुंडे को आलोचनाओं का सामना करना पड़ रहा है। विपक्ष इस मामले की निष्पक्ष जांच के लिए मुंडे को मंत्रिमंडल से हटाने की मांग कर रहे हैं। महाराष्ट्र में बीड के मासाजोग के सरपंच संतोष देशमुख को 9 दिसंबर को अपहरण कर प्रताड़ित किया गया और फिर उनकी हत्या कर दी गई, क्योंकि वे बीड जिले में एक पवनचक्की परियोजना का संचालन करने वाली एक ऊर्जा कंपनी पर जबरन वसूली की कोशिश को रोकने का प्रयास कर रहे थे। इस मामले में अबतक पुलिस सात लोगों को गिरफ्तार कर चुकी है। हालांकि, आरोपी कृष्णा अंधाले अभी भी फरार है। वाल्मिक कराड को जबरन वसूली मामले में गिरफ्तार किया गया है और वह फिलहाल न्यायिक हिरासत में है।



मराठा कार्यकर्ता मनोज जरांगे से जब पूछा गया कि क्या धनंजय मुंडे उनसे मिलने आए थे, उन्होंने कहा, चुनाव के दौरान हर कोई मुझसे मिल रहा था। वे मेरे पास आए, उनके साथ वाल्मिक कराड भी था। उन्होंने आगे कहा, मैंने पहले उनसे नहीं मिलने का सोचा, लेकिन वे बाहर इंतजार कर रहे थे। तब मैं उनसे जाकर मिला और मुंडे ने मुझे कराड से मिलाया। मनोज जरांगे ने बताया कि उन्होंने धनंजय मुंडे से पूछा कि क्या वाल्मिक कराड से हार्वेस्ट मशीनें पाने के इच्छुक कुछ लोगों के पैसे के गबन में शामिल थे?

# केजरीवाल ने दिल्ली के लोगों को विकास से दूर रखा : पीयूष गोयल

नई दिल्ली, 3 फरवरी (एजेंसियां)। केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने सोमवार को आम आदमी पार्टी (आप) के राष्ट्रीय संयोजक और दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल पर जोरदार निशाना साधा। पीयूष गोयल ने कहा कि केजरीवाल ने दिल्ली के लोगों को विकास से दूर रखने का काम किया है। केजरीवाल ने दिल्ली के लोगों को आवास योजना, आयुष्मान योजना जैसी लाभकारी योजनाओं से वंचित रखा है। लेकिन, दिल्ली की जनता ने इस बार मन बना लिया है कि वे दिल्ली में डबल इंजन की सरकार बनाएंगे।

केंद्रीय मंत्री ने कहा, भारतीय जनता पार्टी की जीत अब लगभग तय लग रही है। प्रधानमंत्री मोदी ने बजट में मध्यम वर्ग को बड़ी सौगात दी है। आखिरकार, अगर आपकी सालाना आय 12 लाख रुपए है तो आपको टैक्स देने की जरूरत नहीं है। पीएम मोदी ने एक तरह से मध्यम वर्ग को टैक्स के बोझ से लगभग मुक्त कर दिया है।



अब दिल्ली में फर्जी गारंटी देने वाली सरकार से मुक्ति मिलेगी और पीएम मोदी के विश्वसनीय नेतृत्व में एक अच्छी सरकार मिलेगी, जो विकास कार्यों और जनकल्याण से प्रेरित है। हर दिल्लीवासी अब भाजपा के नेतृत्व में दिल्ली में डबल इंजन की सरकार चुनने के लिए उत्सुक है। भाजपा की जीत अब लगभग तय लग रही है। उन्होंने कहा कि आपदा से दिल्ली के मुक्त होने में महज चंद घंटे रह गए हैं। अब केजरीवाल पर दिल्ली की जनता विश्वास नहीं करती है क्योंकि, उनके सरकारी आवास पर महिला सांसद को पीटा गया। दिल्ली के लोग 'मोदी की गारंटी' पर विश्वास करते हैं। दिल्ली की चिंता पीएम मोदी ही करते हैं, जिन्होंने विश्वास दिलाया है कि जहां झुग्गी, वहां मकान। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि महाराष्ट्र और हरियाणा की तरह हम दिल्ली में भी सरकार बनाएंगे। हम महाराष्ट्र में 90 फीसदी सीटों पर चुनाव लड़े और जीते। हरियाणा में भी जीते। दिल्ली की सभी सीटों पर भाजपा जीतेगी।

# ठाणे में छात्र ने पेड से लटक कर दी जान

मुंबई, 3 फरवरी (एजेंसियां)। महाराष्ट्र के ठाणे में कक्षा दसवीं के एक छात्र ने इंस्टीट्यूट के पास एक पेड़ से लटककर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने सोमवार को इस घटना की जानकारी दी। शनिवार को कुछ राह चलते लोगों ने छात्र के शव को पेड़ से लटकते हुए देखा। उन्होंने तुरंत इसकी जानकारी पुलिस को दी।

हालांकि, अभी तक आत्महत्या करने के कारणों का पता नहीं चल पाया है। पुलिस ने मृतक की उम्र नहीं बताई। मृतक छात्र पालघर जिले के जवाहर तालुका के खैरेपाड़ा का रहने वाला था। वह एक सहायता प्राप्त ट्राइबल आश्रम स्कूल का छात्र था।

घटना की जानकारी पाकर पुलिस मौके पर पहुंची। उन्होंने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। पुलिस ने फिलहाल दुर्घटनावश मौत का मामला दर्ज किया। मामले की जांच जारी है। केरल के एक स्कूल में बलपूर्वक परेशान किए जाने के कारण एक छात्र के आत्महत्या कर ली। मृतक की पहचान मिहिर अहमद के तौर पर की गई है, जो नौवीं कक्षा का छात्र था। आत्महत्या के बाद मृतक छात्र की मां ने मुख्यमंत्री और राज्य पुलिस प्रमुख के समक्ष शिकायत दर्ज कराई, जिसमें आरोप लगाया गया कि स्कूल में रैगिंग के कारण उसके बेटे ने आत्महत्या कर ली। मां की शिकायत के अनुसार, बेटे के दोस्तों से मिली जानकारी और सोशल मीडिया संदेशों के माध्यम से पता चला है कि उसके साथ कथित तौर पर रैगिंग और शारीरिक उत्पीड़न किया गया था। इस घटना पर लोकसभा में विपक्ष के नेता और कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा कि इसके लिए जिम्मेदार लोगों को जवाबदेह ठहराया जाना चाहिए।

सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट करते हुए उन्होंने कहा, मिहिर अहमद की दुखद मौत से उनके परिवार के प्रति मेरी गहरी संवेदना है। किसी भी बच्चे को वह नहीं सहना चाहिए, जो मिहिर ने झेला।

# प्रदेश के बहादुर बच्चों को राज्य स्तर पर मिलेगा वीरता पुरस्कार, राज्यपाल की मंजूरी का इंतजार

देहरादून, 3 फरवरी (एजेंसियां)। अपनी जान को खतरे में डालकर दूसरों की जान बचाने वाले राज्य के बहादुर बच्चों को अब राज्य स्तर पर भी वीरता पुरस्कार देने की तैयारी है। राज्य बाल कल्याण परिषद ने इसका प्रस्ताव तैयार कर लिया है, जिसे 17 फरवरी को राजभवन से मंजूरी मिल सकती है।

राज्य के गुलदार से दूसरों की जान बचाकर अदम्य साहस का परिचय देने वाले बच्चों के मामले अक्सर सामने आते हैं। इसके अलावा प्रदेश के वीर बच्चे पानी में बहने से बचाने जैसे कई बहादुरी के काम करते हैं। भारतीय बाल कल्याण परिषद की ओर से पूर्व में राज्य के इन बहादुर बच्चों को हर साल गणतंत्र दिवस पर सम्मानित किया जाता रहा है, लेकिन किन्हीं वजहों से पिछले कुछ वर्षों से इसके लिए भारतीय बाल कल्याण परिषद की ओर से आवेदन नहीं मांगे जा रहे हैं। यही वजह है कि अब इस तरह के बच्चों को राज्य स्तर पर पुरस्कृत किए जाने की तैयारी है। इसके लिए प्रस्ताव को मंजूरी के बाद राज्य स्तर पर इस तरह के बच्चों के आवेदन लिए जाएंगे। जिसके बाद बाल वीरों को राज्य स्तरीय वीरता पुरस्कार दिया जाएगा।



**गुलदार से भिड़ गई थी बहादुर बिटिया राखी**

अपने चार साल के छोटे भाई की जान गुलदार से बचाने के लिए पौड़ी जिले की बहादुर बिटिया राखी गुलदार से भिड़ गई थी। उसकी इस वीरता को देखते हुए उसे पूर्व में राष्ट्रीय वीरता पुरस्कार से सम्मानित किया जा चुका है। राज्य में बाल वीरों के इस तरह के इक्का दुक्का नहीं, बल्कि कई मामले हैं।

**उत्तराखंड के इन बच्चों को मिल चुका राष्ट्रीय वीरता पुरस्कार**

राज्य के 15 बाल वीरों को अब तक राष्ट्रीय वीरता पुरस्कार मिल चुका है। टिहरी गढ़वाल के हरीश राणा को वर्ष 2003, हरिद्वार की माजदा को 2004, अल्मोड़ा की पूजा कांडपाल को 2007, देहरादून के प्रियांशु जोशी को 2010, देहरादून की स्व.श्रुति लोधी को 2010, रुद्रप्रयाग के स्व. कपिल नेगी को 2011, चमोली की स्व.मोनिका उर्फ मनीषा को 2014, देहरादून के लाभांशु को 2014, टिहरी के अर्जुन को 2015, देहरादून के सुमित ममगाई को 2016, टिहरी गढ़वाल के पंकज सेमवाल को 2017, पौड़ी गढ़वाल की राखी को 2019, नैनीताल के सनी को 2020, पिथौरागढ़ के मोहित चंद उप्रेती को 2020 और रुद्रप्रयाग के नितिन रावत को 2022 में यह पुरस्कार मिल चुका है।

**राजभवन परिसर में होनी है आम सभा की बैठक**

उत्तराखंड राज्य बाल कल्याण परिषद की 17 फरवरी को राजभवन के ऑडिटोरियम में आम सभा की बैठक होनी है। राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (सेनि.) की अध्यक्षता में होने वाली इस बैठक में बाल वीरों को राज्य स्तरीय वीरता पुरस्कार दिए जाने के प्रस्ताव पर अनुमोदन के साथ ही राज्य स्तरीय चित्रकला प्रतियोगिता के विजयी बच्चों को शैक्षिक सहायता देने सहित कुछ अन्य प्रस्तावों पर मुहर लग सकती है।

## महाराष्ट्र में बीते साल 38 हजार करोड़ रुपये की वित्तीय धोखाधड़ी हुई, मुंबई में सबसे ज्यादा मामले

मुंबई, 3 फरवरी (एजेंसियां)। महाराष्ट्र के गृह विभाग के डेटा के अनुसार, बीते साल महाराष्ट्र में वित्तीय धोखाधड़ी के 2,19,047 मामले सामने आए। इनमें 38 हजार करोड़ रुपये की धोखाधड़ी की गई। आंकड़ों के अनुसार, मुंबई में वित्तीय धोखाधड़ी के सबसे ज्यादा मामले देखे गए। मुंबई में साल 2024 में वित्तीय धोखाधड़ी की 51,873 मामले रिपोर्ट हुए, जिनमें 12,404.12 करोड़ रुपये की धांधली की गई। पुणे शहर में साल 2024 में धोखाधड़ी के 22,059 मामले दर्ज हुए, जिनमें 5122 करोड़ रुपये का नुकसान हुआ। पूरे पुणे जिले की बात करें तो इसमें 42,802 मामले दर्ज हुए, जिनमें से 16115 मामले पिंपरी चिंचवाड़ में, 4628 मामले ग्रामीण इलाकों में दर्ज हुए। इनमें क्रमशः 3291 करोड़ रुपये और 434 करोड़ रुपये का नुकसान हुआ।

ठाणे जिले में 35,388 धोखाधड़ी के मामले रिपोर्ट हुए। इनमें से ठाणे शहर में 20,892 मामले, नवी मुंबई में 13,260 और ठाणे ग्रामीण इलाकों में 1236 मामले दर्ज हुए। इनमें कुल 8,583 करोड़ रुपये की धोखाधड़ी हुई। मीरा भयंदर और वसई विरार में वित्तीय धोखाधड़ी के 11,754 मामले दर्ज हुए, जिनमें 1431 करोड़ रुपये का नुकसान हुआ। नागपुर शहर में 11,875 मामले और नागपुर ग्रामीण में 1620 मामले दर्ज हुए हैं। नासिक में यह आंकड़ा 9169 मामले और 1047 करोड़ रुपये का नुकसान शामिल है। सरकार ने वित्तीय धोखाधड़ी के प्रति सावधान रहने की सलाह दी छत्रपति संभाजीनगर जिले में 543.61 करोड़ रुपये की वित्तीय धोखाधड़ी के 6,090 मामले दर्ज किए गए, जबकि अमरावती जिले में 223.059 करोड़ रुपये से जुड़े 2,778 मामले दर्ज किए गए। आंकड़ों के अनुसार, छत्रपति संभाजीनगर शहर में 4,837 और अमरावती शहर में 1,819 मामले दर्ज किए गए। सोलापुर जिले में 3,457 मामले दर्ज किए गए, जहां लोगों को इस तरह की धोखाधड़ी में 394.54 करोड़ रुपये का नुकसान हुआ।

स्वतंत्र वार्ता

मंगलवार, 4 फरवरी - 2025

# मिडिल क्लास पर मेहरबानी क्यों?

कौन नहीं जानता कि पीएम नरेंद्र मोदी की राजनीति 'मध्य वर्ग' के हितों से जुड़ी है। इसीलिए उन्होंने सबसे बड़ी इनकम टैक्स छूट दी है। बजट से पहले ही पीएम मोदी ने 'गरीबों और मध्य वर्ग' के लिए मां लक्ष्मी का आशीर्वाद मांगने में सावधानी बरती थी। इसलिए उपहार वितरण में 'मध्य वर्ग' उनके दिमाग में सबसे ऊपर था, लेकिन उन्होंने 'गरीबों' को छोड़ने की राजनीतिक भूल नहीं की। जब जानते हैं कि 'मध्य वर्ग' का जबर्दस्त समर्थन बीजेपी को है। मिडिल क्लास का 37% वोट भाजपा को मिलना तय माना जाता है। लेकिन बिडंबना है कि मध्य वर्ग अक्सर मतदान के लिए मिली छुट्टी का उपयोग घूमने-फिरने या घर में चैन की नींद लेने में करता है। बजट में 12 लाख रुपये तक की टैक्स छूट के प्रावधान से तीन करोड़ करदाताओं को लाभ होगा, जबकि एक करोड़ लोग टैक्स नेट से बाहर निकल जाएंगे। बड़े समूहों किसानों व महिलाओं पर खर्च की गई समान राशि से बड़ा राजनीतिक लाभ बीजेपी को मिल सकता था। लेकिन मोदी सरकार ने छोटे मतदाता वर्ग पर इतनी उदारता दिखाई। यह वही वर्ग है जो चुनाव के दिन मतदान केंद्र पर नहीं आ सकता? सबसे बडी बात यह है कि मध्य वर्ग एक आय वर्ग नहीं, बल्कि एक स्व-परिभाषित वर्ग है जिसकी सभी राजनीतिक दलों को दरकार है। उनसे मिलकर ही एक महत्वपूर्ण मध्य वर्ग बनता है जो शक्तिशाली लोगों को निचले पायदान पर मौजूद लोगों से जोड़ता है। यह वर्ग राजनीतिक दलो के संगठनों, सशस्त्र बलों के कर्मियों और सामान्य सरकारी कर्मचारियों को विशेष रूप से भाजपा से जोडता है। बीजेपी ने इस वर्ग को एक-रैंक-एक-पेंशन (ओआरओपी) और नई एकीकृत पेंशन योजना (यूपीएस) के तहत पेंशन लाभ बढ़ाकर और अन्य चीजों के साथ-साथ अपने पक्ष में करने की कोशिश की है। केवल निजी क्षेत्र के टैक्स पेमेंट करने वाले लोग, विशेष रूप से शहरी वेतनभोगी वर्ग के लोग ही इससे बाहर रह गए। इस वर्ग ने देखा कि सरकार हर बार गरीबों को लुभाने की कोशिश करती है। लेकिन जब उनके अपने पुरस्कारों की बात आई, तो वित्त मंत्रालय ने 'वंचित, पीड़ित, शोषित' पर ध्यान केंद्रित करते हुए स्क्रूज की भूमिका निभाई, न कि उन लोगों पर जिन्होंने मोदी युग की शुरुआत की। किसानों और महिलाओं को नकद राशि दी जाने लगी और 80 करोड़ परिवारों को मुफ्त भोजन भेजा जाने लगा। इन सारी कवायदों में मध्य वर्ग खुद को अलग-थलग महसूस कर रहा था। इस बार टैक्स छूट के शानदार इस्तेमाल ने चीजों को बदल दिया है। अब, कोई भी यह दावा नहीं कर सकता कि उन्हें छोड़ दिया गया है। यह वर्ग सोशल मीडिया पर बहुत मुखर है, और वोट न देकर भी अपनी नाराजगी जाहिर करता है। सोशल मीडिया पर एक मजबूत आवाज का मतलब है कि नकारात्मक भावनाएं और असंतोष एक व्यापक समुदाय तक पहुंच सकता है, जिनमें से अधिकांश के पास स्मार्टफोन है। 2026 तक भारत में एक अरब स्मार्टफोन यूजर हो सकते हैं। यह यूजर बेस सभी मौजूदा और भविष्य के चुनावों में पूरी तरह से सोशल मीडिया से जुड़ा होगा। दिल्ली में 5 फरवरी को वोटिंग है जो मध्म वर्ग और उपभोक्ता वर्ग के इस विविध समूह की रिहाइश है। बीजेपी को उम्मीद है कि यह टैक्स छूट आम आदमी पार्टी (आप) की सत्ता विरोधी लहर के साथ मिलकर चुनावों को बीजेपी के पक्ष में कर सकती है।

# देश की संस्कृति,संस्कार के अनुरूप ही भाषा साहित्य



संजीव ठाकुर

साहित यसत्य की साधना है शिवत्व की कामना और सौंदर्य की अभिव्यंजना है। शुद्ध, जीवंत एवं उत्कृष्ट साहित्य मानव एवं समाज की संवेदना और उसकी सहज वृत्तियों को युगों युगों तक जनमानस मैं संचारित करता रहता है। और यही कारण है कि कालिदास, सूरदास, कबीर, प्रेमचंद, शेक्सपियर की कृतियाँ आज भी लोगों के मध्य अपनी रस सुधा से हृदय को भिगोती रहती है। राजनैतिक और भौगोलिक दृष्टि से विश्व कितने ही भागों में बट जाए, मतभेद और विवादों की खाई कितनी भी गहरी हो जाए, पर साहित्य धरातल पर सब सामान्य और एक हैं। दुनिया में मानव एक है। उनकी रचनाएं सभी जगह एक और समान है। यह भी सत्य है कि किसी भी देश की भाषा और साहित्य के अध्ययन के आधार पर वहां की सभ्यता संस्कृति के विकास का सहज विधि का अनुमान लगाया जा सकता है। साहित्य में मानवीय समाज के सुख-दुख, आशा निराशा, उत्थान पतन का स्पष्ट चित्रण होता है। साहित्य की इन्हीं विशेषताओं के कारण साहित्य कालजई और सास्वत होता है। मुंशी प्रेमचंद जी ने साहित्य को जीवन की आलोचना भी कहा है। साहित्य एक स्वायत्त आत्मा है, और उसकी सृष्टि करने वाला भी ठीक से नहीं घोषणा कर सकता है कि उसके द्वारा रचे गये साहित्य की अनुगूंज कब और कहां तक जाएगी। इस तरह साहित्य का सत्य समाज की नैतिक चिंता है। समाज की विसंगतियों को दूर करने वाला एक बड़ा रक्षक भी है। प्राचीन मनीषियों द्वारा लिखा गया साहित्य अत्यंत आकर्षक एवं प्रिय इसलिए भी लगता है कि मनुष्यता का एक संपूर्ण चरित्र चित्रण होता है। साहित्य और संस्कृति एक दूसरे से गहरे जुड़े हुए हैं। मानवी जीवन की तरह साहित्य मैं भी संघर्ष और निरंतरता की निरंतरता समाहित होती है। समय और परिस्थिति की संस्कृति का प्रभाव साहित्य पर निरंतर परिलक्षित होता रहता है। यह साहित्य ही है जो वर्तमान को सामने रख भविष्य की रूपरेखा तय करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। समाज की सुषुप्त विवेक शक्ति को जागृत कर समाज का दिशा दर्शन भी करता है। अपने समय की विसंगतियों को दूर करने के साथ ही गुणात्मक साहित्य सदैव प्रासंगिक बना रहता है। समाज और जनमानस को आलोक स्तंभ की तरह पल्लवित एवं प्रकाशित करता है। वर्तमान के भौतिक समय में जब मानवता और संवेदना की पीड़ा की गूंज सभी जगह फैली हुई है, ऐसे में सत साहिब से और अर्वाचीन संस्कृति दिशा दर्शन और माननीय संवेदनाओं को संबल देने में अत्यंत प्रासंगिक भी है।

यह कतई कहने की आवश्यकता नहीं है कि श्रेष्ठ साहित्य वही है जो मनुष्य के भीतर और बाहर प्रासंगिक मूल्यों,संदेश और उद्देश्यों को समाए रखता है। कबीर दास रविंद्र नाथ टैगोर, शरद चंद, जयशंकर प्रसाद, रेणु, प्रेमचंद, शेक्सपियर, होमर, मिल्टन आदि का साहित्य जनमानस के मन में और जीवन में रच बस गया है। इन्होंने प्रतिभा सापेक्ष श्रेष्ठ रचनाएं समाज को दी हैं। और यही कारण है इनकी रचनाओं से संस्कृति की झलक स्पष्ट रूप से दिखाई देती है। साहित्य सदैव सामाजिक प्रक्रिया के आर्थिक राजनीतिक और समकालीन विचारधारा से बहुत ज्यादा प्रभावित रहा है। उनको प्रभावित भी करता है। इस तरह साहित्य संस्कृति के परिपेक्ष में देश कालिक होता है। शाहिद आदर्शवादी हो या आशावादी इस संदर्भ में अलग-अलग विद्वानों के अलग-अलग मत हैं।

# राष्ट्रपति ट्रम्प का पता नहीं क्या फैसला करेंगे ?



अशोक भाटिया

ट्रम्प .... पूरी दुनिया का ध्यान इस एक नाम पर है जो इस समय आतंकित कर रहा है। उद्यमी हों, प्रशासक हों या दूसरे देशों के शासक, कल सुबह यह आदमी क्या फैसला करेगा? किसी को चुप कराने के लिए आप कौन सी नई घोषणा करेंगे? ट्रंप ने कहा, 'हर कोई इस सोच से तंग आ चुका है।' उन्होंने कहा कि हाल ही में ट्रंप ब्रिक्स देशों से नाराज थे। उन्होंने यह भी धमकी दी कि अगर डॉलर के मुकाबले कोई अन्य मुद्रा उठाई गई तो ₹याद₹ किया जाएगा। राष्ट्रपति सद्दाम हुसैन ने डॉलर को दफनाने के लिए यूरो मुद्रा में व्यापार को प्रोत्साहित किया; पूरी दुनिया ने देखा कि सद्दाम के साथ क्या हुआ। अमेरिका यह बर्दाश्त नहीं कर सकता कि कोई हमारे देश को नुकसान पहुंचाए।'एक बार मैंने कमिटमेंट कर दी, तो मैं खुद की भी नहीं सुनता'- यह फिल्मी डायलॉग ट्रंप के लिए बहुत प्रासंगिक है। ट्रंप चुनाव के दौरान किए गए हर वादे को तेजी से पूरा कर रहे हैं। अवैध रूप से अमेरिका में घुसे लोगों को पकड़ा जा रहा है। हर कोई दहशत में है। खालिस्तानी भी हैं जिन्होंने अमेरिका में रहकर भारत के खिलाफ साजिश रची; साथ ही हमास का समर्थन करने वाले छात्र !ट्रंप ने चेतावनी देते हुए कहा, 'मुझे पता है कि अलगाववादियों से कैसे निपटना है। गुरपतवंत सिंह पन्नू ट्रम्प के शपथ ग्रहण समारोह के वीडियो में उपस्थित अकेले नहीं थे; ऐसा लगता है कि उन्होंने खालिस्तान के समर्थन में नारे भी लगाए हैं, जिसमें पूछा गया है, खालिस्तान समर्थकों के खिलाफ ट्रम्प का रुख क्या होगा? पन्नू की कथित हत्या को लेकर भारत और बाइडन प्रशासन के बीच टकराव चल रहा था, लेकिन ट्रंप ने तुरंत घोषणा कर दी कि वह एक-दूसरे को ढूंढेंगे और निष्कासित करेंगे। अमेरिकी पुलिस ने संयुक्त राज्य अमेरिका में रहने वाले अपराधियों और अवैध प्रवासियों को ट्रैक करने के लिए कई धार्मिक स्थलों पर छापा मारा। ट्रंप के इस कदम से उम्मीद जगी है कि अमेरिका और कनाडा धार्मिक आधार पर खालिस्तान समर्थकों को शरण दे रहे हैं। पन्नू अमेरिकी नागरिक है, इसलिए वह भले ही भारत की हिरासत में न हो, लेकिन कनाडा में उसके साथी पकड़े जा सकते हैं। जस्टिन ट्रूडो के पद छोड़ने के बाद अब उम्मीद की जा सकती है कि कनाडा उन अपराधियों को सौंप देगा, जिनकी प्रत्यर्पण सूची भारत ने सूचीबद्ध की है।ट्रम्प ने उन छात्रों की पहचान करना शुरू कर दिया है जो शिक्षा के लिए अमेरिका में रहते हैं और फिलिस्तीनी समर्थक रैलियों में भाग लेने वाले हमास का समर्थन करते हैं, और यह स्पष्ट कर दिया है कि अमेरिकी स्वतंत्रता का लाभ उठाकर आतंकवाद का समर्थन करने वाले किसी भी व्यक्ति को संयुक्त राज्य में रहने की अनुमति नहीं दी जाएगी ।उन्हें उनके मूल देशों में भेजा जाएगा और अगर वे देश उन्हें स्वीकार नहीं करते हैं, तो उनके लिए बड़े संकट का एक अध्याय शुरू हो जाएगा। ट्रंप ने ऐसे लोगों के लिए कुख्यात ग्वांतानामो कोस्टल जेल में 30,000 बेड तैयार करने को कहा है। ट्रम्प ने एक बिल पर हस्ताक्षर किए हैं जो चोरी और हिंसा के आरोपी अवैध प्रवासियों को मुकदमे से पहले हिरासत में रखने की अनुमति देगा। पिछले 10 वर्षों में, संयुक्त राज्य अमेरिका द्वारा हर साल अनुमानित 200,000 अवैध लोगों को उनके मूल देशों में भेज दिया गया था। बराक ओबामा के चार साल के कार्यकाल के दौरान लगभग दस लाख लोगों को, बिडेन के तहत 490,000 और ट्रम्प के पहले कार्यकाल के दौरान 770,000 लोगों को निर्वासित किया गया था। ट्रम्प को इस बार सभी रिकॉर्ड तोड़ने की उम्मीद है।अवैध लोग सबसे बड़ी संख्या में मेक्सिको में प्रवेश करते हैं। चीन, अल सल्वाडोर और भारतीय वहां रहने वाले सबसे बड़े लोगों में से हैं। 2023 में, अवैध रूप से संयुक्त राज्य अमेरिका में प्रवेश करने की कोशिश करने के लिए 20,000 से अधिक भारतीयों को गिरफ्तार किया गया था। वास्तव में, संगठित गिरोह अवैध रूप से संयुक्त राज्य अमेरिका में प्रवेश करने में सक्रिय हैं। ये लोग लाखों रुपये इकट्ठा करते हैं। अमेरिका जाने और करोड़ों रुपये कमाने के भ्रम में लोगों को लूट लिया जाता है। मैं आश्वस्त हूँ। हालांकि, यह आंकड़ा लाखों तक जा सकता है। इसके आलावा ताजा मामला अन्य देशों पर लगाए जाने वाले टैरिफ को लेकर है। ट्रंप ने हाल ही में कनाडा, मेक्सिको और चीन से आने वाले सामानों पर नए शुल्क (टैरिफ) लगाए हैं। ट्रंप ने एक कार्यकारी आदेश पर हस्ताक्षर किए, जिसके तहत कनाडा और मेक्सिको से आने वाले सभी सामानों पर 25% शुल्क लगाया जाएगा। वहीं, चीन से आने वाले सामानों पर 10 फीसदी शुल्क लगाए जाने की बात कही गई है। ट्रंप और उनके समर्थकों का मानना है कि यह कदम इन देशों को अवैध प्रवासन और नशीले पदार्थों की तस्करी पर अंकुश लगाने के लिए दबाव बनाने के उद्देश्य से उठाया गया है। वहीं, ये भी कहा गया कि टैरिफ ट्रंप की आर्थिक रणनीति का हिस्सा हैं। वह इस कदम के जरिए अमेरिकी अर्थव्यवस्था को बढ़ाने, अमेरिकी लोगों के हितों की रक्षा करने और नौकरियां बढ़ाने पर जोर दे रहे हैं। चुनावी प्रचार में भी ट्रंप ने कहा था कि ये शुल्क ₹आपके लिए कोई लागत नहीं होंगे, यह एक दूसरे देश के लिए लागत होगी₹। लेकिन दुनियाभर के तमाम अर्थशास्त्रियों ने ट्रंप के इस फैसले पर हैरानी जताई है। उनका कहना है कि ट्रंप का ये कदम अन्य देशों के लिए तो नुकसानदेह है ही लेकिन ये खुद आम अमेरिकियों के लिए भी एक बड़ा खतरा है। आसान भाषा में समझें तो टैरिफ एक घरेलू कर होता है जो सामानों पर उस समय लगाया जाता है जब वे किसी देश में प्रवेश करते हैं।मीडिया की रिपोर्ट के मुताबिक, उदाहरण के लिए, अगर किसी कार की कीमत $50,000 है और उस पर 25% टैरिफ है, तो उस कार पर $12,500 का शुल्क लगेगा। खास बात ये है कि यह शुल्क उस घरेलू कंपनी द्वारा चुकाया जाता है जो सामानों का आयात करती है, न कि उस विदेशी कंपनी द्वारा जो सामानों का निर्यात करती है। इस लिहाज से, यह एक सीधा कर होता है जिसे घरेलू अमेरिकी कंपनियां अमेरिकी सरकार को चुकाती हैं।जानकारी के अनुसार, 2023 में अमेरिका ने करीब 3।1 ट्रिलियन डॉलर के सामानों का आयात किया, जो अमेरिकी जीडीपी का लगभग 11% था। इनपर टैरिफ से उस साल 80 बिलियन डॉलर की कमाई हुई, जो कुल अमेरिकी कर राजस्व का लगभग 2% था। सवाल ये उठता है कि आखिर टैरिफ का बोझ अमेरिकियों पर कैसे पड़ेगा। दरअसल, अगर अमेरिकी आयातक कंपनी टैरिफ की लागत के चलते अपने सामानों की कीमतें बढ़ा देती हैं तो इसका बोझ अमेरिकी उपभोक्ताओं पर पड़ेगा। अगर अमेरिकी आयातक कंपनी इस लागत को खुद सहन करती है और इसे उपभोक्ताओं तक नहीं पहुंचाती, तो इसे आर्थिक बोझ अमेरिकी कंपनियों के रूप में देखा जाएगा।कई अर्थशास्त्रियों ने अपनी रिपोर्ट में कहा कि ट्रंप के पहले कार्यकाल (2017-2020) में लागू किए गए टैरिफ का ज्यादातर आर्थिक बोझ अमेरिकी उपभोक्ताओं ने ही उठाया। उदाहरण के लिए चीनी आयात पर लगने वाले टैरिफ के कारण इलेक्ट्रॉनिक्स, मशीनरी, खिलौने, और यहां तक कि घरेलू सामान की कीमतों में भी बढ़ोतरी हो सकती है। कोलंबिया विश्वविद्यालय के नोबेल पुरस्कार विजेता प्रोफेसर जोसेफ स्टिग्लिट्ज का कहना है कि इन टैरिफों का असर अमेरिका और दुनिया के लिए बहुत नकारात्मक होगा। यह स्पष्ट रूप से महंगाई का कारण बनेगा। कनाडा और मेक्सिको से आयातित कारों और ऑटो पार्ट्स पर टैरिफ लागू होने से अमेरिका में कारों की कीमतें बढ़ सकती हैं, और इस वृद्धि का असर न केवल कार खरीदारों पर पड़ेगा, बल्कि इस उद्योग में काम करने वाले श्रमिकों पर भी पड़ सकता है। हाल ही में ट्रम्प ने मेक्सिको, कनाडा और चीन पर जो टैरिफ लगा दिया है। उनके इस फैसले पर दुनियाभर के एक्सपर्ट चिंता जता रहे हैं। 'वॉल स्ट्रीट जॉर्नल' में पब्लिश एक लेख में राष्ट्रपति ट्रंप की ओर से टैरिफ लगाने की स्ट्रैटजी को 'इतिहास का सबसे मूर्खतापूर्ण ट्रेड वॉर' करार दिया गया है। ट्रंप अपने चुनावी वादों पर एक्शन लेते हुए मेक्सिको और कनाडा पर 25 और चीन के सामान पर 10 फीसदी का टैरिफ लगाने का ऐलान किया है। इसके साथ ही कनाडा से आने वाले फ्यूल पर 10% तक का टैरिफ लगाने का भी फैसला लिया है।

ट्रंप का दावा है कि इस नीति से अवैध इमिग्रेशन, ट्रेड डेफिसिट और इलीगल ड्रग्स की समस्या पर लगाम लगेगी।

# क्या डॉलर के दम पर चीन जैसे भस्मासुर से निबटेगा अमेरिका?

कमलेश पांडेय

चीन दुनिया का सबसे शक्तिशाली देश बनना चाहता है और ऐसा वह उस अमेरिका की कीमत पर करना चाहता है जिसने उसके नवनिर्माण और समुत्थान में महती भूमिका निभाई है। हालांकि अमेरिका भी इसे भलीभांति समझ चुका है और समुपस्थित विभिन्न परिस्थितियों से निपटने के लिए रणनीतिक रूप से आगे बढ़ रहा है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प और विदेश मंत्री मार्को रूबियो के डॉलर की चिंता और उसके लिए जिम्मेदार चीन सम्बन्धी हालिया बयानों पर जब आप गौर करेंगे तो यह समझ जाएंगे कि अमेरिका की चिंता सिर्फ डॉलर की गिरती साख को ही बचाने की नहीं है बल्कि वह सोवियत संघ की भांति ही अब चीन को भी निबटाने की रणनीति पर फोकस कर चुका है। ऐसे में सुलगता सवाल यह है कि क्या अमेरिका सिर्फ डॉलर के दम पर चीन जैसे भस्मासुर से निबटेगा या फिर कुछ अन्य मौजूं उपाय भी करेगा। उल्लेखनीय है कि अंतर्राष्ट्रीय व्यापार में अमेरिकी डॉलर की जगह किसी और मुद्रा के इस्तेमाल की कवायद जिस तरह से चीन कर-करवा रहा है और इस नजरिए से ब्रिक्स देशों यानी रूस-ब्राजील आदि को ढाल बनाए हुए है, उससे अमेरिका भड़क चुका है और सम्बन्धित देशों को खुलेआम धमकियां देनी भी शुरू कर दी है। चीन के खिलाफ ताइवान का हथकंडा और दक्षिण चीन सागर विवाद को शह देने और रूस के खिलाफ यूक्रेन को भड़काते रहने और नाटो देशों से सहयोग दिलवाने के पीछे की व्यापक रणनीति भी तो इसी बात की चुगली करती है। वहीं, ब्रिक्स देशों की सम्भावित वैकल्पिक मुद्रा से डॉलर के समक्ष उतपन्न होने वालों खतरों के सम्भावित दुष्परिणामों के बारे में अमेरिका ने जिस तरह से आगाह करना शुरू कर दिया है, उससे भारत समेत कतिपय ब्रिक्स देश भी सकते में हैं, आशंकित हैं और अपने बचाव में तर्क भी दे चुके हैं। गौरतलब है कि पिछले कुछ वर्षों में जब ब्रिक्स के कुछ सदस्य देश विशेष रूप से चीन-रूस अमेरिकी डॉलर का विकल्प या ब्रिक्स मुद्रा की मांग कर रहे हैं, तब भारत 'डी-डॉलराइजेशन' यानी 'विश्व व्यापार और वित्तीय लेनदेन में डॉलर के उपयोग में कमी' के खिलाफ है। दिसम्बर 2024 में ही भारत के विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कहा था कि भारत कभी भी 'डी-डॉलराइजेशन' के पक्ष में नहीं रहा है व ब्रिक्स मुद्रा बनाने का कोई प्रस्ताव नहीं है। बता दें कि अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने चेतावनी दी है कि अगर ब्रिक्स देश अंतर्राष्ट्रीय व्यापार में अमेरिकी डॉलर की जगह किसी और मुद्रा के इस्तेमाल का प्रयास करेंगे तो वह उन पर 100 प्रतिशत शुल्क लगा देंगे। उन्होंने दो टूक शब्दों में कहा कि ब्रिक्स देश डॉलर से दूर जाने की कोशिश करें और हम खड़े होकर बस देखते रहें, इस तरह के विचारों के दिन लद चुके हैं। लिहाजा, वह ब्रिक्स देशों से यह प्रतिबद्धता चाहते हैं कि वे न तो नई मुद्रा बनाएंगे और न ही किसी अन्य मुद्रा का समर्थन करेंगे। वहीं, अमेरिका के विदेश मंत्री मार्को रूबियो ने भी कहा है कि इस मसले पर चीन से हमें निबटना होगा। हालांकि उन्होंने स्पष्ट किया है कि हम इस मुद्दे पर युद्ध नहीं चाहते हैं, लेकिन हम इस पर गौर करने जा रहे हैं क्योंकि चीन दुनिया का सबसे शक्तिशाली देश बनना चाहता है और वे ऐसा हमारी कीमत पर करना चाहते हैं। इससे निपटना होगा। बता दें कि चीन की वैश्विक रणनीति को लेकर अमेरिका अब सजग हो चुका है और आर्कटिक व दक्षिण अमेरिका में चीनी गतिविधियों से उतपन्न खतरे को निर्मूल करने के लिए ही ग्रीनलैंड पर कब्जा करने, पनामा नहर पर पुनः नियंत्रण पाने और कनाडा को अमेरिका में मिलाने जैसी दूरदर्शिता भरी रणनीति का आगाज समय रहते ही कर चुका है, भले ही वह पहले जितना आसान नहीं हो। जानकार बताते हैं कि रूस-चीन-ब्राजील जैसे ब्रिक्स देश अमेरिकी डॉलर और यूरो पर अपनी निर्भरता कम करना चाहते हैं। इसी नजरिए से साल 2022 में 14वें ब्रिक्स समिट के दौरान रूस के राष्ट्रपति ब्लादिमीर पुतिन ने कहा था कि सदस्य देश नई रिजर्व करेंसी शुरू करने की योजना बना रहे हैं। इसके अलावा, ब्राजील के राष्ट्रपति लूला डी सिल्वा ने भी डॉलर के दबदबे को कम करने के लिए ब्रिक्स करेंसी बनाने का सुझाव दिया था। क्योंकि आंकड़े बताते हैं कि वैश्विक मुद्रा भंडार के रूप में डॉलर का हिस्सा 59 प्रतिशत है, जबकि दुनिया के कुल कर्ज में 64 प्रतिशत का लेनदेन डॉलर में होता है। वहीं, अंतर्राष्ट्रीय लेनदेन में भी डॉलर की 58 प्रतिशत हिस्सेदारी है। खास बात यह है कि यूरोपीय संघ बनने और उसकी मुद्रा यूरो के अस्तित्व में आने के बाद से डॉलर के दबदबे में कमी आई है, लेकिन अभी भी यह सबसे अधिक चलन वाली मुद्रा बनी हुई है। ऐसे में यदि ब्रिक्स देश भी कोई नई मुद्रा ले आते हैं तो इससे डॉलर का मूल्य घटेगा। शायद इसलिए अमेरिका अब चौकन्ना हो चुका है और इस नए सम्भावित संकट से निबटने के लिए साम-दाम-दंड-भेद की नीति अख्तियार कर लिया है। उसकी ताजा धमकियां इसी बात की चुगली कर रही हैं। ब्रिक्स देशों के बीच भारत के परिवर्तित स्टैंड से भी उसे राहत मिली है। उल्लेखनीय है कि ब्रिक्स देश दुनिया के उन दस महत्वपूर्ण देशों का संगठन है, जो पश्चिमी देशों के जी-7 और नाटो जैसे दबंग देशों से समान प्रतिस्पर्धा करने के लिए खुद को एकजुट किये हुए हैं। वर्ष 2009 में स्थापित ब्रिक्स समूह में भारत, ब्राजील, रूस, चीन, दक्षिण अफ्रीका, मिश्र, इथियोपिया, इंडोनेशिया, ईरान और संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) नामक देश शामिल हैं। चूंकि यह एक ऐसा अंतरराष्ट्रीय समूह है, जिसमें संयुक्त राज्य अमेरिका यानी यूएसए को शामिल नहीं किया गया है। इसी वजह से वह इस पर बिफरा रहता है। बता दें कि ब्रिक्स के सदस्य देशों की अर्थव्यवस्था 25.5 ट्रिलियन से अधिक है जो वैश्विक अर्थव्य वस्था का 28 प्रतिशत है। विश्व बैंक के 2023 के आंकड़ों के मुताबिक, ब्रिक्स देशों की जीडीपी, ट्रिलियन अमेरिकी डॉलर में इस प्रकार है- चीन- 17.79, भारत- 3.55, ब्राजील- 2.17, रूस- 2.02, यूएई- 0.5, मिश्र- 0.4, ईरान- 0.4, दक्षिण अफ्रीका- 0.37 और इथियोपिया- 0.16. वहीं, यूएन ट्रेड डाटाबेस के 2023 के आंकड़ों से पता चलता है कि ब्रिक्स देशों के साथ अमेरिका का व्यापार अरब यूएस डॉलर में इस प्रकार है- भारत से निर्यात- 40.1, आयात- 87.3, चीन से निर्यात- 147.8, आयात- 448, ब्राजील से निर्यात-44.8, आयात- 41, यूएई से निर्यात- 24, आयात- 00, इंडोनेशिया से निर्यात- 00, आयात- 28.1, सऊदी अरब से निर्यात- 13.9 और आयात- 16.5, अन्य सदस्य देश से निर्यात- 23.5 और आयात- 29. इन आंकड़ों से स्पष्ट है कि जहां जीडीपी के मामले में ब्रिक्स देशों में भारत का चीन के बाद दूसरा स्थान है, वहीं अमेरिका से होने वाले कारोबार में भी उसकी एक महत्वपूर्ण हिस्सेदारी है।

# समाज के वंचित वर्ग को भी मिले पीने को दूध



डॉ सत्यवान सौरभ

श्वेत क्रांति से प्रेरित भारत का डेयरी क्षेत्र दुनिया का सबसे बड़ा दूध उत्पादक बन गया है, फिर भी दूध की पहुँच बहुत असमान है। आय के अंतर, क्षेत्रीय विविधताओं और सामर्थ्य सीमाओं जैसे कारकों के कारण वंचित समूहों के बीच दूध की खपत सीमित है। कुपोषण और अतिपोषण के बारे में बढ़ती चिंताओं के साथ, इस अंतर को पाटने और समाज के सभी वर्गों के लिए समान पोषण सुरक्षा को बढ़ावा देने के लिए विशिष्ट नीतियों की आवश्यकता है। जब हम सामाजिक-आर्थिक और क्षेत्रीय समूहों के बीच दूध के सेवन में अंतर देखते हैं तो पाते है कि उच्चतम आय वाले परिवार प्रति व्यक्ति तीन से चार गुना अधिक दूध खाते हैं, जो निम्न आय वालों की तुलना में काफ़ी आर्थिक असमानताओं को दर्शाता है। सबसे कम आय वाले 30% परिवार भारत के दूध का केवल 18% उपभोग करते हैं, जो उच्च समग्र उत्पादन के बावजूद निम्न-आय वाले समूहों में सामर्थ्य सम्बंधी मुद्दों को रेखांकित करता है। शहरी परिवार 30 प्रतिशत का उपभोग करते हैं। राजस्थान, पंजाब और हरियाणा जैसे पश्चिमी और उत्तरी राज्यों में प्रति व्यक्ति खपत अधिक है (333 ग्राम-421 ग्राम प्रतिदिन), जबकि छत्तीसगढ़ और ओडिशा जैसे पूर्वी राज्य प्रतिदिन केवल 75 ग्राम-171 ग्राम खाते हैं। हरियाणा की डेयरी-अनुकूल संस्कृति और सहकारी नेटवर्क घरों में उच्च दूध की खपत को बढ़ावा देते हैं। आदिवासी (एसटी) परिवार सामान्य रूप से अन्य परिवारों की तुलना में प्रति व्यक्ति चार लीटर कम दूध का उपभोग करते हैं, जो लंबे समय से चली आ रही सामाजिक असमानताओं को उजागर करता है। दूध के पोषण सम्बंधी लाभों के बावजूद, डेयरी बाजारों तक सीमित पहुँच और आर्थिक बाधाएँ एसटी समुदायों को कम खर्चीले, गैर-डेयरी विकल्पों पर निर्भर रहने के लिए प्रेरित करती हैं। धनी महानगरीय लोग अनुशंसित मात्रा से दोगुने से अधिक उपभोग करते हैं, मुख्य रूप से उच्च वसा, उच्च चीनी वाले डेयरी उत्पादों से, कम आय वाले परिवारों के लिए दूध महंगा है, जो 300 ग्राम की अनुशंसित दैनिक खपत को पूरा करने के लिए उनके मासिक ख़र्च का 10%-30% हिस्सा है। प्रतिदिन 300 कमाने वाला एक दिहाड़ी मज़दूर सिर्फ़ दूध के लिए 30-90 का बजट बनाने के लिए संघर्ष कर सकता है, जिसके परिणामस्वरूप आहार प्रभावित होता है। ग्रामीण उत्पादकों के पास पर्याप्त भंडारण और वितरण नेटवर्क की कमी है, जिसके परिणामस्वरूप कम आय वाले और अलग-थलग परिवारों तक पहुँचने में अक्षमता होती है। लैक्टोज संवेदनशीलता और आहार सम्बंधी प्राथमिकताएँ दूध के सेवन को प्रभावित करती हैं, विशेष रूप से पूर्वी और आदिवासी क्षेत्रों में, जहाँ वैकल्पिक प्रोटीन स्रोतों को प्राथमिकता दी जाती है। झारखंड में आदिवासी जनजातियाँ सांस्कृतिक खाद्य प्राथमिकताओं कारण दालों और बाजरा पर निर्भर हैं। वित्तीय प्रतिबंधों के कारण, कुछ राज्यों ने कल्याणकारी कार्यक्रमों से दूध के प्रावधान को समाप्त कर दिया, जिससे कमज़ोर समुदायों तक पहुँच सीमित हो गई। छत्तीसगढ़ ने दूध की आपूर्ति बंद कर दी। समान दूध की पहुँच सुनिश्चित करने के लिए नीतिगत उपाय सबसे पहले आते हैं। पोषण कार्यक्रमों में सुधार जैसे प्रधानमंत्री पोषण शक्ति निर्माण और एकीकृत बाल विकास सेवा जैसी योजनाओं के लिए वित्तीय सहायता बढ़ाएँ, जो स्कूल के भोजन और घर ले जाने वाले राशन में दूध की आपूर्ति करती हैं। कर्नाटक और गुजरात जैसे राज्य वर्तमान में स्कूल पोषण कार्यक्रमों के माध्यम से दूध प्रदान करते हैं, लेकिन कवरेज का विस्तार करने से बच्चों के स्वास्थ्य में सुधार हो सकता है। वितरण लागत को कम करने और सामर्थ्य बढ़ाने के लिए मज़बूत डेयरी नेटवर्क वाले क्षेत्रों में ज़रूरतमंद परिवारों के लिए दूध वाउचर पेश करें। गुजरात में डेयरी सहकारी समितियाँ स्थानीय दुकानों पर भुनाए जाने वाले दूध कूपन प्रदान करने के लिए सामाजिक पहलों के साथ काम कर सकती हैं। सब्सिडी वाले दूध वितरण के लिए धन बनाने के लिए सामाजिक बांड, सीएसआर फंडिंग और अस्वास्थ्यकर खाद्य पदार्थों पर कर लगाने की जाँच करें। दूध वितरण को निधि देने के लिए आइसक्रीम जैसे उच्च चीनी वाले डेयरी उत्पादों पर एक छोटा कर लगाया जा सकता है। महिलाओं और परिवारों को दूध के महत्त्व के बारे में शिक्षित करने के लिए आंगनवाड़ी केंद्रों, स्वयं सहायता समूहों और मीडिया भागीदारी का उपयोग करें।

# कला झूठ बोलने की



डॉ टी महादेव राव

सारी कलाओं में से एक कला आजकल बहुत ज्यादा ही मशहूर हो रही है और लोगों ने उसे अपमाने में किसी तरह का कसर नहीं छोड़ रखा है। चौर्य कला या चोरी कला, जैसे कहें, वह तो अब पुराना और घिसा पिटा हो चुका है, क्योंकि लोगों ने चोरी में इतनी महारत हासिल कर ली है कि जिन्होंने इन कलाओं के बारे में लिखा है वह भी शर्मसार हो जाए कि उन्हें यह बात क्यों नहीं सूझी। अब आइए जिस कला के बारे में मैं बात कर रहा हूं, बिल्कुल सच कह रहा हूं और सच के सिवा कुछ नहीं कह रहा हूं, के विषय में देखते चलें। यह कला है झूठ बोलने की कला या असत्य उवाच की कला। यह कुर्सियां हासिल करने के लिए एक बहुत बड़ा कारगर उपाय है। सुंदरता के साथ झूठ ऐसा बोला जाए कि सामने वाला उसे सत्य का भी बाप समझ कर विश्वास कर ले और इस विश्वास के साथ हमें गद्दियां सौंपकर हाथों में हंटर जैसे अधिकार दे ताकि हम उस असत्य संवादों के महल को अपने झूठे और केवल झूठ के आधार पर चमकता बनाएं जिसके लिए झूठ पर विश्वास करने वाले सारे दर्द से कराहें या मुश्किलों में अपने दिनगुज़ारें। शर्त होती है कि आपको बहुत खूबसूरती से झूठ बोलना आना चाहिए। यह कभी जाहिर नहीं होने देना चाहिए कि आप कुछ नहीं जानते या आप बुद्धू हैं या आप लल्लू हैं। आपको हमेशा बुद्धिजीवी का जामा पहना वैसा ही वेशभूषा बनाए लगातार लोगों से संवाद करते रहना चाहिए जिसमें 99 से शत प्रतिशत केवल झूठ हो और झूठ के सिवा कुछ नहीं। तभी आप कुछ हासिल कर पाएंगे वरना आपको भी ठेले लगाकर समोसे या गोलगप्पे बेचने पड़ेंगे बे जिनकी चर्चा बहुत बार हो चुकी है।जो लोग कहते हैं कि सत्य की विजय होती है। होती होगी लेकिन इस कलयुग में हमने सत्यवादी हरिश्चंद्र को श्मशान में डोम बनते देखा या सत्यवादी गांधी जी को गोलियां खाते देखा। सत्य बोलने वाले को बहुत से कष्ट झेलने होते हैं और उन कष्टों के कारण उसे ना विशेष रहने दिया जाता है ना आम बनने दिया जाता है। वह त्रिशंकु सा अधर में लटका व्यक्ति होता है जो सोचता है मैं इधर जाऊं या उधर जाऊं बड़ी मुश्किल में हूं मैं किधर जाऊं। आपको लग सकता है कि यह असंदर्भ प्रासंगिक व्याख्या हो गई है, लेकिन ऐसा नहीं है। अपने पिछले दस वर्षों से देखा है कि ओ ना मासी धम बाप पढ़े ना हम की तर्ज पर लोग झूठ के सोपान पर होते हुए अधिकार हासिल कर लिए हैं और ऐसा चिपके हैं असत्य के आधार पर कि गद्दी छोड़ने का मन ही नहीं कर रहा है, क्योंकि जो सामने विरोधी वर्ग है उसे सत्य या असत्य की मीमांसा में कोई लाभप्रद नहीं लग रहा है और वह झूठ भी बोलता है तो लोग विश्वास नहीं करते क्योंकि सत्ता पक्ष के पास इस कला की कॉपीराइट है और वह नए-नए झूठ अपने नए ढंग से और नई-नई तरकीबों से ऐसा बोलता है कि सच को भी अपने अस्तित्व को बचाने में शर्म आ जाए।

# नर्मदा जयंती पर ओंकारेश्वर में होगा सवा लाख दीपदान, वर्षों पुरानी परंपरा का हो रहा निर्वहन



**4 फरवरी को 151 लीटर दूध से मां नर्मदा का अभिषेक**
**12 फरवरी को मुख्य कार्यक्रम में 251 लीटर से अभिषेक**

तीर्थ नगरी ओंकारेश्वर में जय मां नर्मदा युवा संगठन और ओंकारेश्वर मंदिर संस्थान की ओर से सप्त दिवसीय नर्मदा जन्मोत्सव मनाया जाएगा। बड़ी संख्या में श्रद्धालु ओंकारेश्वर पहुंचकर मां नर्मदा का पूजन कर चुनरी अर्पित करेंगे।
नर्मदा नदी में सवा लाख दीपदान किए जाएंगे। इसकी तैयारी प्रारंभ हो चुकी है।
कोटीतीर्थ घाट पर ओंकारेश्वर मंदिर ट्रस्ट द्वारा रंगाई सज्जा कर तैयारियां की जा रही हैं। इन मंचों पर धार्मिक कार्यक्रम होंगे। नर्मदा संगठन सदस्यों ने बताया कि सप्त दिवसीय नर्मदा जन्मोत्सव के दौरान प्रतिदिन केवलराम घाट पर पूजा पाठ के अलावा शाम 7 बजे शुद्ध घी से बने हलवे का प्रसाद भी वितरण किया जाएगा।

**ऐसे होंगे आयोजन**

शाम 7।30 बजे मां नर्मदा की काकड़ा आरती के साथ नर्मदा के मुख्य घाटों पर आरती होगी। साथ ही नर्मदा नदी में सवा लाख दीपदान एवं आतिशबाजी होगी। साथ ही भजन संध्या का कार्यक्रम भी रखा गया है, जिसमें प्रसिद्ध भजन गायक मनीष तिवारी अपनी टीम के साथ प्रस्तुती देंगे।

**12 फरवरी को मुख्य कार्यक्रम**

बता दें कि प्रतिवर्ष तीर्थनगरी में नर्मदा जयंती महोत्सव श्रद्धा-भक्ति के साथ मनाया जा रहा है। नर्मदा के कोटितीर्थ, चक्रतीर्थ, ओंकार, केवलराम, नागर, संगम सहित प्रत्येक घाट पर अभिषेक-पूजन व संध्या आरती होती हैं। मुख्य दिवस 12 फरवरी को मनाया जाता है। इस दिन 251 लीटर दूध से मां नर्मदा का अभिषेक, पूजन होता है। जन्म समय दोपहर 12 बजे हेलीकॉप्टर से पुष्प वर्षा होती है। घाटों पर श्रद्धालु माता को चुनरी अर्पित करते हैं। शाम को सवा लाख दीपदान व आतिशबाजी की जाती है। शाम 7।30 बजे महाआरती के बाद देसी घी के हलवे ही महाप्रसादी घाटों व पूरे नगर में वितरित की जाएगी।

## भीष्म अष्टमी व्रत कल

**भीष्म अष्टमी व्रत शुभ मुहूर्त**
**माघ मास के शुक्ल पक्ष की अष्टमी तिथि प्रारंभ - 05 फरवरी 2025 को प्रातः 02:30 बजे से**
**माघ मास के शुक्ल पक्ष की अष्टमी तिथि समाप्त - 06 फरवरी 2025 प्रातः 12:35 बजे**



हर साल माघ मास के शुक्ल पक्ष की अष्टमी तिथि को भीष्म अष्टमी का व्रत रखा जाता है। इस साल यह तिथि 5 फरवरी 2025 को पड़ रही है। भीम अष्टमी को भीमाष्टमी के नाम से भी जाना जाता है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार इसी दिन भीष्म पितामह ने अपने प्राण त्यागे थे। कहा जाता है कि महाभारत युद्ध के दौरान जब भीष्म पितामह घायल हो गए थे, तो उन्होंने सूर्य के उत्तरायण होने का इंतजार किया और माघ मास के शुक्ल पक्ष की अष्टमी तिथि को अपने प्राण त्याग दिए थे।
कहा जाता है कि भीष्माष्टमी के दिन जो लोग भीष्म पितामह की याद में कुश, तिल और जल से श्राद्ध, तर्पण आदि करते हैं, उन्हें गुणवान और योग्य संतान की प्राप्ति होती है। इतना ही नहीं, उन्हें जीवन में वैभव भी मिलता है।

**भीष्म अष्टमी का महत्व**

धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, भीष्म अष्टमी का व्रत रखने से निःसंतान दंपत्तियों को गुणवान संतान की प्राप्ति होती है। साथ ही भीष्म पितामह को तर्पण करने से सभी तरह के पाप समाप्त हो जाते हैं और पितृदोष भी दूर होता है।




## स्वतंत्र और आत्मनिर्भर होते हैं इस तारीख में जन्मे जातक!



अंक ज्योतिष, ज्योतिष शास्त्र की एक महत्वपूर्ण शाखा है, जो व्यक्ति के जन्म की तारीख से जुड़े अंक के जरिए उनके व्यक्तित्व और जीवन की विशेषताओं के बारे जानकारी देती करती है। यह एक प्राचीन विधि है, जो यह मानती है कि प्रत्येक व्यक्ति के जीवन में अंक महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। अंक ज्योतिष में जन्म तिथि से जुड़ा अंक ही व्यक्ति का मूलांक होता है, जो उनके भाग्य, व्यवहार और जीवन के विभिन्न पहलुओं को प्रभावित करता है। आज हम इस आर्टिकल में मूलांक 7 के बारे में विस्तार से जानेंगे भोपाल निवासी ज्योतिषी एवं वास्तु सलाहकार पंडित हितेंद्र कुमार शर्मा से जो अंक ज्योतिष में सबसे लकी और प्रभावशाली अंक माना जाता है।

**मूलांक 7 का महत्व**

अंक ज्योतिष में 1 से लेकर 9 तक के अंकों का विश्लेषण किया जाता है, जिसमें अंक 7 को विशेष स्थान प्राप्त है। यदि किसी व्यक्ति का जन्म 7, 16 या 25 तारीख को हुआ है, तो उनका मूलांक 7 होता है। यह अंक बेहद भाग्यशाली और शुभ माना जाता है। इस अंक से जुड़ी जातक व्यक्तित्व के मामले में बहुत अलग और खास होते हैं।

**मूलांक 7 के जातक कैसे होते हैं?**

मूलांक 7 के जातक जीवन में काफी स्वतंत्र और आत्मनिर्भर होते हैं। वे किसी भी प्रकार की दखलअंदाजी को पसंद नहीं करते और अपने तरीके से जीवन जीने में विश्वास रखते हैं। ऐसे जातक किसी से भी आसानी से प्रभावित नहीं होते और अपने विचारों तथा फैसलों पर दृढ़ रहते हैं। यह लोग अपनी जिंदगी को खुलकर जीते हैं और किसी भी मुश्किल का सामना धैर्य और साहस के साथ करते हैं। इनकी विशेषता यह होती है कि इन्हें किस्मत का भरपूर साथ मिलता है, जिससे वे हर क्षेत्र में सफलता प्राप्त करते हैं।

**केतु ग्रह का प्रभाव**

अंक ज्योतिष के अनुसार, मूलांक 7 को केतु ग्रह से जोड़ा जाता है। केतु एक ऐसा ग्रह है, जिसे अक्सर परेशान करने वाला ग्रह माना जाता है, लेकिन यह ग्रह इस अंक के जातकों पर सकारात्मक प्रभाव भी डालता है। केतु के प्रभाव के कारण इन जातकों में आंतरिक शक्ति होती है और वे अपने जीवन के फैसले खुद लेने में सक्षम होते हैं। हालांकि, केतु का प्रभाव यह भी सुनिश्चित करता है कि इन लोगों को कभी-कभी धोखा भी मिल सकता है, क्योंकि वे दूसरों पर जल्दी भरोसा कर लेते हैं।

**मान-सम्मान और समृद्धि**

मूलांक 7 के जातक अपने जीवन में लगातार सफलता की ओर बढ़ते रहते हैं। उन्हें हर क्षेत्र में मान-सम्मान और सफलता मिलती है। इन लोगों के पास धन की कोई कमी नहीं होती और ये अपनी मेहनत और कड़ी लगन से जीवन में बड़ी सफलता प्राप्त करते हैं। इसके अलावा, उनका इमेजिनेशन बहुत मजबूत होता है, जिससे वे भविष्य में होने वाली घटनाओं का अनुमान पहले से लगा लेते हैं।

**सामाजिक कार्यों में भागीदारी**

मूलांक 7 के जातक एक सकारात्मक और केयरिंग स्वभाव के होते हैं। वे समाज में सक्रिय रूप से भाग लेते हैं और दूसरों की मदद करने में विश्वास रखते हैं। इनकी एक और खासियत यह है कि वे अपने आसपास के लोगों से हमेशा अच्छे रिश्ते बनाए रखते हैं और उनका आदर करते हैं। यही कारण है कि इन्हें सामाजिक सम्मान और मान्यता मिलती है।

## रथ सप्तमी आज, सूर्यदेव की होगी पूजा



हिन्दू धर्म में रथ सप्तमी का पर्व भगवान सूर्य को समर्पित है। यह दिन विशेष रूप से स्वास्थ्य, शक्ति और सफलता की प्राप्ति के लिए महत्वपूर्ण माना जाता है। इस दिन सूर्य देव की पूरे विधि-विधान से पूजा की जाती है और मनोकामना पूर्ति के लिए प्रार्थना की जाती है। ऐसी मान्यता है कि इस दिन सूर्य देव की पूजा-आराधना करने से जीवन में उन्नति और समृद्धि आती है। इसके साथ ही जीवन में आने वाले कष्टों से छुटकारा मिलता है और लोगों की मनोकामनाएं पूरी होती हैं।
पंचांग के अनुसार, माघ माह के शुक्ल पक्ष की सप्तमी तिथि 4 फरवरी दिन मंगलवार को सुबह 04 बजकर 37 मिनट पर शुरू होगी और अगले दिन 5 फरवरी दिन बुधवार को देर रात 02 बजकर 30 मिनट पर समाप्त होगी। ऐसे में उदयातिथि के अनुसार, रथ सप्तमी 4 फरवरी को ही मनाई जाएगी। इस दिन रथ सप्तमी स्नान का शुभ मुहूर्त 4 फरवरी दिन मंगलवार को सुबह 05 बजकर 23 मिनट से लेकर 07 बजकर 08 मिनट तक रहेगा।

**रथ सप्तमी पर इस विधि से करें पूजा**

रथ सप्तमी के दिन सुबह जल्दी उठकर शुभ मुहूर्त में स्नान करें और साफ कपड़े पहनें।
फिर पूजा स्थल को साफ करें और फूलों से सजाएं।
सूर्य देव की मूर्ति या चित्र को स्थापित करें।
सूर्य देव को गंगाजल से स्नान कराएं और चंदन, रोली, सिंदूर आदि से उनका श्रृंगार करें।
उन्हें पुष्प माला पहनाएं और धूप-दीप दिखाएं।
तांबे के लोटे में जल भरकर सूर्य देव को अर्घ्य दें।
अर्घ्य देते समय "ॐ घृणिः सूर्याय नमः" मंत्र का जाप करें।
सूर्य देव को गुड़, तिल, वस्त्र और रोटी का भोग लगाएं।
पूजा के अंत में सूर्य देव की आरती करें और लोगों में प्रसाद वितरित करें।

**रथ सप्तमी का महत्व**

रथ सप्तमी के दिन व्रत रखने का भी विधान है। व्रत रखने वाले लोग दिन भर उपवास रहते हैं और शाम को व्रत का पारण करते हैं। सूर्य देव स्वास्थ्य और शक्ति के देवता हैं। उनकी पूजा करने से शरीर स्वस्थ रहता है और शक्ति मिलती है। सूर्य देव आयु के देवता भी माने जाते हैं। उनकी पूजा करने से आयु में वृद्धि होती है। सूर्य देव की कृपा से जीवन में लोगों को सफलता प्राप्त होती है। रथ सप्तमी का पर्व सूर्य देव की कृपा प्राप्त करने का एक अच्छा अवसर है। इस दिन उनकी पूजा करने से जीवन में उन्नति और समृद्धि आती है।




## तेरापंथ शासन में मर्यादा का महोत्सव



निर्मला बैद

**मर्यादा महोत्सव**
**तेरापंथ शासन का शक्ति**
**श्रोतमर्यादा महोत्सव**
**सितारो का मेला लगता है।**
**किसी दिन**
**जन्नत में सोया जगता है**
**किसी दिन**
**कभी कभी ही आती है**
**अनमोल घडियां**

ज्ञान, दर्शन और चरित्र की त्रिवेणी में मर्यादा महोत्सव मनाया जा रहा है। तेरापंथ जो एक बुद्ध से समुद्र बना है। एक राई से मेरु बना है। सचमुच मर्यादाएं ही इस निर्माण का मौलिक आधार रही है। मर्यादा पुरुषोत्तम आचार्य भिक्षु का हम कितना आभार व्यक्त करे कि जिनके कर कमलो से लिखा एक पत्र आज जैन शासन का छत्र बन रहा है श्रीमद जयाचार्य को हम कैसी कुसुमांजलि अर्पित करें कि जिनके प्रताप से यह उत्सव आज हजारों हजारों आंखे देख रही हैं। इस पुनीत अवसर से प्रेरणा ले हमारी भी भावनाएं जागे, ऋविराय के युग की थली की सादगी, सच्चाई और संगठन फिर हमारे बीच में आये। 'इन पुण्यात्माओं से हमारा हर घर मंदिर बन जाएं
अनुशासन के बिना हमारी सामाजिक व्यवस्था लडखडा जायेगी तथा प्रगति के मार्ग भी बंध हो जायेंगे। अनुशासित व्यक्ति का मानस अधिक से अधिक जागरुक और विवेकशील होता है । हम अपनी स्वतंत्रता के साथ दूसरों की स्वतंत्रता का भी सम्मान करें। अपने स्वाभिमान के साथ दूसरों के स्वाभिमान का महत्व समझें। मर्यादा का विचार इस बात पर अवश्य बल देता है संयम और अनुशासन के अभाव में स्वतंत्रता अभिशाप बन जाती है। यह एक सर्वमान्य तथ्य है उसका परिणाम विनाश होता है। अनुशासन गति में सरिता के तट के समान है उसके प्रभाव से हमारी गति और अधिक नियनित व संतुलित बन जाती है। जिसका परिणाम हर दृष्टि से सुखद और सुंदर होता है। विश्व में आज तक जो भी विकास और प्रकाश हुआ है वह मर्यादा और अनुशासन से हुआ है। महान वैज्ञानिक सर जेम्सजॉन ने अपनी पुस्तक 'दी मिस्टी रियस युनिवर्स' में विश्व व्यवस्था पर प्रकाश डालते हुए लिखा है कि संसार का प्रत्येक कण और क्षण विभिन्न नियमों से अनुशासित है। यदि उसका कहीं भी भंग होता है तो उसका परिणाम बहुत भयानक होता है।
कही राम के साथ सीता के इतिहास को पढ़ा कही कृष्ण के साथ राधा के रास को पढ़ा।
मर्यादा महोत्सव के इस रौनक भरे मेले में आज भिक्षु की मर्यादा के विश्वस को पढ़ा।
'राम कृष्ण की चीर मर्यादा सबको राह दिखाती है।
महावीर गौतम गांधी की वाणी जय जय गाती
मर्यादा तो चरित्रशील है सांसों की सरगम है।
मन भावन है राग सलोना शाश्वत यही प्रभाती
मानवता जब बनती रावण समर ठन जाता है।
तेरापंथ शासन में ही मर्यादा का महोत्सव मनाया जाता है।

# ममता कुलकर्णी ने धीरेंद्र शास्त्री को दिया करारा जवाब



बॉलीवुड एक्ट्रेस ममता कुलकर्णी करीब 25 साल तक लाइमलाइट से दूर रहीं। फिर इस लंबे समय के बाद भारत लौटकर उन्होंने बवाल ही मचा दिया। वापसी के बाद से ही वो चर्चा में बनी हुई हैं। हाल ही में उनके साध्वी बनने के बनने के फैसले बवाल ही मचा दिया था। उन्होंने आध्यात्मिक जीवन अपनाया और उन्हें महाकुंभ मेले में महामंडलेश्वर की उपाधि से सम्मानित किया गया। हालांकि, बाद में उन्हें इस पद से भी हटा दिया गया था, जिसके बाद से वो काफी विवादों में बनी हुई हैं। बाबा रामदेव और बागेश्वर धाम के धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री ने उनके साध्वी बनने पर सवाल उठाया। ऐसे में अब एक्ट्रेस की ओर से उन्हें करार जवाब दिया गया है। ममता ने धीरेंद्र शास्त्री को जवाब देते हुए कहा कि जितनी उनकी उम्र है, उसके बराबर उन्होंने ध्यान किया है।

दरअसल, जब ममता कुलकर्णी को महामंडलेश्वर पद मिला तो उन पर कई धार्मिक हस्तियों ने रिएक्शन दिया। इस पर सवाल भी खड़े किए गए। उनके साध्वी बनने पर ये भी सवाल उठा कि उन्होंने इसके लिए पैसे लिए हैं। इसी में से एक बाबा रामदेव ने सवाल उठाए और इसकी आलोचना करते हुए कहा कि किसी को एक दिन में संत की उपाधि नहीं मिलती है। इसके लिए सालों की कठोर तपस्या की जरूरत होती है। उन्होंने आगे ममता पर निशाना साधते हुए कहा कि आजकल लोगों को अजीब ढंग से महामंडलेश्वर की उपाधि दे दी जाती है। वहीं, धीरेंद्र शास्त्री ने भी उन पर सवाल उठाए हैं और विरोध जताया है।

धीरेंद्र शास्त्री ने ममता कुलकर्णी के साध्वी बनने पर सवाल उठाते हुए कहा कि ऐसे सम्मान उन व्यक्तियों के लिए सुरक्षित रखने चाहिए, जो वास्तव में एक संत की भावना का प्रतीक हैं। वहीं, अब ममता कुलकर्णी ने इन सवालों के जवाब दिए हैं। हाल ही में वो रजत शर्मा के शो आपकी अदालत में पहुंची थीं। पहले उन्होंने बाबा रामदेव के सवाल का जवाब देते हुए कहा कि उन्हें बाबा रामदेव को क्या चाहिए? अभिनेत्री ने आगे कहा कि बाबा

# रैगिंग के बाद सुसाइड करने वाले छात्र के लिए सामंथा और कीर्ति ने उठाई आवाज, मांगा न्याय


कीर्ति व सामंथा

अभिनेत्री कीर्ति सुरेश और सामंथा रुथ प्रभु ने केरल के 15 वर्षीय किशोर मिहिर अहमद की मौत पर अपनी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने इंस्टाग्राम पर स्टोरी शेयर करते हुए किशोर के लिए न्याय की मांग की है। एर्नाकुलम के थिरुवनीयूर इलाके में ग्लोबल पब्लिक स्कूल के छात्र मिहिर कि उसके ही क्लासमेट्स ने रैगिंग की, जिसके बाद 15 जनवरी को उसने घर से कूदकर आत्महत्या कर ली।

### कीर्ति ने की न्याय की मांग

अभिनेत्री कीर्ति सुरेश ने मिहिर के लिए न्याय की मांग करते हुए अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर लिखा, यह दिल दहला देने वाला है! अगर स्कूल में रैगिंग शुरू हो जाती है और बच्चों के एक समूह ने एक लड़के को इस हद तक प्रताड़ित किया है कि उसने अपनी जान ले ली, तो यह कितनी शर्म की बात है! इस दुखी मां और उसके परिवार के बारे में सोचना बंद नहीं कर पा रही। कीर्ति ने एक इंस्टाग्राम पोस्ट भी दोबारा शेयर की, जिसे मिहिर की मां ने अपलोड किया था। पोस्ट में, उन्होंने खुलासा किया कि उन्होंने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है। अधिकारियों से अपने बेटे की मौत की जांच करने का आग्रह किया है।

शुक्रवार को अभिनेत्री सामंथा रूथ प्रभु ने भी मिहिर की मौत पर रिएक्शन दिया और न्याय की मांग की। अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर एक लंबे नोट में उन्होंने लिखा कि वह इस घटना से टूट गई हैं। सामंथा ने लिखा, यह 2025 है। फिर भी

# फिल्म 'कन्नप्पा' में रुद्र की भूमिका में नजर आएंगे प्रभास




इस साल प्रभास फिल्म 'राजा साहब' में नजर आएंगे। लेकिन इससे पहले वह फिल्म 'कन्नप्पा' में नजर आएंगे। इसमें वह रुद्र नाम का किरदार निभा रहे हैं। फिल्म में लीड रोल में विष्णु मांचू हैं। इस फिल्म में प्रभास का लुक कैसा होगा, इसकी जानकारी सोशल मीडिया के जरिए अपने फैंस को दी है।

प्रभास ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर एक पोस्ट शेयर किया, जिसमें वह फिल्म 'कन्नप्पा' में रुद्र की भूमिका में नजर आ रहे हैं। इस किरदार में उनका लुक काफी हटकर नजर आ रहा है। अपनी पोस्ट के साथ प्रभास ने एक कैप्शन भी लिखा है- ' मेरा किरदार रुद्र फिल्म 'कन्नप्पा' में शक्ति और ज्ञान का अवतार है। यह फिल्म भक्ति, त्याग और प्रेम की एक अनोखी यात्रा है। इस कहानी का हिस्सा बनने के लिए हमारे साथ शामिल हो जाइए। 25 अप्रैल को 2025 को 'कन्नप्पा' सिनेमाघरों में रिलीज होगी।' आगे प्रभास हर हर महादेव का हैशटैग भी लिखते हैं।

प्रभास का रुद्र का लुक उनके फैंस को भी पसंद आया है। एक्टर की पोस्ट पर फैंस ने उन्हें सिनेमा का किंग कहा। साथ ही रुद्र की भूमिका में प्रभास को देखने के लिए फैंस भी काफी उत्साहित दिखे। कई फैंस ने भी हर हर महादेव अपने कमेंट में लिखा और प्रभास को सपोर्ट किया।

फिल्म 'कन्नप्पा' की कहानी की बात की जाए तो यह एक माइथोलॉजिकल फिल्म है, इसका डायरेक्शन मुकेश कुमार सिंह ने किया है। विष्णु मांचू ने कन्नप्पा की भूमिका निभाई है, जो भगवान शिव का बहुत बड़ा भक्त है। फिल्म में विष्णु मांचू और प्रभास के अलावा मोहनलाल, शिवराज कुमार, नयनतारा, तमन्ना भाटिया, काजल अग्रवाल, आर सरथकुमार, ब्रह्मानंदम भी नजर आएंगे।

# दृश्यम 3 में अजय देवगन के साथ दिखेंगे मोहन लाल? सुपरहिट फ्रेंचाइजी पर धमाकेदार खुलासा

मलयालम सिनेमा को अंतर्राष्ट्रीय प्रसिद्धि दिलाने वाली लेखक-निर्देशक जीतू जोसफ की फिल्म 'दृश्यम' का जिक्र होते ही लोग इसकी तीसरी कड़ी की स्थिति जानने के लिए उत्सुक हो जाते हैं। चर्चा रही है कि इसकी तीसरी कड़ी में मलयालम अभिनेता मोहन लाल और इसकी हिंदी रीमेक के हीरो अजय देवगन एक साथ नजर आ सकते है और ये हिंदी व मलयालम फिल्म जगत में अरसे से ये चर्चा रही है कि फ्रेंचाइजी की तीसरी कड़ी में मोहन लाल और अजय देवगन एक साथ नजर आ सकते हैं और कहानी कुछ ऐसा मोड़ ले सकती है कि दोनों भाषाओं के दर्शक हैरान रह जाएं।

मोहन लाल की फिल्म निर्माण कंपनी आशीर्वाद सिनेमाज ही इसे बना रही है और इस कंपनी ने 26 जनवरी को अपनी स्थापना के



कहानियों का अनोखा क्रॉसओवर भी हो सकता है। 'अमर उजाला' से एक खास मुलाकात में अभिनेता मोहन लाल ने इस राज से पर्दा उठाया है।

फिल्म 'दृश्यम' नाम से पहली फिल्म साल 2013 में मलयालम में रिलीज हुई और फिल्म हिट होते ही अगले ही साल इसका कन्नड़ रीमेक 'दृश्या' और तेलुगु रीमेक 'दृश्यम' भी रिलीज हो गया। ये फिल्में भी हिट रहीं तो साल 2015 में इसका हिंदी रीमेक 'दृश्यम' और तमिल रीमेक 'पापनाशम' भी रिलीज हुए। ये दोनों फिल्में सुपर हिट रहीं। फिल्म का श्रीलंका की सिंहली भाषा और चीन की स्थानीय भाषा में भी रीमेक बन चुका है। इंडोनेशिया और कोरिया में भी इसके रीमेक बनने की चर्चाएं रही हैं।

फ्रेंचाइजी की दूसरी फिल्म 'दृश्यम 2' भी इन सारी भाषाओं में बनी और सुपरहिट रही हालांकि कोरोना संक्रमण काल के चलते मलयालम में बनी मूल फिल्म सीधे ओटीटी पर रिलीज हुई थी। अब इसकी तीसरी कड़ी यानी 'दृश्यम 3' पर सबकी निगाहें टिकी हैं। मुंबई 25 साल पूरे किए। इस मौके पर 'अमर उजाला' के एक सवाल के जवाब में मोहन लाल ने कहा, "मैं और अजय 'दृश्यम 3' में एक साथ काम नहीं करने वाले हैं। फिल्म के हिंदी में ही नहीं बल्कि अन्य भाषाओं में भी रीमेक हुए हैं और उन सभी फिल्मों के मुख्य नायकों के प्रशंसकों की भी ऐसे क्रॉस ओवर की इच्छा हो सकती है। विचार अच्छा है लेकिन ऐसा कुछ हो नहीं रहा।"

मोहन लाल के मुताबिक अभी फिल्म 'दृश्यम 3' की कहानी फाइनल नहीं हुई है। लेखक-निर्देशक जीतू जोसफ इस पर काम कर रहे हैं।मोहन लाल को देश में पैन इंडिया फिल्मों की रिलीज की शुरूआत करने वाला फिल्म निर्माता माना जाता है। मोहनलाल अभिनीत फिल्म 'काला पानी' साल 1996 में रिलीज हुई थी। इसके निर्माता मोहन लाल खुद थे और इसका निर्देशन किया था प्रियदर्शन ने। फिल्म में हिंदी सिनेमा के दिग्गज विलेन अमरीश पुरी और बिंदास अभिनेत्री तब्बू ने भी काम किया है।

# शोहरत दौलत मिली पर मुकम्मल ना हुआ इश्क पहली शादी टूटी फिर कैंसर ने छीना दीप्ति का प्यार



"नसीब में नहीं था जो हमको मिला नहीं" 'नसीब' फिल्म के गीत के यह बोल जैसे दीप्ति नवल की लव लाइफ को हूबहू बयां करते हों। अभिनेत्री को जिंदगी में सब कुछ मिला सिवाय एक प्यार के, जिससे बेइंतहा मोहब्बत की उसे ही खुदा ने छीन लिया। आज सत्तर और अस्सी के दशक की अभिनेत्री दीप्ति नवल का 73वां जन्मदिन है। अभिनेत्री को 'चश्मे बद्दूर', 'किसी से ना कहना', 'अनकही' और 'फिराक' जैसी फिल्मों के लिए याद किया जाता है। दीप्ति का जन्म 3 फरवरी 1952 को पंजाब के अमृतसर में हुआ, लेकिन बाद में वह न्यूयॉर्क चली गईं। जब हिंदी सिनेमा की दुनिया में हेमा मालिनी, रेखा, जया प्रदा और पूनम ढिल्लों जैसी अभिनेत्रियों का जलवा था। तब श्याम बेनेगल की फिल्म 'जुनून' से फिल्मी दुनिया में कदम रखा और अपनी एक अलग पहचान बनाई। देखते ही देखते दीप्ति फिल्म निर्माताओं की नजर में बस गईं और उन्होंने एक के बाद एक कई हिट और सुपरहिट फिल्में दी। अभिनेत्री अपने प्रोफेशनल लाइफ के साथ-साथ पर्सनल लाइफ को लेकर भी काफी चर्चा में रहीं। अपनी निजी जिंदगी में उन्हें काफी उतार चढ़ाव का सामना करना पड़ा। आइए आज हम उनकी निजी जिंदगी और लव लाइफ के बारे में जानते हैं

### प्यार, शादी और तलाक

श्याम बेनेगल की 'जुनून' से डेब्यू करने के बाद दीप्ति ने 'चश्मे बद्दूर' की और फिर बस आगे ही बढ़ती चली गईं। अपने फिल्मी सफर के दौरान ही उनकी मुलाकात निर्देशक प्रकाश झा से हुई। दोनों प्यार में पड़ गए। प्यार कुछ यूं परवान चढ़ा की साल 1985 में प्रकाश झा और दीप्ति नवल ने शादी कर ली। इसके बाद दोनों ने एक बेटी को गोद लिया। लव मैरिज के बावजूद यह शादी केवल दो साल ही चल सकी, दोनों अलग हो गए और 15 साल बाद ने तलाक ले लिया।

### दूसरे प्यार को निगल गया कैंसर

प्रकाश झा से अलग होने के बाद दीप्ति नवल की जिंदगी में अभिनेता विनोद पंडित की एंट्री होती है। दोनों की मुलाकात टीवी शो 'थोड़ा आसमान' के दौरान हुई थी। विनोद ने इस शो में दीप्ति के पति का किरदार निभाया था। शो में काम करते हुए दोनों एक-दूसरे को दिल दे बैठ। दीप्ति विनोद के प्यार में पूरी तरह से कुर्बान हो चुकी थीं। शायद ऊपर वाले को कुछ और ही मंजूर था। इन सब के बीच विनोद पंडित को कैंसर हो गया और वह इस दुनिया को अलविदा कह गएं। विनोद की मौत के बाद दीप्ति बुरी तरह से टूट गईं।

### विनोद की याद में बनाया ट्रस्ट

विनोद की मौत के बाद से दीप्ति ने अपनी जिंदगी अकेले ही गुजारी। वह 73 साल की हो गई हैं और अब वह अभिनय के अलावा पेंटर और फोटोग्राफर भी हैं। दीप्ति के पिता भी एक पेंटर थे और शुरू में वह चाहते थे कि उनकी बेटी भी एक पेंटर बने। शायद अपने पिता के सपने को पूरा करने के लिए दीप्ति ने पेंटिंग करनी भी शुरू कर दी। दीप्ति दिवंगत एक्टर और बॉयफ्रेंड विनोद पंडित के नाम से चैरिटेबल ट्रस्ट भी चलाती हैं। इसकी स्थापना उन्होंने विनोद की याद में की थी। इस ट्रस्ट की मदद से वह लड़कियों की शिक्षा के लिए काम करती हैं। दीप्ति को साल 2023 में फिल्म 'गोल्डफिश' में आखिरी बार देखा गया था।

### दीप्ति नवल की यादगार फिल्में

दीप्ति नवल 'जुनून', 'हम पांच', 'एक बार फिर', 'चश्मे बद्दूर', 'साथ साथ', 'श्रीमान श्रीमती', 'कथा, 'होली', 'अनकही', 'सौदागर', 'जय विक्रांता', 'शक्तिः द पावर', 'जिंदगी ना मिलेगी दोबारा' और गोल्डफिश जैसी फिल्मों में नजर आ चुकी हैं।

# 'उन्होंने बहुत कुछ सहा', अल्लू अर्जुन की गिरफ्तारी पर नागा चैतन्य ने पहली बार दी प्रतिक्रिया



अल्लू अर्जुन की फिल्म 'पुष्पा 2' उनकी करियर की सबसे बड़ी ब्लॉकबस्टर साबित हुई है। हालांकि, फिल्म की शानदार सफलता के बावजूद अभिनेता इसका पूरी तरह से आनंद नहीं ले पाए। दरअसल, संध्या थिएटर मामले में वह गिरफ्तार हो गए थे और फिलहाल जमानत पर बाहर हैं।

### अल्लू अर्जुन के लिए कही ये बात

अब पहली बार नागा चैतन्य ने अल्लू अर्जुन की गिरफ्तारी पर अपनी प्रतिक्रिया दी है। एक इंटरव्यू के दौरान जब चैतन्य से इस बारे में सवाल किया गया तो उन्होंने कहा, जो कुछ भी हुआ वह दुर्भाग्यपूर्ण था। ऐसा नहीं होना चाहिए था। हम एक-दूसरे के लिए खड़े हैं। मुझे पता है कि अल्लू अर्जुन ने क्या सहा। लेकिन यह जीवन है और कभी नहीं कहा जा सकता कि आगे क्या होगा।

### प्री-रिलीज इवेंट में शामिल होंगे अल्लू

मौजूदा समय में अल्लू अर्जुन का नाम चर्चाओं में बना हुआ है। 'थं'डेल फिल्म के प्री-रिलीज इवेंट में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित होंगे। इस कार्यक्रम में वह चैतन्य और उनकी नई फिल्म के बारे में क्या कहते हैं यह देखना दिलचस्प होगा।

### नेटफ्लिक्स पर धमाल मचा रही पुष्पा 2

पुष्पा 2 की बात करें तो फिल्म टिकट खिड़की पर 1230 करोड़ से ज्यादा की कमाई करने में सफल रही है। हाल ही में इस फिल्म ने ओटीटी पर दस्तक दी है। दर्शकों को नेटफ्लिक्स पर यह फिल्म काफी ज्यादा पसंद आ रही है।

# हुमा कुरैशी को रास आती हैं 'बिगड़ैल लड़िकयां' आदमी-औरत नहीं एक इंसान होकर सोचने की जरूरत



गैंग्स ऑफ वासेपुर फेम एक्ट्रेस हुमा कुरैशी ने हाल ही में अपनी किताब लिखी है, जिसके बारें में चर्चा करते हुए वह बताती हैं कि उन्हें खराब व्यवहार वाली महिलाएं ज्यादा पसंद है। आखिर ऐसा हुमा ने क्यों कहा, आइए जानते हैं।

### हुमा अब अभिनेत्री ही नहीं लेखिका भी हैं

हाल ही में हुमा कुरैशी ने अपनी एक पुस्तक लिखी, जिसका नाम 'जेबाः द एक्सीडेंटल हीरो' है। बीते रविवार को हुमा ने जयपुर लिटरेचर फेस्टिवल में हिस्सा लिया। अपनी पुस्तक की चर्चा करते हुए उन्होंने बताया कि इसके मुख्य किरदार में एक ऐसी लड़की है, जो किसी को भी आसानी से पसंद आन वाली लड़की नहीं है। हालांकि, हुमा ने अपने आप को भी ऐसी ही लड़की बताया। हुमा कहती हैं, "मैं महिलाओं को कैसे चलना चाहिए, कैसे कपड़े पहनना चाहिए, कैसे बर्ताव करना चाहिए जैसी बातों को कहे जान से परेशान हो गई हूं।"

हुमा कहती हैं कि अपने खुले विचारों को लिखने में उन्हें मक्ति मिली। एक बिगड़ैल लड़की और लोगों के लिए थोड़ा अजीब लगने वाली लड़की को मुख्य किरदार में लिखने में हुमा ने अपने आपको बहुत सहज महसूस किया। वह ये भी बताती हैं कि जब आप अपने असल व्यक्तित्व को लिखना चाहते हैं, तो आपको कई कठिनाईयों का भी सामना करना पड़ता है। जब व्यक्ति किसी के छोटे से दिमाग में क्या चल रहा है यह पता कर ले तो वह चौंक सकता है, लेकिन उस चीज के सामने आने पर लोगों को आनंद भी मिलता है, इसी से जुड़े विचारों को हुमा आपके सामने लेकर आई हैं।

### महिलाओं के बारे में सोच बदलें

हुमा बताती हैं कि महिलाओं को जिस दिन लिंग भेद से ऊपर उठकर देखा जाने लगेगा, उस दिन से महिलाओं को असली आजादी मिलेगी। लोगों को आदमी, औरत से ज्यादा एक इंसान होकर सोचने की जरूरत है। हुमा बताती हैं कि अपनी किताब को लेकर वो बहुत घबराई हुई थीं, लेकिन अभी तक उन्हें किसी भी नकारात्मक टिप्पणियों का सामना नहीं करना पड़ा है। चर्चित अभिनेत्री हुमा कुरैशी जल्द ही आने वाली वेब सीरीज दिल्ली क्राइम के तीसरे सीजन में एक खलनायिका का रोल करती दिखेंगी। इनके साथ इस सीरीज में शेफाली शाह, रसिका दुग्गल, और अन्य कलाकार भी नजर आएंगे।

# 'एक ही फिल्म में दो अभिनेत्रियां काम नहीं कर सकतीं...', रकुल प्रीत संग काम को लेकर बोलीं भूमि



बॉलीवुड अभिनेत्री भूमि पेडनेकर ने अपनी आगामी फिल्म 'मेरे हसबैंड की बीवी' में रकुल प्रीत संग काम करने को लेकर अपने विचार साझा किए हैं। उन्होंने कहा कि एक ही फिल्म में दो अभिनेत्रियां काम नहीं कर सकतीं ये बिल्कुल गलत नरेटिव है। बता दें इस फिल्म में भूमि पेडनेकर और रकुल प्रीत सिंह एक साथ स्क्रीन शेयर करती नजर आने वाली हैं। फिल्म में अर्जुन कपूर भी मुख्य किरदार में हैं। भूमि ने बॉलीवुड फिल्मों में दो अभिनेत्रियों के एक साथ काम करने को लेकर अपनी टिप्पणी दी है।

### कॉमेडी फिल्म को लेकर कही ये बात

उन्होंने कहा, आमतौर पर महिला कलाकारों को कॉमेडी फिल्में करने का मौका नहीं मिलता। मुझे कॉमेडी फिल्में देखना बहुत पसंद है। इस फिल्म में दोनों महिला कलाकारों ने कॉमेडी को आगे बढ़ाया है, जैसा कि आप 90 के दशक में नंबर वन सीरीज की फिल्मों में देखते थे, जिसमें अभिनेत्रियां कॉमेडी करती थीं। इसलिए, हमने भी कुछ ऐसा ही किया है।

### रकुल प्रीत सिंह के लिए बोलीं भूमि

भूमि ने रकुल प्रीत सिंह के साथ फिल्म करने को लेकर भी अपनी बात सामने रखी। उन्होंने कहा, वह मेरी बहन जैसी हैं। उसकी शादी मेरे सबसे अच्छे दोस्त जैकी भगनानी से हुई है और अब वह मेरी सबसे करीबी दोस्तों में से एक बन गई है। यह कहा जाता है कि दो अभिनेत्रियां एक साथ असुरक्षित हैं, हालांकि ये सच नहीं है और यह कुछ ऐसे पुरुषों द्वारा शुरू किया गया होगा जो खुद सुरक्षित नहीं हैं। हमारे बीच कुछ भी गलत नहीं है, बल्कि हमने फिल्म की शूटिंग में पूरी मस्ती की।

### भूमि-रकुल के बीच होगी प्यार की जंग

फिल्म में अर्जुन कपूर पूर्व पत्नी भूमि को ठीक करने की कोशिश करते हैं और उन्हें सब सच बता देते हैं। भूमि भी अब अर्जुन को दोबारा पाना चाहती हैं, जिसके बाद रकुल के साथ उनकी जंग शुरू हो जाती है। अब पूरी कहानी तीनों के इर्द-गिर्द घूम रही है। अर्जुन, भूमि और रकुल की यह फिल्म 21 फरवरी को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

### इन अभिनेत्रियों संग शेयर की स्क्रीन

ऐसा पहली बार नहीं है कि भूमि किसी फिल्म में एक और बॉलीवुड अभिनेत्री के साथ दिखाई देने वाली हैं। भूमि इससे पहले पति, पत्नी और वो में अनन्या पांडे के साथ काम कर चुकी हैं। वे तापसी पन्नू के साथ भी सांड की आंख में स्क्रीन शेयर कर चुकी हैं।




# रोज सुबह की ये एक आदत आपकी सेहत में ला सकती है बड़ा बदलाव, आज से ही करें शुरुआत



**खान-पान में सुधार** करके आप कई प्रकार के स्वास्थ्य लाभ पा सकते हैं। आप क्या खाते-पीते है इसका सेहत पर सीधा असर होता है। यही कारण है कि स्वास्थ्य विशेषज्ञ सभी लोगों को आहार में सुधार करने की सलाह देते हैं। रोजाना नींबू पानी पीना सेहत के लिए कई तरह से फायदेमंद होता है, खासकर जब इसे सुबह खाली पेट पिया जाए। नींबू में विटामिन सी, एंटीऑक्सिडेंट्स और अन्य पोषक तत्व होते हैं जो शरीर को डिटॉक्स करने, पाचन सुधारने और इम्युनिटी बढ़ाने में मदद करते हैं।

स्वास्थ्य को बेहतर बनाने के लिए खाली पेट नींबू पानी पीना एक आसान और प्रभावी तरीका माना जाता है। यह न केवल शरीर को डिटॉक्स करता है, बल्कि पाचन, वजन नियंत्रण, त्वचा, हृदय, और मस्तिष्क स्वास्थ्य में भी मदद करता है। वैज्ञानिक शोधों से भी यह सिद्ध होता है कि नींबू पानी नियमित रूप से पीने से शरीर को कई लाभ मिलते हैं। अगर आप वजन कम करने के लिए प्रयास कर रहे हैं तो नींबू पानी पीना आपके लिए अच्छा विकल्प हो सकता है।

### खाली पेट नींबू पानी पीने के लाभ

खाली पेट नींबू पानी पीना पाचन तंत्र को सुधारने, वजन घटाने से लेकर शरीर को डिटॉक्स करने और त्वचा के लिए बहुत फायदेमंद माना जाता है। यदि आप इसे अपनी दिनचर्या में शामिल करना चाहते हैं, तो सुबह एक गिलास गुनगुने पानी में आधा





नींबू निचोड़कर पीना सबसे अच्छा रहता है। हालांकि यदि आपको पेट में अल्सर, एसिडिटी रहती है तो पहले डॉक्टर से परामर्श जरूर लें।

नींबू पानी सेहत को कई लाभ दे सकता है।

### पाचन स्वास्थ्य के लिए फायदेमंद

नींबू पानी पेट में गैस्ट्रिक जूस (पाचन रस) के स्राव को उत्तेजित करता है, जिससे भोजन पचाने में मदद मिलती है। अध्ययनों में पाया गया है कि नींबू का साइट्रिक एसिड गैस्ट्रिक जूस के उत्पादन को बढ़ाता है, जिससे पाचन में सुधार होता है। खाली पेट इसके सेवन से आपको कई लाभ हो सकते हैं।

### वजन कम करने में मददगार

नींबू पानी शरीर के मेटाबॉलिज्म को तेज करता है, जिससे कैलोरी अधिक बर्न होती है और वजन घटाने में सहायता मिलती है। इंटरनेशनल जर्नल ऑफ ओबेसिटी में प्रकाशित एक अध्ययन सेपता चलता है कि सुबह गुनगुना नींबू पानी पीने से मेटाबॉलिज्म दर 30% तक बढ़ सकती है। ये वेट लॉस करने में आपके लिए बहुत मददगार हो सकती है।

### शरीर से निकलती है गंदगी

नींबू पानी किडनी और लिवर के टॉक्सिन्स को बाहर निकालने में मदद करता है, जिससे शरीर साफ रहता है। अध्ययन बताते हैं कि नींबू का एंटीऑक्सिडेंट गुण लिवर एंजाइम्स को एक्टिव करता है, जिससे डिटॉक्सिफिकेशन तेज होता है।

### इम्युनिटी होती है मजबूत

नींबू में मौजूद विटामिन-सी सफेद रक्त कोशिकाओं को बढ़ावा देता है, जिससे बीमारियों से बचाव होता है। विटामिन-सी वायरल और बैक्टीरियल इंफेक्शन से लड़ने की क्षमता को बढ़ाता है। नियमित रूप से नींबू पानी पीने से आपकी रोग प्रतिरोधक क्षमता में सुधार होता है।

# बिना किसी कारण के ही बार-बार हाथ धोते हैं आप? यह सेहत के लिए कितना है सही

बच्चों को बचपन से अच्छी आदतों की शिक्षा दी जाती है और सिखाया जाता है कि बाहर से आने के बाद खाना खाने से पहले हाथों को अच्छी तरह से धोएं। यही नहीं, वॉशरूम से आने के बाद भी हर कोई हाथ धोता है। अगर आप खांस रहे हैं या फिर छींक रहे हैं तो हाथ धोना सही होता है। यहां तक की जब कोरोना आया तो आप बिना हाथ धोए कुछ भी नहीं करते थे।

हालांकि, अब परिस्थितियां बेहतर हो गई हैं। अगर आप बगैर किसी कारण के भी हाथ धो रहे हैं और यह आपकी आदत में शुमार हो गया तो यह चिंता का कारण बन सकती हैं। चलिए आपको इसके पीछे का कारण बताते हैं।

### बार-बार हाथ धोना नहीं है सही

अगर आप किसी काम को करने से पहले या बाद में भी बार-बार हाथ धोते हैं तो यह आदत



बिल्कुल भी सही नहीं है। बार-बार हाथ धोने से आपके हाथों की सेहत खराब हो सकती है। यह आपके हाथों की नमी को खत्म कर सकती है। आप बार-बार हाथ धोने के लिए साबुन या हैंडवॉश का इस्तेमाल करते हैं तो यह आपके हाथों की स्किन को रूखी बना देती है, जिससे बाद में वह फटने लगती है।

### क्यों बार-बार हाथ धोते हैं लोग?

जिन लोगों की स्किन सेंसिटिव होती है, अगर वह लोग बार-बार हाथ धोते हैं तो उनके हाथों में जलन होने लगती है। यही नहीं, जो लोग बार-बार हाथ धोते हैं उन्हें ओसीडी यानी ऑब्सेसिव कंपल्सिव डिसऑर्डर होता है। ऐसे में उन्हें बार-बार हाथ साफ रखने की आदत होती है। अगर आपकी भी यह आदत नहीं छूट रही है तो आप इन टिप्स को फॉलो कर सकते हैं।

### क्यों होती है ये समस्या?

इसमें फोन-इंटरनेट से उनका कार्य जुड़ा होने वाले लोगों में तनाव और कार्य का दबाव के चलते ये स्थिति बनती है। बाकी लोगों में इंटरनेट एडिक्शन की वजह से ये विकार पनपता है। इनमें मरीजों की संख्या 20-25 साल की उम्र से शुरू हो जाती है।

### क्या है उपाय?

अगर आपको भी बार-बार हाथ धोने की आदत है तो आप हाथ धोने के बाद मॉइश्चराइजर जरूर लगाएं। इससे आपके हाथों की नमी हमेशा बरकरार रहती हैं और वह रूखेपन से बच जाते हैं। अगर बिना किसी बात के ही आपका हाथ धोने का मन करता है तो आप इसके लिए डॉक्टर से भी कंसल्ट कर सकते हैं। हाथ धोना अच्छी आदत है, लेकिन इसकी अति हो जाती है तो यह सेहत पर बुरा प्रभाव भी छोड़ सकता है। ऐसे में हर चीज के बीच संतुलन बनाए रखना बहुत ही जरूरी है।

# स्मोकिंग करने का मतलब शुरू हो गया ऐसा कैंसर!

**धूम्रपान करने** से आपकी आवाज में भारीपन आ सकता है। लेकिन ये हैवीनेस खतरे की घंटी बजा सकती है और कैंसर का लक्षण साबित हो सकती है। भारी आवाज आकर्षक और दमदार महसूस होती है। कुछ लोगों का मानना है कि स्मोकिंग करने से भी आवाज को भारी बनाया जा सकता है। इसके लिए वो सिगरेट-बीड़ी पीना शुरू कर देते हैं। मगर यह एक ऐसा मिथ है, जो आवाज के लिए काफी हानिकारक साबित हो सकता है।

धूम्रपान एक बुरी आदत है, जिससे आपकी वोकल कॉर्ड लंबे समय तक के लिए खराब हो सकती है। नेशनल इंस्टीट्यूट ऑन डेफनेस एंड अदर कम्युनिकेशन डिसऑर्डर के अनुसार, स्मकिंग एक वोकल कॉर्ड एब्यूज है। पुणे स्थित जहांगीर अस्पताल के पल्मोनोलॉजिस्ट डॉ. पंकज जैन ने बताया कि कोई सिगरेट कैमिकल रहित नहीं होती है और यह वोकल कॉर्ड में



इंफ्लामेशन और डैमेज से आवाज जा भी सकती है।

### आवाज को कैसे नुकसान पहुंचाती है स्मोकिंग?

कंसल्टेंट पल्मोनोलॉजिस्ट और चेस्ट फिजीशियन डॉ. पंकज जैन के मुताबिक, वॉइस बॉक्स (लैरिंक्स) की दो मसल्स बैंड होती हैं, जो वोकल कॉर्ड का निर्माण करती हैं। जब आप बात करते हैं या गाते हैं तो ये वोकल कॉर्ड वाइब्रेट होती हैं और आवाज पैदा करती हैं। स्मोकिंग इन कॉर्ड को डैमेज कर देती हैं, जिससे इनके वाइब्रेट होने की क्षमता कम हो जाती है। परिणामस्वरूप, आवाज में बदलाव आने लगता है और यह दिक्कत गायकों की आवाज में एकदम से दिख जाती है।

### स्मोकिंग से दिखने वाले लक्षण

आवाज भारी होना
आवाज का कर्कश होना
आवाज बैठना
सांस फूलना, आदि

बन सकता है कैंसर

डॉक्टर ने बताया कि स्मोकिंग से वॉइस बॉक्स इतना ज्यादा खराब हो सकता है कि लैरिंक्स का कैंसर बन सकता है। यह जीभ के पीछे या फेफड़ों में भी शुरू हो सकता है। धूम्रपान करने वालों में यह मौत का कारण बन सकता है।

### लक्षण दिखने पर क्या करें?

अगर आप धूम्रपान करते हैं और ऊपर बताए कुछ लक्षणों से परेशान हैं तो आपको तुरंत डॉक्टर के पास जाएं। वह आपके लक्षणों और हिस्ट्री की जांच करके उचित सलाह और इलाज शुरू कर सकता है।

### ये घरेलू उपाय आएंगे काम

अगर स्मोकिंग करने से आपकी आवाज बैठ गई है या फिर गले में सूजन व दर्द महसूस हो रहा है तो कुछ घरेलू उपायों से राहत पा सकते हैं। सबसे पहले तो आपको धूम्रपान छोड़ना चाहिए। उसके साथ पर्याप्त पानी पीएं और नमक वाले पानी से गरारे करें।

# कान साफ करना खतरनाक : माचिस की तीली या रुई से हो सकता है बहरापन

**हर दिन** कान साफ करना



बीमारी को न्योता देने जैसा है। कई लोग नियमित रूप से कान साफ करते हैं। कुछ लोग जो मिला, उसी से कान साफ कर लेते हैं। माचिस की तीली, पेपर क्लिप, चाबी, पेन, पेंसिल या कोई भी ऐसी चीज जो कान में जा सकती है, उससे लोग कान साफ करने बैठ जाते हैं। दिल्ली, लखनऊ, पटना या किसी भी शहर में जाएं, राह चलते लोग कान साफ कराते नजर आ जाते हैं।

### कॉटन बड्स से भी कान साफ न करें

कान साफ करने के लिए लोग सबसे ज्यादा कॉटन बड्स का इस्तेमाल करते हैं। कई फॉर्मास्यूटिकल कंपनियां तरह-तरह के कॉटन बड्स बनाती हैं। बाजार में कॉटन ईयर बड्स के साथ पेपर स्टिक बड्स, बंबू ईयर बड्स, एलोवेरा बड्स भी मिल रहे।

### ये कॉटन बड्स कानों की सफाई के लिए कितने सही हैं?

कान की सफाई के लिए किसी भी तरह के बड्स का इस्तेमाल नहीं करना चाहिए। यह मिथ है कि कॉटन बड्स सुरक्षित हैं। जो कंपनियां इन्हें बनाती हैं वो भी वॉर्निंग के तौर पर लिखती हैं कि इनका इस्तेमाल कान के बाहरी हिस्से की सफाई के लिए करना चाहिए, न कि कान के भीतर डालकर।

कॉटन बड्स से सफाई के दौरान इस बात का खतरा अधिक होता है कि कान में मौजूद वैक्स ईयर कैनाल में न चला जाए। इसी तरह रुई के फाहे भी निकलकर कान में चले जाते हैं। इससे ईयर ट्रॉमा हो सकता है यानी कान में इंजरी हो सकती है। अगर कॉटन बड्स कान के भीतरी हिस्से में पहुंचता है तो कान के परदे फट सकते हैं। कानों में इन्फेक्शन हो सकता है। इन्फेक्शन बढ़ने पर कान में तेज दर्द हो सकता है।

### कान में जमी वैक्स क्या कान का मैल है?

कान में जमी वैक्स को हम सभी कान का मैल समझ लेते हैं। जबकि ये वैक्स ही बाहर से आ रही धूल-मिट्टी को कान में जाने से रोकता है। वैक्स कान में नमी बनाए रखता है। कान में स्किन की ऊपर परत झड़ती रहती है। इसकी डेड सेल्स को भी वैक्स कान के अंदर जाने से रोकता है।

कानों में जमी वैक्स मैल नहीं है। कान में हर दिन ये वैक्स निकलती है किसी में कम, किसी में ज्यादा। कान और मुंह का मैकेनिज्म ऐसा है कि जब भी हम कुछ चबाते हैं तो कान पर प्रेशर पड़ता है और ये वैक्स अपने आप बाहर आता है। इसलिए इसे निकालने के लिए कॉटन बड्स का इस्तेमाल नहीं करना चाहिए।

### कान बजने या झनझनाने की शिकायत क्या होती है?

कई लोगों की शिकायत होती है कि उनके कान से आवाज आती है, झनझनाट जैसा अनुभव होता है। कान में अधिक वैक्स जमा होने से ऐसी शिकायत हो सकती है। ऐसे में उन्हें कॉटन बड्स का इस्तेमाल नहीं करना चाहिए बल्कि ENT स्पेशियलिस्ट को दिखाना चाहिए।

### जो ज्यादा कान साफ करते हैं उनमें ज्यादा वैक्स

कान में वैक्स एक व्यक्ति से दूसरे व्यक्ति में वैरी करता है। जैसे किसी में पसीना कम



निकलता है किसी में अधिक, उसी तरह किसी के कान में अधिक वैक्स निकलता है किसी में कम। जो लोग कान को ज्यादा स्क्रैच करते हैं या कॉटन बड्स का अधिक इस्तेमाल करते हैं उनमें वैक्स भी अधिक निकलता है। इसका कारण यह है कान से वैक्स ऑटोमेटिक तरीके से बाहर निकलता है। जब बाहरी चीज का इस्तेमाल करके वैक्स निकालते हैं तो वैक्स का प्रोडक्शन भी बढ़ जाता है। इससे कान को और नुकसान होता है।

### कान में पानी डालने से फंगस होने का खतरा

कान की भीतरी बनावट बहुत जटिल होती है। ईयर कैनाल बहुत संकरी और टेढ़ी-मेढ़ी होती है। कुछ लोग ये सोचते हैं कि कान को पानी से साफ करने से कान का मैल मुलायम होकर बाहर निकल आएगा। या फिर इसे कॉटन बड्स से निकालने में आसानी होगी।

कान में पानी डालने से कान में फंगस होने का खतरा होता है। कान के भीतरी हिस्से में नमी होने से वहां इंफेक्शन हो जाता है। जो स्विमर्स होते हैं उनके कानों में इस तरह का इन्फेक्शन अधिक देखने को मिलता है। इससे कानों में असहनीय दर्द हो सकता है।

### कानों में तेल डालना भी सुरक्षित नहीं

कान दर्द होने या कान में जमी मैल को निकालने के लिए लोग अक्सर तेल डाल देते हैं। सरसों तेल, जैतून का तेल, नारियल तेल, बेबी ऑयल कान में डालना आम है। डॉ. जफर बताते हैं कि कान में किसी भी तरह का तेल डालना ठीक नहीं है। कई लोग गर्म तेल डालते हैं। ऐसा करना खतरनाक हो सकता है। गर्म तेल से ईयर कैनाल छिल सकता है। कान के परदे में छेद हो सकता है। दरअसल, तेल डालने से कान में इन्फेक्शन नहीं खत्म होता। वैक्स को मुलायम करने के लिए भी तेल नहीं डालना चाहिए।

### कान में दर्द है तो ईयर ड्रॉप्स नहीं डालें

कान में दर्द होने पर ईयर ड्रॉप्स से कोई फायदा नहीं होता। कई बार लोग यह समझ लेते हैं कि ईयर ड्रॉप्स की कुछ बूंदें डालने पर कान का दर्द कम हो जाएगा। लेकिन ऐसा नहीं है। ईयर ड्रॉप्स से वैक्स मुलायम हो सकता है। कान बहने पर एंटी बायोटिक दवा का इस्तेमाल होता है।

# क्या आपको भी पेट में दर्द, सुस्ती, कमजोरी - स्वभाव चिड़चिड़ा रहता हैं

**प्रश्न : मेरी उम्र 35 वर्ष है। डॉक्टर कहता है कि मेरी तापतिल्ली बढ़ गई है। हमेशा पेट सख्त रहता है। खून की कमी है। थकावट जल्दी आ जाती है। हल्का ज्वर भी बना रहता है । आयुर्वेदिक उपचार बताएं।**

**- परांकुश राव, करीमनगर**

उत्तर : तापतिल्ली यानी स्प्लीन आमाशय के पास स्थित लाल रंग की एक पोली ग्रंथि है जो भ्रूण अवस्था में लाल रक्त निर्माण, युवाओं में लसीकाणु -श्वेताणु निर्माण का महत्वपूर्ण कार्य करती है। यह रक्त भंडारण व लाल रक्ताणुओं की कब्रगाह है। यह उसमें से हिमोग्लोबिन को अलग करती है। तिल्ली को प्लीहा भी कहते हैं। यह विषमज्वर, काला ज्वर, जलोदर, रक्त कैंसर एवं रक्ताल्पता में बढ़ जाती है। इन रोगों को रक्त परीक्षण व विशेष जांच से सुनिश्चित किया जा सकता है ।

बढ़ी हुई तिल्ली और उससे उत्पन्न थकान - कमजोरी का आयुर्वेद में उपचार है। विषमज्वरान्तक लौह टिकियां या ऊंझा ताप्यादि लौह टिकिया व ऊंझा पुनर्नवादि मंडूर टिकिया के संग भोजन के बाद उबालकर ठंडे किए पानी से देवें। औरा लिविंझ टेबलेट भी इसमें अतीव हितकारी है। भोजन के बाद रोहितकासव , अमृतारिष्ट, पुनर्नवासव - तीनों की 10-10 मिलीलीटर दवा को 3 गुना पानी में मिलाकर देवें । यह किसी भी प्रकार की प्लीहावृद्धि, उदररोग, गुल्म, रक्ताल्पता, उग्रशोथ व कमजोरी - थकान को दूर करता है। औषध सेवन काल में अचार, तले पदार्थ, तीखे मिर्च मसाले व नमक का परहेज करें । बासी भोजन न करें। दिवाशयन से बचें। अवश्य लाभ होगा।

**प्रश्न : अक्सर भोजन से अरुचि हो जाती है। ऐसे में क्या खाएं क्या ना खाएं कृपा कर बताएं।**

**- जगदंबिका प्रसाद, सिकंदराबाद**

उत्तर : भोजन में अरुचि हो जाने पर कुछ घरेलू नुस्खे दे रहा हूं, जिन का प्रयोग करने से आपको दोबारा भोजन में रूचि हो सकती है।



*अदरक को बहुत बारीक काटकर नींबू के रस में डालकर रखें, दो-तीन घंटे के बाद उसमें सेंधा नमक मिलाकर खाने से अरुचि दूर होती है।

* खजूर को नींबू के रस के साथ चटनी बना कर खाएं ।

* संतरे के रस में सेंधा नमक व कालीमिर्च का चूर्ण मिलाकर पिएं।

* टमाटर का सूप बनाकर पिएं।

* मूली को बीच से चीर कर उस पर सेंधा नमक और नींबू का रस डालकर खाएं।

* गाजर के रस में काली मिर्च का चूर्ण और हल्का सा सेंधा नमक मिलाकर पिएं।

* कब्ज के कारण अरुचि हो तो पपीता काट कर सेंधा नमक, काली मिर्च, नींबू का रस मिलाकर खाएं।

* आंवले और मुनक्के को 10-10 ग्राम मात्रा में लेकर पीसकर मुंह में रखें। इसका रस चूसने से अरूचि दूर हो जाती है।

* जामुन व फालसे में सेंधा नमक मिलाकर खाएं।

* प्याज, मूली, खीरा, चुकंदर का सलाद बनाकर उसमें नींबू का रस, सेंधा नमक और काली मिर्च का चूर्ण मिलाकर खाएं।

* नींबू की शिकंजी बनाकर उसमें एक लौंग और पांच कालीमिर्च का चूर्ण मिलाकर दिन में दो बार पिएं।

शास्त्रीय योग में लवण भास्कर चूर्ण को ताजी छाछ में मिलाकर पीने से अरुचि दूर होती है। ऊंझा हिंग्वाष्टक चूर्ण को भी छाछ के साथ मिलाकर लेने से लाभ होता है। भोजन के पहले ऊंझा चित्रकादि वटी चूसने से अरुचि दूर होती है। मानसिक व्यग्रताजन्य अरुचि में ऊंझा प्रवाल पंचामृत रस एवं ऊंझा ताप्यादि लोह लेने से लाभ होता है।

**प्रश्न : मेरी उम्र 72 वर्ष है। पिछले 2 साल से आंव की शिकायत है। पेट में दर्द रहता है, सुस्ती व कमजोरी रहती है । स्वभाव चिड़चिड़ा हो गया है। कृपया आयुर्वेदिक चिकित्सा बताएं।**

- मोहम्मद इकबाल , हैदराबाद

उत्तर : आपकी ये सारे लक्षण संग्रहणी से मिलते हैं। इसमें मंदाग्नि और अपच की तकलीफ रहती है। खाया हुआ अच्छी तरह से पचता नहीं है, इसी कारण कमजोरी और सुस्ती रहती है। आप सुबह शाम ऊंझा कुटजघन वटी एवं औरा ट्रायोगान टेबलेट भोजन के बाद पानी से लेवे। भोजन के बाद ही ऊंझा बिल्वासव 20 मिलीलीटर की मात्रा में 50 मिलीलीटर गुनगुने पानी में मिलाकर भोजन करने के बाद लेवें। गरिष्ठ भोजन, तले हुए पदार्थ, मैदा व बेसन के बने पदार्थ, मसालेदार व्यंजन का सेवन बंद कर दें। यह चिकित्सा कम से कम 2 मंडल तक करें। एक मंडल 40 दिन का होता है। आपको अवश्य आराम मिलेगा।

**डॉ.च.पुरुषोत्तम बिदादा**

email :
purushottambidada@gmail.com

**आप अपनी स्वास्थ्य समस्याओं का यदि आयुर्वेदिक इलाज चाहते हैं तो अपनी समस्या संक्षेप में हमें लिखकर भेजें। अपने पत्र पर नीचे दिया गया कूपन अवश्य कचपकाएं।**

आयुर्वेदिक स्वास्थ्य प्रश्नोत्तरी
स्वतंत्र वार्ता
396, लोअर टैंक बंड, हैदराबाद-80



# 'रुपये के मूल्य को लेकर चिंता नहीं

## आरबीआई अस्थिरता को संभाल रहा', बोले केंद्रीय वित्त सचिव




नई दिल्ली,3 फरवरी (एजेंसियां)।रुपये के डॉलर के मुकाबले 87.29 के रिकॉर्ड निचले स्तर पर पहुंचने पर वित्त सचिव तुहिन कांत पांडे ने प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने सोमवार को कहा कि रुपये के मूल्य को लेकर कोई चिंता नहीं है और भारतीय रिजर्व बैंक स्थानीय मुद्रा की अस्थिरता को संभाल रहा है। पांडे ने संवाददाताओं से कहा, रुपये के मूल्य को लेकर कोई चिंता नहीं है। रुपये में उतार-चढ़ाव को आरबीआई की ओर से नियंत्रित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि भारतीय रुपया फ्री-फ्लोट है और इस मुद्रा पर कोई नियंत्रण या निश्चित दर लागू नहीं है। उन्होंने कहा कि विदेशी पूंजी के लगातार बाहार जाने के कारण विनिमय दर पर दबाव पड़ रहा है। कनाडा, मैक्सिको और चीन पर ट्रम्प की ओर से टैरिफ लगाए जाने के बाद व्यापक व्यापार युद्ध की आशंका पैदा हो गई है। इस बीच, सोमवार को शुरुआती कारोबार में रुपया डॉलर के मुकाबले 67 पैसे गिरकर 87.29 के रिकॉर्ड निचले स्तर पर पहुंच गया। विदेशी मुद्रा व्यापारियों ने कहा है कि डोनाल्ड ट्रम्प ने कनाडा और मैक्सिको पर 25 प्रतिशत और चीन पर 10 प्रतिशत शुल्क लगा दिया है। यह कदम विनाशकारी वैश्विक व्यापार युद्ध की ओर पहला कदम है। वर्ष 2025 में भारतीय रुपया 31 दिसंबर 2014 के 85.61 रुपये प्रति डॉलर के स्तर से 1.8 प्रतिशत कम होकर डॉलर के स्तर पर आ जाएगा।

विदेशी पूंजी के लगातार बाहर जाने और तेल आयातकों के बीच डॉलर की निरंतर मांग और कमजोर जोखिम क्षमता के कारण विदेशी बाजारों में अमेरिकी मुद्रा मजबूत हुआ, जिससे रुपये पर दबाव बढ़ा। एक्सचेंज के आंकड़ों के अनुसार, विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) ने शनिवार को पूंजी बाजार में शुद्ध आधार पर 1,327.09 करोड़ रुपये की इक्विटी बेची।

इस बीच, रिजर्व बैंक ने शुक्रवार को कहा कि 24 जनवरी को समाप्त सप्ताह में भारत का विदेशी मुद्रा भंडार 5.574 अरब डॉलर बढ़कर 629.557 अरब डॉलर हो गया। इससे बीते हफ्ते में यह भंडार, 1.888 बिलियन अमेरिकी डॉलर घटकर 623.983 अरब डॉलर रह गया था। पिछले कुछ हफ्तों से विदेशी मुद्रा भंडार में गिरावट का रुख रहा है, और इस गिरावट का कारण पुनर्मूल्यांकन के साथ-साथ रुपये में अस्थिरता को कम करने के लिए भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) की ओर से विदेशी मुद्रा बाजार में हो रहे हस्तक्षेप को बताया गया है।

# बजट के बाद इकोनॉमी को लेकर आई अच्छी खबर, 6 महीने के हाई पर मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर

नई दिल्ली,3 फरवरी (एजेंसियां)।बजट के बाद देश की इकोनॉमी को लेकर आई अच्छी खबर है। देश के मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर में तेजी देखने को मिल है। रिपोर्ट के अनुसार भारत के मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर की वृद्धि दर जनवरी में छह महीने के हाई पर पहुंच गई। निर्यात में करीब 14 सालों में सबसे तेज वृद्धि इसकी मुख्य वजह रही। मौसमी रूप से समायोजित 'एचएसबीसी इंडिया विनिर्माण क्रय प्रबंधक सूचकांक' (पीएमआई) जनवरी में 57.7 रहा जो दिसंबर में 56.4 था। फरवरी 2011 के बाद से नए निर्यात ऑर्डर में सबसे तेज वृद्धि से इसे समर्थन मिला। पीएमआई के तहत 50 से ऊपर सूचकांक होने का मतलब उत्पादन गतिविधियों में विस्तार है जबकि 50 से नीचे का आंकड़ा संकुचन को दर्शाता है। जानकारों की मानें तो आने वाले दिनों में मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर में और तेजी देखने को मिल सकती है। उसका कारण एसएमई को दिया बूस्ट डोज है। जो देश में सेक्टर को आगे लाने में योगदान देगा। एचएसबीसी के मुख्य भारत अर्थशास्त्री प्रांजुल भंडारी ने कहा कि जनवरी में भारत का मैन्युफैक्चरिंग पीएमआई छह महीने के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया। घरेलू और निर्यात मांग मजबूत रही, जिससे नए ऑर्डर में वृद्धि को समर्थन मिला। वस्तु उत्पादकों ने नए ऑर्डरों में पर्याप्त वृद्धि का श्रेय बेहतर घरेलू मांग तथा अंतरराष्ट्रीय बिक्री में वृद्धि को दिया। इसके बाद, भारत में विनिर्माताओं ने उत्पादन की मात्रा को बढ़ाना जारी रखा। यह वृद्धि अक्टूबर 2024 के बाद से सबसे तेज है।कंपनियां भविष्य में उत्पादन की संभावनाओं को लेकर आशावादी हैं। करीब 32 प्रतिशत कंपनियों ने वृद्धि का अनुमान लगाया तथा केवल एक प्रतिशत ने कमी आने की आशंका जाहिर की है। कीमतों के मोर्चे पर, लागत दबाव 11 महीनों में सबसे कमजोर स्तर पर पहुंच गया लेकिन मांग में तेजी के कारण बिक्री मूल्यों में मजबूती से वृद्धि हुई। एचएसबीसी इंडिया विनिर्माण पीएमआई को एसएंडपी ग्लोबल ने करीब 400 विनिर्माताओं के एक समूह में क्रय प्रबंधकों को भेजे गए सवालों के जवाबों के आधार पर तैयार किया है।

# भारत पर उल्टा पड़ रहा 'ट्रंप कार्ड'

## दो महीने में 90 के लेवल का बनेगा रिकॉर्ड!

वॉशिंगटन,3 फरवरी (एजेंसियां)। अमेरिकी राट्रपति ने अपना 'ट्रंप कार्ड' चल दिया है. मैक्सिको और कनाडा पर 25 फीसदी और चीन पर 10 फीसदी का टैरिफ लगाकर एक नए युद्ध की शुरुआत कर दी है. इस ट्रेड वॉर का बड़ा असर भारत की इकोनॉमी और उसकी करेंसी पर भी देखने को मिल रहा है. सोमवार को जब बाजार खुला तो करेंसी मार्केट में रुपया 60 पैसे से ज्यादा की गिरावट के साथ 87 के लेवल को पार कर गया. ट्रंप के आने के बार रुपए में इतनी बड़ी गिरावट कोई नई बात नहीं है. आंकड़ों को देखें तो अक्टूबर की शुरूआत से अब तक डॉलर के मुकाबले में रुपए में 4 फीसदी की गिरावट देखने को मिल चुकी है. जानकारों का कहना है कि अगले दो महीनों में रुपए में और गिरावट देखने को मिल सकती है और आंकड़ा 90 के लेवल को पार कर सकता है.अब सबसे बड़ा सवाल ये है कि आखिर ट्रंप के टैरिफ का खौफ भारत की करेंसी में क्यों देखने को मिल रहा है. जानकारों का मानना है कि चीन पर टैरिफ लगने के बाद पूरे एशियाई करेंसीज में गिरावट देखने को मिल रही है. जिससे अछूता रुपया भी नहीं है. वहीं दूसरी ओर ट्रंप ब्रिक्स देशों को ताकीद कर चुका है. ट्रंप ने कहा है कि अगर ब्रिक्स देश अगर किस नई करेंसी को लेकर विचार करते हैं, तो उन्हें भी बड़े टैरिफ हमने के लिए तैयार रहना होगा. अब जब मैक्सिको, कनाडा और चीन पर टैरिफ लग गया है, तो उनकी ये धमकी सिर्फ धमकी तक ही सीमित नहीं रह गई है. बाजार में सेंटीमेंट बन चुका है कि भारत पर भी टैरिफ लग सकता है. जिसकी वजह से रुपए और शेयर बाजार में खौफ देखने को मिल रहा है.अमेरिकी राष्ट्रपति




डोनाल्ड ट्रम्प की टैरिफ धमकियों के वास्तविकता बनने के बाद एशियाई करेंसीज और इक्विटी में गिरावट को देखते हुए भारतीय रुपया सोमवार को पहली बार अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रिकॉर्ड लेवल से नीचे चला गया. शुक्रवार की तुलना में रुपया 0.6 फीसदी गिरकर अब तक के सबसे निचले स्तर 87.1450 प्रति डॉलर पर आ गया. खास बात तो ये है कि अक्टूबर की शुरुआत से रुपये में डॉलर के मुकाबले करीब 4 फीसदी तक टूट चुका है. जानकारों की मानें तो डॉलर के मुकाबले रुपए में गिरावट का सिलसिला और 6 से 8 हफ्तों तक देखने को मिल सकता है.रुपया सोमवार को शुरुआती कारोबार में 67 पैसे की गिरावट के साथ 87.29 प्रति डॉलर के सर्वकालिक निचले स्तर पर पहुंच गया. अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के कनाडा, मेक्सिको और चीन पर शुल्क लगाने संबंधी आदेश पर हस्ताक्षर करने के बाद व्यापक ट्रेड वॉर की आशंकाओं के बीच स्थानीय मुद्रा में यह भारी गिरावट आई है. विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने बताया कि डोनाल्ड ट्रंप ने कनाडा और मैक्सिको पर 25 प्रतिशत तथा चीन पर 10 प्रतिशत शुल्क लगाया है.

# बजट के बाद मुकेश अंबानी देंगे जनता को सौगात

## इतना चढ़ सकता है रिलायंस का शेयर



नई दिल्ली,3 फरवरी (एजेंसियां)। बजट में सरकार ने जहां मिडिल क्लास को इनकम टैक्स में बड़ी राहत दी है। वहीं अब देश के सबसे अमीर शख्स मुकेश अंबानी की ओर से भी उन्हें सौगात मिलने वाली है। बजट के प्रावधानों से देश में खपत बढ़ने की उम्मीद है और इसका फायदा रिलायंस इंडस्ट्रीज के शेयर में बढ़त के तौर पर दिखाई दे सकता है। भारत की सबसे वैल्यूएबल कंपनी रिलायंस इंडस्ट्रीज का शेयर बीते 6 महीने में 13 प्रतिशत से नीचे आ चुका है। कंपनी की पिछली एनुअल जनरल मीटिंग के बाद जब से उसके शेयर स्पिलिट हुए हैं, तब से लगातार उसके शेयर प्राइस में गिरावट दर्ज की जा रही है। ऐसे में आम निवेशक के लिए ये एक चिंता का सबब बन गए हैं, वहीं देश के शेयर मार्केट के हालात भी बहुत बेहतर नहीं है।

### 10 प्रतिशत तक चढ़ सकता है रिलायंस का शेयर

बजट में सरकार ने मिडिल क्लास की इनकम को लगभग टैक्स-फ्री कर दिया है। सरकार ने 12 लाख रुपए तक की इनकम पर टैक्स को प्रभावी तौर पर जीरो कर दिया है। इसका सीधा मतलब ये है कि सरकार खपत को बढ़ावा देना चाहती है।ऐसे में देश की सबसे बड़ी रिटेल कंपनी 'रिलायंस रिटेल' की सेल्स बेहतर होने की उम्मीद है। वहीं सरकार ने बजट में देश के पावर सेक्टर पर भी फोकस बढ़ाया है। ईवी और बैटरी को सस्ता करने का काम किया है। बैटरी सेगमेंट में भी रिलायंस इंडस्ट्रीज का बड़ा निवेश है, जिससे कंपनी के शेयर में आने वाले समय में बढ़त दर्ज की जा सकती है।ईटी को दिए एक बयान में आईसीआईसीआई सिक्योरिटीज के वाइस प्रेसिडेंट धर्मेश शाह का कहना है कि आने वाले दिनों में रिलायंस इंडस्ट्रीज के साथ-साथ बजाज फाइनेंस, कोटक महिंद्रा बैंक, टाटा कंज्यूमर, इंफोसिस, यूबीएल, महिंद्रा एंड महिंद्रा, आयशर मोटर्स, टाइटन, हैवेल्स, एसबीआई कार्ड्स और इंडियन होटल्स (ताज ब्रांड) के शेयर में 5 से 10 प्रतिशत का ग्रोथ पोटेंशियल है। रिलायंस का शेयर प्राइस अभी 1250 रुपए के आसपास बना हुआ है।

### बजट में सरकार ने चुना डिमांड फैक्टर

इकोनॉमी में दो फैक्टर काम करते हैं। एक तो ये कि अगर सरकार इंफ्रास्ट्रक्चर और कैपेक्स पर दबाकर खर्च करती है, तो देश का प्राइवेट सेक्टर भी उसके साथ निवेश करता है। बीते 10 साल में सरकार ने इस दिशा में बहुत काम किया और 2020 में आई कोविड महामारी के बाद तो देश की ग्रोथ रेट को संभालने का काम सरकार के कैपेक्स ने ही किया।इस बीच प्राइवेट सेक्टर का निवेश देश में ना के बराबर रहा है और कंपनियां इस समय कैश रिच बनी हुई हैं। ऐसे में इस बार सरकार ने बजट में दूसरे फैक्टर पर काम किया। ये है देश में डिमांड को बढ़ाना, इसलिए मिडिल क्लास को सरकार ने बड़ी राहत दी। भारत हमेशा से डिमांड रिच देश रहा है। तभी 2008 की मंदी हो या 2020 का कोविड संकट भारत की इकोनॉमी संभली रही है। इसी पर फोकस करते हुए अब सरकार ने मिडिल क्लास को राहत देने का काम बजट में किया है।

# क्या खत्म हो जाएगा यूएसआईडी? एलन मस्क ने दे दिया संकेत

## खुलकर बताया इसे 'आपराधिक संगठन'



वॉशिंगटन,3 फरवरी (एजेंसियां)। अमेरिका में राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के शासनकाल में शुरू किए गए सरकारी दक्षता विभाग (डीओजीई) के प्रमुख एलन मस्क एक बार फिर से चर्चा में हैं। इस बार उन्होंने यूनाइटेड स्टेट्स एजेंसी फॉर इंटरनेशनल डेवलपमेंट (यूएसआईडी) की खुलकर आलोचना करते हुए इसे 'आपराधिक संगठन' कहा है। टेस्ला के सीईओ का यह बयान हाल ही में यूएसआईडी के खिलाफ की गई कार्रवाई के बाद आया। उन्होंने यह भी लिखा है, "अब इसके खत्म होने का वक्त आ गया है।"

### यह है असली मुद्दा

दरअसल, हाल ही में यूएसएआईडी के सुरक्षा निदेशक जॉन वूरहीस और उनके डिप्टी ब्रायन मैकगिल ने वाशिंगटन डीसी में यूएसएआईडी के हेडक्वॉर्टर में डीओजीई के दो कर्मचारियों को कथित रूप से आने से रोक दिया। उनका यह कहना था कि डीओजीई कर्मियों की एंट्री के लिए सिक्योरिटी क्लीयरेंस अभी नहीं मिली है। अब मीडिया के हवाले से मिली जानकारी के अनुसार, ट्रंप प्रशासन ने जॉन और ब्रायन को छुट्टी पर भेज दिया है। सीएनएन की रिपोर्ट के अनुसार, शुरुआत में मना करने के बावजूद डीओजीई प्रतिनिधियों ने आखिरकार हेडक्वॉर्टर में एंट्री ली। इसी बीच, व्हाइट हाउस में कम्युनिकेशंस डायरेक्टर स्टीवन चेउंग ने इन रिपोर्टों को गलत बताते हुए इन्हें फेक न्यूज करार दिया। हालांकि, डीओजीई के अधिकारी केटी मिलर ने एक्स पर यह माना कि उचित सुरक्षा मंजूरी के बिना किसी भी क्लासीफाइड मैटेरियल को हाथ नहीं लगाया जा सकता।

### यूएसआईडी पर मंडराया खतरा

इस घटना के बाद अब अटकलें लगाई जा रही हैं कि अब डीओजीई या तो यूएसआईडी के काम को काफी हद तक सीमित कर सकता है या इसे पूरी तरह से खत्म भी कर सकता है।

### क्या करता है यूएसआईडी?

अमेरिकी की यूएस एजेंसी फॉर इंटरनेशनल डेवलपमेंट एजेंसी का काम पूरी दुनिया में डेवलपमेंट से जुड़े कामों में मदद देना है। यह आमतौर पर एनजीओ, प्राइवेट सेक्टर और स्थानीय समुदायों के साथ मिलकर काम करता है। अमेरिका की विदेश नीति को आगे बढ़ाते हुए यूएसआईडी स्थानीय संस्थाओं को फंड मुहैया कराता है, जिससे हेल्थ, एजुकेशन, डिजास्टर मैनेजमेंट, इकोनॉमी सहित कई अन्य सेक्टर में काम होता है। यूएसआईडी लगभग 100 देशों में काम करती है।

# घरेलू शेयर बाजार गिरावट के साथ हुआ बंद; सेंसेक्स 319 अंक फिसला, निफ्टी 23400 के नीचे

नई दिल्ली,3 फरवरी (एजेंसियां)।अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की ओर से अपने कुछ व्यापारिक साझेदारों पर टैरिफ लगाने की चिंताओं के बीच कमजोर वैश्विक बाजारों को देखते हुए बेंचमार्क शेयर सूचकांक सेंसेक्स और निफ्टी सोमवार को गिरावट के साथ बंद हुए। हफ्ते के पहले कारोबारी दिन 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 319.22 अंक या 0.41 प्रतिशत गिरकर 77,186.74 पर बंद हुआ, जिससे पांच दिनों की तेजी थम गई। कारोबार के दौरान यह 749.87 अंक या 0.96 प्रतिशत गिरकर 76,756.09 पर आ गया। एनएसई निफ्टी 121.10 अंक या 0.52 प्रतिशत गिरकर 23,361.05 पर आ गया। सेंसेक्स शेयरों में लार्सन एंड टूब्रो, टाटा मोटर्स, हिंदुस्तान यूनिलीवर, एशियन पेंट्स, आईटीसी, पावर ग्रिड, एनटीपीसी और रिलायंस इंडस्ट्रीज प्रमुख रूप से पिछड़ गए। लाभ में रहने वालों में बजाज फाइनेंस में 5 प्रतिशत से अधिक की तेजी आई। महिंद्रा एंड महिंद्रा, बजाज फिनसर्व, भारती एयरटेल और मारुति के शेयरों में भी तेजी रही। एशियाई बाजारों में सियोल, टोक्यो और हांगकांग में भारी गिरावट दर्ज की गई। यूरोप के बाजारों में भारी गिरावट के साथ कारोबार हो रहा था। शुक्रवार को अमेरिकी बाजार गिरावट के साथ बंद हुए। मेहता इक्विटीज लिमिटेड के वरिष्ठ उपाध्यक्ष (शोध) प्रशांत तापसे ने कहा, ट्रंप द्वारा चीन, मैक्सिको और कनाडा पर टैरिफ की घोषणा के बाद वैश्विक शेयर बाजारों में गिरावट ने भारतीय बेंचमार्क पर नकारात्मक असर डाला, जिससे निवेशकों में निराशा बढ़ी। इसके अलावा, रुपये में तेज गिरावट ने चिंता बढ़ा दी है कि विदेशी निवेशक बिकवाली के रुझान को बदलने की संभावना नहीं रखते। कनाडा और मैक्सिको से अधिकांश आयातों पर 25 प्रतिशत टैरिफ तथा चीन से आयातित वस्तुओं पर 10 प्रतिशत टैरिफ मंगलवार से प्रभावी होगा। जियोजित फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, ₹व्यापार युद्ध की शुरुआत के बीच वैश्विक बाजार में अस्थिरता आई है, क्योंकि अमेरिका और अन्य देशों के बीच टैरिफ संघर्ष से कोई आर्थिक लाभ मिलने की संभावना नहीं है। इसके बजाय, यह वैश्विक अर्थव्यवस्था के लिए चुनौतियां पैदा कर सकता है, जिससे वैश्विक वित्तीय जोखिम बढ़ सकता है। वैश्विक तेल बेंचमार्क ब्रेंट क्रूड 1.15 प्रतिशत बढ़कर 76.50 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गया। इससे पहले शनिवार को भारी उतार-चढ़ाव वाले दिन के बाजार में, 30 शेयरों वाला बीएसई बेंचमार्क शनिवार को 5.39 अंक या 0.01 प्रतिशत की मामूली बढ़त के साथ 77,505.96 पर बंद हुआ था। वहीं, निफ्टी 26.25 अंक या 0.11 प्रतिशत की गिरावट के साथ 23,482.15 पर बंद हुआ था।

# अमीरों से हो रही इंडियन रेलवे को जमकर कमाई

### लक्जरी ट्रेनों ने भर दी सरकार की तिजोरी



नई दिल्ली,3 फरवरी (एजेंसियां)।अमीरों ने फिर से ट्रेन पकड़ना क्या शुरू कर दिया कि रेलवे की अमीरी ही बढ़ गई। यहां तक कि इंडियन रेलवे की मुनाफे की रेल पटरी छोड़कर आसमान में उड़ती दिख रही है। इंडियन रेलवे की ओर से जारी आंकड़ों से इसका खुलासा होता है। इसके तहत यात्री किरायों से होने वाली आमदनी के इस फाइनेंशियल ईयर में टारगेट से 16 फीसदी अधिक बढ़ जाने की संभावना है। इससे रेलवे के खजाने में 92 हजार 800 करोड़ तक आ सकता है।इसमें वंदे भारत जैसी लग्जरी ट्रेनों का काफी योगदान है। काफी सुविधाओं और आरामदेह होने के कारण ये ट्रेनें समाज के उच्च वर्ग में भी काफी पसंद की जा रही हैं। इस कारण केवल प्लेन की सवारी करने वाले लोग भी वंदे भारत में सफर करने लगे हैं। इन ट्रेनों में प्लेन के एयर होस्टेस की तरह ट्रेन होस्टेस भी सेवा देती हैं। प्रीमियम ट्रेनो में राजधानी और जनशताब्दी की लाजवाब सेवाएं भी लोगों को खूब पसंद आ रही हैं। रेलवे के खजाने को लबालब करने में इनका भी योगदान है।

### एसी थ्री कोच ने जमकर कराई कमाई

रेलवे के खजाने तो भरने में एसी थ्री कोचों का बड़ा योगदान सामने आ रहा है। इस साल मार्च तक एसी थ्री कोच की टिकटों से होने वाली कमाई 30,089 करोड़ तक पहुंच सकती है, जो पिछले वित्त वर्ष से 20 प्रतिशत अधिक है। वहीं वित्त वर्ष 2026 में यह कमाई 20 प्रतिशत बढ़कर 37,115 करोड़ तक हो सकती है। पिछले दो सालों में एग्जिक्यूटिव क्लास और एसी चेयर कार से आमदनी भी काफी बढ़ी है, जो अभी और अधिक हो सकती है। एग्जिक्यूटिव क्लास से आमदनी मार्च तक 698 करोड़ तक पहुंच सकता है। जो पिछले वित्त वर्ष से 42 प्रतिशत अधिक है। यह वित्त वर्ष 2026 में बढकर 987 करोड़ हो सकता है। वहीं एसी चेयरकार से इस वित्त वर्ष 4,280 करोड़ तक की कमाई हो सकती है।

### रेलवे की कुल आमदनी का 28.6 फीसदी पैसेंजर से

रेलवे के आंकड़ों के मुताबिक, पिछले साल रेलवे की कुल आमदनी में पैसेंजर से मिले पैसे रही हिस्सेदारी 26.4 फीसदी थी, जो इस साल बढ़कर 28.6 प्रतिशत हो गया है। 2026 तक यह आंकड़ा 30 प्रतिशत तक पहुंचने की उम्मीद है।

# सोने में बढ़त, चांदी में गिरावट : सोना 82094 रुपए पर पहुंचा

## चांदी 1058 रुपए सस्ती होकर 92475 रुपए प्रति किलो बिक रही



नई दिल्ली,3 फरवरी (एजेंसियां)। सोने के के दाम में आज यानी 3 फरवरी को मामूली बढ़त है। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन के अनुसार, 10 ग्राम 24 कैरेट सोने का दाम 8 रुपए बढ़कर होकर 82,094 रुपए हो गया है। इससे पहले सोना 82,086 रुपए पर था। वहीं 31 जनवरी को सोने ने 82,165 रुपए प्रति दस ग्राम का ऑल टाइम हाई बनाया था।वहीं चांदी के दाम में आज गिरावट है। ये 1,058 रुपए सस्ती होकर 92,475 रुपए प्रति किलो पर आ गई है। इससे पहले चांदी 93,533 रुपए किलो थी। चांदी ने 23 अक्टूबर 2024 को अपना ऑल टाइम हाई बनाया था, तब ये 99,151 रुपए प्रति किलो पर पहुंच गई थी।

### महानगरों में सोने की कीमत

**दिल्ली :** 10 ग्राम 22 कैरेट सोने की कीमत 77,200 रुपए और 10 ग्राम 24 कैरेट सोने की कीमत 84,200 रुपए है। **मुंबई :** 10 ग्राम 22 कैरेट सोने की कीमत 77,050 रुपए और 10 ग्राम 24 कैरेट सोने की कीमत 84,050 रुपए है।

**कोलकाता :** 10 ग्राम 22 कैरेट गोल्ड की कीमत 77,050 रुपए और 24 कैरेट 10 ग्राम सोने की कीमत 84,050 रुपए है।

**चेन्नई :** 10 ग्राम 22 कैरेट सोने की कीमत 77,050 रुपए और 10 ग्राम 24 कैरेट सोने की कीमत 84,050 रुपए है।

**भोपाल :** 10 ग्राम 22 कैरेट सोने की कीमत 77,100 रुपए और 10 ग्राम 24 कैरेट सोने की कीमत 84,100 रुपए है।

**हैदराबाद :** सोने की दर 24 कैरट के लिए रुपए 84050 / 10 ग्राम और 22 कैरट के लिए रुपए 77050/10 ग्राम।

# दैनिक पंचांग

### ग्रह गोचर

(कुंडली चक्र: ११ शनि; सूर्य बुध १०; ९; शुक्र राहु १२; चंद्र १; ८; ७; २; ४; ६ केतु; ३ मंगल; ५)

श्री कालयुक्त संवत्सर-विक्रम संवत-2081
शक संवत- 1946 सूर्य - उत्तरायणे - ऋतु - शिशिर
महावीर निर्वाण संवत -2051,हिजरी सन् -1444
कलियुग अवधि-432000
सूर्योदय - 06-50
सूर्यास्त. -18-09
भोग्य कलि वर्ष-426875
कलियुग संवत् -5125 वर्ष,
कल्पारंभ संवत् -1972949125
सृष्टि ग्रहारंभ संवत्-1955885125

| ग्रह स्थिति | | लग्नारंभ समय | |
|---|---|---|---|
| सूर्य- | मकर मे | मकर... | 04-40 बजे |
| चंद्र- | मेष मे | कुंभ... | 07-20 बजे |
| मंगल | मिथुन (व) मे | मीन... | 08-58 बजे |
| बुध- | मकर मे | मेष... | 10-34 बजे |
| गुरु- | वृष मे | वृष... | 12-16 बजे |
| शुक्र- | मीन मे | मिथुन | 14-20 बजे |
| शनि- | कुंभ मे | कर्क.. | 16-32 बजे |
| राहु- | मीन मे | सिंह... | 18-44 बजे |
| केतु- | कन्या मे | कन्या... | 20-52 बजे |
| | | तुला.... | 21-56 बजे |
| | | वृश्चिक.. | 01-05 बजे |
| | | धनु...... | 03-20 बजे |

दिशाशूल - उत्तर - गुड खाकर घर से निकले
तिथि- सप्तमी . 02-30 तक उपरान्त अष्टमी
मास - माघ शुक्ल , मंगलवार 04 February
नक्षत्र - अश्विनी 21-49 तक उपरान्त भरणी
योग - शुभ 00-05 तक उप शुक्ल
करण- गर 15-32 तक उप वणिज
विशेष:- अचला रथ आरोग्य सप्तमी
व्रत -त्योहार - श्री नर्मदा ज. देवनारायण ज.

विशेषः- राशिफल गृहों के गोचर के आधार पर लिखा गया है।सूक्ष्म फलादेश क लिए जन्म पत्रिका की सूक्ष्म स्थिति जानने के लिए जन्म कुण्डली दिखाना चाहिए।

**राहुकाल 15:21 से 16:46 तक**

**पं महेशचन्द्र शर्मा मो. 9247132654, 9167555710**

| दिन का चौघड़िया | | | रात का चौघड़िया | | |
|---|---|---|---|---|---|
| रोग | 06:50 - 08:14 | अशुभ | काल | 18:09 - 19:46 | अशुभ |
| उत्पात | 08:14 - 09:39 | अशुभ | लाभ | 19:46 - 21:21 | शुभ |
| चंचल | 09:39 - 11:05 | शुभ | उत्पात | 21:21 - 22:55 | अशुभ |
| लाभ | 11:05 - 12:30 | शुभ | शुभ | 22:55 - 00:30 | शुभ |
| अमृत | 12:30 - 13:56 | शुभ | अमृत | 00:30 - 02:05 | शुभ |
| काल | 13:56 - 15:21 | अशुभ | चंचल | 02:05 - 03:39 | शुभ |
| शुभ | 15:21 - 16:46 | शुभ | रोग | 03:39 - 05:14 | अशुभ |
| रोग | 16:46 - 18:09 | अशुभ | काल | 05:14 - 06:50 | अशुभ |

# आपका राशिफल

**मेष** (चू,चे, चो, ला, ली, लू , ले, लो, अ,): आपने किसी परियोजना में अपना काफी समय और प्रयास लगाये हैं और आपको अब इसका फल मिलना शुरू हो जाएगा । दूरदृष्टि के साथ साथ आपके दृढ संकल्प और प्रयास भी रंग लाये हैं । आप कुछ नए बदलाव करना चाह रहे हैं ,लेकिन वित्तीय बाधाएं हैं । आज आप सीमित साधनों से ही इन कामों को पूरा करने के सृजनात्मक तरीके खोज लेंगे ।

**वृष** (ई, उ, ए, जो, वा, वी, वू, वे, वो,): आज आपके लिए गंभीरता से मेहनत करने का दिन है । आप काफी लम्बे समय से लटक रहा एक काम संतोषजनक ढंग से पूरा करने में सफल रहेंगे । इससे आपके अफसर प्रभावित होंगे । आज आप पर किसी प्रसिद्ध व्यक्ति की भी नजर पड़ेगी और इस बात का आपके भविष्य पर काफी प्रभाव पड़ेगा । देख-समझकर यह खोजें कि आपको सबसे ज्यादा ऊर्जा किस्से मिलती है।

**मिथुन** (का, की, कू, घ, ड, छ, के, को, ह,): आपकी शांतिपूर्ण मन स्थिति में औरों के सवालों से बाधा पहुचेगी । वे सब यह जानने के लिए बहुत उत्सुक हैं कि आपकी निजी और व्यवसायिक जिंदगी में क्या चल रहा है । आपके किसी करीबी ने ही उन लोगों तक आपकी भविष्य की योजनाओं की जानकारी पहुचाई है लेकिन आप इन सबकी उपेक्षा कर दें और केवल अपने काम पर ध्यान दें ।

**कर्क** (ही, हू ,हे , हो, डा , डी, डू, डे, डो,): आप अपने आस पास बदलाव लाने के लिए उत्साह से भरे हैं । लेकिन आपके लिए शांति से बैठकर यह सोचना अच्छा रहेगा कि क्या बदलाव की कोई जरुरत भी है ? अब जबकि आप अपनी परियोजनाओं को आगे बढाने की तैयारी कर रहे हैं,बेहतर होगा कि आप ये परियोजनाएं अपने लिए किसी और को चुनने दें ।आप आज दृढ निश्चय से भरे रहेंगे ।

**सिंह** (मा, मी ,मू ,मे, मो, टा, टी ,टू ,टे,): आप आज होने वाली घटनाओं के कारण और कई तरह की उलटी -सीधी सूचनाओं के कारण खुद को उलझन में फंसा हुआ अनुभव करेंगे । इस समय आपका सही मार्गदर्शन आपके मन की आवाज ही कर सकती है । जैसा आपका मन कहता है ,वैसा ही करें । इससे आपको काफी कुछ सीखने को भी मिलेगा और आप उस दिशा में आगे बढ़ पायेंगे जिस दिशा में आप बढ़ना चाहते हैं ।

**कन्या** (टो पा पी पू ष ण ठ पे पो): आप आसानी से आगे होने वाली बातों का अनुमान लगा लेते हैं । आपकी संचार क्षमता भी प्रभावशाली और नजरिया खुला है,इसीलिए जो आप चाहते हैं उसके लिए बहुत मेहनत करें । हमेशा गलतियाँ ढूँढने की फिराक में रहने वाले आक्रामक लोगों के साथ उलझने से बचें ।आपको अपने किसी करीबी की अच्छी सेहत की खबर मिलेगी।

**तुला** (रा, री, रू ,रे ,रो , ता, ती, तू ,ते,): आज अपने अपने ही भीतर शक्ति का नया-अद्वितीय श्रोत ढूँढ लेंगे और आपको यह अनुभव होने लगेगा कि आप अपने जीवन में जिन समस्याओं से अब जूझ रहे हैं ,उनसे निपटने के लिए आपको किसी भी बाह्य मदद की जरुरत नही है । आप आसानी से खुद ही सब कर सकते हैं,इस बात का अनुभव आपको आज हो जाएगा ।

**वृश्चिक** (तो,ना,नी, ने,नू, नो, या, यी ,यू,): आप अपने गुस्से के कारण तुरंत प्रतिक्रिया देने के मूड में हैं । लेकिन आपके लिए सुझाव यह है कि अपने दिमाग को शांत रखकर गंभीरता से सोचें । आपके पास अच्छी संचार-कुशलता है और इसे अपने लाभ के लिए इस्तेमाल करें । तनाव घटाने के लिए,किसी साहसिक यात्रा पर जा सकते हैं लेकिन शारीरिक आनंद के चक्कर में न पड़ें ।

**धनु** (ये, यो,भा, भी, भू धा ,फा, ढा, भे): लम्बे समय के बाद आज आपको रहत महसूस होगी । किसी महत्वपूर्ण खबर से ख़ुशी मिलेगी । यदि माता-पिता हैं तो बेटे/बेटी के लिए सुयोग्य वर मिल सकता है । किसी लंबित अदालती मामले का फैसला आपके पक्ष में हो सकता है । करियर के मामले में छोटे से प्रयास से बड़ी सफलता मिलनी तय है । आज से जिन्दगी वापस पटरी पर आती दिख रही है ,प्रियजनों के साथ खुश रहें ।

**मकर** (भो, जा, जी, खो, खू, खे, खो, गा, गी): अपने प्रति ईमानदार रहें क्योंकि इसी से आप हरेक स्थिति में खुश रह पायेंगे । केवल दूसरों की परवाह करने के लिए अपनी इच्छाओं का बलिदान न करें ,जो आपको भी अच्छा लगे,वही करें । आपको यह सोचने में कुछ समस्या हो सकती है कि कहां से शुरू करूं,इसलिए सारे पहलू देखकर अपनी प्राथमिकताएं तय कर लें ।

**कुंभ** (गू, गे ,गो, सा, सी, सू, से, सो, दा,): आज का दिन अपने जीवन की वर्त्तमान स्थिति का मूल्यांकन करने और अपनी योजनाओं को प्राथमिकता के आधार पर बांटने के लिए बिलकुल उपयुक्त है । अगर आप पिछले कुछ समय से आलसी महसूस कर रहे हैं और काफी सारा काम इकठ्ठा हो गया है,आज अपने अन्दर असीमित ऊर्जा अनुभव करेंगे जिससे आपके ये अधूरे काम संतोषजनक ढंग से पूरे हो पायेंगे ।

**मीन** (दी, दू,थ, झ, ञ, दे, दो, चा,ची): आपके सामने नए अवसर प्रस्तुत होने वाले हैं । आप आज तक अपनी जिस प्रतिभा को केवल हॉबी मानते आये थे,उससे अपनी आजीविका कमा सकते हैं ।जीवन के हर क्षेत्र में नए बदलाव होंगे जो आपके जीवन को पूरी तरह बदलकर रख देंगे । आप अपने जीवन से संतुष्ट अनुभव करेंगे । आपकी सेहत काफी अच्छी लग रही है।

श्री पंचागुली ज्योतिष केन्द्र

# अस्पताल में बदला हिंदू-मुस्लिम परिवार का बच्चा

## 7 मिनट के अंतराल में जन्म, साधना बोलीं–वह नहीं लौटाएंगी, विवाद बढ़ने पर हो सकता है डीएनए टेस्ट

दुर्ग, 3 फरवरी (एजेंसियां)। छत्तीसगढ़ के दुर्ग जिला अस्पताल में प्रसव के बाद हिंदू और मुस्लिम मां का बच्चा बदल गया है। नहलाते वक्त चौथे दिन बच्चा बदलने का पता चला। दोनों बच्चों का जन्म 7 मिनट के अंतराल में हुआ, लेकिन स्टाफ की गलती से कुरैशी परिवार का बच्चा सिंह परिवार के पास चला गया।

हिंदू मां साधना अब बच्चे को लौटाने से इनकार रही है। उनका कहना है कि, उसे लगाव हो गया है। यह उसी का बच्चा है। वहीं, कलेक्टर ने मामले की जांच के लिए जांच समिति बना दी है। अगर इससे कोई समाधान नहीं निकलता है तो डीएनए (डिऑक्सीराइबोन्यूक्लिक एसिड) टेस्ट कराया जाएगा।

दरअसल, 23 जनवरी 2024 को जिला अस्पताल के मदर चाइल्ड वार्ड में दोनों बच्चों का जन्म हुआ था। सिविल सर्जन डॉ. हेमंत साहू के मुताबिक, शबाना कुरैशी पति अल्ताफ कुरैशी ने दोपहर 1.25 बजे बेटे को जन्म दिया।

इसके बाद साधना सिंह ने भी दोपहर 1:32 बजे बेटे को जन्म दिया। दोनों बच्चे का जन्म 7 मिनट के अंतर में हुआ। जिला अस्पताल में नवजात शिशुओं की पहचान के लिए जन्म के तुरंत बाद उनके हाथ में मां के नाम का टैग पहनाया गया। दोनों प्रसूताओं की बच्चे के साथ फोटो खींची गई। बताया जा रहा है कि बच्चों को नहलाने के बाद शबाना का बच्चा साधना और साधना का बच्चा शबाना के पास पहुंच गया। इसके करीब 3 दिन बाद दोनों प्रसूताओं को अस्पताल से डिस्चार्ज कर दिया गया।



शबाना कुरैशी
वाईफ आफ अल्ताब कुरैशी
उम्र: 30 साल

साधना
वाईफ आफ शैलेंधर
उम्र: 28 साल

मुस्लिम परिवार के मुताबिक घर जाने के बाद शबाना कुरैशी बच्चे को नहला रही थी, तभी उसने देखा कि बच्चे के हाथ में लगे टैग में बेबी ऑफ साधना लिखा हुआ है, जिससे उसे बच्चा बदलने का शक हुआ। इसकी जानकारी शबाना ने अपने परिवार को दी। उसने बताया कि, जन्म के समय खींची गई तस्वीर से उसके बच्चे का मिलान नहीं हो रहा है। फोटो में साधना के बच्चे के शरीर में बर्थ मार्क था। वहीं, बर्थ मार्क शबाना को दिए गए बच्चे में दिखा। इसके बाद परिजनों ने जिला अस्पताल पहुंचकर मामले की शिकायत की।

शबाना कुरैशी के भाई आमिर खान का कहना है कि, जन्म के समय अस्पताल की ओर से मां के साथ बच्चे की फोटो ली जाती है। वो फोटो बाद में परिजनों को दी जाती है, जो फोटो शबाना को दी गई है, उसमें बच्चे के चेहरे पर कहीं भी तिल का निशान नहीं है, जबकि उसके पास जो बच्चा है, उसके चेहरे पर तिल का निशान है।

जिला अस्पताल के सिविल सर्जन डॉ. हेमंत साहू ने मामले की सूचना कोतवाली थाने में दी है। वहीं, शबाना के परिजनों ने भी थाने में शिकायत की है। पुलिस का कहना है कि, अस्पताल प्रबंधन की शिकायत पर जांच चल रही है। दोनों पक्षों को समझाया जाएगा। अगर मामला नहीं सुलझा तो डीएनए टेस्ट कराया जाएगा।

मुस्लिम परिवार ने कलेक्टर से शिकायत की। कलेक्टर ऋचा प्रकाश चौधरी ने डिप्टी कलेक्टर एम भार्गव के नेतृत्व में एक जांच टीम गठित की है, जिन्होंने रविवार को अस्पताल के मदर चाइल्ड यूनिट का रिकॉर्ड खंगाला। जिम्मेदार स्टाफ से पूछताछ की, लेकिन अभी तक मामले का हल नहीं निकला है।

# बजट में फिर 'खाली हाथ'

## झारखंड दिवस पर हेमंत सोरेन का बड़ा ऐलान

दुमका, 3 फरवरी (एजेंसियां)। झारखंड मुक्ति मोर्चा (जेएमएम) के कार्यकारी अध्यक्ष और मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने केंद्र सरकार की ओर से पेश बजट में झारखंड की अनदेखी किए जाने का आरोप लगाया है। हेमंत सोरेन रविवार की देर रात दुमका के ऐतिहासिक गांधी मैदान में झामुमो के 46वें झारखंड दिवस को संबोधित कर रहे थे।

हेमंत सोरेन ने केन्द्रीय बजट की चर्चा करते हुए राज्य वासियों से अपना हक और अधिकार पाने के लिए संघर्ष करने के आह्वान किया। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार को सभी राज्यों के साथ बराबरी का नजर रखना चाहिए, लेकिन केन्द्र सरकार ने सबसे अधिक राजस्व देने वाले पिछड़े राज्य झारखंड की अनदेखी की है। जबकि पिछड़े राज्यों का पर विशेष ध्यान रखा जाना चाहिए।

मुख्यमंत्री ने कहा कि समूचे देश में सबसे अधिक 42 प्रतिशत कोयला सहित अन्य खनिज संपदा झारखंड में है। यहां के खनिज संपदाओं के राजस्व से केन्द्र सरकार का खजाना भरता है। लेकिन दुर्भाग्य की बात है कि सामंती सोच रखने वाली केन्द्र सरकार झारखंड को पिछड़े राज्य की श्रेणी में खड़ा रखने का बीड़ा उठा रखा है। जिससे झारखंड के आदिवासी मूलवासी अपने पैरों पर खड़ा नहीं हो सके। इसके लिए हमें लड़ना पड़ता है। इससे स्पष्ट है केन्द्र सरकार का यह नया बजट पिछड़ा राज्य झारखंड के लिए फायदे की जगह नुकसान देने वाला है।



हेमंत सोरेन ने कहा कि महंगाई तेजी से बढ़ रहा है। जीएसटी में भी कोई बदलाव नहीं किया गया। यहां तक कि मनरेगा जैसी योजनाओं के साथ अनाज में भी कटौती कर दी गई है। इसके बावजूद झारखंड सरकार अपने संसाधनों से राज्य की अर्थव्यवस्था को मजबूत करने का लगातार प्रयास कर रही है और राज्य की महिलाओं के आम लोगों की समस्याओं का निदान करने में जुटी है। उन्होंने कहा कि नीति आयोग की एक रिपोर्ट के मुताबिक पूरे देश में पहली बार झारखंड अर्थव्यवस्था के प्रबंधन में चौथे स्थान पर पहुंचने में सफल हुआ है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि देश में आदिवासियों की आबादी घटकर महज 26 प्रतिशत रह गयी है। उन्होंने कहा असम सहित अन्य कई प्रदेशों में आदिवासी निवास करते हैं लेकिन उन राज्यों में उन्हें उनका वाजिब हक नहीं मिल पा रहा है। उन्होंने अपना हक और अधिकार पाने सदैव लिए राज्यवासियों से सदैव तैयार रहने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि झामुमो सुप्रीमो दिशोम गुरु शिबू सोरेन गुरु के नेतृत्व में झामुमो ने शोषण के खिलाफ संघर्ष किया और राज्य लिया। राज्य सरकार उनके सपनों के अनुरूप झारखंड के लोगों की आकांक्षाओं को साकार करने में जुटी है।

इससे पहले संताल परगना महाविद्यालय मैदान से बसंत सोरेन के नेतृत्व में विशाल जुलूस निकाला गया और शहर के बड़ा गांध स्थित अमर शहीद सिदो-कान्हू की प्रतिमा पर माल्यार्पझा किया। इस जुलूस में सांसद विजय हांसदा और विधायक हेमलाल मुर्मू, आलोक सोरेन, लुईस मरांडी और जिलाध्यक्ष शिव कुमार बास्की शामिल थे। जुलूस में भारी तादाद में शामिल कार्यकर्ता और समर्थकों ने हाथों में पोस्टर बैनर लेकर शहर के प्रमुख मार्गों पर प्रदर्शन किया जो स्थानीय गांधी मैदान में विशाल रैली में तब्दील हो गया।

ऐतिहासिक गांधी मैदान में देर रात तक चली रैली में शामिल पार्टी कार्यकर्ता ढोल-नगाड़े के साथ 'शिबू सोरेन जिंदाबाद- शिबू सोरेन जिंदाबाद।

# बीजेपी नेता और छालीवुड एक्टर राजेश अवस्थी का निधन

## गरियाबंद में चुनाव प्रचार के दौरान आया हार्ट अटैक, रायपुर में होगा अंतिम संस्कार

रायपुर, 3 फरवरी (एजेंसियां)। छत्तीसगढ़ी एक्टर और बीजेपी नेता राजेश अवस्थी का हार्ट अटैक से निधन हो गया है। बताया जा रहा है कि, गरियाबंद में रविवार रात को नगरीय निकाय चुनाव के प्रचार के दौरान अचानक उनके सीने में दर्द उठा। जिला अस्पताल ले जाने पर डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया गया। राजेश अवस्थी (41) छत्तीसगढ़ी फिल्म विकास निगम के पूर्व अध्यक्ष रह चुके हैं। डॉ. रमन सिंह सरकार के समय में छत्तीसगढ़ फ़िल्म विकास निगम बना था। राजेश अवस्थी फिल्म निगम के पहले अध्यक्ष थे। आज सोमवार दोपहर 1 बजे रायपुर के महादेव घाट में राजेश अवस्थी का अंतिम संस्कार किया जाएगा।

राजेश अवस्थी गरियाबंद के रहने वाले थे। वो फिलहाल रायपुर में भी रह रहे थे। उन्होंने राजनीतिक शास्त्र में ग्रेजुएशन और कंप्यूटर साइंस में पोस्ट ग्रेजुएशन किया था। हालांकि गरियाबंद निवासी होने के चलते यहां की हर राजनीतिक गतिविधियों में सक्रिय रहते थे। नगरीय निकाय चुनाव के दौरान भी लगातार गरियाबंद में सक्रिय रहे। राजेश भाजपा के समर्थन में डोर टू डोर प्रचार में लगे थे। रात 11 बजे सीने में दर्द उठने पर उन्हें गरियाबंद जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां डॉक्टर हरीश चौहान ने उन्हें 11.28 बजे डेथ घोषित कर दिया। आशंका जताई गई है कि हार्ट अटैक से मौत हुई है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा कि, छत्तीसगढ़ी फिल्मों के प्रसिद्ध अभिनेता एवं निर्माता, भारतीय जनता पार्टी सांस्कृतिक प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक राजेश अवस्थी के निधन का समाचार अत्यंत दुःखद है। उनका निधन छत्तीसगढ़ी फिल्म उद्योग के लिए अपूरणीय क्षति है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव ने कहा कि, आज हम सब बहुत दुखी हैं। शोक में है। हमारी पार्टी के सिपाही, बीजेपी के सांस्कृतिक प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक, छत्तीसगढ़ के गौरव राजेश अवस्थी का निधन समाचार मिलने से मन बहुत आहत है।

हमने एक बेहद समर्पित कार्यकर्ता खो दिया है। जिसकी भरपाई कभी नहीं हो सकेगी। मैं भगवान से उनकी आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना करता हूं। परिवार जनों को इस भारी दुख को सहने की शक्ति मिले। ऐसी भगवान के चरणों में प्रार्थना है। भाजपा नेता राजेश अवस्थी के निधन के चलते सोमवार को दोपहर 12 बजे होने जा रहे घोषणा पत्र लॉन्च कार्यक्रम को बीजेपी ने स्थगित कर दिया है।

# महाकुंभ जा रहे सीजी के हेड-कॉन्स्टेबल, मां-बेटे समेत 6 की मौत

## यूपी में हादसा, ट्रेलर से टक्कर के बाद उछलकर मकान में घुसी कार, 3 गंभीर

बलरामपुर, 3 फरवरी (एजेंसियां)। महाकुंभ जा रहे छत्तीसगढ़ के हेड-कॉन्स्टेबल रवि मिश्रा, मां उषा मिश्रा और बेटे अथर्व मिश्रा, ड्राइवर समेत 6 लोगों की यूपी में मौत हो गई। सोनभद्र में तेज रफ्तार क्रेटा कार और ट्रेलर की आमने-सामने की टक्कर हो गई। हादसे में पत्नी प्रियंका मिश्रा, बेटा दिव्यांशु और मेड दुर्गा देवी घायल हैं। जिनका वाराणसी में इलाज चल रहा है। कार सवार संगम स्नान के लिए महाकुंभ जा रहे थे। गाड़ी उनका ड्राइवर सने कादरी उर्फ सनाउल्ला खलीफा चला रहा था।

हादसा रविवार देर शाम वाराणसी-शक्तिनगर स्टेट हाईवे-5ए पर हाथीनाला थाना क्षेत्र के रानीताली इलाके में हुआ। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि कार उछलकर पास के एक मकान में जा घुसी। टक्कर के बाद ट्रेलर चाय पीने उतरे एक ट्रक चालक को भी रौंदता हुआ मकान से टकरा गया। चालक की भी मौत हो गई।

जानकारी के मुताबिक, कार छत्तीसगढ़ के बलरामपुर की है। इसका नंबर सीजी 15 ईबी 4141 है। प्रधान आरक्षक की पत्नी पत्नी प्रियंका मिश्रा (38) की हालत गंभीर है। साथ ही एक महिला और युवक भी घायल है। सभी घायलों को वाहन से निकाल कर हाथीनाला पीआरवी और एम्बुलेंस से भेजा गया। वहीं स्थानीय लोगों की मदद से मृतकों के शवों को कार से बाहर निकाला गया।

प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया, हादसा इतना भयावह था कि कार के परखच्चे उड़ गए। घटना की सूचना मिलते ही एसपी और डीएम भी घटनास्थल के लिए रवाना हुए। फिलहाल, पुलिस ने दोनों वाहनों को कब्जे में लेकर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।

# अब ट्रैफिक नियम तोड़ने पर 5 मिनट में आएगा ई-चालान

रायपुर, 3 फरवरी (एजेंसियां)। छत्तीसगढ़ के रायपुर में ट्रैफिक नियम तोड़ने पर अब आज (सोमवार) से 5 मिनट के अंदर ही मोबाइल पर ई-चालान आएगा। जैसे ही नियम तोड़ेंगे, वैसे ही आईटीएमएस कैमरे में कैद हो जाएंगे। 10 मिनट के भीतर ऑनलाइन फाइन भी पटा सकेंगे। ट्रैफिक पुलिस के मुताबिक, इससे हर दिन करीब 100 लोगों के चालान बनेंगे। बाद में यह संख्या बढ़ाई जाएगी।

दरअसल, पिछले दिनों रायपुर एसएसपी ने आईटीएमएस सिस्टम का निरीक्षण किया था। जहां अपराधों की रोकथाम और यातायात नियमों के उल्लंघन करने वालों पर जल्द एक्शन लेने के निर्देश दिए। जिसके बाद ऑनलाइन चालान सिस्टम के सॉफ्टवेयर को अपडेट किया गया। स्मार्ट सिटी लिमिटेड रायपुर की तरफ से शहर में 400 से ज्यादा इंटीग्रेटेड ट्रैफिक मैनेजमेंट सिस्टम के तहत सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं। इनमें से कुछ खराब थे, जिन्हें सुधारा गया है। जिसके माध्यम से यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के खिलाफ लगभग 1000 से अधिक ई-चालान जारी किया जा रहा है।

अभी वर्तमान में आईटीएमएस जो तत्काल ई-चालान जारी करेगा। उसकी शुरुआत केवल 100 लोगों तक सीमित रहेगा। जिनकी संख्या बाद में बढ़ाई जाएगी। इसलिए अब आम जनता को ट्रैफिक नियमों का पालन करने की जरूरत है। जिससे ई-चालान से बचा सके और खुद को सुरक्षित भी रख सकें।

रायपुर शहर में शास्त्री चौक, जयस्तंभ चौक, फाफाडीह चौक, भनपुरी चौक, कलेक्ट्रेट चौक, भगत सिंह चौक, तेलीबांधा चौक, कालीबाड़ी चौक, कोतवाली चौक, बिजली आफिस चौक, महिला थाना चौराहा, पचपेड़ी नाका, शंकरनगर चौक, कटोरा तालाब, रायपुरा, लोधीपारा चौक, पंडरी चौक आदि चौराहों पर दिनभर में हजारों की संख्या में दोपहिया, चारपहिया और अन्य वाहन गुजरते हैं। शहर के इन इलाकों में ट्रैफिक नियम तोड़ने के सबसे ज्यादा मामले आते हैं।

नया ट्रैफिक नियम केवल रायपुर में लागू है। यह व्यवस्था रायपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड के आईटीएमस सिस्टम में रायपुर ट्रैफिक पुलिस ने की है। इसलिए यह केवल रायपुर के लिए ही लागू होगा। प्रदेश के अन्य जिलों में अभी इसे लागू नहीं किया गया है। ट्रैफिक अफसरों का कहना है कि, अभी वर्तमान में ई-चालान जारी होने में 8 से 10 दिन का समय लगता था। जिस कारण ज्यादातर नियम तोड़ने वाले आपत्ति जताते थे कि, ट्रैफिक नियम तोड़ने के इतने दिन बाद चालान क्यों भेजा गया है। वो तुरंत चालान पटाने की मांग कर रहे थे।

# दो दिन में मारे गए 16 लाख के 9 नक्सली

## नारायणपुर–कांकेर बॉर्डर पर एक ढेर, शव बरामद डीआरजी–बीएसएफ की टीम कर रही सर्चिंग

कांकेर, 3 फरवरी (एजेंसियां)। छत्तीसगढ़ के नारायणपुर-कांकेर जिले की बॉर्डर पर पुलिस और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ में एक नक्सली मार गया है। शव बरामद कर लिया गया है। हालांकि पहचान नहीं हो सकी है। आशंका है कि मुठभेड़ में कई और नक्सली मारे गए और घायल हुए हैं। मिली जानकारी के मुताबिक सर्चिंग में एसएलआर राइफल सहित अन्य नक्सल सामग्री बरामद हुआ 1 अभी मुठभेड़ वाले इलाके में जवान सर्चिंग कर रहे हैं। नक्सलियों के और भी शव बरामद किए जा सकते हैं। 2 दिन में कुल 9 नक्सली मारे गए हैं। इनमें 8 पर 16 लाख का इनाम था।

दरअसल, 2 जनवरी को दोपहर 12:30 बजे से दोनों तरफ से रुक-रुककर गोलीबारी हुई। इस दौरान जवानों ने डीआरजी और बीएसएफ की संयुक्त टीम ने नक्सलियों को बड़े लीडर्स को घेरा था, लेकिन फोर्स को भारी पड़ता देख नक्सली भाग निकले। मुठभेड़ की पुष्टि बस्तर के आईजी सुंदरराज पी ने की थी। 1 जनवरी यानी शनिवार को बीजापुर जिले के गंगालूर थाना क्षेत्र में हुए मुठभेड़ में मारे गए 8 नक्सलियों की पहचान हो गई है। बीजापुर एसपी जितेंद्र यादव ने बीजापुर के गंगालूर में मुठभेड़ में मारे गए नक्सलियों के बारे में मीडिया को जानकारी दी। उन्होंने बताया कि मारे गए नक्सली 16 लाख के इनामी थे। एसपी ने बताया कि मुठभेड़ में कमलेश नीलकंठ मारा गया, जिसकी उम्र 24 साल थी।

# मंत्री ओपी चौधरी ने चाय बनाकर लोगों को पिलाई

## बीजेपी मेयर प्रत्याशी की दुकान पहुंचे, कहा– कोई भी काम छोटा नहीं होता

रायगढ़, 3 फरवरी (एजेंसियां)। छत्तीसगढ़ के रायगढ़ में नगरीय निकाय चुनाव को लेकर प्रचार-प्रसार चल रहा है। इस बीच सोमवार को वित्तमंत्री ओपी चौधरी ने रायगढ़ निगम से भाजपा महापौर प्रत्याशी जीवर्धन चौहान की दुकान पर चाय बनाकर लोगों को पिलाई। मंत्री ने कहा कि, कोई भी काम छोटा नहीं होता है।

दरअसल, पहले मंत्री ओपी चौधरी को महापौर प्रत्याशी ने अपने हाथों से चाय बनाकर पिलाया। जब दुकान में ओपी को देखकर आसपास के लोगों की काफी भीड़ इकट्ठा हो गई। इसके बाद ओपी चौधरी ने भी खुद चाय बनाकर लोगों को पिलाई। उन्होंने भाजपा महापौर प्रत्याशी जीवर्धन चौहान के लिए समर्थन मांगा।

वित्तमंत्री ओपी चौधरी ने लोगों को चाय पिलाते हुए कहा कि, जीवन में कोई भी काम छोटा नहीं होता।



बशर्ते वह ईमानदारी और लगन से किया जाए। उन्होंने कहा कि, जीवर्धन ईमानदारी की मिसाल है। जीवर्धन ने चाय बेचते हुए बतौर कार्यकर्ता 29 साल से भाजपा की सेवा की है। उनकी ईमानदारी की वजह से जीवर्धन को भाजपा का महापौर प्रत्याशी बनाया गया है।

छत्तीसगढ़ नगरीय निकाय चुनाव में 11 फरवरी को वोटिंग और 15 फरवरी को इसके नतीजे आ जाएंगे। लेकिन इससे पहले ही 23 जगह भाजपा के प्रत्याशियों की जीत हो चुकी है। 5 नगर निगम में 6 पार्षदों की निर्विरोध जीत हुई है।

वहीं, 4 नगर पालिका में 6 पार्षद और 14 नगर पंचायत के 21 वार्डों में बीजेपी के कैंडिडेट निर्विरोध चुने गए है। कहीं कांग्रेस के प्रत्याशियों ने अपना नाम वापस ले लिया तो किसी वार्ड में सिर्फ एक ही नामांकन आने से भाजपा की जीत हुई है। वहीं, बसना नगर पंचायत अध्यक्ष डॉ. खुशबू अग्रवाल निर्विरोध अध्यक्ष बनी हैं।

# शादी में हर्ष फायरिंग, दुल्हन का चचेरा भाई जख्मी

## दुर्गापुर रेफर, श्रमिक नेता को खुद की अवैध पिस्टल से लगी थी गोली

धनबाद, 3 फरवरी (एजेंसियां)। धनबाद के गोविंदपुर स्थित अग्रसेन भवन में एक विवाह समारोह के दौरान बीती रात हर्ष फायरिंग की घटना सामने आई। इस घटना में दुल्हन के चचेर भाई के पैर में गोली लग गई। इससे वो गंभीर रूप से जख्मी हो गया। बारात बाघमारा से आई थी। फिलहाल युवक को दुर्गापुर रेफर कर दिया गया है।

वहीं, दूसरे मामले में बीसीसीएलकर्मी व जनता श्रमिक संघ के सचिव राधेश्याम यादव पर गोली चालन मामले का पुलिस ने खुलासा कर लिया है। पुलिस की जांच में पता चला कि राधेश्याम को अपराधियों ने नहीं, बल्कि खुद की अवैध पिस्टल से गोली लगी थी।

कृष्णा विश्वकर्मा उर्फ हिप्पी की बेटी की शादी में बुलाए गए दोनाली बंदूकधारी ने बारात के पहुंचते ही फायरिंग शुरू कर दी। पहली गोली हवा में चली, लेकिन दूसरी गोली चलाने के प्रयास के दौरान वह 26 वर्षीय श्याम सुंदर विश्वकर्मा के दाहिने पैर में जा लगी।

घायल युवक को तत्काल एसएनएमएमसीएच में भर्ती कराया गया, जहां चिकित्सकों ने बेहतर इलाज के लिए उसे दुर्गापुर अस्पताल रेफर कर दिया। इधर, बीसीसीएलकर्मी व जनता श्रमिक संघ के सचिव राधेश्याम यादव पर गोली चालन मामले का पुलिस ने खुलासा कर लिया है। पुलिस की जांच में पता चला कि राधेश्याम को अपराधियों ने नहीं, बल्कि खुद की अवैध पिस्टल से गोली लगी थी। पुलिस ने राधेश्याम के खिलाफ सुदामडीह थाना में रविवार को एफआईआर दर्ज कर लिया है।

पुलिस के अनुसार, राधेश्याम के अस्पताल से लौटने के बाद रविवार को जब पुलिस ने कड़ाई से पूछताछ शुरू की तो परत-दर-परत सच सामने आ गया। राधेश्याम ने पुलिस को बताया कि अपने घर के बरामदे में चार दोस्तों के साथ पिस्तौल खोलकर दिखा रहा था, उसी दौरान अचानक गोली चल गई और उसके दाहिने पैर में जा लगी। सुदामडीह पुलिस ने राधेश्यामकी निशानदेही पर उनके आंगन के कचरे में रखे हुए पिस्टल को बरामद कर लिया है।

राधेश्याम ने गुरुवार की देर रात गोली चलने की बात कही थी। गोली लगने के बाद घायल राधेश्याम यादव का पाटलिपुत्रनर्सिंग होम धनबाद में इलाज करायाथा। पुलिस को दिए बयान में उसने कहा था कि भूलना बरारी से आने के दौरान किसी ने उसे गोली मार दी।

# झारखंड के लिए बड़ी खुशखबरी

## उधवा पक्षी अभयारण्य अब विश्व पटल पर

साहेबगंज, 3 फरवरी (एजेंसियां)। दुनिया भर के प्रवासी पक्षियों को अपनी ओर आकर्षित करने वाले झारखंड का एक मात्र पक्षी अभ्यारण्य साहेबगंज ज़िला का उधवा स्थित पतौड़ा झील विश्व पटल पर आ गया। यह झारखंड का पहला रामसर साइट है, जिसे अब पक्षियों के अलावे विश्व के समस्त मानव पहचानेंगे।

साहिबगंज जिला मुख्यालय से 42 किलोमीटर दूर उधवा प्रखंड की पहाड़ी झील के आसपास करीब 6.5 वर्ग किमी में फैले उधवा पक्षी आश्रयाणी को केंद्र सरकार ने रामसर साइट के प्रस्ताव को स्वीकृति दे दी है। इसके साथ ही अब इस अभ्यारण्य के संवर्धन और संरक्षण के लिए केंद्र के अलावा विदेशों से भी आर्थिक मदद मिलेगी। पिछले साल उधवा पक्षी आश्रयाणी में पक्षियों की गणना की गई थी। तब यहां कई ऐसे पक्षी मिले, जो विलुप्त होने के कगार पर हैं। ऐसे में वन विभाग ने वेटलैंड को रामसर साइट घोषित करने के लिए वन एवं पर्यावरण मंत्रालय को प्रस्ताव भेजा। वन प्रमंडल पदाधिकारी प्रबल गर्ग ने बताया कि इसके बाद सलीम अली पक्षी विज्ञान एवं प्राकृतिक इतिहास केंद्र के अधिकारियों ने उधवा झील पक्षी आश्रयणी के लिए समर्पित इंटिग्रेटेड मैनेजमेंट प्लान बनाया था। जिसके बाद उधवा पक्षी अभयारण्य को रामसर साइट घोषित करने का प्रस्ताव वन विभाग ने भेजा था। जिसे अब केंद्र सरकार की स्वीकृति मिल गई है।

तत्कालीन बिहार सरकार ने वर्ष 1991 में उधवा झील को पक्षी आश्रयणी घोषित किया था। यह झील 565 हेक्टेयर क्षेत्र में फैला हुआ है। उधवा का पतौड़ा और राजमहल के बरहेल और ब्रह्म जमालपुर झील आश्रयणी क्षेत्र में आता है। लगभग 155 हैक्टेयर क्षेत्र में फैले पतौड़ा झील में साल भर उधवा नाले के जरिये गंगा नदी का पानी मिलत है।

# बाबा बैद्यनाथ के तिलकोत्सव पर उमड़ा जनसैलाब

देवघर, 3 फरवरी (एजेंसियां)। देवघर के विश्व प्रसिद्ध बाबा बैद्यनाथ मंदिर में बसंत पंचमी का पर्व विशेष महत्व रखता है। जहां देश भर में इस दिन मां सरस्वती की पूजा की जाती है, वहीं देवघर में यह दिन बाबा बैद्यनाथ के तिलकोत्सव के रूप में मनाया जाता है।

इस अवसर पर बाबा के ससुराल यानी मिथिलांचल से बड़ी संख्या में श्रद्धालु विशेष कांवर लेकर पहुंचे। मंदिर में दर्शन के लिए लगभग 3 किलोमीटर लंबी कतार लग गई। जिसमें एक लाख से अधिक भक्तों ने बाबा को जलार्पण किया। परंपरागत रीति-रिवाज के अनुसार बाबा को भांग, धतूरा, गुलाल और धान की बालियों से पूजा-अर्चना की गई।

मिथिलावासियों की मान्यता है कि माता पार्वती मिथिला की बेटी हैं, क्योंकि मिथिला हिमालय की सीमा में स्थित है। वे स्वयं को माता पार्वती का भाई और बाबा भोले को अपना बहनोई मानते हैं। यह परंपरा सदियों पुरानी है, जिसे ऋषि-मुनियों ने प्रारंभ किया था। श्रद्धालु टोलियों में एकत्र होकर पारंपरिक भजन-कीर्तन करते हैं। एक-दूसरे पर अबीर-गुलाल लगाकर खुशियां मनाते हैं। इस अवसर पर वे बाबा को तिलक लगाकर महाशिवरात्रि पर बारात लेकर आने का निमंत्रण भी देते हैं। भक्तगण शिवरात्रि के अवसर पर शिव विवाह में शामिल होने का संकल्प लेकर वापस लौटते हैं। तिलक समारोह को लेकर रविवार को भी खासा भीड़ देवघर में देखने को मिली। पारंपरिक कांवर लेकर आए मिथिलांचल के तिलकहरुए कांवर को फुट ओवरब्रिज गली की सड़क से लेकर पंडित शिवराम झा चौक एवं बीएन झा रोड के किनारे की रख कर जलार्पण कर निकल गए थे। रविवार को भी इस वजह से शहर में जाम की स्थिति बनी रही। ऐसी मान्यता है कि कांवर को लांघ कर नहीं जाना चाहिए। वहीं मंदिर परिसर में स्थानीय आम श्रद्धालुओं सहित सफाई कर्मियों को भी परेशानी उठानी पड़ी।

# ऋषिभीठा का चेकडैम बना 40 हाथियों की शरणस्थली

धनबाद, 3 फरवरी (एजेंसियां)। धनबाद टुंडी की पहाड़ियों के बीच ऋषिभीठा में बना चेकडैम और इसके आसपास का इलाका इन दिनों करीब 40 हाथियों के लिए शरणस्थली बना हुआ है। ये हाथी एक माह पहले गिरिडीह के पारसनाथ की पहाड़ियों से होते हुए दो दलों में आए थे और फिर यहां मिल गए। इधर, वन विभाग की टीम ने लोगों को घरों में शराब या महुआ नहीं रखने की सलाह दी है। इनकी गंध से आकर्षित होकर हाथी गांवों में पहुंच जाते हैं।

आम तौर पर ये अंधेरे में पहाड़ियों से उतरकर पास के गांवों में पहुंच जाते हैं। कच्चे घरों को तोड़ वहां रखा अनाज खा जाते हैं, खेतों की फसल को रौंद देते हैं। दो सप्ताह पहले भी उन्होंने तराई के एक गांव में 3-4 घरों को तोड़ डाला था। हालांकि हाल में ही एक हथिनी ने शिशु को जन्म दिया है। उसके बाद से दल लगभग एक ही जगह टिका हुआ है। वन विभाग की टीम हाथियों पर नजर रखने के लिए पेट्रोलिंग करती है और ग्रामीणों को अलर्ट करती है। ग्रामीण भी हर रात पहरा देते हैं। उन्हें मशाल जलाकर हाथियों को भगाने के लिए वन विभाग की ओर से डीजल भी दिया गया है।

# साउथ अफ्रीका की आर्थिक मदद रोकेंगे ट्रम्प

## कहा- वहां सरकार जबरदस्ती लोगों की जमीन कब्जा रही, हम बर्दाश्त नहीं करेंगे

वॉशिंगटन, 3 फरवरी (एजेंसियां)। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने रविवार को साउथ अफ्रीका को भविष्य में मिलने वाली सभी फंडिंग रोकने की घोषणा की। ट्रम्प ने आरोप लगाया कि साउथ अफ्रीका की सरकार जबरदस्ती लोगों की जमीन पर कब्जा कर रही है। इसके साथ ही वहां कुछ लोगों को परेशान कर रही है।

रॉयटर्स के मुताबिक दक्षिण अफ्रीका के राष्ट्रपति सिरिल रामफोसा ने हाल ही में एक भूमि अधिग्रहण बिल पारित किया है। इस बिल में प्रावधान है कि सरकार सार्वजनिक हित में बिना किसी मुआवजे के लोगों की जमीन पर कब्जा कर सकती है।

रॉयटर्स के मुताबिक अमेरिका ने 2023 में दक्षिण अफ्रीका को स्वास्थ्य कार्यक्रमों, आर्थिक विकास और सुरक्षा सहयोग के लिए लगभग 3.82 हजार करोड़ रुपए की मदद दी थी। ट्रम्प के इस फैसले के बाद अब दक्षिण अफ्रीका को मिलने वाली फंडिंग जल्द रुक सकती है और अमेरिका सरकार मानवाधिकार उल्लंघनों के मामले की जांच भी कर सकती है।

डोनाल्ड ट्रम्प के सहयोगी और दक्षिण अफ्रीका में जन्मे अरबपति इलॉन मस्क ने चेतावनी दी है कि रामफोसा की इस पॉलिसी से वैसा ही असर हो सकता है जैसा 1980 के दशक में जिम्बाब्वे में भूमि जब्ती के बाद हुआ था। जिसे जिम्बाब्वे की आर्थिक बर्बादी का कारण माना जाता है।

दूसरी तरफ दक्षिण अफ्रीकी सरकार का कहना है कि वो मनमाने तरीके से जमीन जब्त नहीं कर रही है, बल्कि इसके लिए पहले भूमि मालिकों से बात की जाएगी। दक्षिण अफ्रीका में



भूमि सुधार और रंगभेद लंबे समय से विवादित मुद्दा बना हुआ है।

दक्षिण अफ्रीका के राष्ट्रपति रामफोसा ने अमेरिका के साथ किसी भी तरह के तनाव की चिंता को खारिज कर दिया है। हालांकि दक्षिण अफ्रीकी सरकार ने अभी तक फंडिंग रोकने के मुद्दे पर कोई बयान नहीं दिया है। रॉयटर्स के मुताबिक ट्रम्प ने पहले अपने पहले कार्यकाल के दौरान दक्षिण अफ्रीका में हिंसक भूमि अधिग्रहण और गोरे किसानों की हत्याओं की जांच करने का वादा किया था।

ट्रम्प ने हाल ही में इजराइल, मिस्र और फूड प्रोग्राम को छोड़कर विदेशी देशों को मिलने वाली सभी मदद पर रोक लगा दी है। विदेश मंत्रालय ने अमेरिकी अधिकारियों और दूतावासों को इस संबंध में नोटिस भेजा है। यह नोटिस ट्रम्प के शपथ ग्रहण के बाद जारी कए गए एग्जीक्यूटिव ऑर्डर के बाद आया है।

इसमें विदेश नीति की समीक्षा करने तक 90 दिनों के लिए विदेश में दी जाने वाली सभी प्रकार की सहायता पर रोक लगा दी गई है। अमेरिकी की यूएस एजेंसी फॉर इंटरनेशनल डेवलपमेंट एजेंसी (यूएसएआईडी) पूरी दुनिया में डेवलपमेंट कार्यों के लिए मदद देती है। इस मकसद लोकतंत्र को बढ़ावा देना और गरीबी कम करना है।

# अमेरिकी एफ-35 लड़ाकू विमान से बेहतर है सु-57, रूस का बड़ा दावा

## एक्सपर्ट ने बताया सच, भारत के लिए कर रहे दावेदारी

मॉस्को, 3 फरवरी (एजेंसियां)। भारत लगातार अपनी एयरफोर्स की ताकत बढ़ाने का प्रयास कर रहा है। भारत के सामने चीन और पाकिस्तान की चुनौती है लेकिन फिलहाल इंडियन एयरफोर्स लड़ाकू विमानों की कमी का सामना कर रही है। ऐसे में भारत जल्दी ही मॉडर्न फाइटर जेट खरीदने पर विचार कर रहा है। पांचवीं पीढ़ी के लड़ाकू विमानों के लिए भारत की फेवरेट लिस्ट में रूस और अमेरिका के जेट सबसे ऊपर माने जा रहे हैं। ऐसे में रूस और अमेरिका, दोनों ये बताने की कोशिश कर रहे हैं कि उनके जेट ज्यादा बेहतर हैं। रूस ने कहा है कि उनका जेट सु-57 अमेरिका के एफ-35 से कहीं ज्यादा बेहतर है। रूसी समाचार एजेंसी स्पुतनिक इंटरनेशनल ने दावा किया है कि रूस का सु-57 लड़ाकू विमान अमेरिका के एफ-35 से बेहतर है। यह दावा अलास्का में एक एफ-35 के




दुर्घटनाग्रस्त होने के बाद आया है। स्पुतनिक ने सु-57 की कई खूबियां गिनाते हुए कहा कि इसकी रडार से बचने की क्षमता, इसकी रफ्तार, रेंज और हथियार क्षमता इसे अमेरिकी जेट से बेहतर बनाती है। नेशनल इंट्रेस्ट की रिपोर्ट के मुताबिक, विशेषज्ञों का कहना है कि स्पुतनिक के दावे पूरी तरह ठीक नहीं है। वास्तव में सु-57 की संख्या बहुत कम है और इसे वास्तविक युद्ध में कभी इस्तेमाल नहीं किया गया है। इसके विपरीत एफ-35 का बड़े पैमाने पर उत्पादन हुआ है और इसे कई देशों की एयरफोर्स इस्तेमाल कर रही हैं। स्पुतनिक का कहना है कि सु-57 दुश्मन के रडार में नहीं आता है। इसमें 20 किमी की सर्विस सीलिंग, 5,500 किमी की रेंज और 2,470 किमी प्रति घंटे की रफ्तार है। सु-57 हाइपरसोनिक मिसाइल ले जा सकता है जो किसी भी दुश्मन के हवाई सुरक्षा को भेद सकती है। स्पुतनिक ने दावा किया कि सु-57 अमेरिका के एफ-35 की तुलना में छह रडार से लैस है।

विशेषज्ञों ने स्पुतनिक के दावों को खारिज करते हुए कहा है कि सु-57 अमेरिका के एफ-35 जितना उन्नत नहीं है। न्यू हेवन विश्वविद्यालय में राष्ट्रीय सुरक्षा के प्रोफेसर डॉ मैथ्यू शिमट ने कहा, 'सु-57 वास्तव में पिछली पीढ़ी का लड़ाकू विमान है। कभी-कभी इसे 4.5 जनरेशन का लड़ाकू विमान कहा जाता है। इसका क्रॉस सेक्शन एफ-35 से कहीं बड़ा है और इसमें खुले इंजन हैं। सु-57 दिखाता है कि रूसी वैमानिकी अमेरिका ही नहीं चीनी तकनीक से भी पीछे है। शिमट का कहना है कि एफ-35 और सु-57 की क्षमताओं की तुलना करने पर एफ-35 स्पष्ट रूप से बेहतर विमान है। एफ-35 वाकई एक पांचवीं पीढ़ी का लड़ाकू विमान है। इसमें बेहतर एवियोनिक्स और बेहतर स्थितिजन्य जागरूकता है।

# ट्रंप के फैसले ने बढ़ाई डब्ल्यूएचओ की चिंता

## महानिदेशक बोले- सदस्य देश अमेरिकी राष्ट्रपति पर डालें दबाव

जेनेवा, 3 फरवरी (एजेंसियां)। डोनाल्ड ट्रंप ने राष्ट्रपति बनते ही अमेरिका को विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) से अलग कर लिया था। ट्रंप के इस फैसले ने डब्ल्यूएचओ की चिंता बढ़ा दी है। अब डब्ल्यूएचओ के प्रमुख ने सदस्य देशों से कहा है कि वे संयुक्त राष्ट्र की सार्वजनिक स्वास्थ्य एजेंसी से हटने के अमेरिका के फैसले को लेकर राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप से बात करें। वे फैसले को पलटने के लिए राष्ट्रपति पर दबाव डालें। राजनयिकों के साथ हुई बैठक में विश्व स्वास्थ्य संगठन के प्रमुख ने इस पर जोर दिया कि संगठन से हटने के बाद अमेरिका वैश्विक बीमारी के प्रकोप के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी से वंचित रह जाएगा। विश्व स्वास्थ्य संगठन के महानिदेशक टेड्रोस एडनॉम घेब्रेयसस ने कहा कि अमेरिकी रोग नियंत्रण और रोकथाम केंद्र के अधिकारियों को डब्ल्यूएचओ के साथ काम करना बंद करने के लिए कहा गया है।

# सीरियाई राष्ट्रपति सऊदी अरब की यात्रा पर पहुंचे

## तख्तापलट के बाद पहली विदेश यात्रा, सऊदी प्रिंस सलमान ने किया स्वागत

रियाद, 3 फरवरी (एजेंसियां)। सीरिया के अंतरिम राष्ट्रपति अबु मोहम्मद अल जुलानी जिन्हें अहमद अल-शरा के नाम से भी जाना जाता रविवार को अपनी पहली विदेश यात्रा पर सऊदी अरब पहुंचे। इस दौरान उसके साथ सीरिया के विदेश मंत्री असद अल-शैबानी भी मौजूद थे। जुलानी ने कुछ महीने पहले बशर अल असद का तख्तापलट कर खुद को राष्ट्रपति घोषित किया है।

सऊदी अरब की राजधानी रियाद के अल-यममाह पैलेस में सऊदी क्राउन प्रिंस मोहम्मद बिन सलमान ने सीरियाई राष्ट्रपति का स्वागत किया। अभी तक दोनों देशों की तरफ से इस मुलाकात की डिटेल जानकारी नहीं दी गई है। इससे पहले सऊदी के विदेश मंत्री प्रिंस फैसल बिन फरहान ने जनवरी में सीरिया की राजधानी दमिश्क का दौरा किया था। इस दौरान उन्होंने कहा था कि हम सीरिया पर लगे प्रतिबंधों को हटाने के लिए बातचीत कर रहे हैं।

सीरिया में पिछले साल दिसंबर में बशर अल असद का तख्तापलट किया गया था। असद के समय सीरिया को ईरान का समर्थन माना



जाता था। हालांकि अब माना जा रहा है कि सीरिया अपनी ईरान समर्थक छवि बदलने की कोशिश कर रहा है।

मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक 2011 में अरब क्रांति के समय सऊदी उन अरब देशों में से एक था जिसने सीरिया में बशर अल असद को सत्ता से हटाने की कोशिश की थी। इसके लिए विद्रोही ग्रुप्स को पैसे भी दिए गए थे। हालांकि असद ने रूस और ईरान की मदद से विद्रोह को काबू कर लिया था। अबु मोहम्मद अल जुलानी ने बुधवार को ही सीरिया का संविधान खत्म कर खुद को राष्ट्रपति घोषित किया है। इसके साथ सीरिया की संसद भी भंग कर दी गई है। विद्रोही गुट तहरीर अल शाम (एचटीएस) के कमांडर हसन अब्देलघानी ने कहा कि जब तक देश में पूरी तरह स्थिरता नहीं आ जाती है, तब तक जुलानी राष्ट्रपति पद पर रहेंगे। इसके साथ ही पूर्व राष्ट्रपति बशर अल-असद की बाथ पार्टी से जुड़े सभी संगठनों और संस्थाओं भंग कर दिया गया और उनकी सारी प्रॉपर्टी पर सीरियाई सरकार ने कंट्रोल कर लिया।

मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक 2016 में जब सीरिया का गृह युद्ध थमा तब से जुलानी अपनी लड़ाकों को मजबूत करने में जुट गया। चीन के उईगर मुसलमानों से लेकर अरब और सेंट्रल एशिया से लोगों की मदद से उसने अपनी फौज तैयार की। उसने सही समय का इंतजार किया, जो इजराइल-हमास जंग और रूस-यूक्रेन जंग की वजह से आया। 2022 में यूक्रेन में जंग शुरू हो गई और रूस वहां व्यस्त हो गया। इसके चलते रूस ने अपने सैनिकों को सीरिया से निकाल लिया। फिर 2023 में इजराइल और हमास के बीच जंग शुरू हुई। नतीजा ये हुआ कि ईरान और हिजबुल्लाह जो सीरिया में असद की मदद कर रहे थे वे अब उन पर ध्यान नहीं दे पाए। हसन नसरल्लाह की मौत के बाद हिजबुल्लाह कमजोर हो गया। इसी का फायदा उठाकर जुलानी ने सीरियाई सेना पर हल्ला बोल दिया और 11 दिन में राष्ट्रपति का तख्तापलट कर दिया।

# अमेरिका विमान दुर्घटना के 67 पीड़ितों में से 55 के अवशेष मिले

## पोटोमैक नदी के पास हुआ था हादसा

आर्लिंगटन, 3 फरवरी (एजेंसियां)। अमेरिका में अब तक के सबसे घातक विमान दुर्घटना में मारे गए 67 लोगों में से अब तक 55 मृतकों के अवशेष बरामद कर लिए गए हैं। दरअसल, वॉशिंगटन डीसी के करीब रीगन राष्ट्रीय हवाई अड्डे के पास पोटोमैक नदी के पास बुधवार को बड़ा हादसा हुआ था। अमेरिका में 2001 के बाद हुए अब तक के सबसे घातक हवाई दुर्घटना में यह हादसा भी शामिल है।

वाशिंगटन, डीसी के अग्निशमन और आपातकालीन चिकित्सा सेवा (ईएमएस) प्रमुख जॉन डोनेली ने कहा कि गोताखोर अब भी इस दुर्घटना में मारे गए 12 पीड़ितों के शवों की तलाश कर रहे हैं। बचावकर्मी जल्द ही पोटोमैक नदी से मलबा उठाने की तैयारी में हैं। विमान के कुछ बचे हिस्से को ट्रक में भरकर जांच के लिए 'हैंगर' (विमानों को रखने की जगह) ले जाया जाएगा।

पीड़ितों के परिजन रीगन राष्ट्रीय हवाई अड्डे के पास



पोटोमैक नदी के किनारे घटनास्थल पर पहुंचे थे। उन्होंने अपने प्रियजनों को श्रद्धांजलि दी। कई लोग बसों के जरिए उस स्थान पर पहुंचे, जहां बुधवार को अमेरिकन एयरलाइंस के विमान और सेना के ब्लैक हॉक हेलीकॉप्टर की टक्कर हो जाने से दोनों विमानों में सवार सभी 67 लोगों की मौत हो गई थी। इस दौरान पुलिस भी लोगों के साथ थी। संघीय जांच अधिकारी दुर्घटना के कारणों की जांच कर रहे हैं, जबकि बचाव दल मलबा निकालने में जुटा है। विचिटा, कंसास से 64 लोगों को लेकर आ रहा अमेरिकन एयरलाइंस का विमान सेना के उस ब्लैक हॉक हेलीकॉप्टर से टकरा गया जो प्रशिक्षण मिशन पर था और उसमें तीन सैनिक सवार थे। टक्कर के कारण दोनों विमान पोटोमैक नदी में गिर गए थे। हादसे में लिलबर्न, जॉर्जिया के सेना स्टाफ सार्जेंट रेयान ऑस्टिन ओहारा (28), ग्रेट मिल्स, मेरीलैंड के चीफ वारंट ऑफिसर 2 एंड्रयू लोयड ईव्स (39) और डरहम, उत्तरी कैरोलिना के कैप्टन रेबेका एम. लोबाच की मृत्यु हो गई।

# इजराइल का दावा- वेस्ट बैंक में 50 फिलिस्तीनी आतंकी मारे

तेल अवीव, 3 फरवरी (एजेंसियां)। इजराइल डिफेंस फोर्सेस (आईडीएफ) ने रविवार को दावा किया कि उसने वेस्ट बैंक (फिलिस्तीन) में पिछले दो हफ्तों में सैन्य अभियान के दौरान 50 से ज्यादा फिलिस्तीनी आतंकियों को मार गिराया है। आईडीएफ ने इन आतंकियों में से 35 को जेनिन, तुलकारेम और तामुन इलाकों में मारा है, जबकि 15 ड्रोन हमलों में मारे गए हैं। आईडीएफ के इन हमलों का आम नागरिक भी शिकार बने हैं। इनमें एक बच्चा भी शामिल है। आईडीएफ ने अपनी गलती कबूली भी है। इजराइल ने 100 से ज्यादा फिलिस्तीनी आतंकियों को गिरफ्तार किया है। 40 हजार से ज्यादा हथियार बरामद किए। 80 से ज्यादा विस्फोटकों को निष्क्रिय किया गया है।

इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू रविवार को अमेरिका के लिए रवाना हुए। इससे पहले उन्होंने मीडिया से बातचीत की। उन्होंने इस दौरे को महत्वपूर्ण बताते हुए कहा, हम मिडिल ईस्ट का नक्शा फिर से बदल सकते हैं। हमने जंग के दौरान लिए फैसलों से यहां की तस्वीर पहले ही बदल दी है। हमारे सैनिक की बहादुरी और हमारे फैसले यहां नक्शे को फिर से बना रहे हैं।

हमास ने सीजफायर समझौते के तहत शनिवार, 1 फरवरी को इजराइल के 3 बंधक यार्डेन बिबास (35), ओफर काल्डेरोन (54) और कीथ सीगल (65) को रिहा किया। बीबीसी के मुताबिक इन्हें रेड क्रॉस की मदद से इजराइली सेना को सौंपा गया।

उन्हें हेलिकॉप्टर की मदद से इजराइल लाया गया। बदले में इजराइल ने 183 फिलिस्तीनी कैदियों को रिहा किया। अब तक हमास ने 13 इजराइली बंधकों को रिहा कर दिया है। इजराइल-हमास के बंधकों की अदला-बदली के लिए 19 जनवरी को सीजफायर लागू हुआ था।

# पनामा नहर वापस लेने की अमेरिकी धमकी का असर

## पनामा ने कहा- चीन से बीआरआई एग्रीमेंट रिन्यू नहीं करेंगे

पनामा, 3 फरवरी (एजेंसियां)। पनामा के राष्ट्रपति राउल मुलिनो ने कहा कि पनामा चीन के साथ बेल्ट एंड रोड इनशिएटिव (बीआरआई) समझौते को रिन्यू नहीं करेगा। पनामा ने 2017 में चीन के साथ ये समझौता साइन किया था। अब इसके समय से पहले ही खत्म होने के आसार बन रहे हैं।

मुलिनो ने अमेरिका के साथ नए निवेश पर काम करने के इच्छा जताई है। इनमें बुनियादी ढांचे से जुड़ी परियोजनाएं भी शामिल हैं। अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो रविवार को ही पनामा के दौरे पर पहुंचे हैं। ट्रम्प के राष्ट्रपति बनने के बाद किसी अमेरिकी राजनयिक का ये पहला पनामा दौरा है।

मीडिया से बात करते हुए मुलिनो ने रुबियो की यात्रा को संबंधों में नए द्वार खोलने वाला बताया। हालांकि पनामा नहर की संप्रभुता को लेकर बहस नही करने की बात भी दोहराई। उन्होंने कहा कि नहर पर चीन से जुड़ी



अमेरिकी चिंताओं को लेकर रुबियो से बात हुई है।

मुलिनों के बयान के बाद अमेरिकी विदेश विभाग ने दोनों देशों के बीच बातचीत की डीटेल्स शेयर की। इसमें चीन के मुद्दे पर पनामा को रुबियो की चेतावनी का जिक्र किया गया।

रिपोर्ट में कहा गया कि, पनामा नहर पर चीन के नियंत्रण के मतलब ये होगा कि अमेरिका अपने अधिकारों की रक्षा के लिए जरूरी कदम उठाएगा। अमेरिका ने 1977 में एक संधि को पनामा के कंट्रोल में दे दिया था। समझौते के मुताबिक, अगर किसी विदेशी ताकत की वजह से नहर के संचालन को बाधित किया जाता है, तो अमेरिका सैन्य हस्तक्षेप कर सकता है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने शपथ ग्रहण से पहले ही पिछले महीने पनामा नहर को फिर से अमेरिकी कंट्रोल में लेने की धमकी दी थी। ये नहर कैरेबियन देश पनामा का हिस्सा है। इस नहर पर 1999 तक अमेरिका का कंट्रोल था।

ट्रम्प ने आरोप लगाया था कि इस नहर का इस्तेमाल करने के लिए पनामा, अमेरिका से अधिक शुल्क वसूल रहा है। इसके अलावा नहर पर चीन का प्रभाव बढ़ा रहा है। रैली के बाद ट्रम्प ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर एक एआई जनरेटेड तस्वीर भी पोस्ट की। इस तस्वीर में पनामा नहर के बीच में अमेरिकी झंडा लगा हुआ था। तस्वीर के कैप्शन में ट्रम्प ने 'वेलकम टु द यूनाइटेड स्टेट्स कैनाल' लिखा था। इसका मतलब है संयुक्त राज्य की नहर पर आपका स्वागत है। चीन का बेल्ट एंड रोड इनिशिएटिव यानी बीआरआई है, जिसे नया सिल्क रूट भी कहा जाता है। ये कई देशों का कनेक्टिविटी प्रोजेक्ट है। बीआरआई के तहत रेल, सड़क और समुद्री मार्ग से एशिया, यूरोप, अफ्रीका के 70 देशों को जोड़ने का प्लान है। चीन हिंद महासागर या कहें भारत के करीबी देशों में बंदरगाह, नौसेना के अड्डे और निगरानी पोस्ट बनाना चाहता है।

# उत्तरी सीरिया में बम विस्फोट, 15 की मौत

## 15 लोग घायल, मरने वालों में 14 महिलाएं और 1 पुरुष

दमिश्क, 3 फरवरी (एजेंसियां)। उत्तरी सीरिया के अलेप्पो प्रांत में सोमवार को एक कार बम विस्फोट में 15 लोग मारे गए और दर्जनों घायल हो गए। अलेप्पो के मनबीज शहर के बाहरी इलाके में खेतिहर मजदूरों को ले जा रही कार में बम विस्फोट हुआ, जिसमें 14 महिलाएं और 1 पुरुष की मौत हो गई है। इसके अलावा 15 महिलाएं घायल हैं। वहीं, ब्रिटेन स्थित द सीरियन ऑब्जर्वेटरी फॉर ह्यूमन राइट्स ने कहा कि इस विस्फोट में 18 महिलाओं समेत एक पुरुष मारा गया है। अलेप्पो के मनबीज में पिछले साल दिसंबर में बशर अल असद का तख्तापलट के बाद भी हिंसा जारी है। सीरिया में हाल ही में अंतरिम सरकार की स्थापना की गई है। हालांकि ये सरकार लगातार इस्लामिक स्टेट (आईएसआईएस) और अन्य आतंकी संगठनों की चुनौतियों से जूझ रही है। शनिवार को भी मनबीज में एक कार बम विस्फोट में 4 नागरिकों की मौत हो गई थी और 9 घायल हुए थे। सीरिया में हाल ही में विद्रोही गुट तहरीर अल शाम (एचटीएस) के नेता अबु मोहम्मद अल जुलानी जिन्हें अहमद अल-शरा के नाम से भी जाना जाता ने राष्ट्रपति पद की शपथ ली है। इसके बाद वो रविवार को अपनी पहली विदेश यात्रा पर सऊदी अरब पहुंचे हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक जुलानी इस कदम से सीरिया की ईरान समर्थक देश की छवि बदलना चाहते हैं। 2011 में अरब क्रांति के समय सऊदी उन अरब देशों में से एक था जिसने सीरिया में बशर अल असद को सत्ता से हटाने की कोशिश की थी। इसके लिए विद्रोही ग्रुप्स को पैसे भी दिए गए थे। हालांकि असद ने रूस और ईरान की मदद से विद्रोह को काबू कर लिया था। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक 2016 में जब सीरिया का गृह युद्ध थमा तब से जुलानी अपनी लड़ाकों को मजबूत करने में जुट गया। चीन के उईगर मुसलमानों से लेकर अरब और सेंट्रल एशिया से लोगों की मदद से उसने अपनी फौज तैयार की।

# हिजबुल्लाह का पूर्व चीफ नसरल्लाह दूसरी बार दफन होगा

## ईरान की कब्र से निकालकर 23 फरवरी को लेबनान में होगा सुपुर्द-ए-खाक

बेरूत, 3 फरवरी (एजेंसियां)। पिछले साल इजराइल के हमले में मारे गए हिजबुल्लाह के पूर्व चीफ हसन नसरल्लाह को दूसरी बार 23 फरवरी को दफन किया जाएगा। नसरल्लाह को इजराइल ने 27 सितंबर को लेबनान की राजधानी बेरूत में हवाई हमले मे मार गिराया था। हसन का अंतिम संस्कार सार्वजनिक तौर पर किया जाएगा। इससे पहले हसन को ईरान में सीक्रेट जगह में दफनाया गया था। इस दौरान ईरान के सुप्रीम लीडर उन्हें विदाई नमाज भी पढ़ी थी। हिजबुल्लाह को मौजूदा चीफ नईम कासिम ने टीवी पर दिए एक भाषण में तारीख की जानकारी दी। कासिम ने सुरक्षा हालात का हवाला देते हुए महीनों तक नसरल्लाह के अंतिम संस्कार नही होने की बात की। टाइम्स ऑफ इजराइल की रिपोर्ट के मुताबिक इजराइल ने नसरल्लाह को मारने के लिए 80 टन के बम का इस्तेमाल किया था। इजराइल के हमले के 20 घंटे बाद नसरल्लाह की डेड बॉडी को निकाला गया था। उसके शरीर पर किसी तरह की चोट के निशान नहीं थे। रिपोर्ट्स के मुताबिक नसरल्लाह की मौत बम धमाके के झटके से हुई थी। मौत के पीछे तेज धमाके से हुए ट्रॉमा को वजह माना गया था। एनवाईटी की रिपोर्ट के मुताबिक नसरल्लाह को मारने के लिए इजराइल ने 8 लड़ाकू विमान भेजे थे। इनके जरिए हिजबुल्लाह के हेडक्वार्टर पर 2 हजार पाउंड के 15 बम गिराए गए थे। रिपोर्ट के मुताबिक, ये अमेरिका में बने बीएलयू-109 बम थे, जिन्हें बंकर बस्टर भी कहा जाता है। ये लोकेशन पर अंडरग्राउंड तक घुसकर विस्फोट करने में सक्षम होते हैं। हसन नसरल्लाह का जन्म 31 अगस्त 1960 को एक गरीब शिया परिवार में हुआ था। वह 9 भाई-बहनों में सबसे बड़ा था। उसके पिता लेबनान की राजधानी बेरूत के शारशाबुक इलाके में रहते थे। वे फल-सब्जी बेचकर परिवार का गुजर-बसर करते थे। नसरल्लाह की शुरुआती पढ़ाई बेरूत में एक ईसाई इलाके में हुई। वह बचपन से ही धार्मिक चीजों में दिलचस्पी लेता था। वह ईरान के इमाम सैयद मूसा सदर से बेहद प्रभावित था।

# पूर्व मंत्री लखमा ने ईओडब्ल्यू कोर्ट में लगाई जमानत याचिका

## छत्तीसगढ़ शराब घोटाला केस में खत्म हो रही न्यायिक रिमांड, आज होगी सुनवाई

रायपुर, 3 फरवरी (एजेंसियां)। छत्तीसगढ़ शराब घोटाला केस में न्यायिक रिमांड पर रायपुर जेल में बंद पूर्व आबकारी मंत्री और कोंटा से कांग्रेस विधायक कवासी लखमा ने ईओडब्ल्यू की स्पेशल कोर्ट में अग्रिम जमानत याचिका दायर की है। आज दोपहर लंच के बाद मामले की कोर्ट में सुनवाई होनी थी। लेकिन दोनों पक्षों के वकील ने कल बहस के लिए समय मांगा है। इसलिए मंगलवार को मामले की सुनवाई होगी। दरअसल, शराब लखमा शराब घोटाले में प्रवर्तन निदेशालय मामले की जांच कर रही है। ईडी और ईओडब्ल्यू की टीम मामले में जांच कर रही है। पूर्व मंत्री को आशंका है कि, ईओडब्ल्यू की ओर से भी उन्हें गिरफ्तार किया जा सकता है। इसे देखते हुए लखमा के वकील ने अग्रिम जमानत के लिए आवेदन लगाया है। 14 दिन की न्यायिक रिमांड पर जेल में बंद कवासी लखमा की 4 फरवरी को न्यायिक रिमांड खत्म हो रही है। रिमांड अवधि खत्म होने के बाद उन्हें मंगलवार यानी कल ईडी के स्पेशल कोर्ट में पेश किया जाएगा। इस दौरान ईडी की ओर से फिर से पूर्व आबकारी मंत्री की न्यायिक रिमांड बढ़ाने की मांग की जा सकती है।

# गाजा में भूखे रहना, पिंजरे में सोना, नींद की गोलियां

## हमास की कैद में होता था भयावह मंजर रिहा इजरायली बंधकों ने बताई आपबीती

यरुशलम, 3 फरवरी (एजेंसियां)। गाजा पट्टी में हमास की कैद में इजरायली बंधकों को बेहद ही भयावह हालात में रखा गया था। हाल ही में रिहा हुए बंधकों ने कैद में झेली गई क्रूर स्थितियों का खुलासा किया है। शनिवार को रिहा हुए लोगों के परिवारों ने बताया कि बंधकों को पिंजरों में कैद करके रखा जाता था। उन्हें गीले कपड़ों में ही नहलाया जाता था। बंधकों को कभी नियमित रूप से खाना नहीं मिला था, जिसके चलते उनके वजह काफी कम हो गए। वहीं, शाकाहारी लोगों को भी मांस खाने पर मजबूर किया गया। रिहा किए गए बंधकों में से एक कीथ सीगल का वजन काफी कम हो गया है। इजरायली मीडिया आउटलेट एन12 ने परिवार के हवाले से बताया कि सीगल को अक्सर भूखा रहना पड़ता था। आजीवन शाकाहारी रहने वाले सीगल को जिंदा रहने के लिए मांस खाने को मजबूर होना पड़ा। उनके परिवार को तस्करी से लाए गए रेडियो के प्रसारण से पता चला कि वह 7 अक्टूबर के हमले के बाद जिंदा हैं। शनिवार को रिहा हुए एक अन्य बंधक ओफेर काल्डेरोन ने कैद में रहते हुए रेडियो रिपोर्ट सुनी थी। काल्डेरोन ने रिहाई से दो सप्ताह पहले अपने चाचा को गाजा की टीवी पर बोलते हुए देखा, लेकिन इजरायल वापस आने तक इस बात का अंदाजा नहीं था कि उनका अपना बेटा अभी भी जिंदा है। बंधकों ने कैद के बारे में जो बताया वह भयावह है। कुछ बंधकों को पिंजरों में रखा गया था, जबकि अन्य से काम करवाया जाता था। उन्हें दिन में सिर्फ एक बार बाहर लाया जाता था, ताकि वे अन्य बंधकों के साथ खाना खा सकें। उन्हें नहाने की जगह खुद को पोंछने के लिए ठंडे पानी में भिगोए कपड़े दिए जाते थे। खाना न मिलने के चलते बंधकों का वजन 13 किलोग्राम तक कम हो गया। बंधकों को गहरी नींद वाली दवाएं दी जाती थीं। रिहाई से कुछ दिन पहले हमास ने बंधकों की खुराक बढ़ा दी थी, ताकि इजरायल को सौंपे जाने के समय वे स्वस्थ दिखें।



# 'किरोड़ी बीमार नहीं, मजबूर हैं', सदन में बुलाने की उठी मांग, मंत्री ओटाराम के जवाब देने पर मचा हंगामा

जयपुर, 3 फरवरी (एजेंसियां)। राजस्थान विधानसभा में बजट सत्र की शुरुआत एक फिर सोमवार से हो गई है। सदन में किरोड़ी लाल मीणा के स्थान पर राज्यमंत्री ओटाराम देवासी के जवाब देने पर विपक्ष ने हंगामा खड़ा कर दिया। कार्यवाही के दौरान विपक्ष ने डॉ. किरोड़ीलाल मीणा को सदन में बुलाए जाने की मांग की। नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने पूछा कि कितने प्रतिशत फसलें खराब हुई हैं। इस सवाल का जवाब ओटाराम देवासी नहीं दे पाए, जिसके बाद विपक्ष ने मांग करते हुए कहा कि किरोड़ी लाल मीणा को बुलाइए।





सदन की कार्यवाही से पहले ही विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने कृषि मंत्री किरोड़ी लाल मीणा को सदन में उपस्थित नहीं होने की अनुमति देने पर सदन से हां या ना में जवाब मांगा था। इस पर भी कांग्रेस नेता टीकाराम जूली ने कहा कि किरोड़ी बीमार नहीं, मजबूर हैं।

राजस्थान विधानसभा की कार्यवाही प्रश्नकाल के साथ शुरू हुई। इस दौरान पीपल्दा से कांग्रेस विधायक चेतन पटेल ने अतिवृष्टि से जुड़े सवाल पर जवाब मांगा था। स्पीकर वासुदेव देवनानी ने कहा कि मंत्री ओटाराम देवासी जवाब देंगे। उन्होंने बताया कि 25 हजार 418 हेक्टेयर में फसलें खराब हुई हैं और 24 हजार 100 हेक्टेयर भूमि पर किसानों को ज्यादा नुकसान हुआ है। यह पूरा डाटा वेब पोर्टल पर अपलोड कर दिया गया है।

साथ ही उन्होंने कहा कि चपेट में आए 85 गांवों को भी जल्द ही मुआवजा दे दिया जाएगा। इस पर टीकाराम जूली ने आपत्ति जाहिर की। उन्होंने कहा कि अतिवृष्टि में जो मकान क्षतिग्रस्त हुए हैं, उनका मुआवजा दिया जाएगा या नहीं?

इस पर मंत्री देवासी ने कहा कि प्रदेश के 30 जिलों में 33 फीसदी से अधिक नुकसान हुआ है। पीपल्दा के 175 गांव व निमोद में 85 गांव और कुल मिलाकर 25,458 गांवों में 33 फीसदी खराबे के अनुदान की प्रक्रिया शुरू कर दी है। जिसके बाद टीकाराम जूली में 50 फीसदी से ज्यादा खराबे के बारे में पूछने पर सदन में हंगामा हो गया।

मुख्यमंत्री कार्यालय ने किरोड़ी लाल मीणा के विभागों के विधानसभा में समस्त संसदीय कार्य विधानसभा प्रश्नों प्रस्तावों के अनुमोदन और उत्तर दिए जाने सहित अन्य संसदीय कार्य संपादित करने के लिए मंत्री ओटाराम देवासी और के. के. विश्नोई को अधिकृत किया है।

# केंद्रीय मंत्री शेखावत बोले- राष्ट्रपति पद पर आदिवासी महिला को देख कांग्रेस परेशान

## सोनिया माफी मांगें

बीकानेर, 3 फरवरी (एजेंसियां)। केंद्रीय संस्कृति व पर्यटन मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत निजी दौरे पर बीकानेर में रहे। इस दौरान उन्होंने कांग्रेस की राज्यसभा सांसद सोनिया गांधी द्वारा राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को लेकर दिए गए बयान पर कांग्रेस पार्टी पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि यह बहुत दुर्भाग्यपूर्ण है। सोने के चम्मच लेकर पैदा हुए लोगों को देश की राष्ट्रपति की कुर्सी पर कोई आदिवासी महिला बैठ जाए तो भी उन्हें राष्ट्रपति नहीं, बल्कि सिर्फ एक गरीब आदिवासी ही दिखाई देती है। यह राष्ट्रपति पद की गरिमा का अपमान है। उनके बयान से देश के दस करोड़ आदिवासियों की भावनाएं आहत हुई हैं। उन्हें राष्ट्रपति पद की गरिमा का ध्यान रखना चाहिए।



सोनिया गांधी और कांग्रेस को इस बयान के लिए माफी मांगनी चाहिए।

केंद्रीय बजट पर कांग्रेस के बयानों पर पलटवार करते हुए शेखावत ने कहा कि बजट पूरे देश के विकास पर केंद्रित है, न कि किसी एक राज्य पर। उन्होंने बिहार के बजट को लेकर हो रही बयानबाजी पर कहा कि केवल बिहार ही मखाने का उत्पादक नहीं है और कांग्रेस बिहार में हार के डर से इस तरह के बयान दे रही है।

दिल्ली चुनाव पर टिप्पणी करते हुए उन्होंने कहा कि अरविंद केजरीवाल की चमक अब फीकी पड़ गई है और उनकी विदाई का समय आ गया है। दिल्ली की जनता उनके चाल, चरित्र और चेहरे को पहचान चुकी है।

महाकुंभ में विपक्ष द्वारा अव्यवस्थाओं के आरोपों पर उन्होंने कहा कि जब न्यायिक जांच और एसआईटी गठित हो चुकी है, तो बेवजह आरोप लगाना सही नहीं है।

इसके अलावा, जल जीवन मिशन को 2028 तक बढ़ाने पर उन्होंने प्रधानमंत्री का धन्यवाद किया और कांग्रेस नेता शशि थरूर पर निशाना साधते हुए कहा कि जिन्हें हिंदुत्व की सही जानकारी नहीं है, वे इस पर बयानबाजी न करें।

# जिंदा जलने से डॉक्टर की मौत

## बिस्तर से उठ भी नहीं पाए, राख हो गया आधा शरीर

जालोर, 3 फरवरी (एजेंसियां)। राजस्थान के जालोर से दर्दनाक मामला सामने आया है। यहां उम्मेदाबाद आयुर्वेद अस्पताल के डॉक्टर की जिंदा जलने से मौत हो गई है। घटना की सूचना मिलने पर उम्मेदाबाद पुलिस चौकी से टीम पहुंची। फिलहाल मामले की जांच की जा रही है।

### जला हुआ मिला शव

जालोर पुलिस ने बताया कि जिंदा जलने से आयर्वेद चिकित्सक मुरारीलाल मीणा की मौत हो गई है। घटना सरकारी आवास की है, जहां आयर्वेद चिकित्सक रह रहे थे। पुलिस का कहना है कि घर से धुंआ निकलते देख स्थानीय लोगों ने इसकी सूचना दी। इसके बाद जब पुलिस मौके पहुंची तो आयर्वेद चिकित्सक मुरारीलाल मीणा का



जला हुआ शव बिस्तर पर पड़ा था।

पुलिस ने बताया कि आयर्वेद चिकित्सक मूलतः जयपुर निवासी हैं। पुलिस आग लगने के कारणों को तलाश कर रही है। मृतक के परिजनों को घटना की सूचना दे दी गई है। उनके आने के बाद ही शव का पोस्टमार्टम किया जाएगा। इस दौरान एफएसएल की टीम को भी मौके पर बुलाया गया। आपको बता दें कि आग के चलते मृतक का लगभग आधा शरीर जलकर राख हो गया था। केवल सिर-पैर के हिस्से ही बचे थे।

### शादी में गया था परिवार

पुलिस का कहना है कि मृतक पिछले 4 साल से यहां कार्यरत थे। वे अस्पताल परिसर में बने सरकारी आवास में परिवार के साथ रह रहे थे। शादी समारोह के चलते परिवार के सभी सदस्य जयपुर गए हुए थे। ऐसे में मृतक डॉक्टर इन दिनों आवास में अकेले रह रहे थे। घुटनों में दर्द के चलते उन्हें चलने-फिरने में परेशानी होती थी। पुलिस का कहना है कि संभवतः सिरगेट के चलते रात में कमरे में आग लग गई। ऐसे में मुरारीलाल मीणा बिस्तर से उठ नहीं पाए और जलने से उनकी मौत हो गई।

# 2 हजार करोड़ रुपए का साइबर फ्रॉड

## अब आएगी कर्नाटक की पुलिस, विदेश मंत्रालय से साधा संपर्क

श्री गंगानगर, 3 फरवरी (एजेंसियां)। राजस्थान में दो हजार करोड़ रुपए की साइबर फ्रॉड करने के मामले में गिरफ्तार आरोपियों की निशानदेही से पुलिस ने उनके ठिकानों से दो और लग्जरी कारें बरामद की है। इसके अलावा अलग-अलग जगहों पर साइबर ठगी से अर्जित धन राशि से खरीद की गई प्रोपर्टी के दस्तावेज बरामद किए हैं।

इन दस्तावेजों की तस्दीक कर संबंधित प्रोपर्टी का जब्त करने की प्रक्रिया अपनाने के लिए पुलिस ने कानूनीविदों से राय मशविरा किया है। इस मामले में अब कर्नाटक पुलिस भी श्री गंगानगर आएगी। गिरफ्तार आरोपियों के नाम कर्नाटक पुलिस में वांछित आरोपियों में हैं। ऐसे में कर्नाटक पुलिस भी राजस्थान पुलिस के साथ इस ठगी की गुत्थी को सुझलाने में सहयोग कर सकती है।

जांच अधिकारी सीओ सिटी आईपीएस बी आदित्य ने बताया कि इस प्रकरण में गिरफ्तार मुख्य सरगना अजय आर्य के पिता पुरानी आबादी के अंबिका सिटी-2 कॉलोनी निवासी लाजपतराय आर्य और उसके सगे भाई दीपक आर्य ने पूछताछ के दौरान कई आरोपियों की भूमिका के बारे में जानकारी साझा की है। इसके अलावा उनकी निशानदेही से दो और लग्जरी कारें बरामद की है।

### आलीशान घर पर छापा मारा

कई प्रोपर्टी की खरीद फरोख्त संबंधित दस्तावेज बरामद किए हैं। श्रीगंगानगर पुलिस अब तक मुख्य सरगना के आलीशान घर पर छापा मार कर 10 लाख रुपए की नगदी, तीन सीपीयू, 6 मोबाइल फोन, 8 एटीएम कार्ड,



3 पैन कार्ड, 85 लाख रुपए की लग्जरी कार बरामद किए थे। अब दो और लग्जरी कारें बरामद की हैं। जांच अधिकारी ने बताया कि कर्नाटक पुलिस को भी नामजद आरोपियों की तलाश है। इनमें दो आरोपी तो यहां पुलिस रिमांड पर हैं। सदर पुलिस का विशेष दल डिजिटल फोरेंसिक एस्कपर्ट की सेवाएं लेने के लिए जयपुर पहुंचा है। सदर थानाधिकारी सुभाषचन्द्र ने बताया कि आरोपियों से बरामद किए गए तीन सीपीयू, छह मोबाइल फोन, आठ एटीएम कार्ड और तीन पैन कार्ड को पहले जांचा था, इनमें डाटा डिलीट किया जा चुका है। ऐसे में जयपुर में डिजिटल फोरेंसिक एस्कपर्ट से मोबाइल, सीपीयू और तीन पैन कार्डों से डाटा रिकवर करवाया जा रहा है। डाटा रिकवर होने के उपरांत जांच की दिशा और बढ़ सकेगी।

### फरार आरोपियों के लिए विदेश मंत्रालय से साधा संपर्क

इस साइबर फ्रॉड के मुख्य सरगना पुरानी आबादी अम्बिका सिटी- 2 कॉलोनी निवासी अजय कुमार वर्मा पुत्र लाजपत राय, चूनावढ़ गांव के वार्ड पांच निवासी सौरभ चावला पुत्र रमेश कुमार, चूनावढ़ गांव की सलोनी पुत्री काशीराम पत्नी सौरभ चावला, पंजाब के सरवर खुईयां थाना क्षेत्र गांव वरियामखेड़ा निवासी राजेन्द्र सिह पुत्र प्रेमचन्द सोनी और गांव कालियां क्षेत्र के माले की ढाणी निवासी कर्मजीत सिह पुत्र मलकीत सिह कम्बोज सिख के दुबई में फरार होने की जानकारी है।

इन फरार आरोपियों को दुबई या अन्य जगहों से वापस लाने के लिए पुलिस अधीक्षक ने विदेश मंत्रालय से संपर्क साधा है। इन सभी आरोपियों के खिलाफ श्रीगंगानगर के सदर और पुरानी आबादी थाने में अलग अलग मामले दर्ज है। कर्नाटक के विजयपुरा जिला पुलिस को भी इनकी तलाश है।

# जोधपुर के बहुचर्चित अनिता चौधरी हत्याकांड में हुआ एक और बड़ा खुलासा

जोधपुर, 3 फरवरी (एजेंसियां)। बहुचर्चित ब्यूटीशियन अनिता चौधरी की हत्या के मामले में पुलिस ने 90 दिन पूरे होने से दो दिन पहले अदालत में चार्जशीट दाखिल की।



इसमें 50 गवाह व 30 साक्ष्य जुटाए गए हैं। पुलिस ने अब तक की जांच में ड्राई क्लीनर और उसकी पत्नी को ही हत्या का आरोपी माना है। अनिता की बी रोड पर ब्यूटी पार्लर की दुकान थी। सामने ही गुलामुद्दीन की ड्राई क्लीनिंग की दुकान है। अनिता सोने के जेवर पहनकर रहती थी। गुलामुद्दीन ने जेवर लूटने की साजिश रची थी। अनिता को धनाढ्य अंकल से दोस्ती व मिलाने का झांसा दिया था। इसके लिए उसने गत 27 अक्टूबर को अनिता को गंगाणा में अपने घर बुलाया था। अनिता गंगाणा पहुंची थी। आरोपी ने अनिता को नशे की गोलियां खिला दी थी। बेहोश होने पर 7-8 तोला सोने के जेवर लूट लिए थे। हत्या के बाद शव ठिकाने लगाना चुनौतीपूर्ण था। वह सरदारपुरा गया और बर्तन की दुकान से धारदार चाकू खरीदकर लाया था। उससे शव के छह टुकड़े किए थे। फिर जेसीबी से गड्ढा खुदवाकर घर के बाहर ही टुकड़े गाड़ दिए थे। जांच में सामने आया कि गुलामुद्दीन पर काफी कर्ज था। प्रॉपर्टी व्यवसायी की भूमिका जांच में लम्बित रखी है। अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त सुनील के पंवार ने बताया कि गंगाणा निवासी गुलामुद्दीन और उसकी पत्नी आबेदा के खिलाफ चालान पेश किया गया है। 30 अक्टूबर को अनिता के शव के छह टुकड़े मिले थे। पति मनमोहन ने 31 अक्टूबर को व्यवसायी तैयब अंसारी, गुलामुद्दीन व पत्नी के खिलाफ हत्या की एफआइआर दर्ज कराई थी। व्यवसायी अंसारी, अनिता, उसकी महिला मित्र, गुलामुद्दीन व अन्य के मोबाइल जब्त कर एफएसएल भेजे गए हैं।

# हर बार नए नंबर लेते, पुलिस से बचने के लिए वीपीएन का इस्तेमाल करते; नेपाल की 'नौकर गैंग' का पर्दाफाश

जयपुर, 3 फरवरी (एजेंसियां)। जयपुर की सर्द रात में जब पूरा शहर गहरी नींद में था, तब एक संगठित गिरोह अपने शातिर दिमाग से एक बड़ी साजिश को अंजाम दे रहा था। मोती डूंगरी थाना क्षेत्र की कानोता बाग कॉलोनी में 75 वर्षीय मंजू कोठारी के घर घुसकर डकैतों ने न केवल 62 लाख के गहने और नकदी लूट लिए, बल्कि उन्हें और उनके नौकरों को बंधक बनाकर अपने फरार होने की पूरी रणनीति भी पहले से तैयार रखी थी। इस वारदात की मास्टरमाइंड थी एक बेहद चालाक नौकरानी सावित्री और उसके साथी, जो टेक्नोलॉजी और लोकेशन ट्रैकिंग से बचने की कला में माहिर थे।

बता दें कि नेपाल के आठ बिसकोट निवासी मकदुल दमाई (40) और लालू गांव के दान बहादुर बोहरा (30) इस गिरोह के महत्वपूर्ण सदस्य थे। पूछताछ में सामने आया कि लूट की साजिश कई हफ्तों पहले रची गई थी। नौकरानी सावित्री ने बड़ी चतुराई से



मंजू कोठारी के घर में अपनी जगह बनाई। वह सिर्फ एक नौकरानी नहीं थी, बल्कि गिरोह की आंख और कान थी। गिरोह के सदस्यों ने लूट की रात डेढ़ बजे वारदात को अंजाम दिया। मंजू कोठारी, उनकी नौकरानी और नौकर संदीप को एक कमरे में बंधक बना लिया गया। सभी के मोबाइल छीन लिए गए ताकि पुलिस को खबर देने का कोई मौका न मिले। कुछ ही मिनटों में गहने और नकदी बैग में भरकर वे फरार हो गए। बाहर खड़ा तीसरा साथी उन्हें कार से लेकर तुरंत जयपुर-आगरा हाईवे की ओर बढ़ गया।

गैंग पहले से ही इस बात की तैयारी कर चुकी थी कि वारदात के तुरंत बाद कैसे बच निकलना है। यही कारण था कि लूट के महज पांच घंटे बाद ही वे मथुरा पहुंच गए। वहां से लखनऊ, बरेली और उत्तराखंड होते हुए नेपाल बॉर्डर की ओर बढ़ गए। नेपाल के रास्तों और कच्चे ट्रैक्स की जानकारी पहले से ही मौजूद थी, जिससे वे महाकाली नदी पार कर नेपाल पहुंच गए। पुलिस के हाथ सिर्फ एक सुराग लगा वो था सीसीटीवी फुटेज, जिसमें सावित्री और उसका एक साथी बैग में सामान भरते दिखे। पर यह सबूत भी तब तक बेकार था जब तक गैंग की लोकेशन ट्रेस नहीं होती।

इस गिरोह ने टेक्नोलॉजी का इस्तेमाल कर पुलिस को चकमा देने का पूरा इंतजाम किया था। वे सीधे कॉल नहीं करते थे। सभी सदस्य सिर्फ वीपीएनऔर WiFi कॉलिंग के जरिए एक-दूसरे से जुड़े रहते थे। यह तकनीक साइबर क्राइम में आम तौर पर देखी जाती है, जहां लोकेशन ट्रैक करना मुश्किल होता है। खास बात यह थी कि यह गैंग हमेशा रात के सवा 9, सवा 10, या सवा 11 बजे ही कॉल करता था। यह उनका 'गुडलक साइन' था, जिसके तहत वे कोई भी बड़ा कदम उठाने से पहले एक-दूसरे से संपर्क करते थे। डकैतों को लगता था कि वे नेपाल पहुंचकर हमेशा के लिए गायब हो जाएंगे, मगर जयपुर पुलिस की तेज तर्रार टीम डीसीपी तेजस्विनी गौतम की अगुवाई में पीछे लगी हुई थी।

सीसीटीवी फुटेज, मोबाइल लोकेशन और नेपाल बॉर्डर के नेटवर्क को खंगालने के बाद पुलिस उत्तराखंड के धारचूला बॉर्डर तक पहुंची। उत्तराखंड और नेपाल पुलिस की मदद से दो आरोपियों मकदुल दमाई और दान बहादुर बोहरा को बॉर्डर के एक होटल से धर दबोचा गया, लेकिन असली मास्टरमाइंड नौकरानी सावित्री अब भी फरार है।

# जवाई बांध घूमने गई थी 3 शिक्षिकाएं

## कार पलटने से 1 की मौत



उदयपुर, 3 फरवरी (एजेंसियां)। राजस्थान के उदयपुर के गोगुंदा-पिंडवाड़ा हाइवे पर फिर हादसा हो गया, जिसमें उदयपुर के निजी स्कूल की एक शिक्षिका की मौत हो गई, जबकि दो शिक्षिकाएं घायल हो गई। तीनों घूमने के लिए उदयपुर से जवाई बांध गई थीं। वापस लौटते समय हादसा हुआ। पुलिस ने बताया कि भादवी गुड़ा गोगुंदा के पास कार बेकाबू होकर पलट गई। हादसे में उदयपुर के पुला स्थित उदभव स्कूल में कार्यरत शिक्षिका मूलतः रतलाम सेलाना हाल उदयपुर निवासी माधविका सिंह राठौड़ 27 की मौत हो गई। साथी शिक्षिका करिश्मा पिल्लै और देविशा घायल हो गईं। तीनों अवकाश के मौके पर घूमने के लिए जवाई बांध गई थी, जहां से लौटते समय हादसा हुआ। देविशा अपने परिचित की कार लेकर आई थी। गोगुंदा थाना क्षेत्र में भादवी गुड़ा के ढलान में कार अचानक बेकाबू हुई और पलट गई। लोगों की सूचना पर 108 एंबुलेंस से एमबी अस्पताल पहुंचाया, वहीं मृतका का शव मुर्दाघर में रखवाया। पुलिस ने स्कूल संचालक से संपर्क कर परिजनों को हादसे की सूचना दी है। पोस्टमार्टम सोमवार को होगा। गोगुंदा-पिंडवाड़ा हाइवे पर आए दिन दुर्घटनाएं हो रही हैं। भादवी गुड़ा के पास सड़क पर टायरों के निशान गहरा गए, जिससे गाड़ियां बेकाबू होती है। ढलान के साथ ही विकट मोड़ भी दुर्घटना का प्रमुख कारण है। आए दिन मोड़ पर वाहन बेकाबू होकर पलटते हैं।

वहीं दूसरी तरफ सलूम्बर-बांसवाड़ा मुख्य मार्ग पर जैताना के समीप आरएएस प्री की परीक्षा देने उदयपुर आ रहे परीक्षार्थियों की कार अनियंत्रित होकर पलट गई। हादसे में भाई-बहन घायल हो गए। पुलिस के अनुसार डूंगरपुर जिले की करवा छप्पन निवासी भाई-बहन अपनी कार से उदयपुर जा रहे थे। तभी जैताना मोड के समीप कार पलट गई। जिससे दोनों घायल हो गए।

# जिंदा है 'आरडीएक्स', पुलिस ने घेरा तब प्रीतम ने मारी थी खुद को गोली

## भाई ने की थी शव की गलत पहचान

कोटा, 3 फरवरी (एजेंसियां)। राजस्थान के कोटा जिले में फायरिंग की घटना में हुई बदमाश की मौत के मामले में अब नया मोड़ आ गया है। जिस बदमाश की मौत की पुष्टि हुई थी वो 'आरडीएक्स' जिंदा है। फायरिंग में जिसकी मौत हुई थी उसकी पहचान प्रीतम गोस्वामी के रूप में हुई है। उसके खिलाफ कई आपराधिक प्रकरण सामने आए हैं। आज सुबह प्रीतम की मौत की जानकारी परिजनों को दी गई। इसके बाद परिजनों ने कोटा mbs अस्पताल की मोर्चरी में पहुंचकर शव की शिनाख्त प्रीतम के रूप में कर ली



काली शर्ट में मरने वाला बदमाश प्रीतम गोस्वामी और चेक शर्ट में फरार बदमाश 'आरडीएक्स' उर्फ रूद्र

है। इसके पहले पुलिस ने मेडिकल बोर्ड से शव का पोस्टमार्टम करवा दिया था।

अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक दिलीप सैनी ने बताया कि श्रीनाथपुरम कॉलोनी में एक मकान के अंदर बदमाश के छुपे होने की सूचना मिली थी। तत्काल टीम बनाकर मौके पर भेजा गया और घेराबंदी की गई। इसी दौरान कमरे से फायरिंग की आवाज आई थी। घटनाक्रम में एक बदमाश ने खुद के सिर में गोली मार ली थी। उसकी मौके पर ही मौत हो गई थी। प्रथम दृश्य सामने आया था कि बदमाश रूद्र उर्फ आरडीएक्स ने खुद को गोली मारी है। मृतक के भाई को बुलाकर शव की पहचान भी करवाई गई थी। उस दौरान उसने मरने वाले शख्स को रूद्र उर्फ 'आरडीएक्स' बताया था। आज जब दोबारा शव की पहचान की गई तो सामने आया कि वह रूद्र नहीं मरने वाला प्रीतम है। प्रीतम के बारे में जानकारी जुटाई गई तो उसके भी पहले के आपराधिक रिकॉर्ड सामने आए हैं। 26 जनवरी को महावीर नगर थाना क्षेत्र में हुई दुकानदार पर फायरिंग के मामले में प्रीतम भी शामिल था। वहीं घटनाक्रम के कुछ समय पहले ही रूद्र मौके से फरार हो गया था। पुलिस को सीसीटीवी फुटेज हाथ लगा है, जिसके अंदर घटनाक्रम से पहले एक व्यक्ति मकान से निकलता हुआ नजर आया है। पुलिस को घटनाक्रम की जगह से प्रीतम और आरडीएक्स की आईडी मिली इसके साथ ही 'आरडीएक्स' की मौके पर गाड़ी खड़ी मिली है।

# बेरहम मां ने नवजात को सड़क किनारे फेंका, कुत्तों ने नोंचा; आधा शरीर मिला

अलवर, 3 फरवरी (एजेंसियां)। खैरथल तिजारा जिले के कोटकासिम थाना क्षेत्र में हैरान कर देने वाला मामला सामने आया है। पाटन गांव में तिगांवा रोड पर श्वानों ने एक नवजात को नोंच-नोंचकर खा लिया। सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस को नवजात का सिर्फ आधा शरीर ही मौके पर मिला।

किसी महिला ने नवजात को पाटन गांव के तिगांवा रोड के पास फेंक दिया।

दोपहर में श्वान नवजात को नोंचते हुए तिगांवा रोड पर सरकारी विद्यालय के पास ले आए। यहां से गुजरने वाले ग्रामीणों ने देखा कि कई श्वान नवजात के शरीर को नोंच रहे हैं। नवजात का सिर्फ आधा शरीर ही बचा था।

थोड़ी देर में लोगों की भीड़ जमा हो गई। ग्रामीणों ने जैसे तैसे श्वानों को भगाया और पुलिस को इसकी सूचना दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने नवजात के आधे शरीर को पोस्टमार्टम के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया।

एसएचओ नंदलाल गांधी ने बताया कि इस मामले में अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है। नवजात को क्यों छोड़ा, प्रसव कहां पर हुआ आदि तमाम पहलुओं की कोटकासिम थाना पुलिस जांच कर रही है।

बताया जा रहा है कि नवजात के सभी अंग पूरी तरह विकसित थे तथा जन्म भी पूरे समय में हुआ है। नवजात नार्मल डिलीवरी से होना बताया जा रहा है। वहीं नवजात का छाती से नीचे तक का हिस्सा श्वानों ने नोंच डाला, जिसके चलते नवजात की मौत हुई है। नवजात के गले में कपड़ा भी बंधा हुआ है। घटना स्थल के पास लोगों का आवागमन कम ही रहता है।

# दोगुने जोश से काम करें पुलिस खिलाड़ी : सुधीर बाबू



हैदराबाद, 3 फरवरी (स्वतंत्र वार्ता)। हाल ही में करीमनगर में आयोजित तेलंगाना राज्य पुलिस तृतीय खेल और खेल मीट-2025 में भाग लेने वाले और राचकोंडा आयुक्तालय की ओर से विभिन्न श्रेणियों में पुरस्कार जीतने वाले राचकोंडा अधिकारियों और कर्मचारियों के लिए नरेडमेट के राचकोंडा कार्यालय में आज एक अभिनंदन कार्यक्रम आयोजित किया गया। इन खेलों में कुल 56 व्यक्तिगत पदकों के साथ, राचकोंडा पुलिस ने महिला कबड्डी में एक स्वर्ण पदक और पुरुषों की कबड्डी में एक रजत पदक जीता। इस कार्यक्रम में कमिश्नर सुधीर बाबू ने कहा कि खेल हमारे जीवन का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है और खेल विभिन्न प्रकार के मानसिक और शारीरिक तनाव को दूर करने में बहुत सहायक होते हैं। रचाकोंडा आयुक्तालय की ओर से राज्य स्तरीय पुलिस खेलों में भाग लेना और पदक जीतना बहुत सराहनीय है। उन्होंने कहा कि मेडल जीतना और हारना महत्वपूर्ण नहीं है, लड़ना सबसे बड़ी बात है। हालांकि, आयुक्त ने सभी को सलाह दी कि वे खेल के साथ-साथ नौकरी की जिम्मेदारियों के प्रबंधन को उच्च प्राथमिकता दें और लोगों ने उन पर जो भरोसा जताया है उसे बनाए रखने के लिए कड़ी मेहनत करें। राचकोंडा आयुक्तालय ने कहा कि वे पुलिस कर्मियों को अपने कर्तव्यों के प्रदर्शन में आने वाले तनाव और विभिन्न चुनौतियों से राहत देने और नए जोश के साथ अपने कर्तव्यों में संलग्न होने के लिए खेल प्रतियोगिताओं में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि खेल प्रतियोगिताओं के माध्यम से विभिन्न पुलिस विभागों के बीच सौहार्द्र और टीम वर्क का माहौल बनेगा। आयुक्त ने कहा कि खेल प्रतियोगिता में भाग लेकर कर्मचारी दोगुने उत्साह से कार्य कर सकते हैं।

यह सुझाव दिया गया कि पुलिस को ऐसी प्रतियोगिताओं में भाग लेना चाहिए और विभिन्न खेलों में अपनी विशेष प्रतिभा का प्रदर्शन करना चाहिए और नौकरी की जिम्मेदारियों के प्रबंधन में भी वही समर्पण दिखाना चाहिए। कार्यक्रम में डीसीपी एडमिन इंदिरा, डीसीपी स्पेशल ब्रांच जी नरसिम्हा रेड्डी, हेड क्वार्टर डीसीपी श्याम, एसओटी एडिशनल डीसीपी नंदयाला नरसिम्हा रेड्डी, एडिशनल डीसीपी एडमिन शिवकुमार, एसीपी और अन्य अधिकारियों ने भाग लिया।

## शिक्षक ने दसवीं की छात्रा से की बदसलूकी

**प्रधानाध्यापक, दो शिक्षक निलंबित**

निर्मल, 3 फरवरी (स्वतंत्र वार्ता)। नरसापुर (जी) मंडल केंद्र के एक स्कूल में एक शिक्षक द्वारा छात्रा से बदसलूकी करने के बाद एक प्रधानाध्यापक और दो शिक्षकों को निलंबित कर दिया गया। जिला शिक्षा अधिकारी पी रामा राव ने सोमवार को आदेश जारी किया। आदेश के अनुसार प्रधानाध्यापक किशन राव, शिक्षक मनोहर रेड्डी और स्कूल सहायक (अंग्रेजी) एस मोहन राव को निलंबित कर दिया गया है। प्रधानाध्यापक और शिक्षकों के खिलाफ लगाए गए आरोपों की जांच की गई। जांच के निष्कर्षों के आधार पर तीनों के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई शुरू की गई। पता चला कि एक शिक्षक ने दसवीं कक्षा में पढ़ने वाली छात्रा के साथ बदसलूकी की। लड़की के माता-पिता ने शिक्षक की पिटाई की, जिसने प्रधानाध्यापक की मौजूदगी में उनसे माफी मांगी। बताया गया कि प्रधानाध्यापक और एक अन्य शिक्षक ने आरोपी शिक्षक को बचाने की कोशिश की।

# शहर के मुद्दों पर विशेष ध्यान : विजयलक्ष्मी

## महापौर ने हाफिजपेट की कई कॉलोनियों का दौरा किया और कहा



हैदराबाद, 3 फरवरी (स्वतंत्र वार्ता)। जीएचएमसी मेयर गदवाल विजयलक्ष्मी ने कहा कि शहर की समस्याओं पर विशेष ध्यान दिया गया है। उन्होंने कहा कि शहर के विभिन्न वार्डों में समस्याओं की पहचान कर उनका मौके पर ही समाधान करने के लिए जोन में संबंधित विभागों के वरिष्ठ अधिकारी तथा संबंधित पार्षद स्वच्छता, बरसाती पानी की निकासी तथा दीर्घकालिक समस्याओं पर ध्यान केंद्रित करेंगे। कॉलोनियों में आवश्यकतानुसार प्रस्ताव तैयार करें, तथा उनके समाधान के लिए उचित कदम उठाएं। उन्होंने कहा कि अब तक उन्होंने लगभग 15 वार्डों का दौरा किया है और विभिन्न मुद्दों के साथ-साथ दीर्घकालिक समस्याओं के समाधान के लिए काम किया है। उन्होंने कहा कि दीर्घकालिक समस्याओं के समाधान के लिए धनराशि स्वीकृत की जा रही है, विशेषकर राज्य सरकार द्वारा वित्तीय कठिनाइयों के बिना जीएचएमसी को धनराशि प्रदान करने के संदर्भ में। सोमवार को महापौर ने हाफिजपेट की कई कॉलोनियों का दौरा किया और कहा कि सफाई और कुत्तों के प्रकोप की रोकथाम के लिए कदम उठाए गए हैं। इसके बाद महापौर ने अधिकारियों को आरटीसी कॉलोनी में साफ-सफाई और कुत्तों के आतंक की रोकथाम के लिए कदम उठाने तथा सड़क चौड़ीकरण, जल निकासी और पार्क विकास के लिए प्रस्ताव तैयार करने के आदेश दिए। वे नालागंडला झील से सी एंड डब्ल्यू को हटाने के लिए कदम उठाना चाहते हैं। तालाब के विकास के लिए सीएसआर गतिविधियों के संदर्भ में रामकी लोग कचरा नहीं हटा रहे थे, इसलिए उन्होंने तुरंत रामकी प्रतिनिधियों से बात की और अधिकारियों को कचरा हटाने के लिए कदम उठाने के निर्देश दिए। महापौर ने नवोदय कॉलोनी सीवेज वाटर एवं केन्द्रीय विश्वविद्यालय द्वारा किए जा रहे बाढ़ रोकथाम कार्यों का निरीक्षण किया। महापौर के साथ पार्षद पूजिता, जोनल कमिश्नर उपेंद्र रेड्डी, सीई भास्कर रेड्डी, जोनल एसई शंकर नायक, डीसी मुकुंदा रेड्डी और अन्य लोग मौजूद थे।

# जन समस्याओं के समाधान में देरी नहीं होनी चाहिए : आयुक्त

## जीएचएमसी मुख्यालय में जन सुनवाई आयोजित



हैदराबाद, 3 फरवरी (स्वतंत्र वार्ता)। जीएचएमसी आयुक्त इलांबर्ती ने अधिकारियों को निर्देश दिया है कि जन सुनवाई के दौरान जनता से प्राप्त अनुरोधों के समाधान में कोई देरी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। आयुक्त ने सोमवार को जीएचएमसी मुख्यालय में आयोजित जन सुनवाई कार्यक्रम में भाग लिया और शहर भर से आए लोगों के अनुरोध प्राप्त किए, उनकी गहनता से जांच की और संबंधित अधिकारियों को मौके पर ही समाधान निकालने के निर्देश दिए। इस अवसर पर बोलते हुए आयुक्त ने कहा कि अधिकारियों को शहर के लोगों की समस्याओं के समाधान के लिए विशेष प्रयास करने चाहिए।

अधिकारियों को निर्देश दिया गया कि वे याचिकाकर्ता को लिखित जवाब भेजें जिसमें यह बताया जाए कि व्यक्तिगत और सामाजिक मुद्दों का समाधान कितने दिनों के भीतर कर दिया जाएगा। शहर भर से आए लोगों ने आयुक्त के साथ-साथ वरिष्ठ नगर नियोजन अधिकारियों और अतिरिक्त आयुक्तों के समक्ष अपनी समस्याएं रखीं। प्रजावाणी फोन इन कार्यक्रम के माध्यम से चार अनुरोध प्राप्त हुए, जिन्हें त्वरित समाधान के लिए संबंधित विभागों को भेज दिया गया। क्षजीएचएमसी मुख्यालय में आयोजित जन सुनवाई के दौरान कुल 44 शिकायतें प्राप्त हुईं, जिनमें से 22 नगर नियोजन विभाग से, 4-4 कर और एफए विभाग से, 3 इंजीनियरिंग (रखरखाव) से, 2 स्वच्छता से प्राप्त हुईं। पशु चिकित्सा, संपदा और आवास विभाग से 1-1, तथा भूमि अधिग्रहण, प्रशासन और यू.एस. से 1-1 शिकायतें प्राप्त हुईं। प्रत्येक बी.डी. विभाग के लिए एक-एक शिकायत प्राप्त हुई। जीएचएमसी के अंतर्गत छह क्षेत्रों में कुल 86 आवेदन प्राप्त हुए। इनमें से कुकटपल्ली जोन में 45, सिकंदराबाद जोन में 10, सेरिलिंगमपल्ली जोन में 20, चारमीनार जोन में 6, एलबी नगर जोन में 4 और खैरताबाद जोन में 1 आवेदन प्राप्त हुए। अपर आयुक्त शिव कुमार नायुडू, यादगिरी राव, गीता राधिका, अपर सीसीपी पी गंगाधर, प्रदीप, जलकार्य जीएम साई रमना, आवास एसई कृष्ण राव, ईई राजेश्वर राव, मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डॉ. अब्दुल वकील, संपदा अधिकारी उमा प्रकाश, मूल्यांकन अधिकारी महेश कुलकर्णी, ओएसडी अनुराधा, एएमसी, अन्य विभागीय अधिकारी, कर्मचारी एवं अन्य लोग शामिल हुए।

# एमएलसी चुनाव में नामांकन पत्र दाखिल शुरू

हैदराबाद, 3 फरवरी ( स्वतंत्र वार्ता )। मेदक, निजामाबाद, करीमनगर और आदिलाबाद में एमएलसी चुनाव के लिए नामांकन प्रक्रिया सोमवार को शुरू हुई। करीमनगर कलेक्ट्रेट में अधिकारियों ने आवश्यक व्यवस्थाएं कर ली हैं। कुल नौ उम्मीदवारों ने स्नातक और शिक्षक एमएलसी पदों के लिए नामांकन दाखिल किया। इनमें से छह उम्मीदवारों ने स्नातक पद के लिए आवेदन किया, जबकि तीन ने शिक्षक पद के लिए आवेदन किया।

इसके अलावा, दो उम्मीदवारों ने स्नातक और शिक्षक दोनों भूमिकाओं के लिए नामांकन दाखिल किया। दाखिल किए गए नामांकन सेटों की कुल संख्या तेरह थी। चुनाव अधिकारी और जिला कलेक्टर पामेला सतपति ने अपने कार्यालय में उम्मीदवारों से नामांकन स्वीकार किए। अपने भाषण के दौरान, कलेक्टर ने कहा कि नामांकन 3 फरवरी से 10 फरवरी तक, प्रतिदिन सुबह 11 बजे से दोपहर 3 बजे के बीच स्वीकार किए जाएंगे, हालांकि, सरकारी अवकाश के कारण 8 और 9 फरवरी को कोई नामांकन प्रक्रिया नहीं होगी। उन्होंने कहा कि नामांकन की जांच 11 फरवरी को होगी, 13 फरवरी को नामांकन वापसी होगी और एमएलसी चुनाव के लिए मतदान 27 फरवरी को सुबह 8 बजे से शाम 4 बजे तक होगा और मतगणना 3 मार्च को होगी। जिला कलेक्टर ने बताया कि नामांकन प्रक्रिया के दौरान उम्मीदवारों की शंकाओं को दूर करने के लिए रिटर्निंग ऑफिसर के कार्यालय में एक हेल्प डेस्क स्थापित किया गया है। उन्होंने आग्रह किया कि एमएलसी चुनावों के दौरान चुनाव आचार संहिता का सख्ती से पालन किया जाए और रैलियों, बैठकों, समारोहों आदि के लिए पूर्व अनुमति ली जाए।

# 'दक्षिण भारत-बीएचयू पूर्व छात्र मिलन' कार्यक्रम आयोजित

## करीब 400 प्रतिनिधियों ने लिया हिस्सा

समाचार-15

हैदराबाद, 3 फरवरी (स्वतंत्र वार्ता)। तेलंगाना, आंध्र प्रदेश, कर्नाटक, तमिलनाडु और केरल के करीब 400 प्रतिनिधियों ने रविवार को भारतीय रासायनिक प्रौद्योगिकी संस्थान परिसर में बनारस हिंदू विश्वविद्यालय के स्थापना दिवस पर 'दक्षिण भारत बीएचयू पूर्व छात्र मिलन' (एसआईबीएएम) नामक विशेष कार्यक्रम में हिस्सा लिया। एसआईबीएएम-2025 का उद्घाटन अखिल भारतीय महामना मालवीय मिशन और बीएचयू पूर्व छात्र संघ के नेताओं की मौजूदगी में जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने किया। इसकी शुरुआत मदन मोहन मालवीय पर एक वृत्तचित्र से हुई, जिसके बाद 'वांगमय' पर एक प्रस्तुति और 'राष्ट्र निर्माण में बनारस हिंदू विश्वविद्यालय की भूमिका' विषय पर एक दिवसीय संगोष्ठी हुई। सुनील खन्ना और डॉ. विजय सिंघल द्वारा संपादित एक स्मारिका का भी विमोचन किया गया।

मनोज सिन्हा ने कहा कि बीएचयू ने आजादी से पहले भी समृद्ध विरासत और संस्कृति से जुड़ी आधुनिक शिक्षा प्रदान की है, जिसने आज के आधुनिक भारत का मार्ग प्रशस्त किया है। इस अवसर पर प्रोफेसर आरएच तुपकरी, मालवीय मिशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष हरि शंकर सिंह, मालवीय मिशन के अखिल भारतीय महासचिव डॉ वेद प्रकाश सिंह, मालवीय मिशन के संस्थापक सदस्य एवं पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रभु नारायण तथा अन्य उपस्थित थे।

## रैतु भरोसा योजना बढ़ाने की मांग

आदिलाबाद, 3 फरवरी (स्वतंत्र वार्ता)। किसानों ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म के माध्यम से कांग्रेस नेता राहुल गांधी से सेल्फी वीडियो भेजकर उनसे सोमवार को इकोडा मंडल के मॉडल गांव मुखरा (के) में प्रति एकड़ 15,000 रुपये की बढ़ी हुई रैतु भरोसा फसल निवेश सहायता देने के अपने चुनावी वादे को पूरा करने का अनुरोध किया। किसानों ने वीडियो में पूछा कि राहुल गांधी जी, हमने क्या गलत किया है कि रेवंत रेड्डी हमें वादा किए गए वित्तीय सहायता नहीं दे सकते?

प्रदर्शनकारी किसानों ने याद दिलाया कि राहुल गांधी ने उन्हें आश्वासन दिया था कि वे हर किसान को प्रति एकड़ 15,000 रुपये, इंदिराम्मा अत्मीया भरोसा में 12,000 रुपये और महा लक्ष्मी योजना में हर महिला को 2,500 रुपये प्रति माह देंगे, लेकिन अब आपके मुख्यमंत्री ए रेवंत रेड्डी मंडल के केवल एक गांव के किसानों को फसल निवेश सहायता लागू कर रहे हैं।

# दक्षिण भारत कान्यकुब्ज सभा का सामूहिक याज्ञोपवीत संस्कार सम्पन्न



हैदराबाद, 3 फरवरी (स्वतंत्र वार्ता)। दक्षिण भारत कान्यकुब्ज सभा हैदराबाद के तत्वावधान में सामूहिक उपनयन संस्कार कार्यक्रम उप्पूगुडा स्थित समाज के कान्यकुब्ज भवन में 2 फरवरी बसंत पंचमी को भव्य रूप से सम्पन्न हुआ। योग्य विद्वान पुरोहित पंडित बृजकिशोर तिवारी एवं पंडित किरण कुमार जोशी द्वारा परम्परागत विधिविधान से बटुकों विवेक मिश्र, सचिन मिश्र , आशीष कुमार पाण्डेय, वंशी प्रसाद दुबे, भानु प्रसाद चौबे, नितीश प्रसाद चौबे, तेजेस चतुर्वेदी, आहिम मिश्र, मुकेश तिवारी, सुजन तिवारी, साई सात्विक पाण्डेय, कुशल दुबे को हवन एवं वैदिक मंत्रोचारणों के बीच बह्मचर्य की दीक्षा दी एवं जनेउ धारण कराया।

बठुकों की मताओं एवं भग्नियों ने रीति-रिवाज पूर्ण ढंग से भिक्षा दान किया। उपनयन कार्यक्रम प्रात:प 10 बजे प्रारंभ हुआ। कार्यक्रम में समाज एवं अन्य समाज के लगभग 300 बन्धुओं ने भाग लिया।

इस अवसर पर सभा की ओर से सामूहिक भोज का आयोजन किया गया। कार्यक्रम को भव्यता प्रदान करने में अध्यक्ष डॉ. राम कुमार तिवारी, उपाध्यक्ष राकेश तिवारी, महामंत्री विजय पल पाण्डेय, कोषाध्यक्ष गोपाल प्रसाद शुक्ल7, संगठन मंत्री बाला प्रसाद तिवारी, महिला विभाग मंत्री श्रीमती शोभा दुबे, संस्कृतिक मंत्री श्रीमती रत्न कला मिश्र, युवा विभाग मंत्री जयशंकर प्रसाद तिवारी। आयोजन मंत्री सूर्य प्रकाश शुक्ल, विशेष आमंत्रित प्रेम सुन्दर शुक्ल, संरक्षक मंत्री महेश अग्निहोत्री ने सक्रिय भूमिका निभाई। कार्यक्रम को सफल बनाने में बी. शिव कुमार, मोहन सिंह एवं निर्दोष समुहू के कार्यकर्ता ने उल्लेकन योगदान किया।

## गनमैन की मौत

संगारेड्डी, 3 फरवरी (स्वतंत्र वार्ता)। सशस्त्र रिजर्व पुलिस के कांस्टेबल मुथांगी श्रीनिवास (32), जो चेवेल्ला विधायक काले के गनमैन के रूप में काम कर रहे थे, की रविवार रात आरसी पुरम मंडल के वेलिमेला थांडा में उनकी बाइक जंगली सूअर से टकराने के बाद मौत हो गई। रंगारेड्डी जिले के शंकरपल्ली मंडल के बुलकापुर के मूल निवासी श्रीनिवास एक समारोह में भाग लेने के लिए वेलिमेला जा रहे थे, तभी उनका एक्सीडेंट हो गया। कई चोटें लगने के कारण उनकी मौके पर ही मौत हो गई। शव को पोस्टमार्टम के लिए पाटनचेरू के सरकारी अस्पताल ले जाया गया। बीडीएल भानूर पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है।

# नाणीजधाम महाराष्ट्र के जगद्गुरु रामानन्दाचार्य का पादुका दर्शन



हैदराबाद, 3 फरवरी (स्वतंत्र वार्ता)। अनंत श्री विभूषित जगद्गुरु रामानन्दाचार्य श्री स्वामी नरेंद्राचार्य महाराज के पादुका दर्शन करने का सुनहरा अवसर प्राप्त हुआ।

इस संदर्भ में संप्रदाय जिला सेवा समिति हैदराबाद के आयोजक ने बताया कि, जगद्गुरु रामानंदाचार्य दक्षिण पीठ, नाणीजधाम, महाराष्ट्र के अनंत श्री विभूषित जगद्गुरु रामानन्दाचार्य श्री स्वामी नरेंद्राचार्यजी महाराजजी का पादुका दर्शन कार्यक्रम में सभी भक्तों के लिए निमंत्रण है।

यह पादुका दर्शन कार्यक्रम, पवित्र स्थल- महाराणा प्रताप फंक्शन पैलेस, रोड नं.6, अम्बरपेट, हैदराबाद पर किया गया। जिसमें सभी भक्तगणों ने रविवार को प्रात: 9 से सायं 6 बजे तक पादुका दर्शन का लाभ लिया।

# अखंड रामचरितमानस पाठ एवं नवग्रह अभिषेक कार्यक्रम श्रद्धापूर्वक संपन्न



हैदराबाद, 3 फरवरी (स्वतंत्र वार्ता)। श्री संकटमोचन वीर हनुमान भक्त मंडल भाग्यनगर द्वारा हिमायत सागर कोतवालगुड़ा स्थित श्री संकटमोचन दक्षिण मुख वीर हनुमान मंदिर में अखंड रामचरितमानस पाठ एवं नवग्रह अभिषेक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। पंडित लाला शुक्ला एवं पंडित विनीत शुक्ला द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, नवग्रह मंदिर के 2 वर्ष पूर्ण होने की उपलक्ष में मंदिर परिसर में अखंड रामचरितमानस पाठ की पूर्णाहित सोमवार 3 फरवरी को दोपहर 12.31 बजे की गई। समाज सेवी गोपाल बल्दवा को शाल उडाकर सम्मानित किया गया। इसके बाद आरती एवं प्रसाद का आयोजन किया गया। दक्षिण मुखी श्री संकटमोचन वीर हनुमान भक्त मंडल के सदस्यों ने श्रद्धापूर्वक भाग लिया।

# ज्ञानार्थी परीक्षा परिणाम घोषित



हैदराबाद, 3 फरवरी (स्वतंत्र वार्ता)। श्री जैन श्वेतांबर तेरापंथ सभा सिकंदराबाद के तत्वावधान में 21 ज्ञानशालाओं का ज्ञानार्थी परीक्षा में 265 बच्चों ने परीक्षाएं दी। एक प्रेस विज्ञप्ति में बताया गया कि बच्चों के उत्साहवर्धन के लिए प्रशिक्षिकाओं व ज्ञानार्थियों की एक पिकनिक शमीरपेट में रखी गई जिसमें प्रशिक्षिकाओं और बच्चों ने बढ़ चढ़कर भाग लिया और प्राकृतिक सौंदर्य का आनंद लिया, सभी के लिए विभिन्न ज्ञानवर्धक प्रतियोगिताएं रखी गईं।

# रामंतापुर में बसंत पंचमी पूजा संपन्न



हैदराबाद, 3 फरवरी (स्वतंत्र वार्ता)। सरस्वती पूजा समिति रामंतापुर के तत्वावधान में गंगा भवानी मंदिर के प्रांगण में बसंत पंचमी का आयोजन किया गया। उत्सव के शुरूआत सरस्वती पूजन से हुआ। पूजा-पाठ के बाद अबोध बच्चों के अक्षरभ्यास कराया गया। तत्पश्चात सूर्यकांत त्रिपाठी निराला के फोटो को माल्यार्पण कर उनकी जयंती मनाई गई। पूजन के बाद अन्नदान, कार्यक्रम आयोजित की गई, जिसमें श्रद्धालुओं ने भाग लिया। संगीत मंडली द्वरा मंत्रमुग्ध कर देनेवाले भजन-कीर्तन प्रस्तुत किया गया। समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में उप्पल के पूर्व विधायक एनवीवीएस प्रभाकर, बेती सुभाष रेड्डी रामंतापुर कारपोरेट श्रीवानी वेंकट राव, हब्सीगुडा कार्पोरेटर ककीरेनी चेतना हरिश, अशोक सिंह, बिहार एसोसिएशन के अध्यक्ष हरेराम सिंह, जनसेवा संघ के आर.पी.सिंह, मानवेंद्र मिश्रा, अशुतोष त्रिपाठी, राजपूत सेवा संघ के ललन सिंह, प्रभास कुमार, रंजन झा, गेंद लाल, रघुवीर सिंह, उड़िया समाज के अध्यक्ष रत्नाकर पाल एवं अन्य पदाधिकारी शामिल हुए।

समारोह को सफल बनाने वाले सरस्वती पूजा समिति के सदस्यगण सुरेश सिंह, राम प्रकाश गुप्ता, भगवान सिंह, पंकज झा, कमलेश पांडेय, अजय शर्मा, सुनील सिंह, मंजूनाथ गुप्ता, राजेश शर्मा, राजीव कुमार, बाबा, सुरेश पासवान, संतोष गुप्ता, राजू राय आदि सदस्यों का सराहनीय योगदान रहा।

## तेलुगु वेलुगु कार्यक्रम का हुआ उद्घाटन

हैदराबाद, 3 फरवरी (स्वतंत्र वार्ता)। युवा भारती सांस्कृतिक संगठन और नव्या साहित्य समिति तथा आईआईएमसी कॉलेज द्वारा आयोजित तेलुगु वेलुगु कार्यक्रम की चौथी बैठक का उद्घाटन प्रोफेसर वंगापल्ली विश्वनाथम ने आईआईएमसी कॉलेज सभागार में किया। प्रोफेसर विश्वनाथम ने तेलुगु वेलुगु कार्यक्रम की सफलता में आर्थिक और नैतिक रूप से योगदान देने वालों के प्रति आभार व्यक्त किया और तेलुगु भाषा के प्रति अपना प्रेम प्रदर्शित किया।

तेलंगाना सरकार के पूर्व सलाहकार डॉ.के.वी. रामाचारी ने कार्यक्रम की प्रशंसा करते हुए कहा कि युवा भारती में भविष्य में विश्व तेलुगु सम्मेलन आयोजित करने की क्षमता है। इस कार्यक्रम में आचार्य एसवी रामा राव की पुस्तक 'शता जयंती साहिती मुर्तुलु' का विमोचन भी किया गया, जिसकी समीक्षा डॉ. फणींद्र मतलाद ने की। यह पुस्तक सार्वजनिक सेवा परीक्षाओं की तैयारी करने वालों के लिए एक मूल्यवान संसाधन है, जिसमें तेलुगु राज्यों के चार क्षेत्रों के कवियों को शामिल किया गया है।



**एसएसके समाज महिला कॉलेज सरस्वती माता मंदिर में पूजा अलंकार अभिषेक प्राण प्रतिष्ठा अक्षर शिक्षा अभ्यास उपाध्यक्ष नगरी लक्ष्मी नारायण, पुजारी राजेश्वर सवाजी, नागरी सुरेंद्र, मीडिया अध्यक्ष एच. कुमार पेंडु, नरसिंग राव, कोठा. श्रीगिरि, पूजा कॉमेडी जी. सुनीला. डी. नवीन, रतन कमल, श्रीगिरि महेश, महिला मंडल नगरी कल्पना, रतनदीपा, नागरी लक्ष्मी, जेजे सरस्वती एस रानी ने भाग लिया।**

# बीआरएस पार्टी के कार्यकर्ता उपचुनावों के लिए तैयार रहें : केटीआर

हैदराबाद, 3 फरवरी (स्वतंत्र वार्ता)। बीआरएस पार्टी के कार्यकारी अध्यक्ष केटी रामा राव ने आज ट्विटर पर बीआरएस पार्टी के कार्यकर्ताओं और कार्यकर्ताओं से उपचुनावों के लिए तैयार रहने का आग्रह किया। उन्होंने कहा, अगर आप सुप्रीम कोर्ट के पिछले फैसलों को देखें तो पाला बदलने वाले बीआरएस विधायकों को भी बर्खास्त किया जाएगा। साथ ही, कांग्रेस पार्टी के लिए दलबदलुओं को बचाना असंभव है। हालांकि, तेलंगाना विधायकों के दलबदल मामले में केटीआर द्वारा दायर याचिका की सुनवाई सोमवार तक के लिए टाल दी गई है। न्यायमूर्ति बीआर गवई और न्यायमूर्ति विनोद चंद्रन की पीठ ने कहा कि वह मामले में पहले दायर याचिकाओं के साथ ही इस पर भी सुनवाई करेगी। 29 जनवरी को केटीआर ने सुप्रीम कोर्ट में रिट याचिका दायर कर आरोप लगाया था कि तेलंगाना विधानसभा अध्यक्ष गद्दाम प्रसाद कुमार बीआरएस पार्टी से दलबदल करने वाले विधायकों के खिलाफ कार्रवाई करने में समय बर्बाद कर रहे हैं। उन्होंने अदालत से स्पीकर को अयोग्यता याचिकाओं पर तुरंत फैसला लेने का निर्देश देने का आग्रह किया। इस बीच, दलबदल पर बीआरएस पार्टी के विधायक पाडी कौशिक रेड्डी द्वारा दायर विशेष अनुमति याचिका पर भी सुनवाई जारी रहेगी। सुप्रीम कोर्ट की दो जजों की पीठ ने कहा कि वह दोनों याचिकाओं पर एक साथ 10 फरवरी सुनवाई करेगी। इस संदर्भ में केटीआर ने पार्टी कार्यकर्ताओं और कार्यकर्ताओं से उपचुनावों की तैयारी करने का आह्वान किया, क्योंकि जिन लोगों ने पाला बदला है, उन्हें बर्खास्त किया जाना तय है। हालांकि, बागी विधायक कदियम श्रीहरि, दानम नागेंद्र, वेल्लम वेंकट राव, पोचाराम श्रीनिवास रेड्डी, बंदला कृष्ण मोहन रेड्डी, काले यादैया, प्रकाश गौड़, अरिकेपुडी गांधी, गुडेम महिपाल रेड्डी और डॉ. संजय कुमार सत्तारूढ़ कांग्रेस पार्टी में शामिल हो गए।

स्वतंत्र वार्ता
Email :
svaarttha2006@gmail.com
svaarttha@rediffmail.com
svaarttha2006@yahoo.com
Epaper :
epaper.swatantravaartha.com
For Advertisement :
swadds1@gmail.com

# गुकेश को हराकर प्रगनानंद ने टाटा स्टील मास्टर्स टूर्नामेंट जीता

## खिताब जीतने वाले दूसरे भारतीय; गुकेश वर्ल्ड चेस चैंपियन बनने के बाद पहला टूर्नामेंट हारे

नई दिल्ली, 3 फरवरी (एजेंसियां)। भारतीय ग्रैंडमास्टर आर प्रगनानंद ने वर्ल्ड चेस चैंपियन डी गुकेश को टाईब्रेक में हराकर टाटा स्टील मास्टर्स 2025 टूर्नामेंट जीत लिया है। प्रगनानंद विश्वनाथन आनंद के बाद यह खिताब जीतने वाले दूसरे भारतीय बन गए हैं। विश्वनाथन आनंद यह खिताब पांच (1989, 1998, 2003, 2004, 2006) बार जीते हैं। इसमें 3 बार वे संयुक्त विजेता रहे हैं।




नीदरलैंड के विज्क आन जी में खेले गए टाईब्रेक मुकाबले से विजेता का फैसला हुआ। गुकेश और प्रगनानंद को अपने आखिरी राउंड के मुकाबले में हार का सामना करना पड़ा। गुकेश अपने आखिरी दौर में अर्जुन एरिगेसी से हारे। वहीं, प्रगनानंद को जर्मन ग्रैंडमास्टर विन्सेंट कीमर ने हराया।

14 खिलाड़ियों के राउंड-रॉबिन इवेंट के आखिरी 13वें राउंड के बाद प्रगनानंद और गुकेश के 8.5-8.5 पॉइंट्स थे। इसके बाद विजेता का फैसला टाईब्रेक मुकाबले से करना पड़ा। इसमें प्रगनानंद ने पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए गुकेश को हरा दिया और खिताब जीत लिया।

**1938 से खेला जा रहा है टूर्नामेंट**

टाटा स्टील चेस टूर्नामेंट 1938 से खेला जा रहा है। यह हर साल जनवरी में आयोजित होता है। इसे शुरुआत में हूगोवेन्स टूर्नामेंट के नाम से जाना जाता था। इसका तीन बार नाम बदला और 2011 से इसे टाटा स्टील चेस टूर्नामेंट से जाना जाने लगा। यह राउंड-रॉबिन टूर्नामेंट हैं। इसमें दुनिया के टॉप-14 खिलाड़ी एक दूसरे के खिलाफ खेलते है। 13 राउंड खत्म होने के बाद टॉप पर रहने वाले को विजेता घोषित किया जाता है। वहीं, अगर 13 राउंड के आखिरी में कोई खिलाड़ी बराबरी पर रहते हैं तो विजेता का फैसला टाईब्रेक मुकाबले के जरिए होता है।

**10 साल की उम्र में बन गए थे इंटरनेशनल मास्टर**

प्रगनानंद तमिलनाडु के रहने वाले हैं। उनका जन्म 10 अगस्त, 2005 को चेन्नई में हुआ था। उनके पिता रमेशबाबू तमिलनाडु स्टेट कॉर्पोरेशन बैंक में शाखा प्रबंधक के रूप में काम करते हैं, जबकि उनकी मां नागलक्ष्मी हाउस वाइफ हैं। प्रगननंदा 10 साल की उम्र में 2016 में शतरंज के सबसे युवा इंटरनेशनल मास्टर बने थे।

18 साल के गुकेश शतरंज के नए वर्ल्ड चैंपियन, सबसे कम उम्र में खिताब जीता

18 साल के भारतीय ग्रैंडमास्टर डी गुकेश ने सिंगापुर में 11 दिसंबर 2024 को वर्ल्ड चेस चैंपियनशिप का खिताब जीता था। उन्होंने चीन के डिफेंडिंग चैंपियन डिंग लिरेन को 7.5-6.5 से फाइनल में हराया। इतनी कम उम्र में खिताब जीतने वाले गुकेश दुनिया के पहले प्लेयर बने हैं। इससे पहले 1985 में रूस के गैरी कैस्परोव ने 22 साल की उम्र में यह खिताब जीता था। उन्हें इसी जनवरी में मेजर ध्यानचंद खेल रत्न पुरस्कार से सम्मानित किया गया।वहीं, पिछले साल सितंबर में खेले गए चेस ओलिंपियाड में गुकेश ने ओपन कैटेगरी में फाइनल गेम जीतकर भारत को खिताबी जीत दिलाई थी।

गुकेश डी का पूरा नाम डोम्माराजू गुकेश है। वह चेन्नई के रहने वाले हैं। गुकेश का जन्म चेन्नई में 7 मई 2006 को हुआ था। उन्होंने 7 साल की उम्र में ही शतरंज खेलना शुरू कर दिया था। उन्हें शुरू में भास्कर नागैया ने कोचिंग दी थी।

नागैया इंटरनेशनल चेस खिलाड़ी रहे हैं और चेन्नई में चेस के होम ट्यूटर हैं। इसके बाद विश्वनाथन आनंद ने गुकेश को खेल की जानकारी देने के साथ कोचिंग दी। गुकेश के पिता डॉक्टर हैं और मां पेशे से माइक्रोबायोलॉजिस्ट हैं।

# अभिषेक शर्मा ने पूरा किया युवराज सिंह का सपना

## फिर बोले- पहली बार नहीं मिली चप्पल की 'धमकी'

मुंबई, 3 फरवरी (एजेंसियां)। 5 मैचों की टी20 सीरीज में टीम इंडिया ने दमदार प्रदर्शन किया. इस सीरीज में उसने इंग्लैंड को 4-1 पटखनी दी. इस सीरीज का आखिरी मुकाबला मुंबई के वानखेडे में हुआ. इस दौरान अभिषेक शर्मा का रौद्र रूप देखने को मिला. उन्होंने पहले ओवर से ही छक्के-चौके लगाने शुरू किए. उनकी बदौलत भारतीय टीम ने पावरप्ले में ही रिकॉर्ड 95 रन ठोक दिए. वहीं अभिषेक ने इस मैच में महज 54 गेंदों में 13 छक्कों की मदद से 135 रन बना डाले. उनकी इस पारी की सबसे बड़ी बात ये रही कि वो 18वें ओवर तक टिके रहे. इस तरह उन्होंने अपने मेंटॉर और टीम इंडिया के दिग्गज खिलाड़ी युवराज सिंह का सपना पूरा किया. अभिषेक ने मैच के बाद कहा कि युवराज हमेशा से चाहते थे कि वो 15 से 20 ओवर के बीच बैटिंग करें. ये देखकर वो आज खुश होंगे.




अभिषेक शर्मा ने मैच में फोकस के साथ बैटिंग की और दिखा दिया कि वो अगर अंत तक टिके रहे तो क्या कर सकते हैं. अभिषेक के मुताबिक उन्होंने बस अपने गुरु की बात मानते हुए उनके सिखाए चीजों को अप्लाई करने की कोशिश की. इसी वजह से उन्हें सफलता हाथ लगी. वहीं दूसरी ओर अपने चेले को इस अंदाज में बैटिंग करते हुए देख युवराज से भी रहा नहीं गया. उन्होंने तारीफ में सोशल मीडिया पर लिखा 'अभिषेक तुमने बहुत अच्छा खेला, मैं तुम्हें वहीं देखना चाहता हूं. तुम पर गर्व है.'

युवराज सिंह ने जब इस तरह तारीफ की तो अभिषेक की तरफ से भी प्रतिक्रिया आई. अभिषेक ने कहा कि पहली बार उन्होंने बिना चप्पल की धमकी को जोड़े कुछ कहा है. उन्हें मुझ पर गर्व है, इस बात की मुझे बहुत खुशी है.' उन्होंने आगे कहा कि '3 साल से मैं उनके साथ ट्रेनिंग कर रहा हूं. तभी से उन्होंने मुझ पर भरोसा जताया है और कहा कि एक खिलाड़ी के तौर पर शक होगा लेकिन तुम भारत को एक दिन मैच जिताओगे. कोविड के समय में उन्होंने कहा था कि तुम शॉर्ट टर्म के लिए मत सोचो मैं तुम्हें लम्बे समय के लिए तैयार कर रहा हूं.'

# ओलंपियन सरबजोत बोले- देश में नहीं है कहीं ऐसी शूटिंग रेंज, निशानेबाजों ने दिखाया अपना हुनर

देहरादून, 3 फरवरी (एजेंसियां)। शूटिंग प्रतियोगिता की 10 मीटर रेंज के क्वालीफाइंग राउंड में देशभर के निशानेबाजों ने अपना हुनर दिखाया। वहीं, राष्ट्रीय खेलों में हरियाणा का प्रतिनिधित्व कर रहे ओलंपियन सरबजोत सिंह ने भी फाइनल में जगह पक्की की। आज सोमवार को वह पदक जीतने के मकसद से फाइनल स्पर्धा में निशाना साधेंगे।



सरबजोत ने कहा, दून में बनी शूटिंग रेंज की तरह की रेंज उन्होंने देश में कहीं नहीं देखी। जिस तरह की यह शूटिंग रेंज बनाई गई है, वो विदेशों में ही देखने को मिलती है। दिल्ली, भोपाल की शूटिंग रेंज अच्छी है, लेकिन देहरादून की यह रेंज सबसे अच्छी लगी। उन्होंने कहा, शूटिंग में देश का भविष्य अच्छा है।

उत्तराखंड में भी अच्छी संभावनाएं हैं। कहा, पेरिस ओलंपिक में कांस्य पदक जीतने के बाद निश्चित तौर पर लोकप्रियता तो बढ़ गई है। वहीं, अपना मैच खत्म करके जैसे ही सरबजोत बाहर आए उन्हें प्रशंसकों ने घेर लिया और खूब फोटो व सेल्फी ली।

# स्टार गेंदबाज जसप्रीत बुमराह क्या चैंपियंस ट्रॉफी खेल पाएगा?

बेंगलुरु, 3 फरवरी (एजेंसियां)। टीम इंडिया के स्टार गेंदबाज जसप्रीत बुमराह ऑस्ट्रेलिया के साथ खेली गई बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी के आखिरी मैच में इंजर्ड हो गए थे। जिसके चलते बुमराह ने आखिरी टेस्ट मैच में गेंदबाजी भी नहीं की थी और उनको स्कैन के लिए मैच के बीच में ही मैदान से बाहर जाना पड़ा था।




वहीं अब इंग्लैंड के साथ होने वाली वनडे सीरीज और चैंपियंस ट्रॉफी के लिए बुमराह को टीम में तो चुना गया है लेकिन उनके खेलने पर अभी संशय बना हुआ है। वहीं अब बुमराह को लेकर ताजा अपडेट सामने आया है।

**बेंगलुरु में होगा बुमराह का स्कैन**

जसप्रीत बुमराह राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी बेंगलुरु गए हैं। बीसीसीआई की मेडिकल टीम के तहत तेज गेंदबाज पर आगे के स्कैन किए जाएंगे ताकि यह पता चल सके कि वह आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी के लिए फिट हैं या नहीं। इंजरी के चलते बुमराह इंग्लैंड के साथ टी20 सीरीज में भी नहीं खेले।

चोट के बावजूद चैंपियंस ट्रॉफी के लिए चुने गए बुमराह इस सप्ताह स्कैन और मेडिकल टीम की जांच और मंजूरी मिलने के बाद ही आईसीसी टूर्नामेंट में भाग लेंगे।

रिपोर्ट में कहा गया है कि बुमराह अगले कुछ दिनों तक बेंगलुरु में रहेंगे और एनसीए के विशेषज्ञ अजीत अगरकर की अगुआई वाली चयन समिति को अपनी राय भेजेंगे।

वहीं टीम इंडिया के चीफ सेलेक्टर अजीत अगरकर ने कहा था कि "बुमराह को पांच सप्ताह तक आराम करने के लिए कहा गया है और वह इंग्लैंड के खिलाफ पहले दो वनडे मैचों के लिए उपलब्ध नहीं होंगे।

हम उनकी फिटनेस का इंतजार कर रहे हैं और फरवरी की शुरुआत में मेडिकल टीम से उनकी स्थिति के बारे में पता चलेगा। हम शायद उस समय तक कुछ और जान पाएंगे, वास्तव में क्या है, और उनकी मेडिकल स्थिति क्या है?"

**11 फरवरी तक टीम पर लगेगी आखिरी मुहर**

आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी 2025 के लिए बीसीसीआई टीम इंडिया का ऐलान पहले ही कर चुकी है। जिसमें जसप्रीत बुमराह को भी चुना गया है। अब टीम पर आखिरी मुहर 11 फरवरी तक लगनी है, ऐसे में अभी टीम इंडिया का पास 8 दिन का समय बचा हुआ है।

# डब्ल्यूपीएल से पहले यूपी की कप्तान एलिसा हीली चोटिल

## आरसीबी की सोफी डिवाइन ने नाम वापस लिया, केट क्रॉस भी नहीं खेलेंगी



मुंबई, 3 फरवरी (एजेंसियां)। विमेंस प्रीमियर लीग से पहले यूपी वॉरियर्स की कप्तान एलिसा हीली चोटिल हो गई हैं। इधर, आरसीबी की सोफी डिवाइन ने नाम वापस ले लिया है। केट क्रॉस भी बैक इंजरी के कारण इस सीजन का हिस्सा नहीं हैं।

आयोजन समिति ने सोमवार को चोटिल खिलाड़ियों के रिप्लेसमेंट के नाम जारी कर दिए। यूपी वॉरियर्स ने ऑस्ट्रेलिया की कप्तान एलिसा हीली की जगह वेस्टइंडीज की चिनेले हेनरी को अपने साथ जोड़ा है। वहीं, आरसीबी ने सोफी डिवाइन और केट क्रॉस की जगह हीथर ग्राहम और किम गार्थ को अपनी टीम में लिया है। दोनों फ्रेंचाइजी ने नई खिलाड़ियों को 30-30 लाख रुपए में अपने साथ जोड़ा है।

ऑस्ट्रेलियन कैप्टन हीली के पैर में चोट लगी है, जबकि डिवाइन और क्रॉस ने व्यक्तिगत कारणों से इस साल भारतीय लीग से हटने का फैसला किया है। डिवाइन ने क्रिकेट से ब्रेक लिया है। इंग्लैंड की ऑलराउंडर क्रॉस पीठ की चोट से उबर रही हैं।

**विमेंस प्रीमियर लीग-2025 (शेड्यूल)**

| तारीख | मैच | वेन्यू |
|---|---|---|
| 14 फरवरी | गुजरात जायंट्स Vs रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु | वडोदरा |
| 15 फरवरी | मुंबई इंडियंस Vs दिल्ली कैपिटल्स | वडोदरा |
| 16 फरवरी | गुजरात जायंट्स Vs यूपी वॉरियर्ज | वडोदरा |
| 17 फरवरी | दिल्ली कैपिटल्स Vs रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु | वडोदरा |
| 18 फरवरी | गुजरात जायंट्स Vs मुंबई इंडियंस | वडोदरा |
| 19 फरवरी | यूपी वॉरियर्ज vs दिल्ली कैपिटल्स | वडोदरा |
| 21 फरवरी | रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु Vs मुंबई इंडियंस | बेंगलुरु |
| 22 फरवरी | दिल्ली कैपिटल्स Vs यूपी वॉरियर्ज | बेंगलुरु |
| 24 फरवरी | रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु Vs यूपी वॉरियर्ज | बेंगलुरु |
| 25 फरवरी | दिल्ली कैपिटल्स Vs गुजरात जायंट्स | बेंगलुरु |
| 26 फरवरी | मुंबई इंडियंस Vs यूपी वॉरियर्ज | बेंगलुरु |
| 27 फरवरी | रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु VS गुजरात जायंट्स | बेंगलुरु |
| 28 फरवरी | दिल्ली कैपिटल्स Vs मुंबई इंडियंस | बेंगलुरु |
| 1 मार्च | रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु Vs दिल्ली कैपिटल्स | बेंगलुरु |
| 3 मार्च | यूपी वॉरियर्ज Vs गुजरात जायंट्स | लखनऊ |
| 6 मार्च | यूपी वॉरियर्ज Vs मुंबई इंडियंस | लखनऊ |
| 7 मार्च | गुजरात जायंट्स Vs दिल्ली कैपिटल्स | लखनऊ |
| 8 मार्च | यूपी वॉरियर्ज Vs रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु | लखनऊ |
| 10 मार्च | मुंबई इंडियंस Vs गुजरात जायंट्स | मुंबई |
| 11 मार्च | मुंबई इंडियंस Vs रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु | मुंबई |
| 13 मार्च | एलिमिनेटर | मुंबई |
| 15 मार्च | फाइनल | मुंबई |

(सभी मुकाबले शाम 7:30 बजे से खेले जाएंगे।)

**हेनरी के पास 62 टी-20 इंटरनेशनल का अनुभव, गार्थ ने 59 मैच खेले**

यूपी के साथ जुड़ी चिनेले हेनरी ने वेस्टइंडीज की ओर से 62 टी20 इंटरनेशनल मैच खेले हैं। उन्होंने 473 रन बनाने के अलावा 22 विकेट भी लिए हैं। वहीं, आरसीबी में शामिल हुई ऑस्ट्रेलियाई ऑलराउंडर ग्राहम ने 5 टी20 मैचों में आठ विकेट लिए हैं। साथ ही गार्थ ने 56 वनडे और 4 टेस्ट के अलावा 59 टी20 में ऑस्ट्रेलिया का प्रतिनिधित्व किया है। वे इस लीग में गुजरात जॉइंट्स से खेल चुकी हैं।

**गुजरात-बेंगलुरु के बीच 14 फरवरी को पहला मैच**

विमेंस प्रीमियर लीग के तीसरे सीजन का पहला मुकाबला गुजरात जायंट्स और डिफेंडिंग चैंपियन रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के बीच 14 फरवरी को वडोदरा में खेला जाएगा। बीसीसीआई ने 18 दिन पहले 16 जनवरी को शेड्यूल जारी किया था।

इस बार 2 की बजाय 4 वेन्यू पर मुकाबले होंगे। लखनऊ और बेंगलुरु बाकी 2 वेन्यू हैं। टूर्नामेंट में 5 ही टीमें रहेंगी, सभी टीमें एक-दूसरे के खिलाफ 2-2 मैच खेलेगी। इस तरह एक टीम 8 मैच खेलेगी। टूर्नामेंट में टोटल 22 मैच होंगे।

**आरसीबी ने जीता है पिछला टाइटल, दिल्ली को हराया**

रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु इस सीजन में बतौर डिफेंडिंग चैंपियन उतरेगी। टीम ने पिछले साल दिल्ली कैपिटल्स को उसी के होम ग्राउंड में 8 विकेट से हराते हुए खिताब जीता था। लीग का पहला सीजन 2023 में खेला गया था, तब मुंबई इंडियंस ने दिल्ली कैपिटल्स को फाइनल हराकर खिताब जीता था।

# ओलंपियन तैराक श्रीहरि नटराज ने पांचवां स्वर्ण पदक जीता

हल्द्वानी, 3 फरवरी (एजेंसियां)। पेरिस ओलंपियन श्रीहरि नटराज ने यहां 38वें राष्ट्रीय खेलों की तैराकी स्पर्धा में अपना पांचवां स्वर्ण जीतकर कर्नाटक के लिए बढ़त बनाई और टीम की साथी और 14 वर्षीय धिनिधि देसिंघु की बराबरी की जिन्होंने पांच पीले पदक जीते हैं जबकि भारोत्तोलक जगदीश विश्वकर्मा ने 'एक पैर पर खड़े' होकर पहला स्थान हासिल किया। सेना 33 पदक (17 स्वर्ण, 9 रजत, 7 कांस्य) के साथ शीर्ष पर है। उसके बाद कर्नाटक 33 पदक (15 स्वर्ण, 9 रजत, 9 कांस्य) के साथ दूसरे स्थान पर जबकि महाराष्ट्र (13 स्वर्ण, 23 रजत, 15 कांस्य) और मणिपुर (11 स्वर्ण, 9 रजत, 5 कांस्य) क्रमशः तीसरे और चौथे स्थान पर हैं। हल्द्वानी में दिल्ली ने दिन में तैराकी पूल में दो स्वर्ण पदक जीतकर कर्नाटक के साथ बराबरी की। नटराज ने पुरुषों की 100 मीटर बैकस्ट्रोक में 56.26 सेकंड का समय निकालकर स्वर्ण पदक जीता और टीम के साथी आकाश (56.36) को पछाडा। महाराष्ट्र के ऋषभ ने 56.80 सेकंड के साथ कांस्य पदक हासिल किया।



यह 24 वर्षीय नटराज का छठा पदक था, इससे पहले उन्होंने चार स्वर्ण पदक जीते थे – 200 मीटर फ्रीस्टाइल, 4×100 मीटर फ्रीस्टाइल रिले, 4×100 मीटर फ्रीस्टाइल रिले मेडले और 4×200 मीटर फ्रीस्टाइल रिले – और एक रजत पदक 50 मीटर फ्रीस्टाइल में। कर्नाटक ने महिलाओं की 50 मीटर बटरफ्लाई स्पर्धा में दबदबा बनाय, जिसमें नीना ने 28.38 सेकंड में स्वर्ण पदक जीता, जबकि धीनिधि 28.80 सेकंड के समय के साथ दूसरे स्थान पर रहीं। महाराष्ट्र की रुजुता ने 29.12 सेकंड का समय लेकर कांस्य पदक जीता। यह देसिंघु का खेलों का सातवां पदक था। इससे पहले उन्होंने पांच स्वर्ण और एक कांस्य पदक जीते था। देहरादून में महाराष्ट्र के भारोत्तोलक वैष्णव ठाकुर ने पुरुषों के 102 किग्रा वर्ग में स्नैच में राष्ट्रीय रिकॉर्ड तोड़ दिया, लेकिन उन्हें रजत पदक से संतोष करना पड़ा क्योंकि कुल भार में उन्हें सेना के जगदीश विश्वकर्मा ने पछाड़ दिया।

जगदीश ने अपना क्लीन-एंड-जर्क प्रयास 'एक पैर पर खड़े रहकर' पूरा किया। वैष्णव ने स्नैच वर्ग में 160 किग्रा वजन उठाया और 157 किग्रा के पिछले राष्ट्रीय रिकॉर्ड को पीछे छोड़ दिया जो कि जगदीश के नाम था। लेकिन 175 किग्रा के खराब क्लीन एवं जर्क प्रयास के कारण वैष्णव कुल भार (335 किग्रा) में दूसरे स्थान पर रहे। स्नैच में केवल 152 किग्रा वजन उठाने में सफल रहे जगदीश ने क्लीन एवं जर्क में 193 किग्रा वजन उठाकर कुल 345 किग्रा वजन उठाकर स्वर्ण पदक जीता, जबकि हरियाणा के हर्षित सहरावत (329 किग्रा) ने कांस्य पदक जीता।

# दिग्गज बल्लेबाज विराट कोहली ने जीता दिल, फैंस को घर के अंदर बुलाकर दिया ऑटोग्राफ

गुरुग्राम, 3 फरवरी (एजेंसियां)। भारत के स्टार खिलाड़ी विराट कोहली ने ऐसा काम कियाभारत के दिग्गज खिलाड़ियों में से एक विराट कोहली का अपने फैंस के लिए प्यार एक बार फिर से देखने को मिला है। उन्होंने फैंस को गुरुग्राम में अपने घर के अंदर बुलाया और ऑटोग्राफ देकर सभी को चौंका दिया। दरअसल कुछ फैंस अपने फेवरेट क्रिकेटर की एक झलक पाने के लिए घंटों इंतजार कर रहे थे।

कुछ फैंस तो उन्हें देखने की उम्मीद में देर रात तक भी रुके रहे। फैंस की खुशी के लिए कोहली ने न केवल उन्हें अपने घर में इनवाइट किया, बल्कि व्यक्तिगत रूप से उनको ऑटोग्राफ भी दिए। इस दिल को छू लेने वाले वाकये की तस्वीरें सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रही हैं, जहां दुनियाभर के क्रिकेट प्रेमियों ने उनकी जमकर तारीफ की।



कोहली ने हाल ही में रणजी ट्रॉफी में लंबे समय बाद वापसी की, जहां उन्होंने भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) के कहने पर लगभग 13 साल बाद दिल्ली के लिए अपना पहला रणजी ट्रॉफी मैच खेला। दिल्ली के अरुण जेटली स्टेडियम में हजारों फैंस उन्हें खेलते हुए देखने के लिए उमड़ पड़े, जिससे साबित होता है कि उनकी पॉपुलैरिटी अब भी बेजोड़ है। हालांकि घरेलू क्रिकेट में उनकी वापसी उम्मीद के मुताबिक नहीं रही, जहां वो रेलवे के खिलाफ पहली पारी में 15 गेंदों पर सिर्फ 6 रन ही बना सके।

रणजी मैच में सस्ते में आउट होने के बाद भी विराट अब इंग्लैंड के खिलाफ भारत की घरेलू वनडे सीरीज पर ध्यान केंद्रित करेंगे। दुबई में होने वाली आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी के लिए भारत की तैयारी के लिए उनकी फॉर्म महत्वपूर्ण होगी। इस सीरीज के लिए विराट और कप्तान रोहित शर्मा नागपुर पहुंच चुके हैं। दोनों टीमों के बीच तीन मैचों की वनडे सीरीज की शुरुआत यहीं से होने वाली है। 2024 में लिमिटेड वनडे मैच होने की वजह से यह सीरीज भारत के लिए चैम्पियंस ट्रॉफी के लिए अपनी तैयारियों को बेहतर बनाने का एक सुनहरा मौका है।

वनडे सीरीज का पहला मैच 6 फरवरी को नागपुर में होगा, जिसके बाद दूसरा मैच 9 फरवरी को कटक के बाराबती स्टेडियम में और तीसरा अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में खेला जाएगा।

इन मैचों में भारत का प्रदर्शन उनकी टीम की गहराई और संयोजन के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान करेगा क्योंकि उनका टारगेट एक और आईसीसी खिताब जीतना है।



**नागोल स्थित बीएसआर क्रिकेट ग्राउंड में तेलंगाना अरेकटिका प्रीमियर लीग सीजन-4 के विजेता एलबी नगर सुपर किंग्स प्रथम स्थान पर रहा। इस कार्यक्रम में अध्यक्ष के. यादीलाल, आयोजक ए. राजू, जी. बाबूलाल, के. सोनो, एलबी नगर कॉन्सटेंसी अरेकटिका संघ के अध्यक्ष डी. मधु ट्राफी के साथ ।**

# अभी भी जाति जनगणना विवरण प्रदान करने का अवसर : पोन्नम



हैदराबाद, 3 फरवरी (स्वतंत्र वार्ता)। पिछड़ा वर्ग कल्याण मंत्री पोन्नम प्रभाकर ने कहा कि जो लोग पहले जाति जनगणना के लिए जानकारी नहीं देते थे, उनके पास अब भी ऐसा करने का अवसर है। सोमवार को गांधी भवन में मीडिया को संबोधित करते हुए, मंत्री ने पुष्टि की कि, जैसा कि चुनाव से पहले वादा किया गया था, कांग्रेस सरकार ने एक जाति सर्वेक्षण किया, जिसे एक व्यापक पहल के हिस्से के रूप में पूरा किया गया है। पिछड़े वर्गों के लिए न्याय का समय आ गया है, और इस प्रक्रिया को बाधित करने के किसी भी प्रयास के बावजूद किसी को भी बाहर नहीं रखा जाएगा। उन्होंने कहा कि प्रमुख राजनीतिक दलों के प्रमुख नेता जाति सर्वेक्षण के लिए विवरण देने में विफल रहे और राज्य सरकार के साथ सहयोग नहीं किया। पोन्नम प्रभाकर ने कहा, एमएलसी कविता को छोड़कर, कलवकुंतला परिवार के किसी अन्य सदस्य ने जाति जनगणना सर्वेक्षण के लिए जानकारी नहीं दी। मैं सभी नेताओं से अनुरोध करता हूं कि वे मंडल स्तर के अधिकारियों को जाति जनगणना के बारे में आवश्यक जानकारी प्रदान करें। उन्होंने सभी जिलों में कांग्रेस कार्यकर्ताओं और पिछड़े वर्ग के समूहों से बड़े पैमाने पर जश्न मनाने, आभार व्यक्त करने और जाति जनगणना को सफलतापूर्वक पूरा करने के लिए राज्य सरकार को बधाई देने का आग्रह किया। मंत्री ने जोर देकर कहा कि बीआरएस के अध्यक्ष और विपक्ष के नेता के चंद्रशेखर राव को जाति जनगणना के बारे में एक संक्षिप्त चर्चा में भाग लेने के लिए विधानसभा में उपस्थित होना चाहिए।

## परीक्षा शुल्क भुगतान की अंतिम तिथि में संशोधन

हैदराबाद, 3 फरवरी (स्वतंत्र वार्ता)। अप्रैल/मई, 2025 में होने वाली आगामी एसएससी और इंटरमीडिएट (टीओएसएस) सार्वजनिक परीक्षाओं के लिए वेबसाइट या राज्य भर में टीजी ऑनलाइन, एमईई सेवा केंद्र के माध्यम से जुर्माना के साथ परीक्षा शुल्क के भुगतान की संशोधित नियत तिथियों की घोषणा सोमवार को की गई है। टीओएसएस के निदेशक, पीवी श्रीहरि ने सोमवार को एक अधिसूचना में कहा कि छात्र 10 फरवरी, 2025 तक 50 रुपये प्रति पेपर के जुर्माने के साथ शुल्क का भुगतान कर सकते हैं और 11 से 13 फरवरी, 2025 के बीच तत्काल योजना में भी आवेदन कर सकते हैं।

# डिप्टी सीएम ने बीसी आयोग के साथ बैठक की

## विभिन्न जातियों की नाम परिवर्तन आपत्तियों पर चर्चा



हैदराबाद, 3 फरवरी (स्वतंत्र वार्ता)। राज्य बीसी आयोग के अध्यक्ष निरंजन, बीसी आयोग के सदस्य महात्मा ज्योतिबा फूले ने प्रजा भवन में वित्त विभाग के डिप्टी सीएम भट्टी विक्रमार्क से मुलाकात की।

बीसी आयोग के 10 संयुक्त जिलों के दौरे के बाद प्राप्त अनुरोधों के अनुसार, कुछ जातियों के नाम बदल दिए गए हैं और कोई आपत्ति प्राप्त होने के बाद, बीसी आयोग के अध्यक्ष निरंजन, सदस्य रापोलु जयप्रकाश, तिरुमालागिरी सुरेंद्र, श्रीमती बाला लक्ष्मी रंगा डिप्टी सीएम मल्लू भट्टी विक्रमार्क ने सभी मुद्दों पर चर्चा की। मंत्री के साथ विभिन्न अपीलों और उनके परिणामों पर गहन चर्चा की गई। बीसी आयोग को अधिक अधिकार देकर कानून में संशोधन करने के मामले पर विस्तार से चर्चा की गई।

# बसंत पंचमी पर निर्मल के बासर मंदिर में उमड़े श्रद्धालु



निर्मल, 3 फरवरी (स्वतंत्र वार्ता)। प्रसिद्ध श्री ज्ञान सरस्वती देवस्थानम में बासर में मनाए जाने वाले शुभ बसंत पंचमी के अवसर पर सोमवार को श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। मंदिर के अधिकारियों ने बताया कि न केवल तेलंगाना के कई हिस्सों से बल्कि पड़ोसी महाराष्ट्र, कर्नाटक और आंध्र प्रदेश से भी करीब 50,000 श्रद्धालु मंदिर में आए और सुबह 3 बजे से ही कतारों में खड़े होकर विशेष पूजा-अर्चना की। इससे पहले उन्होंने शहर के बाहरी इलाके में बहने वाली गोदावरी नदी में पवित्र स्नान किया।

उनमें से कुछ ने अधिकारियों द्वारा की गई खराब व्यवस्था पर असंतोष व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि उन्हें 3 घंटे तक देवता के दर्शन के लिए कतारों में खड़े रहने के लिए मजबूर होना पड़ा। उन्होंने आरोप लगाया कि बंदोबस्ती विभाग के पास पर्याप्त चूल्हियां नहीं होने के कारण निजी लॉज ने उनसे ठगी की।

इस बीच, सैकड़ों माता-पिता ने मंदिर परिसर और मंदिर के चारों ओर बनाए गए विशेष स्थलों पर अक्षराभ्यासम या अक्षराभ्यासम की दीक्षा दी। भक्तों की उपस्थिति के बाद मंदिर नगरी में रौनक लौट आई है। भक्त जीप, कार, ट्रॉली, बस आदि के माध्यम से बसर पहुंचे। मंदिर के कार्यकारी अधिकारी के सुधाकर रेड्डी ने मंदिर का निरीक्षण किया।

# दो कुख्यात वाहन चोर गिरफ्तार, 6 वाहन बरामद



हैदराबाद, 3 फरवरी (स्वतंत्र वार्ता)। साइबराबाद की बचुपल्ली पुलिस ने कुख्यात वाहन चोर ओंगोलू रमेश बाबू उर्फ विनोद और चंद्रमोलु गुंडप्पा उर्फ अर्जुन को गिरफ्तार कर लिया। उनके कब्जे से 4 लाख रुपये मूल्य की 6 बाइकें बरामद कीं। डीसीपी बालानगर के. सुरेश कुमार ने बताया कि आरोपी ओंगोलू रमेश बाबू उर्फ विनोद पेशे से डिलिवरी बॉय है और सुराराम, कुतबुल्लापुर मंडल, मेडचल- मलकाजगिरी में रहा है। वह मूल रूप से संतागुडिपाडु गांव, रोमपिचेरला मंडल, गुंटूर, आंध्र प्रदेश का रहने वाला है। दूसरा आरोपी चद्रमोलू गुंडप्पा उर्फ अर्जुन भी डिलीवरी बॉय है और सुरराम, कुतबुल्लापुर मंडल, मेडचल-मलकाजगिरी का रहने वाला है। जबकि एक अन्य आरोपी पी. नरसिंह फरार है। डीसीपी ने बताया कि आरोपियों का अपराधिक इतिहास रहा है। बीते 23 जनवरी को के. महेश, निवासी कौसल्या कॉलोनी, बचुपल्ली ने थाने में शिकायत दर्ज कराई। शिकायत में उन्होंने कहा कि ओएलएक्स में अपने दो पहिया वाहन बाइक बीआर नंबर (एक्सेस सुजुकी) बेचने के बारे में एक विज्ञापन पोस्ट किया था। उन्हें नंबर से कॉल आया और कहा कि वह उक्त बाइक खरीदने में रुचि रखता है, इसलिए शिकायतकर्ता ने अपना घर का पता यानी कौसल्या कॉलोनी बताया। जब उसने अपनी बाइक दिखाई, तो उक्त व्यक्ति ने बाइक की टेस्ट राइड ली और भाग गया। इस संबंध में मामला दर्ज किया। डीएसआई चंद्रशेखर द्वारा जांच शुरू की गई। बचुपल्ली पी.एस. का अपराध स्टाफ जांच कर रहा था। सीसी कैमरों की मदद से उन्होंने चोरी की बाइक पर घूम रहे आरोपियों को पकड़ लिया और उन्हें बाचुपल्ली थाने ले आए और पूछताछ करने पर उन्होंने कबूल किया कि उन्होंने टेस्ट राइड की आड़ में 6 बाइक चुराई हैं। रमेश बाबू उर्फ विनोद आंध्र प्रदेश के गुंटूर जिले के रामपचारला मंडल के संथागुडीपाडु गांव के मूल निवासी हैं। वर्ष 2018 में अपनी आजीविका चलाने के लिए हैदराबाद आया और एक ट्रांसजेंडर के साथ रहने लगा। वह बिरयानी प्वाइंट चलाता है। मोबाइल बिक्री और सेवा की दुकानें वर्ष 2023 तक, लेकिन उन्हें व्यवसाय में नुकसान हुआ। इस तरह उन्होंने व्यवसाय छोड़ दिया और अपने मूल स्थान पर चला गया। वह फिर से हैदराबाद आया और सुरराम में रहा। इसके बाद गुंडप्पा उर्फ अर्जुन से दोस्ती हो गई। तीनों अपने कर्ज को चुकाने के लिए आसानी से पैसा कमाने के लिए कोई चोरी करने की योजना बनाई। आरोपी व्यक्तियों की कार्यप्रणाली यह है कि वे ओएलएक्स ऐप में विज्ञापन देखते थे और जब कोई व्यक्ति अपनी बाइक बेचना चाहता था, तो वे संपर्क कर टेस्ट राइड की आड़ में बाइक ले जाते थे।

# गिलियन-बैरे सिंड्रोम के बढ़ रहे मामले

## सुसंगत योजना का इंतजार

हैदराबाद, 3 फरवरी (स्वतंत्र वार्ता)। महाराष्ट्र भर में गिलियन बैरे सिंड्रोम (जीबीएस) के मामले बढ़ रहे हैं, तेलंगाना राज्य सरकार अभी तक रोगियों के इलाज, जीवन रक्षक इम्यूनोथेरेपी दवाओं की खरीद और आईसीयू और फिजियोथेरेपी में स्वास्थ्य कर्मियों की क्षमता का निर्माण करने के लिए एक सुसंगत योजना नहीं बना पाई है।

जीबीएस रोगियों का इलाज बहुत महंगा है, इसकी लागत 4 लाख से 5 लाख रुपये तक होती है। जीबीएस के लगभग 25 प्रतिशत रोगियों को वेंटिलेटर सपोर्ट की आवश्यकता होती है, जबकि लगभग सभी को लंबे समय तक फिजियोथेरेपी सहायता की आवश्यकता होती है जो कम से कम महीनों तक चल सकती है।

जीबीएस के उपचार में व्यापक पुनर्वास, वेंटिलेटर सहायता और संभावित रूप से शारीरिक विकलांगता शामिल है, इसलिए निजी चिकित्सा बीमा के बिना मरीजों को अपनी जेब से चिकित्सा खर्च उठाने में संघर्ष करना पड़ेगा। फिलहाल, ऐसा कोई संकेत नहीं है कि पुणे में रिपोर्ट किए गए जीबीएस मामलों की लहर हैदराबाद और तेलंगाना राज्य के अन्य स्थानों पर भी आएगी।

## सॉफ्टवेयर कर्मचारी ने की आत्महत्या

हैदराबाद, 3 फरवरी (स्वतंत्र वार्ता)। रविवार देर रात जीडिमेटला के सुराराम कॉलोनी स्थित अपने घर में एक सॉफ्टवेयर कर्मचारी की आत्महत्या से मौत हो गई। आत्महत्या का कारण आर्थिक परेशानी बताई जा रही है। आंध्र प्रदेश के चित्तूर जिले के मूल निवासी तेज स्वरूप रेड्डी (32) हाईटेक सिटी में एक सॉफ्टवेयर फर्म के लिए काम करते थे। वह अपनी पत्नी नागलक्ष्मी और दो बच्चों के साथ सुराराम में कृष्णम्मा लक्ष्मी नगर कॉलोनी में किराए के मकान में रहता था। जानकारी के अनुसार तेज स्वरूप ने अपने परिवार के सदस्यों की अनुपस्थिति में शयनकक्ष में पंखे से लटक कर फांसी लगा ली। सुराराम पुलिस जांच कर रही है।

# हटाए जा सकते हैं कांग्रेस के सोशल मीडिया प्रमुख!



हैदराबाद, 3 फरवरी (स्वतंत्र वार्ता)। तेलंगाना कांग्रेस के आधिकारिक एक्स हैंडल द्वारा किए गए ऑनलाइन पोल के बुरी तरह विफल होने और पार्टी को मुश्किल में डालने के बाद, अटकलें लगाई जा रही हैं कि पार्टी नेतृत्व सोशल मीडिया टीम के प्रमुख मन्ने सतीश को हटाने पर गंभीरता से विचार कर रहा है। वह तेलंगाना प्रौद्योगिकी सेवाओं के अध्यक्ष भी हैं।

जब ए रेवंत रेड्डी टीपीसीसी के अध्यक्ष थे, तब मन्ने सतीश ने सोशल मीडिया अभियानों और अन्य गतिविधियों के माध्यम से उनका समर्थन किया था। हालांकि, ऑनलाइन पोल में विफलता के बाद, सतीश को कथित तौर पर हटाया जा सकता है।

पार्टी हलकों में चर्चा है कि पेड्डापल्ली के सांसद जी वामशी और चेन्नूर के विधायक जी विवेक के बेटे को हटाने पर विचार किया जा रहा है। विवेक भी उन उम्मीदवारों में से एक हैं जो कैबिनेट में जगह चाहते हैं।

इसी तरह, विधान परिषद के अध्यक्ष गुट्टा सुखेंद्र रेड्डी के बेटे गुट्टा अमित भी पार्टी के सोशल मीडिया टीम के प्रमुख पद के लिए सबसे आगे हैं। अमित रेड्डी तेलंगाना डेयरी विकास सहकारी संघ के अध्यक्ष हैं। सतीश की जगह किसी अन्य को नियुक्त करने का निर्णय जल्द ही लिया जाएगा।

# भाजपा ने 27 जिलों के अध्यक्ष नियुक्त किए

हैदराबाद, 3 फरवरी (स्वतंत्र वार्ता)। भाजपा आलाकमान ने तेलंगाना राज्य में पार्टी के संगठनात्मक ढांचे पर विशेष जोर दिया है। पार्टी ने पिछले विधानसभा और संसदीय चुनावों में अच्छा प्रदर्शन किया था। वह अगले विधानसभा चुनावों तक राज्य में सत्ता हासिल करने के उद्देश्य से आगे बढ़ रही है। राज्य भाजपा नेतृत्व ने पार्टी के बूथ, गांव और मंडल समितियों के चुनाव पूरे कर लिए हैं। एक ताजा घटनाक्रम में पार्टी ने राज्य के 27 जिलों के अध्यक्ष नियुक्त किए हैं। जिला पार्टी अध्यक्ष चुने गए लोगों में हैदराबाद- लंकाला दीपक रेड्डी, भूपालपल्ली- निशिधर रेड्डी, कामारेड्डी- नीलम चिन्नाराजुलु, हनमकोंडा- कोलानु संतोष रेड्डी, वारंगल- गंटा रविकुमार, नलगोंडा- नागम वर्षित रेड्डी, निजामाबाद- दिनेश पटेल कुलाचारी और वनपर्ती- दुप्पल्ली नारायण शामिल थे। आलाकमान जिलेवार पार्टी अध्यक्षों की नियुक्ति के बाद प्रदेश अध्यक्ष के चयन पर भी अंतिम फैसला ले सकता है। केंद्रीय मंत्री किशन रेड्डी वर्तमान में भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष हैं। भाजपा के शीर्ष नेतृत्व ने उनकी जगह किसी नए नेता को पार्टी की बागडोर सौंपने का फैसला किया है। इस क्रम में कई नाम सामने आए हैं। इनमें से किसी एक को भाजपा के तेलंगाना अध्यक्ष पद की जिम्मेदारी दिए जाने की संभावना है। भाजपा हलकों में चर्चा है कि संसद सत्र समाप्त होने से पहले यह प्रक्रिया पूरी हो जाने की संभावना है। पार्टी सांसद इटेला राजेंद्र, डीके अरुणा और डी. अरविंद अध्यक्ष पद की दौड़ में बताए जा रहे हैं।

# एससीआर के प्रमुख मुख्य कार्मिक अधिकारी ने कार्यभार संभाला



हैदराबाद, 3 फरवरी (स्वतंत्र वार्ता)। सिद्धार्थ काटी ने दक्षिण मध्य रेलवे के प्रमुख मुख्य कार्मिक अधिकारी (पीसीपीओ) के रूप में रेल निलयम, सिकंदराबाद में कार्यभार संभाला लिया। वे भारतीय रेलवे कार्मिक सेवा (आईआरपीएस) के 1996 बैच के हैं। इस पद पर नियुक्ति से पहले वे ईस्ट कोस्ट रेलवे के प्रमुख मुख्य कार्मिक अधिकारी थे। उन्होंने प्रतिष्ठित जेएनयू, नई दिल्ली से एमए (राजनीति विज्ञान) में स्नातकोत्तर किया है। तीन दशकों के अपने लंबे करियर में उन्होंने विभिन्न संगठनों में काम किया है, जिसमें शुरूआत में सहायक कार्मिक अधिकारी, कटिहार डिवीजन, उत्तर सीमांत रेलवे, सहायक कार्मिक अधिकारी, हैदराबाद डिवीजन, दक्षिण मध्य रेलवे, मंडल कार्मिक अधिकारी, सिकंदराबाद डिवीजन, दक्षिण मध्य रेलवे, कार्यशाला कार्मिक अधिकारी, लालागुडा वर्कशॉप, दक्षिण मध्य रेलवे, वरिष्ठ इलेक्ट्रॉनिक डाटा प्रोसेसिंग प्रबंधक, विजयवाड़ा डिवीजन, दक्षिण मध्य रेलवे, वरिष्ठ मंडल कार्मिक अधिकारी, हैदराबाद मंडल, दक्षिण मध्य रेलवे, वरिष्ठ मंडल कार्मिक अधिकारी, सिकंदराबाद मंडल, दक्षिण मध्य रेलवे, वरिष्ठ मंडल कार्मिक अधिकारी, विजयवाड़ा मंडल, दक्षिण मध्य रेलवे, उप मुख्य कार्मिक अधिकारी, निर्माण इकाई, दक्षिण मध्य रेलवे, उप मुख्य कार्मिक अधिकारी/भर्ती, सिकंदराबाद, दक्षिण मध्य रेलवे, उप मुख्य कार्मिक अधिकारी/मानव शक्ति नियोजन एवं सूचना प्रौद्योगिकी, सिकंदराबाद, दक्षिण मध्य रेलवे, मुख्य कार्मिक अधिकारी/प्रशासन, जबलपुर, पश्चिम मध्य रेलवे; मुख्य कार्मिक अधिकारी/प्रशासन, भुवनेश्वर, पूर्वी तट रेलवे, मुख्य कार्मिक अधिकारी/आईआर, सिकंदराबाद, पूर्वी तट रेलवे, मुख्य कार्मिक अधिकारी/प्रशासन, सिकंदराबाद, दक्षिण मध्य रेलवे की जिम्मेदारी संभाल चुके हैं। दक्षिण मध्य रेलवे में वर्ष 2023 के दौरान उन्होंने रोजगार मेला आयोजित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

ईस्ट कोस्ट रेलवे में कर्मचारियों के कल्याण के उपाय के रूप में विभाग के प्रमुख के रूप में काम करते हुए उन्होंने भारतीय स्टेट बैंक और ईस्ट कोस्ट रेलवे के बीच सेवारत कर्मचारियों और उनके परिवारों को विशेष रूप से वित्तीय लाभ प्रदान करने के लिए समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। हाल ही में उन्होंने गुप्त मतदान चुनाव-2024 का सफलतापूर्वक संचालन किया है, जिसकी रेलवे बोर्ड ने सराहना की है। ईस्ट कोस्ट रेलवे में कार्मिक शाखा के प्रमुख प्रमुख के रूप में उन्होंने डी एंड एआर, कोर्ट मामलों में सेमिनार आयोजित किए और विभिन्न विषयों पर कार्यशालाएं भी आयोजित कीं।

# ड्रग्स मामले में गिरफ्तार तेलुगु फिल्म निर्माता ने की आत्महत्या



हैदराबाद, 3 फरवरी (स्वतंत्र वार्ता)। तेलुगू फिल्म निर्माता से ड्रग तस्कर बने केपी चौधरी उर्फ सुंकारा कृष्ण प्रसाद चौधरी की गोवा में कथित तौर पर आत्महत्या कर ली गई। जानकारी के अनुसार, फिल्म जगत में उनके मित्रों ने बताया कि चौधरी ड्रग मामले में गिरफ्तारी के बाद से परेशान थे और वित्तीय समस्याओं से भी जूझ रहे थे। खम्मम जिले के रहने वाले केपी चौधरी ने 2016 में फिल्म इंडस्ट्री में कदम रखा था। वे तेलुगू फिल्म कबाली के निर्माता थे। 2023 में उन्हें साइबराबाद पुलिस ने 93 ग्राम कोकीन के साथ गिरफ्तार किया था।

पुलिस को पता चला कि चौधरी के ग्राहक कथित तौर पर फिल्म जगत से जुड़े हुए थे, जिनमें तेलुगू और तमिल फिल्म उद्योगों के अभिनेता और अभिनेत्रियां तथा व्यापारिक जगत के लोग भी शामिल थे। उसने कथित तौर पर नाइजीरियाई नागरिक पेटिट एबुजर से गांजा खरीदा था और इसका इस्तेमाल खुद के उपभोग और अपने गिरोहों में सप्लाई के लिए कर रहा था। वह ड्रग किंगपिन एडविन नून्स से भी जुड़ा हुआ है, जिसे पहले एचएनईडब्ल्यू ने गिरफ्तार किया था। गोवा में बसने वाले चौधरी ने वहां एक क्लब शुरू किया। हालांकि, उनका कारोबार डूब गया। वह अन्य फिल्मों के वितरक भी थे। हालांकि उन्हें घाटा हुआ, लेकिन चौधरी ने इंडस्ट्री में मशहूर हस्तियों के साथ अच्छे संबंध बनाए।

## एनेस्थिसियोलॉजिस्ट्स के लिए सोसायटी की शुरूआत

हैदराबाद, 3 फरवरी (स्वतंत्र वार्ता)। पूरे भारत से लगभग 120 एनेस्थेसियोलॉजिस्ट रविवार को हैदराबाद में सोसाइटी ऑफ पेरीऑपरेटिव फिजिशियन एनेस्थेसियोलॉजिस्ट (एसओपीपीए) का गठन करने के लिए एक साथ आए।

एसओपीपीए ने कहा कि एनेस्थिसियोलॉजिस्ट पूरी तरह से सक्षम चिकित्सक हैं और मरीजों के उपचार और रिकवरी में उनकी भूमिका अधिक होनी चाहिए। वे एनेस्थीसिया के क्षेत्र में व्यापक प्रशिक्षण के साथ पूरी तरह से योग्य चिकित्सा डॉक्टर हैं, जो उन्हें सर्जरी के दौरान मरीज की चिकित्सा स्थिति का प्रबंधन करने की अनुमति देता है।

एसओपीपीए के अध्यक्ष डॉ. सत्यनारायण नुथुला ने कहा कि वे पूरे पेरि-ऑपरेटिव अवधि के दौरान रोगी के समग्र चिकित्सा प्रबंधन के लिए जिम्मेदार होते हैं। यह प्रथा कई देशों में प्रचलित है और इसे भारत में भी अपनाया जाना चाहिए।

वरिष्ठ एनेस्थीसिया विशेषज्ञों, जिनमें सचिव डॉ. राजा नरसिंह राव, कोषाध्यक्ष डॉ. कल्याणी, डॉ.एम. चंद्रशेखर, डॉ.आर. गोपीनाथ, डॉ.पी. सुरेन्द्र और डॉ. मणिमाला राव शामिल थे, ने एमसीआई से अपील की कि वे पेरिऑपरेटिव एनेस्थेसियोलॉजिस्ट को भी समान रूप से सक्षम चिकित्सक मानें।

# विजयवाड़ा में मिले लापता हुए 6 छात्र

नलगोंडा, 3 फरवरी (स्वतंत्र वार्ता)। कोडाद मंडल के अंतर्गत नेमालीपुरम में एससी आवासीय विद्यालय के छह छात्रों के माता-पिता ने राहत की सांस ली, जब उनके लापता बच्चों का पता लगा लिया गया और वे सुरक्षित मिल गए। छह छात्र दो दिन पहले स्कूल से लापता हो गए थे। दसवीं कक्षा के छात्रों की विदाई पार्टी में छात्रों ने कथित तौर पर शराब पी थी। करीब 10 छात्रों ने दूसरों से बहस की और यह हाथापाई में बदल गई।

जैसे ही छात्रों को उनके व्यवहार के लिए समझाया गया, छह छात्रों का एक समूह स्कूल से भाग गया। तुरंत, स्कूल के प्रिंसिपल झांसी ने कोडाद ग्रामीण पुलिस में शिकायत दर्ज कराई। छात्रों के माता-पिता और स्कूल के शिक्षक अपने बच्चों की भलाई के बारे में चिंतित थे। जैसे-जैसे उनकी चिंता बढ़ती गई, छह छात्र विजयवाड़ा बस स्टैंड पर पाए गए और इसकी सूचना माता-पिता और शिक्षकों को दी गई। यह जानकर कि उनके बच्चे मिल गए हैं और सुरक्षित हैं, माता-पिता ने राहत की सांस ली। रिपोर्टों के अनुसार, पुलिस छात्रों को कोडाद ला रही है।

## टीजी ईएपीसीईटी की विस्तृत अनुसूची जारी

हैदराबाद, 3 फरवरी (स्वतंत्र वार्ता)। तेलंगाना इंजीनियरिंग एग्रीकल्चर एंड फार्मेसी एंट्रेंस टेस्ट (टीजी ईएपीसीईटी) 2025 परीक्षाओं के संयोजक डॉ.बी डीन कुमार ने सोमवार को प्रवेश परीक्षाओं की विस्तृत अनुसूची जारी की है।

इंजीनियरिंग स्ट्रीम के लिए ईएपीसीईटी-2025 परीक्षा शुक्रवार, 2 मई से सोमवार, 5 मई, 2025 के बीच आयोजित की जाएगी, जबकि कृषि और फार्मेसी के लिए प्रवेश परीक्षा मंगलवार, 29 अप्रैल और बुधवार, 30 अप्रैल, 2025 को आयोजित की जाएगी।

ऑनलाइन आवेदन जमा करने की शुरूआत मंगलवार, 25 फरवरी से होगी, जबकि बिना विलंब शुल्क के ऑनलाइन आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि शुक्रवार, 4 अप्रैल, 2025 है।






Printed and published by Dr. Gireesh Sanghi on behalf of AGA Publications Ltd., at 396, Lower Tankbund, Hyderabad-500080 Editor: *Dhirendra Pratap Singh *responsible for selection of news under the PRB Act. Postal Licence H/SD/380/21-22, Phone:27644999. Fax:27642512, RNI No.69340/98, Regd.:No.AP/HIN/00196/01/1/97/TC.